www.deshbandhu.co.in ख़बरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com





पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

रायपुर, शनिवार, 12 अगस्त 2023 | वर्ष – 65 | अंक –118 | पृष्ठ –12 | मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23





चुनाव आयोग पर नियंत्रण सुनिश्चित करना चाहती है सरकार पृष्ठ 2

अभिमत ■ अहो रूपम, अहो ध्वनि! पृष्ठ 6

■ न्यूयॉर्क के रोचेस्टर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में भारतीय-अमेरिकी प्रोवोस्ट नामित पृष्ठ 7

बराबरी के लिए भारत को बल्ले से प्रदर्शन जारी रखना होगा पृष्ठ 8


# राजद्रोह कानून होगा समाप्त

## आईपीसी, सीआरपीसी व एविडेंस एक्ट बदला जाएगा

**नई दिल्ली**, 11 अगस्त (एजेंसियां)। संसद के मानसून सत्र के आखिरी दिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में तीन नए बिल पेश किए। इनमें भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य बिल 2023 बिल शामिल हैं। ये बिल अंग्रेजों के समय के इंडियन पीनल कोड (आईपीसी), कोड ऑफ क्रिमिनल प्रोसिजर (सीआरपीसी) और एविडेंस एक्ट की जगह लेंगे। तीनों बिल को जांच के लिए संसदीय कमेटी के पास भेजा जाएगा। इन बिलों में मॉब लिंचिंग और नाबालिग से रेप पर मौत की सजा का प्रावधान रखा गया है। इसके अलावा देशद्रोह से जुड़े मामलों को लेकर भी बदलाव किए गए हैं। अमित शाह ने तीनों बिल पेश करते हुए कहा कि पुराने कानूनों का फोकस ब्रिटिश प्रशासन को मजबूत बनाना और उसकी सुरक्षा करना था। इनके जरिए लोगों को न्याय नहीं सजा दी जाती थी। 1860 से 2023 तक देश का क्रिमिनल जस्टिस सिस्टम ब्रिटिश कानूनों के हिसाब से था। नए बिलों का उद्देश्य सजा नहीं, बल्कि न्याय देना है।

**नए कानून की भावना भारतीयों को अधिकार देने की**–लोकसभा में बोलते हुए गृहमंत्री ने कहा कि इन तीनों कानूनों को रिप्लेस कर के इनकी जगह तीन नए



■ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में किया बिल पेश

■ मॉब लिंचिंग व नाबालिग से रेप पर मौत की सजा

कानून जो बनेंगे, उनकी भावना भारतीयों को अधिकार देने की होगी। इन कानूनों का उद्देश्य किसी को दंड देना नहीं होगा। इसका उद्देश्य होगा लोगों को न्याय देना। अमित शाह ने कहा कि 18 राज्यों, छह केंद्र शासित प्रदेशों, भारत की सुप्रीम कोर्ट, 22 हाईकोर्ट, न्यायिक संस्थाओं, 142 सासंद और 270 विधायकों के अलावा जनता ने भी इन विधेयकों को लेकर सुझाव दिए हैं। चार साल तक इस पर काफी चर्चा हुई है। हमने इस पर 158 बैठकें की हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने पिछले 15 अगस्त को लाल किले की प्राचीर से देश के सामने 5 प्रण रखे थे। उनमें से एक प्रण था कि हम गुलामी की सभी निशानियों को समाप्त कर देंगे। आज मैं जो 3 बिल लेकर आया हूं, वह तीनों विधेयक मोदी के लिए गए प्रण में से एक प्रण को पूरा कर रहे हैं।

**स्नैचरों पर चलेगा कानून का डंडा**

शाह ने कहा कि स्नैचिंग के लिए चाहे महिलाओं की चेन हो या कुछ और कोई प्रावधान नहीं था। बहुत सारे लोग छिप जाते थे क्योंकि वो चोरी नहीं थी। स्नैचिंग का प्रावधान नहीं था। अब स्नैचंग का भी प्रावधान ले आया गया है। 324 में गंभीर चोट के कारण निष्क्रियता की स्थिति हो जाती थी तो महज 7 साल की सजा थी। किसी को थोड़ा लग जाए और वह एक सप्ताह में अस्पताल से बाहर आ जाए तो उसकी सजा को थोड़ा अलग किया गया है। अगर हमेशा के लिए अपंगता आती है तो इसकी सजा 10 साल या आजीवन कारावास।

### भगोड़ों को सजा देने के लिए किए जाएंगे प्रावधान

दाऊद इब्राहिम काफी समय से भगोड़ा है। अब हमने तय किया है कि सत्र न्यायालय के जज किसी व्यक्ति की अनुपस्थिति में भी केस चला सकती है और फैसला सुना सकती है, फिर चाहे वह दुनिया के किसी भी कोने में हो। उसे सजा से बचना हो तो भारत आए और केस लड़ें। शाह ने कहा कि अपराधियों जो देश छोड़कर भाग जाते थे, उसके विरूद्ध 10 साल की सजा का प्रावधान लाया है। सजा माफी को राजनीतिक यूज करने वाले बहुत किस्से आते थे, अब हमने कह दिया है कि अगर किसी को सजा माफ करनी है मृत्यु की सजा को आजीवन कारावास और आजीवन कारावास की सजा को 7 साल तक ही माफ कर सकते हैं। 7 साल के कारावास को 3 साल ही माफ कर सकते हैं, अभी बिहार में कुछ मामले सामने आए हैं, किसी प्रकार से राजनीतिक रसूख वाले लोगों को छोड़ा नहीं जाएगा उनको भी सजा भुगतनी पड़ेगी।

**सरकार ने गठित की थी समिति**

बता दें कि केंद्र सरकार ने आईपीसी, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय सबूत कानून 1872 में संशोधन के लिए एक आपराधिक कानून ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

# मुख्यमंत्री राजधानी में करेंगे ध्वजारोहण

**रायपुर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल राजधानी रायपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री बघेल प्रदेश की जनता के नाम संदेश देंगे।



■ जिला मुख्यालयों में विधानसभा अध्यक्ष, मंत्रीगण, संसदीय सचिव और विधायक फहराएंगे तिरंगा

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वजारोहण करेंगे। अन्य जिला मुख्यालयों में मंत्रीगण और संसदीय सचिव राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे।

इसी तरह उप मुख्यमंत्री टी. एस. सिंहदेव सरगुजा में, पंचायत, ग्रामीण विकास एवं स्कूल शिक्षा मंत्री रविन्द्र चौबे बेमेतरा, गृह एवं लोक निर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू दुर्ग में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर कबीरधाम, खाद्य एवं संस्कृति मंत्री अमरजीत भगत राजनांदगांव, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही, महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया बालोद, उच्च शिक्षा मंत्री उमेश पटेल रायगढ में ध्वजारोहण करेंगे। आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विकास मंत्री मोहन मरकाम कोण्डागांव, उद्योग मंत्री कवासी लखमा सुकमा, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी एवं ग्रामोद्योग मंत्री गुरू रूद्रकुमार मुंगेली तथा नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया जांजगीर-चांपा में ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे।

इसी तरह संसदीय सचिव रेखचंद जैन दंतेवाड़ा, संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चन्द्राकर महासमुंद, संसदीय सचिव डॉ. श्रीमती रश्मि आशीष सिंह बिलासपुर, संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी कांकेर में ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन करेंगे। संसदीय सचिव यू.डी.मिंज जशपुर में, संसदीय सचिव चन्द्रदेव प्रसाद राय बलौदाबाजार-भाटापारा, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय गरियाबंद, संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े कोरिया में ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

## सार संक्षेप

### राज्यपाल-मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस की दी बधाई

**रायपुर।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अंतर्राष्ट्रीय युवा दिवस 12 अगस्त के अवसर पर प्रदेश के सभी युवाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि युवाओं की उपलब्धियों को बढ़ावा देने और समाज में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूरी दुनिया में युवा दिवस मनाया जाता है।

### पटवारियों की हड़ताल अवधि को अर्जित अवकाश में समायोजित करने आदेश जारी

**रायपुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा पटवारियों के हड़ताल अवधि को उनके अर्जित, अर्द्धवैतनिक अवकाश में समायोजित करने का आदेश जारी कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार, प्रदेश के राजस्व पटवारियों के 15 मई से 15 जून 2023, कुल 31 दिवस तक की हड़ताल अवधि को संबंधित हल्का पटवारी के अर्जित अवकाश, अर्द्धवैतनिक अवकाश के रूप में समायोजन करने की अनुमति दी गई है।राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग छत्तीसगढ़ द्वारा इस संबंध में सभी कलेक्टरों को पत्र लिखा गया है।

### देश के 14 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट

**नई दिल्ली।** देश के 14 राज्यों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। उत्तराखंड के ज्यादातर जिलों के लिए 11-14 अगस्त तक रेड और ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल के ज्यादातर जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया गया है। हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले में शुक्रवार तड़के सुबह लैंडस्लाइड हो गया।

### गुजरात में भीषण सड़क हादसे में दस की मौत

**अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद से एक बड़े हादसे की खबर सामने आई है। यहां बावला-बागोदरा हाईवे पर एक मिनी ट्रक की ट्रक से टक्कर हो गई। इस हादसे में 10 लोगों की जान जाने की खबर है। पुलिस ने बताया कि मरने वालों में तीन बच्चे भी शामिल हैं।

### स्टालिन की पत्नी ने 14 लाख का मुकुट चढ़ाया

**गुरुवायूर।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन की पत्नी दुर्गा स्टालिन ने केरल के गुरुवायूर में भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर में सोने का मुकुट दान किया। इसकी कीमत 14 लाख रुपए है। यह मुकुट सोने के 32 सिक्कों से बना है।

# जांजगीर में 'भरोसे का सम्मेलन' कल

**रायपुर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। जांजगीर-चांपा जिले में 13 अगस्त को च्भरोसे का सम्मेलनज्कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा हैद्यइस कार्यक्रम में जिला प्रशासन ने सांसद, विधायक समेत अन्य नेताओं को आमंत्रित किया है।जिसमें कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा और बसपा नेताओं का नाम शामिल है। भरोसे का सम्मेलन में ये सभी नेता एक साथ मंच साझा करेंगे या नहीं ये देखने वाली बात है।लेकिन सभी को आमंत्रित किया गया है। भरोसे का सम्मेलन कार्यक्रम में कांग्रेस के राष्ट्रीय और राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे मुख्या अतिथि के रूप में शामिल होंगे।इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यमंत्री मुख्यमंत्री भूपेश बघेल करेंगे।इसके साथ ही विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा, डिप्टी सीएम टीएस सिंह देव और विशिष्ट आतिथ्य के रूप में सांसद एवं कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज शामिल होंगे।

■ प्रशासन ने भाजपा= बसपा नेताओ को आमंत्रित किया

■ कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे मुख्य अतिथि रहेंगे

### इन्हें भेजा गया आमंत्रण

इस कार्यक्रम के लिए मंत्री ताम्रध्वज साहू, मोहम्मद अकबर, अनिला भेड़िया, गुरु रूद्र कुमार, शिव कुमार डहरिया, कवासी लखमा, मोहन मरकाम, जय सिंह अग्रवाल, अमरजीत भगत, उमेश पटेल, नेताप्रतिपक्ष नारायण चंदेल, सांसद ज्योत्सना महंत, गुहाराम अजगल्ले, विधायक सौरव सिंह, इंदू बंजारे, केशव चंद्रा, वनिता यशवंत चंद्रा जिला अध्यक्ष जांजगीर-चांपा, प्रीति सिंह जनपद पंचायत अध्यक्ष नवागढ़, राधे थवाईट सरपंच को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

# छत्तीसगढ़ में कई विधायकों के कट सकते हैं टिकट : सिंहदेव

**रायपुर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। चुनावी साल में छत्तीसगढ़ में बवाल मचा हुआ है। जहां एक ओर सत्ताधार कांग्रेस कुर्सी पर बने रहने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है तो वहीं दूसरी ओर सत्ता में वापसी के लिए भाजपा भी ऐंड़ी चोटी का जोर लगा रही है। लेकिन इस बीच मंत्री टीएस सिंहदेव के बयान ने एक बार फिर सियासी पारा बढ़ा दिया है। टीएस सिंहदेव ने साफ कहा है कि आगामी चुनाव में कई मौजूदा विधायकों की टिकट कट सकती है।



■ 75 सीटों पर जीत का किया दावा

दरसअल डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव इन दिनों मध्यप्रदेश दौरे पर हैं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस इस बार 75 सीटों पर जीत दर्ज कर सरकार बनाएगी, लेकिन कई मौजूदा विधायकों के टिकट कट सकते हैं। वहीं, उन्होंने मध्यप्रदेश में भी कांग्रेस की सरकार बनने का दावा किया है।

उन्होंने आगे कहा कि मध्यप्रदेश की लाडली बहना योजना कांग्रेस की नारी सम्मान योजना बन सकती है। हो सकत है छत्तीसगढ़ में कांग्रेस इसे वचन पत्र में शामिल करे।

वहीं, उन्होंने डिप्टी सीएम बनाए जाने को लेकर कहा कि खास अंगूठी पहनने के बाद ही मुझे डिप्टी सीएम बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। वहीं, उन्होंने ये भी कहा कि आगे मेरे साथ कुछ और बेहतर हो सकता है।

## मणिपुर मुद्दे पर केंद्र पर बरसे राहुल गांधी

# मणिपुर में शांति बहाली नहीं चाहते मोदी

**नई दिल्ली**, 11 अगस्त (एजेंसियां)। शुक्रवार को संसद का मानसून सत्र खत्म हो गया। इसके बाद मणिपुर हिंसा पर राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मोदी पर सीधा हमला करते हुए कहा कि वह संसद और संसद के बाहर इस संकट को लेकर कुछ बोलना नहीं चाहते और इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं जिससे साबित होता है कि वह मणिपुर में शांति बहाली नहीं चाहते हैं। राहुल ने सरकार पर सीधा आरोप लगाया कि मोदी मणिपुर को जलाना चाहते हैं, बचाना नहीं। संसद में 2 घंटे के अपने भाषण में वे मणिपुर पर सिर्फ 2 मिनट बोले। ये शोभा नहीं देता।



प्रधानमंत्री मणिपुर को जलाना चाहते हैं, बचाना नहीं : राहुल गांधी

**दो हिस्सों में बंट चुका है मणिपुर**

राहुल गांधी ने कहा कि जब हम मणिपुर पहुंचे तो हमें हिंसाग्रस्त इलाकों में जाना था। ➤➤ शेष पृष्ठ 7 पर ➤

### मणिपुर जल रहा व मोदी हंस-हंस कर बोल रहे थे

मोदी के सवालों का जवाब देते हुए राहुल ने कहा कि मणिपुर जल रहा और मोदी हंस-हंस कर बोल रहे थे, ये उनको शोभा नहीं देता। अगर हिंदुस्तान में कहीं हिंसा हो रही है तो उन्हें इस तरह हंस-हंसकर नहीं बोलना चाहिए। मैं करीब 19 साल से राजनीति में हूं। मैं हर स्टेट में गया। बाढ़, सुनामी, हिंसा होती है, हम जाते हैं। 19 साल के अनुभव में मैंने जो मणिपुर में देखा, कहीं नहीं देखा। मणिपुर के लिए जो मैंने कहा ➤➤ शेष

### राहुल की सजा बरकरार रखने वाले जज का तबादला

सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने देश के विभिन्न हाईकोर्ट्स में 23 जजों के तबादले की सिफारिश की है। जिन जजों का तबादला किया जाएगा, उनमें गुजरात हाईकोर्ट के जस्टिस हेमंत एम प्रछाक का नाम भी शामिल है। बता दें कि जस्टिस प्राछक ने बीती सात जुलाई को मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम की अध्यक्षता ➤➤ शेष

# कुश्ती महासंघ चुनाव पर रोक

**चंडीगढ़**, 11 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने 12 अगस्त को होने वाले भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव पर रोक लगा दी है। इससे पहले गुवाहटी हाईकोट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव पर रोक लगा दी थी। हालांकि बाद में सुप्रीम कोर्ट ने इस पर लगी रोक को हटा दिया था। भारतीय ओलंपिक महासंघ के मुताबिक भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव छह से 11 जुलाई के बीच होने थे। हालांकि बाद में 12 अगस्त की तारीख निर्धारित की गई। अब पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने रोक लगा दी। भाजपा सांसद और भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने अपने करीबी संजय सिंह को प्रत्याशी बनाया है। संजय सिंह का मुकाबला अनीता श्योराण से होगा। अनीता 2010 राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन हैं। हाल ही में गोंडा की एक रैली में बृजभूषण शरण सिंह ने कहा था कि 25 में से 20 राज्य उनके साथ हैं। वाराणसी के रहने वाले संजय सिंह को उन्होंने प्रत्याशी बनाया है। चुनाव से पहले ही सांसद ने दावा किया कि हमारे गुट का प्रत्याशी ही अध्यक्ष बनेगा। कहा कि कुश्ती को लेकर बहुत मेहनत हुई है, आगे भी इसी तरह प्रयास जारी रहेगा। रोहतक स्थित हरियाणा एमेच्योर कुश्ती संघ के प्रतिनिधियों को भी हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने भारतीय कुश्ती महासंघ के चुनाव में भाग लेने के लिए उन्हें फिलहाल अपात्र करार दे दिया है।

■ पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट ने चुनाव पर लगाई रोक

# अधीर रंजन, राघव व संजय सिंह सदन से निलंबित

**नईदिल्ली**, 11 अगस्त (एजेंसियां)। अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को सदन से निलंबित किया गया था। अधीर का मामला भी सदन की प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया है। वहीं आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा को शुक्रवार को लिए गए एक महत्वपूर्ण निर्णय में राज्यसभा से सस्पेंड कर दिया गया। वहीं आप के पहले से निलंबित राज्यसभा सांसद संजय सिंह का निलंबन भी बढ़ा दिया गया है। राज्यसभा सभापति के मुताबिक दोनों सांसद विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित रहेंगे। अविश्वास प्रस्ताव पर लोकसभा में चर्चा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बारे में अपशब्दों का इस्तेमाल करने पर सदन में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी को सदन से निलंबित किया गया था। अधीर का मामला भी सदन की प्रिविलेज कमेटी को भेज दिया गया है।

■ मोदी के बारे में अपशब्दों बोलने पर अधीर रंजन पर हुई कार्रवाई

**अधीर रंजन के निलंबन पर कांग्रेस ने किया मार्च**–मानसून सत्र के आखिरी दिन संसद में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी के निलंबन पर इंडिया के सांसदों ने संसद परिसर में मार्च निकाला। इस प्रदर्शन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सभी विपक्षी सांसद शामिल हुए।

# नवाब मलिक को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**मुंबई**, 11 अगस्त (एजेंसियां)। एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री नवाब मलिक को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। मलिक कुख्यात गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम की मुंबई संपत्तियों से संबंधित वित्तीय हेराफेरी के मामले में जेल में बंद थे, उनको सुप्रीम कोर्ट ने मेडिकल आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दी।

17 महीने बाद मिली जमानत

**मलिक गुर्दे की बीमारी से जूझ रहे**

चूंकि प्रवर्तन निदेशालय ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत का विरोध नहीं किया, इसलिए नवाब मलिक की जमानत का रास्ता साफ हो गया। नवाब मलिक 17 महीने बाद जेल से बाहर आएंगे। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने कहा कि मलिक गुर्दे की बीमारी और अन्य बीमारियों के कारण अस्पताल में हैं। हम चिकित्सा शर्तों पर सख्ती से आदेश पारित कर रहे हैं।

**बॉम्बे हाईकोर्ट ने कर दिया जमानत से इनकार**–एनसीपी नेता मलिक ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जांच किए जा रहे मामले में चिकित्सा आधार पर जमानत देने से इनकार करने के बॉम्बे हाईकोर्ट के 13 जुलाई के आदेश के खिलाफ शीर्ष अदालत का रुख किया था। मलिक ने हाईकोर्ट से राहत की मांग करते हुए दावा किया था कि वह कई अन्य बीमारियों के अलावा क्रोनिक किडनी रोग से पीड़ित है। उन्होंने योग्यता के आधार पर जमानत की भी मांग की। बता दें कि ईडी ने नवाब मलिक को फरवरी 2022 में भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की कथित गतिविधियों से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में हैं।

## मानसून सत्र

### 23 दिनों तक संचालित सदन की कार्रवाई समाप्त

# लोकसभा में 45 व राज्यसभा में 63 फीसदी कामकाज

**नई दिल्ली, 11 अगस्त (एजेंसियां)। शुक्रवार को संसद के दोनों सदनों को अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके साथ ही मानसून सत्र समाप्त हो गया। इसके बाद एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा कि 23 दिनों तक चले सत्र के दौरान कुल 17 बैठकें हुईं।**

*उन्होंने कहा कि लोकसभा की उत्पादकता करीब 45 फीसदी और राज्यसभा की 63 फीसदी है। मणिपुर की स्थिति पर चर्चा और सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग को लेकर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण दोपहर के भोजन से पहले के सत्र में उच्च सदन की कार्यवाही दो बार स्थगित की गई। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने बताया कि लोकसभा में कुल 22 विधेयक पारित किए गए, राज्यसभा में 25 विधेयक और दोनों सदनों में 23 विधेयक पारित किए गए। इसके अलावा आईपीसी (दंडप्रक्रिया संहिता) को बदलने के लिए गृह मंत्रालय के तीन विधेयक (सीआरपीसी), और भारतीय साक्ष्य अधिनियम को संसद की स्थायी समिति को भेजा गया है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि राजनीतिक कारणों से विपक्ष ने दिल्ली सेवा विधेयक के अलावा किसी भी अन्य बिल पर चर्चा में भाग नहीं लिया। वैसे, राज्यसभा में लगभग सभी विधेयकों पर चर्चा हुई। वहीं, अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा में कुल 60 सदस्यों ने भाग लिया। एनडीए ने लोकसभा में ध्वनि मत से अविश्वास प्रस्ताव को आसानी से मात दी। दरअसल, विपक्ष ने 26 जुलाई को पीएम मोदी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार कर लिया था। अविश्वास प्रस्ताव मणिपुर हिंसा को लेकर लाया गया था, जिसपर सत्ता पक्ष और विपक्षी गठबंधन के बीच तीखी बहस देखी गई। यह दूसरी बार है जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अविश्वास प्रस्ताव का सामना करना पड़ा है।*

■ कुल 17 बैठकें हुई

■ लोकसभा में 22 व राज्यसभा में 25 विधेयक हुए पारित

***सदन से निलंबन***–*शुक्रवार को आम आदमी पार्टी (आप) सांसद राघव चड्ढा को धोखाधड़ी की शिकायतों के बाद विशेषाधिकार हनन के आरोप में राज्यसभा से निलंबित कर दिया गया।*

# दुनिया रंग-बिरंगी

देशबन्धु | रायपुर, शनिवार, 12 अगस्त, 2023

## करण जौहर, कार्तिक आर्यन व विजय वर्मा ने 14वें आईएफ एफ एम का किया

**मुंबई।** करण जौहर, कार्तिक आर्यन, मृणाल ठाकुर और विजय वर्मा शुक्रवार को शुरू हुए इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) के 14वें एडिशन का उद्घाटन करते नजर आए। इस उत्सव में भारतीय फिल्म इंडस्ट्री के दिग्गज शामिल हुए, जिनमें अनुराग कश्यप, विक्रमादित्य मोटवानी, कनु बहल और पृथ्वी कोनानूर जैसे प्रतिभाशाली निर्देशक हैं। करण ने कार्यक्रम में कहा कि यह आईएफएफएम में मेरा तीसरी बार है और मैं फेस्टिवल से जुड़े सभी लोगों का बहुत आभारी हूं। मैं यहां भारतीय फिल्म बिरादरी के कई साथियों के साथ शामिल हुआ हूं और ऐसी बेदाग प्रतिभाओं के बीच आकर मैं सम्मानित महसूस कर रहा हूं। हमारे पास ऐसे प्रतिष्ठित फिल्म निर्माता और अभिनेता हैं जैसे सीता रामम की टीम, एक ऐसी फिल्म जो मुझे बहुत पसंद है।

# एरोबिक और योग अस्थमा पीड़ित लोगों के लिए वरदान

**बीजिंग,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। एरोबिक प्रशिक्षण और योग अस्थमा से पीड़ित लोगों के लिए वरदान है। एक नए शोध से यह बात सामने आई है। अध्ययन में बताया गया है कि एरोबिक और योग क्रियाओं को नियमित रूप से करने से फेफड़ों में सुधार आता है। एनल्स ऑफ मेडिसिन जर्नल में प्रकाशित शोध अस्थमा से पीड़ित लोगों को उचित व्यायाम करने की सलाह देता है।



- दुनिया भर में लगभग 339 मिलियन लोग अस्थमा से पीड़ित
- खांसी, घरघराहट, सांस की तकलीफ व सीने में जकड़न जैसे लक्षण

चीन में हेनान नॉर्मल यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ फिजिकल एजुकेशन के एसोसिएट प्रोफेसर और मुख्य लेखक शुआंगताओ जिंग ने कहा कि निष्कर्ष बताते हैं कि वयस्कों के फेफड़ों की कार्यक्षमता को बढ़ाने के लिए व्यायाम प्रशिक्षण कितना मददगार है। उन्होंने कहा कि एरोबिक प्रशिक्षण और योग प्रशिक्षण के साथ श्वास प्रशिक्षण अस्थमा के मरीजों के लिए फायदेमंद होता है। यह उपचार के रास्?ते भी खोलता है। दुनिया भर में लगभग 339 मिलियन लोग अस्थमा से पीड़ित है। जिसमें खांसी, घरघराहट, सांस की तकलीफ और सीने में जकड़न जैसे लक्षण होते हैं। उन्होंने बताया कि पहले व्यायाम करना अस्थमा पीड़ितों के लिए सही नहीं माना जाता था क्योंकि कहा जाता था कि इससे अस्थमा से पीड़ित व्यक्ति को दिक्कत हो सकती है। मगर अब रिसर्च से पता चला है कि व्यायाम प्रशिक्षण वास्तव में अस्थमा रोगियों को सही होने में मदद करता है।

इस रिसर्च में अस्थमा से पीड़ित 2,155 लोगों को शामिल किया गया। जिसमें उनके ऊपर फेफड़ों के कार्य पर श्वास प्रशिक्षण, एरोबिक प्रशिक्षण, विश्राम प्रशिक्षण, योग प्रशिक्षण के साथ संयुक्त श्वास के प्रभावों की जांच की गई।

मरीजों पर सभी प्रकार के व्यायामों के प्रभावों को देखते हुए यह निष्कर्ष निकला कि इससे फेफड़ों की स्थिति में सुधार आता है। जिंग ने कहा कि हेल्थ प्रोफेशनल्स को अपने मरीजों को व्यायाम करने के लिए बोलना चाहिए। लेखकों ने कहा कि इस अध्ययन में अधिकांश मरीज 60 वर्ष से कम उम्र के थे, इसलिए व्यायाम का असर वृद्ध व्यक्तियों में अलग-अलग दिख सकता है।

# इंग्लैंड में 36 साल पहले लापता रॉयल नेवी के रेडियो ऑपरेटर की खोज शुरू

**पोर्ट्समाउथ,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड में 36 साल पहले लापता रॉयल नेवी का रेडियो ऑपरेटर साइमन पार्क्स की फिर से खोज शुरू हो गई है।

दिवंगत साइमन को आखिरी बार 1986 में देखा गया था जब उनका जहाज पोर्ट्समाउथ वापस जाते समय क्षेत्र में रुका था। वह किंग्सवुड के निवासी थे और जब वह लापता हुए थे, तब उनकी उम्र 18 साल थी। वह जहाज से पोर्ट्समाउथ जा रहे थे लेकिन उन्होंने कुछ देर ठहरने के लिए किनारे पर चले गए, जहां से वह लापता हो गए और उनके लापता हुए करीब 33 साल से अधिक का समय बीत गया।

यहां के जांच अधिकारियों ने एक बार से दिवगंत पार्क्स का पता लगाने के लिए संदिग्ध जगहों, उनके गायब होने की जगह से और ब्रिटिश प्रवासी क्षेत्र में कब्रिस्तान की खुदाई करके उनका पता लगाने में जुटे हुए हैं। करीब नौ अधिकारियों को टाउन रेंज कार पार्क में उत्खनन कार्य करने के लिए स्पेन के जिब्राल्टर में तैनात किया गया है।

जांच की देखरेख कर रहे अधिकारी एडम एडवर्ड्स ने कहा कि पार्क्स की फिर से तलाश करने की सूचना उनके माता-पिता को दे दी हैं।

एडवर्ड्स ने कहा कि पार्क्स का पता लगाने के लिए हमारी खोज जारी रहेगी। इसी बीच. संचालन गतिविधि के बाद हमारे अधिकारियों ने साइमन के स्मारक स्थल का दौरा किया और उनके परिवार को अपना समर्थन दिखाने के लिए कुछ फूल चढ़ाए।

उल्लेखनीय है कि जब पार्क्स लापता हुए थे, उस समय हैम्पशायर कांस्टेबुलरी द्वारा सीरियल किलर एलन ग्रिमसन उनके साथ एचएमएस इलस्ट्रियस जहाज पर सवार था। ग्रिमसन ने 2001 में लीसेस्टरशायर के 18 वर्षीय नौसैनिक रेटिंग निकोलस राइट और बर्कशायर के न्यूबरी के बर्मन सायन जेनकिंस की हत्या की थी, जिसके बाद, विंचेस्टर क्राउन कोर्ट ने उसको आजीवन जेल की सजा सुनाई और उसे जेल में डाल दिया गया जबकि उसने खुद को पार्क्स के लापता में होने में शामिल होने से इंकार किया है।

# महिला सशक्तीकरण का संदेश देती है फिल्म 'जवान' : शाहरुख खान

**मुंबई,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान ने एक्स पर अपने प्रशंसकों के सवालों के जवाब दिए। शाहरुख ने कहा कि उनकी फिल्म 'जवान' महिला सशक्तिकरण पर एक मजबूत संदेश देती है।



शाहरुख ने एक्स (पहले ट्विटर) पर अपने फैंस से खुलकर बात की। जिसमें उन्होंने सभी सवालों के जवाब दिए। सुपरस्टार का इस दौरान मजाकिया अंदाज भी देखा गया। एक सवाल के जवाब में शाहरुख ने कहा उनकी फिल्म 'जवान' में महिला सशक्तिकरण पर एक मजबूत दृष्टिकोण दिखाया गया है। इसमें बताया गया है कि महिलाओं का सम्मान कैसे करें।

अपने पसंदीदा गाने के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा कि मेरा पसंदीदा गाना फिल्म का चालेया है। रोमांटिक और मधुर और सौम्य बिल्कुल मेरे जैसा।

एक फैन ने पूछा कि फिल्म जवान में कोई सबक या संदेश है। इस पर स्टार ने कहा कि फिल्म में महिला सशक्तीकरण पर एक मजबूत दृष्टिकोण है, जिसमें बताया गया है कि उनका सम्मान कैसे करें और उनके लिए कैसे खड़े हों। शाहरुख खान ने कहा कि वह फिल्म को 'इमोशनल ड्रामा' के रूप में देखते है।

एक फैन ने 'जवान' में विजय सेतुपति की भूमिका के बारे में पूछा, जिस पर शाहरुख ने लिखा कि विजय एक अद्भुत अभिनेता हैं। मैं वास्तव में चाहता हूं कि हर कोई फिल्म में उनकी बारीकियों को देखे। फिल्म का पहला गाना जिंदा बंदा लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। यह गाना अलग-अलग भाषाओं हिंदी (जिंदा बंदा), तमिल (वंधा एडम) और तेलुगु (धुम्मे धुलिपेला) में रिलीज किया गया है। जवान रेड चिलीज एंटरटेनमेंट की प्रस्तुति है। यह फिल्म 7 सितंबर 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में हिंदी, तमिल और तेलुगु भाषाओं में रिलीज होगी।

# रानी मुखर्जी का हुआ था मिसकैरेज, पांच महीने की प्रेग्नेंसी में खोया बच्चा

**मुंबई,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। एक्ट्रेस रानी मुखर्जी, जो पहले मार्च 2023 में फिल्म 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' में नजर आई थीं, ने खुलासा किया कि कोविड-19 महामारी के दौरान साल 2020 में उनका मिसकैरेज हुआ था। एक्ट्रेस ने यह खुलासा इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में किया, जिसका उद्घाटन हाल ही में हुआ। एक्ट्रेस ने कहा कि 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' की रिलीज के दौरान उन्होंने इस बारे में बात करने से बचना चुना, क्योंकि लोग इस घटना को प्रमोशन के रूप में देखते।



मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे, जो आशिमा छिब्बर द्वारा लिखित और निर्देशित है, यह सच्ची घटना पर आधारित है। इस फिल्म में रानी अपने बच्चों को वापस पाने के लिए नॉर्वे की सरकारी अथॉरिटीज से जूझती नजर आईं। फिल्म में अनिर्बान भट्टाचार्य, नीना गुप्ता और जिम सर्भ भी हैं।

मेलबर्न के भारतीय फिल्म महोत्सव में मीडिया को संबोधित करते हुए, रानी ने साझा किया शायद यह पहली बार है, जब मैं अपनी जिंदगी के बारे में इस तरह पब्लिकली बात कर रही हूं। 'मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे' फिल्म के प्रमोशन के वक्त मैंने इस बारे में बात नहीं की। मैं नहीं चाहती थीं कि लोग इसे फिल्म प्रोमोशन की स्ट्रैटजी समझे। यह घटना कोविड 19 के दौरान हुई, तब 2020 था। मैं प्रेग्नेंट थीं। हम दूसरी बार पैरेंट्स बनने वाले थे। मगर दुर्भाग्य से मैंने अपना 5 महीने का बच्चा खो दिया। मेरा मिसकैरेज हो गया।

रानी ने आगे कहा कि मिसकैरेज के शायद 10 दिनों के बाद निखिल आडवाणी ने मुझे कॉल किया। निखिल ने मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे की कहानी के बारे में बताया। मैं फिल्म के लिए तुरंत राजी हो गई। ऐसा नहीं है कि आपको किसी फिल्म के साथ कनेक्ट कर पाने के लिए अपनी पर्सनल लाइफ में कोई ट्रेजेडी झेलनी पड़े। कभी-कभी ऐसा होता है कि आपको कोई ऐसी फिल्म मिल जाती है, जिसको समझना आपके लिए काफी आसान होता है, क्योंकि आप रियल लाइफ में उससे गुजर चुके हो। उन्होंने कहा कि मैंने कभी नहीं सोचा था कि नॉर्वे जैसे देश में एक भारतीय परिवार को इससे गुजरना पड़ेगा।

# मानसून लव ट्रैक 'बारिश है जानम' रिलीज

**मुंबई,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। सिंगर-कंपोजर पायल देव, जो 'तुम ही आना' और 'गेंदा फूल' जैसे गानों के लिए जानी जाती हैं, ने स्टेबिन बेन के साथ मिलकर नया सॉन्ग 'बारिश है जानम' रिलीज किया। यह एक मानसून लव ट्रैक है, जिसमें स्टेबिन के साथ 'मिर्जापुर' फेम एक्ट्रेस हर्षिता गौर नजर आ रही हैं। इस गाने को पायल देव ने स्टेबिन बेन के साथ मिलकर गाया है, जिसका म्यूजिक भी उन्होंने ही तैयार किया है। ट्रैक के बोल राज शेखर द्वारा लिखे गए हैं, और वीडियो सिद्धार्थ-गरिमा द्वारा निर्देशित किया गया है।गाने के बारे में बात करते हुए हर्षिता ने कहा कि जब यह गाना उनके पास आया तो उन्होंने बिना सोचे खुशी से 'हां' कह दिया। उन्होंने कहा कि मैं बेहद रोमांटिक हूं और मुझे बारिश भी बहुत पसंद है, इसलिए ऐसा लगा कि यह गाना मेरे लिए ही बनाया गया है। मुझ पर भरोसा रखने के लिए मैं भूषण सर और टी-सीरीज की बहुत आभारी हूं। यह एक ऐसा अनुभव है, जिसे मैं लंबे समय तक याद रखूंगी। अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए, पायल देव ने कहा कि व्यक्तिगत रूप से, मुझे बारिश से जुड़े गानों में मजा आता है। मुझे सिर्फ मौसम पसंद है, और अगर यह एक रोमांटिक नंबर है, तो यह और भी बेहतर है। मुझे खुशी है कि मैं इस खूबसूरत



- पायल देव और स्टेबिन बेन की दिखी हॉट कैमिस्ट्री

गाने से जुड़ी।गाने के बारे में बात करते हुए स्टेबिन ने कहा कि मुझे 'बारिश है जानम' का वाइब बहुत पसंद आया और जिस तरह से गाने के बोल लिखे गए हैं, वह बेहद खूबसूरत हैं। गाना गाने के साथ-साथ 'बारिश है जानम' की शूटिंग भी मजेदार थी। मैं पायल देव को बेहतरीन को-सिंगर होने के लिए और हर्षिता को एक अद्भुत को-एक्टर होने के लिए धन्यवाद देता हूं।

# दार्जिलिंग में पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल गार्डन में आए नन्हें मेहमान

**कोलकाता,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिम बंगाल के दार्जिलिंग में पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल गार्डन में नए नन्हें मेहमान आए है। नीरा और तीस्ता दो लाल पांडा ने दार्जिलिंग के सिंगालीला राष्ट्रीय उद्यान में दो-दो शावकों को जन्म दिया है। वहीं, 13 वर्षीय हिम तेंदुए जिमा ने एक शावक को जन्म दिया है।



इन नन्हें मेहमानों का आगमन कुछ दिन पहले ही हुआ है। इस बात की आधिकारिक सूचना शुक्रवार को चिड़ियाघर अधिकारियों ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर दी। राज्य की वन मंत्री ज्योति प्रिया मल्लिक ने नए सदस्यों के आगमन की पुष्टि करते हुए कहा कि पशु प्रेमियों के लिए यह बेहद अच्छी खबर है।उन्होंने कहा कि जिन दो पांडा ने बच्चों को जन्म दिया है वह चिड़ियाघर में ही पाले गए थे। लेकिन, बाद में उन्हें जंगली झुंडों में छोड़ दिया गया था। उन्होंने कहा हिम तेंदुओं की लुप्तप्राय प्रजाति जिमा का शावक को जन्म देना स्वागत योग्य है। वन मंत्री ने कहा

- नीरा व तीस्ता दो लाल पांडा ने दो-दो शावकों को जन्म दिया
- 3 वर्षीय हिम तेंदुए जिमा ने एक शावक को दिया जन्म

कि हम राष्ट्रीय उद्यान में अन्य जानवरों को परेशान किए बिना दूर से शावकों की सावधानीपूर्वक निगरानी कर रहे हैं।

दार्जिलिंग में पद्मजा नायडू हिमालयन जूलॉजिकल गार्डन भारत में प्रोजेक्ट रेड पांडा के लिए अनुकूल चिड़ियाघर है।

# स्टोरीज के लिए नए ग्रुप मेंशन फीचर की टेस्टिंग कर रहा इंस्टाग्राम

**सैन फ्रांसिस्को,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। मेटा के स्वामित्व वाला इंस्टाग्राम एक नए ग्रुप मेंशन फीचर की टेस्टिंग कर रहा है, जो यूजर्स को सिंगल मेंशन का इस्तेमाल कर स्टोरी में एक से ज्यादा लोगों को टैग करने की अनुमति देगा।

ब्रॉडकास्ट चैनल पर एक पोस्ट में, इंस्टाग्राम प्रमुख एडम मोसेरी ने कहा कि सिंगल मेंशन का इस्तेमाल कर स्टोरी में लोगों के ग्रुप को टैग करने वाले फीचर की टेस्टिंग चल रही है। एक बार जब आप ग्रुप बनाते हैं, तो ग्रुप में कोई भी इसे किसी भी नई स्टोरी में सभी को ऑटोमैटिक रुप से टैग करने के लिए रियूज कर सकते है।

अगर आप दोस्तों के साथ समर ट्रिप पर हैं, तो आप प्रत्येक व्यक्ति को इंडिविजुअल रूप से टैग किए बिना ज्यादा लोगों को आसानी से शामिल कर सकते हैं। पिछले हफ्ते, प्लेटफॉर्म ने एक फीचर जारी किया था, जो यूजर को अनवांटेड डीएम रिक्वेस्ट से बेहतर फीचर प्रदान करता है।

इस फीचर के साथ, जो लोग उन यूजर्स को डीएम रिक्वेस्ट भेजना चाहते हैं, जिसे वह फॉलो पालन नहीं करते, उन्हें प्रतिबंधों का सामना करना पड़ेगा।

पिछले महीने, मेटा ने इंस्टाग्राम के लिए रीयल-टाइम अवतार कॉल पेश की थी, जो यूजर्स को तब मदद करेगी जब वे वीडियो कॉल के दौरान अपना असली चेहरा नहीं दिखाना चाहते हैं और कैमरा-ऑफ और कैमरा-ऑन के बीच तीसरा ऑप्शन चाहते हैं।

# 'सांस्कृतिक पठन को बढ़ावा देने के लिए स्थानीय भाषाओं को अपनाना चाहिए'

**नई दिल्ली,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स (एफआईपी) ने नई दिल्ली के प्रतिष्ठित क्लेरिजेस होटल में 'इंडियन पब्लिशर्स कॉन्फ्रेंस 2023' की शुरुआत की। यह आयोजन भारतीय प्रकाशन उद्योग में उत्कृष्टता और प्रगति के 50 वर्षों का जश्न मनाते हुए फेडरेशन की स्वर्ण जयंती का प्रतीक है। यह कॉन्फ्रेंस दो दिन (11-12 अगस्त) आयोजित की जाएगी। इस कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने किया।



- केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने इंडियन पब्लिशर्स कॉन्फ्रेंस 2023 का किया उद्घाटन
- प्रकाशन में कॉपीराइट व बौद्धिक संपदा अधिकारों का महत्व

सम्मेलन की थीम '2047 में भारत राष्ट्र निर्माण में प्रकाशन की भूमिका' है। यह सम्मेलन देश के भविष्य को तैयार करने में प्रकाशन की महत्वपूर्ण भूमिका का पता लगाने के लिए उद्योग जगत के लीडर्स, इनोवेटर्स और हितधारकों को एक साथ लाया है। जैसे-जैसे भारत एक वैश्विक शक्ति बन रहा है, सम्मेलन में चर्चा हुई कि प्रकाशन कैसे आर्थिक विकास, रोजगार और ज्ञान प्रसार में योगदान दे सकता है और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध समाज को बढ़ावा दे सकता है। अपने मुख्य भाषण में, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने डिजिटल युग में पढ़ने की आदतों के विकास पर प्रकाश डाला, पारंपरिक पुस्तक पढ़ने से ई-पुस्तकों में संक्रमण की चुनौती को स्वीकार किया। उन्होंने उपकरणों के माध्यम से पढ़ने की चुनौतियों पर जोर दिया और बताया कि कैसे यह एक चर्चा का विषय बन गया है।

एफआईपी प्रेसीडेंट रमेश मित्तल ने कहा कि जैसा कि देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है और जी20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने की तैयारी कर रहा है, फेडरेशन ऑफ इंडियन पब्लिशर्स अगले महीने नई दिल्ली में 'राष्ट्र निर्माण में प्रकाशन' की थीम पर इंडियन पब्लिशर्स कॉन्फ्रेंस का आयोजन करके अपनी स्वर्ण जयंती मनाएगा।

# कंचन को 11 साल बाद मिली बाल विवाह की बेड़ियों से मुक्ति

**जोधपुर,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। पिछले 11 साल से बाल विवाह का दंश झेल रही कंचन को शुक्रवार को वास्तविक आजादी मिली जब सारथी ट्रस्ट द्वारा उसका मामला उठाने के बाद जोधपुर की एक पारिवारिक अदालत ने उसके बाल विवाह को रद्द कर दिया। जोधपुर जिले के ग्रामीण इलाके के एक दुकानदार की बेटी कंचन 11 साल पहले सात साल की उम्र में बाल विवाह की बेड़ियों में फंस गई थी। बड़ी होने पर जब उसे अपने बाल विवाह के बारे में पता चला तो वह उदास हो गई। इसी दौरान ससुराल वालों ने कंचन पर गौना कराने का दबाव डाला। 'गौना' राजस्थान, बिहार और उत्तर प्रदेश में प्रचलित विवाह की अंतिम रस्म है। यह बाल विवाह की प्रथा से जुड़ा है और शादी के वर्षों बाद होता है। इसी बीच कंचन के भाई को जोधपुर के सारथी ट्रस्ट की मैनेजिंग ट्रस्टी कृति भारती द्वारा चलाये जा रहे बाल विवाह उन्मूलन अभियान के बारे में पता चला। जब कंचन अपने भाई के साथ भारती से मिली और अपनी आपबीती सुनाई, तो ट्रस्ट ने जोधपुर में फैमिली कोर्ट नंबर 1 में उसके बाल विवाह को रद्द करने की मांग करते हुए एक मामला दायर किया। कंचन द्वारा अदालत का दरवाजा खटखटाने से नाराज बिरादरी के कुछ नेताओं ने उन पर अर्थ दंड लगाने के अलावा, उनके परिवार के सदस्यों और कुछ अन्य रिश्तेदारों का बहिष्कार भी किया। हालांकि, भारती की काउंसलिंग के बाद कई लोग कंचन के समर्थन में आए और उसके परिवार के सदस्यों को वापस बिरादरी में शामिल कर लिया। वे कंचन के बाल विवाह को रद्द करने पर भी सहमत हुए। भारती की काउंसलिंग के बाद दूल्हे ने भी शादी रद्द करने पर सहमति दे दी जिसके बाद जस्टिस मुजफ्फर चौधरी ने 11 साल पहले हुए बाल विवाह को रद्द करने का आदेश दिया।



- सारथी ट्रस्ट द्वारा मामला उठाने के बाद पारिवारिक अदालत ने बाल विवाह को किया रद्द
- कंचन की 5 साल की उम्र में हुई थी शादी

समाज को कड़ा संदेश देते हुए न्यायमूर्ति चौधरी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बाल विवाह का खामियाजा कई लड़कियों को भुगतना पड़ता है। उन्होंने कहा कि बाल विवाह की प्रथा को रोकने के लिए समाज में सबकी सम्मिलित जिम्मेदारी है। कंचन ने कहा कि कृति भारती दीदी की मदद से मेरा बाल विवाह रद्द हो गया है। मैं बहुत खुश हूं। अब मैं अपने सपने पूरे करूंगी। भारती, जो एक पुनर्वास मनोवैज्ञानिक और बाल एवं महिला अधिकारों की वकील भी हैं, ने कहा कि आखिरकार कंचन को बाल विवाह से मुक्ति मिल गई है। इसके साथ, हमारे ट्रस्ट ने अब राजस्थान में 50 से अधिक बाल विवाह रद्द करने में मदद की है। मेरा सपना बाल विवाह की प्रथा को इतिहास की किताबों में दफन होते देखना है।

# साढ़े 18 साल पूरे कर चुकी कारवां-ए-अमन साढ़े चार साल से है बंद

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। एलओसी के आर-पार बसे जम्मू कश्मीर के परिवारों को आपस में मिलाने वाली कारवां-ए-अमन बस सेवा साढ़े चार साल से बंद है। कश्मीर के दोनों हिस्सों में रह रहे बिछुड़े परिवारों को मिलाने की खातिर आरंभ हुई कारवां-ए-अमन यात्री बस सेवा ने इस साल 7 अप्रैल को अपने परिचालन के 18 साल पूरे कर तो लिए थे पर कश्मीरियों के अरमान अभी भी अधूरे ही हैं।

याद रहे कश्मीर के दोनों हिस्सों में रह रहे बिछुड़े परिवारों को मिलाने की खातिर आरंभ हुई कारवां-ए-अमन यात्री बस सेवा इस साल अप्रैल माह की 7 तारीख को अपने परिचालन के 18 साल पूरे कर चुकी

- अप्रैल माह की 7 तारीख को अपने परिचालन के 18 साल पूरे
- पर कश्मीरियों के अरमान अभी भी अधूरे ही



है पर कश्मीरियों के अरमान अभी भी अधूरे ही हैं। 18 साल की इस अवधि में कुल गैर सरकारी तौर पर 25 हजार के करीब लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया पर अभी भी 38 हजार से अधिक लोग अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं जिस कारण आम कश्मीरी यह कहने को मजबूर हुआ है कि यह बस सेवा उनके अरमान पूरे नहीं कर पाई है। अभी भी इस कश्मीर के लोगों को इस यात्री बस सेवा पर नाराजगी इसलिए है क्योंकि वे बाबूगिरी के चलते इसका सफर नहीं कर पा रहे थे। सबसे अहम बात इस मार्ग के प्रति यह है कि कश्मीरी चाहते हैं कि इस सड़क मार्ग को सिर्फ चहेतों के लिए ही नहीं बल्कि आम कश्मीरी के लिए खोला जाना चाहिए ताकि वे उस कश्मीर में रहने वाले अपने बिछुड़े परिवारों से बेरोकटोक मिल सकें। यही कारण है कि अभी भी कश्मीरियों को शिकायत है कि इस सड़क मार्ग का इस्तेमाल सिर्फ ऊंची पहुंच रखने वालों द्वारा ही किया जा रहा है और आम कश्मीरी इससे कोसों दूर है। श्रीनगर के लाल चौक में दुकान चलाने वाला मसूद अहमद कहता था कि 18 साल हो गए वह उस कश्मीर में रहने वाली अपनी बहन से मिलने की इजाजत नहीं पा सका है। 'हर बार मेरे आवेदन को कोई न कोई टिप्पणी लगा कर लौटा दिया जाता है और मेरा पड़ौसी दो बार उस पार हो आया ऊंची पहुंच के कारण जबकि उसका कोई रिश्तेदार भी उस पार नहीं रहता है, मसूद कहता था। पर अब तो साढ़े 4 सालों से सभी कश्मीरियों के अरमानों पर पानी फिर चुका है।

# अभिमत

*सीधी सी बात थी, मणिपुर पर मोदी का मौन व्रत तुड़वाना था। सामूहिक बलात्कार, नरसंहार पर बेहिस-बेग़ैरत सरकार को संसद के ज़रिये एक्सपोज करना था, तो अविश्वास प्रस्ताव ही एक रास्ता बचा था, जिसपर व्यापक बहस होती। लेकिन हुआ क्या? एक ऊंट की शादी हो रही थी। शादी में गधे गीत गा रहे थे। गधों ने ऊंट के रूप की बड़ाई करते हुए कहा, 'अहो रूपम' अर्थात, 'आप क्या लग रहे हैं!' ऊंट ने भी शिष्टाचार धर्म का पालन करते हुए कहा, 'अहो ध्वनि' अर्थात 'क्या आवाज है आपकी!'*

## अहो रूपम, अहो ध्वनि!



पुष्परंजन

> **सवाल तीन थे। पहला, मणिपुर में हिंसा भड़कने के तीन महीने बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर क्यों नहीं गए? दूसरा, मणिपुर पर बोलने के लिए प्रधानमंत्री को 80 दिन क्यों लगे? और तीसरा, प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को बर्खास्त क्यों नहीं किया? मोदी ने किसी का उत्तर नहीं दिया।**

बकवास करो
हर बार करो - गर बिकता है।
बेबात हँसो,
बकवास करो।

रवीन्द्र दास की शुरू की दो, और आख़िरी की दो लाइनों की याद गुरुवार शाम अनहद आती रही। संसद में थकाऊ और लंबे भाषण पर मोदी मन भाये वाले सभासद थक नहीं रहे थे। दूसरी ओर सोशल मीडिया पर समर्थन कम और लानत का समां अधिक बंधा हुआ था। संसद में कभी मेज का थपथपाना, तो कभी 'मोदी-मोदी' के नारे को चुनावी मंच बना चुके थे ट्रेजरी बेंच पर विराजे महानुभाव। मणिपुर पर प्रधानमंत्री जब बोल रहे थे, उस अभागे प्रांत से एक ख़बर आई, जिसे एजेंसियों ने सत्रावसान के बाद चलने दी। ख़बर थी, सामूहिक बलात्कार की। आजकल सामूहिक बलात्कार, मॉब लिचिंग की ख़बरें सन्नाटे को चीर नहीं पाती। सुनने वालों के कानों, दिलो-दिमाग़ से गुज़र जाती हैं ऐसी ख़बरें। हमारी इंद्रियों को स्मार्ट फोन ने इंगेज कर रखा है। अधिकांश की आत्मा मर चुकी है। विगत दस वर्षों में नेटीजंस की जो पौध झाड़-झंखाड़ की तरह उग आई, उनमें संवेदना को कुंद करने का काम बड़े पैमाने पर हुआ है।

प्रधानमंत्री मोदी इन दिनों अदालत से प्रसन्न नहीं दीखते। संसद में उनके एक वाक्य से न्यायालय के प्रति उनकी जुगुप्सा यों जाहिर हुई, 'मणिपुर पर अदालत का फैसला आया। अब अदालतों में क्या हो रहा है, ये हम जानते हैं।' प्रधानमंत्री अदालत से नाखुश केवल मणिपुर में आदिवासी समुदाय को आरक्षण और उसके बाद बेकाबू दावानल से नहीं हैं, राहुल गांधी के लिए संसद में वापसी का रास्ता सुप्रीम कोर्ट के बज़रिये जिस तरह प्रशस्त हुआ, वह सबसे अधिक कष्ट का कारण है।

मोदी ने संभवत: सोचा नहीं था कि रावण, विभीषण, कुंभकरण शब्दों के माध्यम से संसद में साक्षात किये जाएंगे। ठीक से देखा जाए तो संसद में राहुल का सर्वाधिक सशक्त और मारक 'सर्जिकल स्ट्राइक' रहा है। ट्रेजरी बेंच में तिलमिलाहट से साफ नज़र आ रहा था कि राहुल के शब्दभेदी वाण से वो आहत हैं। अक्सर मुस्कुराते रहने और निश्चिंत भाव-भंगिमा वाले लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला को पहली बार देश ने गुस्से में देखा। आसन पर बेचैनी से करवटें बदलते देखकर उनकी असहज स्थिति का अंदाज़ा आसानी से लगाया जा सकता था।

गुरूवार को विश्व गुरू के बोलने से पहले पूरे देश को यही अंदाज़ा था कि 'इंडिया' और खुसूसन राहुल गांधी पर वो अग्निवाण छोड़ेंगे। राहुल को शब्दों से वो वेध देंगे। मगर, मालूम नहीं क्यों मोदी के शब्द फुस्स फुलझरी साबित हुए। अब संभवत: लालकि़ले के प्राचीर से प्रधानमंत्री शब्दों के गोले दागें। लेकिन कितना भी अच्छा नाचने वाला मोर जब अपने पैरों की ओर देखता है, थम जाता है। मणिपुर भी मोर के पांव की तरह पीएम मोदी के पादुका में प्रत्यारोपित हो चुका है। मोदी ने तो शायद मणिपुर पर चुप रहने की ठान ली थी, मगर विपक्ष की व्यूह रचना ने उन्हें बोलने पर विवश कर दिया। मणिपुर पर मोदी क्या विपक्ष के बायकॉट का इंतज़ार कर रहे थे?

लोकसभा में देश के प्रधानमंत्री के बयानों पर मुलाहिज़ा कीजिए, 'महिलाओं के साथ गंभीर अपराध हुए। यह अपराध अक्षम्य है। दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाने के लिए हम भरपूर प्रयास कर रहे हैं। जिस प्रकार से प्रयास चल रहे हैं, निकट भविष्य में शांति का सूरज जरूर उगेगा। मणिपुर फिर एक बार नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ेगा। मैं मणिपुर के लोगों से भी आग्रहपूर्वक कहना चाहता हूं। वहां की माताओं, बहनों, बेटियों से कहना चाहता हूं- देश आपके साथ है। यह सदन आपके साथ है। हम सब मिलकर इस चुनौती का समाधान निकाल लिया, वहां शांति की स्थापना होगी। मणिपुर फिर विकास की राह पर तेज गति से आगे बढ़ेगा। प्रयासों में कोई कसर बाकी नहीं रहेगी।'

लेकिन सरकार से ग़लतियां हुईं। पूरा सिस्टम फेल कर गया। क़ानून-व्यवस्था की धज्जियां उड़ीं, यह क्यों नहीं स्वीकार करते प्रधानमंत्री मोदी? म्यांमार से 1643 किलोमीटर सीमा पूर्वोत्तर के चार राज्यों अरूणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर और मिज़ोरम साझा करते हैं। मणिपुर के पांच ज़िले 400 किलोमीटर लंबी म्यांमार सीमा से लगे हैं। इसकी सुरक्षा की ज़िम्मेदारी क्या कांग्रेस के हवाले कर रखी है अमित शाह और राजनाथ सिंह ने? दंगाग्रस्त मणिपुर संभाल नहीं पा रहे हैं, ठीकरा फोड़ रहे हैं कांग्रेस पर। अमित शाह ने संसद में कहा, 'मैं विपक्ष की इस बात से सहमत हूं कि वहां हिंसा का तांडव हुआ है। हम मानते हैं कि जो हुआ है वो शर्मनाक है, लेकिन उस पर राजनीति करना उससे भी शर्मनाक है।'

सबसे बड़ी बात जवाबदेही की है। मणिपुर में फोर्स की तैनाती का आदेश जिस मंत्री ने दिया, यदि वहां शांति स्थापना में विफल हो जाता है, तो इस विफलता का जिम्मा कांग्रेस पर नहीं थोप सकते। अमित शाह का मणिपुर घूमकर आना इतना महत्वपूर्ण नहीं, जितना कि वहां शांति बहाली। फिर तो यह भी पॉलिटिकल टूरिज़्म हुआ। कल तक आपकी जो सांसद, प्रवक्ता इम्फाल में मणिपुरी नृत्य कर रहे थे, आज सीन से क्यों ग़ायब हैं? स्मृति ईरानी को राहुल गांधी की फ्लाइंग किस पर पीड़ा हो रही है, लेकिन मणिपुर में सामूहिक बलात्कार की लगातार हो रही घटनाओं से कोई कष्ट नहीं हो रहा। सत्ता के अहंकार ने स्मृति जैसी महिलाओं को कैसे काठ कलेजा कर दिया?

मणिपुर के संदर्भ में केंद्र सरकार द्वारा पोषित-पल्लवित राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की भूमिका भी पीड़ादायक है। जनवरी 1992 में बनी इस संस्था का गठन देशभर में महिलाओं पर हो रहे ज़ुल्मों-सितम को रोकना, जेंडर जागरूकता, पीड़ित महिलाओं की खोज ख़बर लेने के उद्देश्य से किया गया था। महिलाओं के विरूद्ध हिंसा, यौन उत्पीड़न करने वालों को कहीं से नहीं बख्शना, महिला सशक्तीकरण जैसे लक्ष्यों को लेकर बनी संस्था क्या वाकई मणिपुर के संदर्भ में कुछ कर पाई? 19 जनवरी, 2023 के बाद एनसीडब्ल्यू की किसी भी गतिविधि की सूचना इनके पोर्टल पर नहीं है।

राष्ट्रीय महिला आयोग कांग्रेस के समय जैसा था, आज भी लगभग वैसा ही है। बस, किरदार बदल गये हैं। 2 अक्टूबर, 1994 को रामपुर तिराहा रेप कांड की शिकार औरतों को ढूंढने मैं ऊखी मठ पहुंच गया था, तब राष्ट्रीय महिला आयोग की एक टीम चमोली ज़िले के पिंडर में फूलों की घाटी की सैर करने गई थी। शायद कुछ और पत्रकार अनुभव साझा करें। सालाना बजट का मोटा पैसा राष्ट्रीय महिला आयोग जैसे महकमे पर ख़र्च होता है, लेकिन उसके परिणाम निकलकर क्या आते हैं, उसकी साक्षात नज़ीर हैं मणिपुर की औरतें।

म्यांमार लंबे समय से उपद्रवग्रस्त रहा है। फरवरी 2012 से अप्रैल 2023 तक म्यामांर में 600 से अधिक हमले हो चुके है, जिसमें 6337 लोग मारे जा चुके हैं। इन इलाकों से विस्थापन सबसे पहले भारत का पूर्वोत्तर भुगतता है। लाओस, थाईलैंड, चीन से लगे म्यांमार की सीमाएं भारतीय हिस्से में जिधर से जुड़ी हैं, उसका बड़ा हिस्सा अब भी बाड़बंदी का इंतज़ार कर रहा है। हथियार, ड्रग ट्रैफिकिंग, अवैध आव्रजन इस सीमा से बड़े स्केल पर होते रहे हैं, इसका पता दिल्ली में बैठे सुरक्षा महकमों के शिखर नौकरशाहों को है।

मोरेह सीमा से इम्फाल केवल 110 किलोमीटर की दूरी पर है। मणिपुर के 160 रिलीफ कैंपों में म्यांमार से विस्थापित 30 हज़ार 500 शरणार्थी रह रहे हैं। देश के गृहमंत्री का कहना था कि जो लोग इन शरणार्थी कैम्पों में हैं, वही फितना फैला रहे हैं। यह कैसे संभव है कि सुरक्षा बलों और कैमरे की निगरानी के बावजूद शरणार्थी कैंपों के लोग दंगा-फसाद, बलात्कार करें? सच छुपाते रहिए, और ठीकरा उस पर फोड़िये जो निरीह प्राणी है, आपका वोट बैंक नहीं है। यही सब मणिपुर के प्रयोगशाला में हो रहा है।

सबसे मुश्किल फैसला केंद्रीय गृह मंत्रालय का था, जिसके तहत मणिपुर में असम राइफल्स की तैनाती की गई थी। आज उस तैनाती को लेकर मैतेई-नगा और कुकी समुदाय के विधायक आमने-सामने हैं। पहले मैतेई और नगा समुदाय के 40 विधायकों ने प्रधानमंत्री से असम राइफल्स की सभी यूनिटों को बदल कर उनकी जगह दूसरे केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग की। इसके पश्चात कुकी-जोमी समुदाय से जुड़े दस विधायकों ने पीएमओ को पत्र लिखकर कहा है कि असम राइफल्स की यूनिटों को यहीं रहने दिया जाए। बीजेपी के सांसद दिल्ली में शायद एक दिखें, मगर दुर्भाग्य देखिए ये मणिपुर में बंटे हुए हैं। सबसे बड़ा सवाल है कि नागरिक-प्रशासन शांति बहाली में विफल रहा है, तो मणिपुर को कुछ महीनों के लिए संपूर्ण रूप से सेना के हवाले क्यों नहीं कर देते? यह उस सिंड्रोम से बाहर नहीं निकल पा रहे कि शांति स्थापना का श्रेय प्रतिरक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को क्यों दें?

संसद में प्रतिपक्ष ने मणिपुर के हवाले से प्रधानमंत्री मोदी से जो सवाल पूछा था, क्या पीएम मोदी उसका उत्तर दे पाये? जवाब नहीं में है। सवाल तीन थे, जिसे कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने पूछा था। पहला, मणिपुर में हिंसा भड़कने के तीन महीने बाद भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मणिपुर क्यों नहीं गए? दूसरा, मणिपुर पर बोलने के लिए प्रधानमंत्री को 80 दिन क्यों लगे? और तीसरा, प्रधानमंत्री मोदी ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह को बर्खास्त क्यों नहीं किया?

राजनीति का साधारण ज्ञान रखने वाले इस देश के नागरिक तक को पता था कि अविश्वास प्रस्ताव लोकसभा में गिर जाना है। सीधी सी बात थी मणिपुर पर मोदी का मौन व्रत तुड़वाना था। सामूहिक बलात्कार, नरसंहार पर बेहिस-बेग़ैरत सरकार को संसद के ज़रिये एक्सपोज करना था, तो अविश्वास प्रस्ताव ही एक रास्ता बचा था, जिसपर व्यापक बहस होती। लेकिन हुआ क्या? एक ऊंट की शादी हो रही थी। शादी में गधे गीत गा रहे थे। गधों ने ऊंट के रूप की बड़ाई करते हुए कहा, 'अहो रूपम' अर्थात, 'आप क्या लग रहे हैं!' ऊंट ने भी शिष्टाचार धर्म का पालन करते हुए कहा, 'अहो ध्वनि' अर्थात 'क्या आवाज है आपकी!'

**pushpr1@rediffmail.com**

### बीता सप्ताह

**5 अगस्त**
- राहुल गांधी के मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने दो साल की सजा पर रोक लगाई।
- छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्य न्यायाधीश डब्ल्यू शिशांक का इम्फाल में निधन हो गया।
- एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में बाम्बे हाईकोर्ट की नागपुर पीठ के जज जस्टिस रोहित बी देव ने खुली अदालत में अपना इस्तीफा दिया।
- नाइजर के राष्ट्रपति ने मोहम्मद बैजम ने बताया कि उनको सेना ने बंधक बना लिया है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप की अपील की है।

**6 अगस्त**
- पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को तोशाखाना मामले में इस्लामाबाद ट्रायल कोर्ट की सजा सुनाई।
- युवा भारतीय तीरंदाज अदिति और ज्योति, सुरेखा वेन्नम ने विश्व तीरंदाजी में स्वर्ण व कांस्य पदक हासिल किए।
- आगरा की विशेष अदालत ने सांसद रामशंकर कठेरिया को मारपीट, बलवा मामले में दो साल की सजा सुनाई।
- कंबोडिया में संसदीय चुनावों में सत्तारूढ़ पार्टी कंबोडिया पिपुल्स पार्टी सीपीपी जीती।

**7 अगस्त**
- राज्यसभा दिल्ली सेवा बिल विधेयक पेश किया गया।
- क्रांतिकारी गीतकार एवं नक्सली समर्थक गुम्मदी विट्ठल का निधन हो गया।
- छत्तीसगढ़ सरकार ने नायब तहसीलदार पद को राजपत्रित अधिकारी घोषित किया।
- अमरनाथ यात्रा का रिकार्ड टूटा करीब 4 लाख 17 हजार श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

**8 अगस्त**
- मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को दो साल की सजा पर रोक लगा दी।
- राज्यसभा में दिल्ली सेवा बिल पास हुआ।
- मणिपुर हिंसा मामले में सुप्रीम कोर्ट ने तीन सदस्यों की समिति बनाई।
- हरियाणा के नूंह में सरकार द्वारा उपद्रवियों के घर पर चलाए जा बुलडोजर पर रोक लगाई।

**9 अगस्त**
- सुभाषचंद्र बोस के भतीजे अर्धेन्दु बोस का मुंबई में हृदयाघात से निधन हो गया।
- बलूचिस्तान के पंतपुर प्रांत में बम विस्फोट से सात लोगों की मौत हो गई।
- रूस ने यूक्रेन के 22 युद्धबंदियों को रिहा किया।
- श्रीलंका में डेंगू के 58 हजार से अधिक मामले पाए गए।

**10 अगस्त**
- संसद में अविश्वास प्रस्ताव पर राहुल गांधी बोले मणिपुर में भारत माता की हत्या हुई है।
- आयुष्मान भारत योजना में कैग ने खुलासा किया कि एक ही मोबाइल नंबर से लाखों लोगों का पंजीयन हुआ।
- भारत का चंद्रयान मिशन-3 चंद्रमा के करीब पहुंच कर कक्षा बदलने की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरा किया।
- पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को पांच साल के लिए अयोग्य घोषित किया।

**11 अगस्त**
- संसद में मोदी सरकार के खिलाफ विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव गिरा।
- चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति का बिल राज्यसभा में पेश किया गया।
- आरबीआई ने रेपो दर में नहीं किया बदलाव। जीडीपी विकास दर 6.5 फीसदी रहने का अनुमान।
- भारत नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक ने रिपोर्ट दी कि रेलवे ने यात्री ट्रेनों से अधिक कमाई में की खर्च।

## नई नीतियों से पर्यावरण और पारिस्थितिकी को नुकसान

■ पी.सुधीर

लोगों या पर्यावरण की परवाह किये बिना देश के प्राकृतिक संसाधनों को निजी पूंजी के शोषण के लिए खोलने की अपनी घोषित नीति को जारी रखते हुए, मोदी सरकार ने संसद में दो कानून लाये हैं जिनके गंभीर परिणाम होंगे। एक वन (संरक्षण) अधिनियम (एफसीए) में संशोधन और दूसरा खान और खनिज (विकास और विनियमन) (एमएमडीआर) अधिनियम में संशोधन करना है।

1980 में पारित, एफसीए में वनों के रूप में नामित भूमि के मनमाने ढंग से आरक्षण को रोकने के लिए सख्त प्रावधान थे। इसका उद्देश्य वनों को अंधाधुंध कटाई से बचाना था। आदिवासी समुदायों को भूमि के अधिकार देने और उन्हें बुनियादी सुविधाएं प्रदान करने के लिए, बाद में 2006 में, अनुसूचित जनजातियों और अन्य पारंपरिक वन निवासियों (वन अधिकारों की मान्यता अधिनियम), जिसे एफआरए के रूप में जाना जाता है, के माध्यम से कुछ छूट शामिल की गई।

मोदी सरकार द्वारा पेश किये गये नये विधेयक में वनों की परिभाषा को कमजोर करने और सड़कों, रेलवे लाइनों, सुरक्षा बुनियादी ढांचे, रक्षा शिविरों, वायरलेस स्टेशनों, पुलों के निर्माण के लिए छूट प्रदान करके मौजूदा कानून की संपूर्ण नियामक संरचना को कमजोर करने का उपाय किया गया है। खाइयों, पाइप लाइनों और यहां तक कि चिड़ियाघरों, सफारी और पर्यावरण-पर्यटन सुविधाओं के लिए भी यह लागू होगा।

> **देश की खनिज संपदा का एक बड़ा हिस्सा वन क्षेत्रों में स्थित है। इन बदले हुए कानूनों के साथ, कोई भी कॉर्पोरेट निकाय वन क्षेत्र या क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परवाह किये बिना पूर्ण पैमाने पर विनाशकारी अन्वेषण शुरू कर सकता है। इस पहलू में, दो संशोधित कानूनों - एफसीए और एमएमडीआर- पर सरसरी नजर डालने मात्र से यह स्पष्ट हो जाता है। इसके अलावा, कुछ निर्दिष्ट मामलों को छोड़कर, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा निपटाया जाता था, खनन अधिकारों की नीलामी आमतौर पर राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में थी।**

यह 1996 में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा निर्धारित वनों की अवधारणा को फिर से परिभाषित करता है, जिसके तहत उन क्षेत्रों को वन के रूप में परिभाषित नहीं किया गया था जिन्हें 'मानित वन' माना जाता था। यह विधेयक ग्राम सभाओं और अन्य निगरानी समितियों से अनिवार्य सहमति के एफआरए प्रावधानों को खत्म कर देता है, जिससे आदिवासी समुदाय अपनी भूमि के अधिग्रहण के खिलाफ पूरी तरह से असहाय हो जाते हैं। इससे एक ही झटके में न केवल जंगल विनाश के लिए खुल जायेंगे बल्कि उनके निवासी विस्थापित हो जायेंगे।

यह स्पष्ट है कि यह वन भूमि के अधिग्रहण के लिए कानूनों और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों द्वारा लगाई गई नियामक सीमाओं से छुटकारा पाने के लिए किया जा रहा है। ये दूरगामी परिवर्तन मोदी सरकार द्वारा अपने शासनकाल के एक दशक में पर्यावरण नियामक ढांचे को लगातार खत्म करने की निरंतरता को जारी रखते हैं। पिछले उपायों (या तो संशोधन या यहां तक कि सरकारीआदेशों के रूप में पेश किये गये) में पर्यावरणीय प्रभाव आकलन नियमों, तटीय क्षेत्र नियमों आदि को कमजोर करना शामिल है।

वन संरक्षण अधिनियम संशोधन के साथ, सरकार ने जैविक विविधता अधिनियम में संशोधन भी इसी तरह से पारित कराया। यह परिवर्तन अधिनियम के तहत अपराधों को कम कर देगा, और आयुष चिकित्सकों को कानून से छूट देते हुए 'संहिताबद्ध पारंपरिक ज्ञान' की परिभाषा को धुंधला कर देगा। यह सब कॉर्पोरेट हितों, विशेषकर फार्मास्युटिकल संस्थाओं द्वारा संचालित वनस्पतियों और जीवों के बेलगाम निष्कर्षण का रास्ता खोल देगा।

इस मानसून सत्र में संसद द्वारा पारित दूसरा संशोधन कानून खानों और खनिजों के विनियमन को कमजोर और बदल देता है। मूल अधिनियम के तहत, खनिजों की खोज में कड़ी शर्तों को छोड़कर खुदाई और ड्रिलिंग जैसी विनाशकारी गतिविधियों पर रोक लगा दी गई थी। हालांकि, संशोधन के बाद, प्रारंभिक सर्वेक्षण प्रक्रिया के दौरान गड्ढे, ट्रेंचिंग, ड्रिलिंग और उपरीसतह उत्खनन की अनुमति दी गई है। वन क्षेत्रों में इस प्रकृति की अन्वेषण परियोजनाएं शुरू करने के लिए अब अनिवार्य वानिकी मंजूरी की आवश्यकता नहीं होगी।

जैसा कि सर्वविदित है, देश की खनिज संपदा का एक बड़ा हिस्सा वन क्षेत्रों में स्थित है। इन बदले हुए कानूनों के साथ, कोई भी कॉर्पोरेट निकाय वन क्षेत्र या क्षेत्र में रहने वाले लोगों की परवाह किये बिना पूर्ण पैमाने पर विनाशकारी अन्वेषण शुरू कर सकता है। इस पहलू में, दो संशोधित कानूनों - एफसीए और एमएमडीआर- पर सरसरी नजर डालने मात्र से यह स्पष्ट हो जाता है।

इसके अलावा, कुछ निर्दिष्ट मामलों को छोड़कर, जिन्हें केंद्र सरकार द्वारा निपटाया जाता था, खनन अधिकारों की नीलामी आमतौर पर राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में थी। लेकिन संशोधित कानून ने लिथियम, कोबाल्ट, निकेल, पोटाश, टिन और फॉस्फेट जैसे रणनीतिक खनिजों के अधिकारों को केंद्रीकृत कर दिया है।

इसके अतिरिक्त, नया कानून केंद्र सरकार को सोना, चांदी, तांबा आदि सहित 29 खनिजों के लिए विशेष अन्वेषण लाइसेंस जारी करने का अधिकार देता है। छह धातुओं- लिथियम, बेरिलियम, नाइओबियम, टाइटेनियम, टैंटलम और ज़िरकोनियम - को प्रतिबंधित से हटा दिया गया है।

'परमाणु खनिज' श्रेणी सूची, निजी संस्थाओं को उनके लिए खनन और अन्वेषण करने की अनुमति देती है। नये एमएमडीआर प्रावधानों में खनिजों की औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) की गणना से विभिन्न शुल्कों और लेवी (पूर्व खदान मूल्य) को भी बाहर रखा गया है।

इन सभी परिवर्तनों का उद्देश्य निजी निवेश को आकर्षित करना और प्राकृतिक संसाधनों के लाभदायक दोहन को सुविधाजनक बनाना है, जिसमें लिथियम जैसी धातुएं भी शामिल हैं जिनकी इन दिनों बहुत मांग है।

मोदी सरकार का नग्न कॉर्पोरेट समर्थक रुख उसकी सभी नीतियों में व्याप्त है- कर में कटौती और रियायतें देने से लेकर मुनाफा बढ़ाने में मदद करने के लिए सुरक्षात्मक श्रम कानूनों को कमजोर करने तक, सार्वजनिक क्षेत्र की संपत्तियों और बुनियादी ढांचे को निजी संस्थाओं को सौंपने से लेकर कोयला खनन जैसे रणनीतिक क्षेत्रों को खोलने तक। अभ्रक, ऊर्जा और यहां तक कि घरेलू और विदेशी दोनों निजी पूंजी की रक्षा तक। इसी बड़े ढांचे में पर्यावरण कानूनों और नियमों में किये गये लापरवाह बदलावों को देखा जाना चाहिए। जहां एक ओर सरकार पर्यावरण की रक्षा और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई के लिए बड़ी चिंता का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर वास्तव में वह अपने लोगों की कीमत पर देश को और अधिक पर्यावरणीय विनाश की ओर ले जा रही है।

## मणिपुर के राहत शिविरों में स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव

■ डॉ.आनंद जकरिया व डॉ. रमानी अटकुरी

यह लेख मणिपुर में 100 से अधिक दिनों से जारी मानवीय संकट के समय चिकित्सा सुविधाओं की कमी की ओर पर आम जनता और चिकित्सा समुदाय का ध्यान तत्काल आकर्षित करने के लिए लिखा जा रहा है जो मणिपुर में काम कर रहे स्वास्थ्य पेशेवरों और स्वास्थ्य स्वयंसेवकों से प्राप्त आरंभिक सूचनाओं और गैर-सरकारी संगठनों की रिपोर्टों के आधार पर लिखा गया है। वर्तमान स्वास्थ्य स्थिति, स्वास्थ्य निहितार्थ और इसे सुधारने के लिए क्या किया जाना चाहिए- इस पर संक्षेप में प्रकाश डालना इसका उद्देश्य है।

मणिपुर में हिंसा, आगजनी तथा हत्याओं के परिणामस्वरूप घाटी और पहाड़ी दोनों में अस्थायी आश्रयों में बड़ी संख्या में विस्थापित लोग हैं। स्कूल, छात्रावास, गोदाम, पूजा स्थल या सामुदायिक हॉल जैसी जगहें इन लोगों का आश्रय स्थल बने हुए हैं। स्थानीय लोग और नागरिक समाज संगठन अपनी क्षमता के अनुसार विस्थापितों को राहत प्रदान कर रहे हैं लेकिन यह प्रभावितों की जरूरतों को पूरा करने में अपर्याप्त है। प्रभावित कई लोगों ने राज्य छोड़ दिया है और पड़ोसी राज्यों (नगालैंड, असम, मिजोरम आदि) या उनके परिवार या रिश्तेदार अगर हैं तो नई दिल्ली और बेंगलुरु जैसे दूर-दराज के शहरों में चले गए हैं।

मणिपुर में चल रहे संघर्ष के कारण अब घाटी और पहाड़ियों के बीच एक अनौपचारिक क्षेत्रीय विभाजन है जिसमें दोनों क्षेत्रों के बीच लोगों, सामानों और वाहनों की आवाजाही प्रतिबंधित है। ये बातें सभी को मालूम है लेकिन डर है कि संकट की सीमा और पैमाने का पूरा अंदाज किसी को नहीं है।

> **मणिपुर का मानवीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट असाधारण है। दो समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष के कारण जान-माल का नुकसान हो रहा है। बड़े पैमाने पर विस्थापन हो रहा है। इन कारणों से स्वास्थ्य प्रणाली पंगु हो रही है और इसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रतिकूल परिणाम होंगे। सरकार सेवाएं प्रदान करने की कोशिश कर रही है।**

अस्थिर और अंशात मणिपुर में इस समय 70 हजार से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हैं, 142 व्यक्तियों के मारे जाने की सूचना है जबकि 6,000 से अधिक घायल हुए हैं। भारत में मानवीय एजेंसियों के राष्ट्रीय गठबंधन स्फीयर इंडिया के अनुसार, इन विस्थापितों ने मणिपुर के 10 जिलों में स्थित 253 राहत शिविरों में शरण ले रखी है। यह रिपोर्ट अंतर-एजेंसी समन्वय समिति (राहत में शामिल एजेंसियां) की बैठकों और यूनाइटेड रिस्पांस स्ट्रैटेजी (यूआरएस) मैट्रिक्स का उपयोग कर 100 से अधिक स्थानीय संगठनों की प्रतिक्रिया के आधार पर बनाई गई है।

मणिपुर में कार्यरत या वहां का दौरा कर चुके डॉक्टरों के अनुसार, शिविरों में साफ-सफाई की स्थिति गंभीर है खासकर बुजुर्ग और कमजोर लोगों के लिए। वहां भीड़-भाड़ है और स्वच्छता नहीं है। प्लास्टिक के बड़े टैंकों में पानी संग्रहित किया जाता है जो बाहर एक नल या बोरवेल से भरा जाता है। पानी कीटाणुरहित नहीं किया जाता है। अपशिष्ट जल की निकासी की व्यवस्था भी अपर्याप्त है। मानसून की शुरुआत होने के साथ ही स्वच्छता और जल निकासी बदतर हो गयी है। ऐसी भीड़-भाड़ वाली स्थिति में पर्याप्त सुविधा न होने के कारण बीमारी के प्रकोप का खतरा है। कुछ विस्थापित व्यक्तियों को मच्छरदानियां उपलब्ध कराई गई हैं। विस्थापितों को भोजन के रुप में सुबह-शाम मुख्य रूप से दाल और चावल दिया जाता है। कभी-कभी बहुत कम मात्रा में सब्जियां या मांस दिया जाता है। छोटे बच्चों, गर्भवती और स्तनपान कराने वाली महिलाओं व बुजुर्गों की देखभाल के लिए न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हैं। महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व देखभाल तथा नियमित टीकाकरण सेवाएं बाधित हो गई हैं। एंटी-हाइपरटेंसिव या एंटी-डायबिटिक दवाओं की बहुत कम आपूर्ति है। बहुत कम सुविधाओं वाले इन शिविरों में प्रसव कराए जा रहे हैं। गंभीर रूप से बीमार रोगियों को अस्पताल ले जाना मुश्किल है। राहत शिविरों में ऐसे कई लोग हैं जिन्हें नशीली दवाओं की लत है और जिन्हें देखभाल और पुनर्वास सेवाओं की आवश्यकता है। विकलांग लोगों के लिए कोई सुविधा नहीं है। शिविरों में रह रहे लोगों के पास कोई काम नहीं है इस वजह से लोगों को किसी भी तरह बाहर से दवा खरीदने के लिए पैसा नहीं मिल सकता। शिविरों में रहने वाले और विशेष रूप से संघर्ष क्षेत्रों के रोगियों को अस्पताल पहुंचने में दिक्कत होती है।

रेफरल स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ ही शैक्षिक सुविधाएं घाटी में स्थित हैं और इसलिए हाल-फिलहाल पहाड़ियों में बने शिविरों में रहने वाले लोगों के लिए यह सुविधा दुर्गम हैं। हालांकि पहाड़ी क्षेत्रों में अन्य सार्वजनिक स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे भी मौजूद हैं लेकिन वहां घाटी की तुलना में कर्मचारियों के खाली पदों की संख्या बहुत अधिक है। स्वास्थ्य सुविधाओं में विशेषज्ञों, दवाओं और उपभोक्ता सामग्रियों की भारी कमी है। मौजूदा संघर्ष ने पहले से ही कमजोर स्वास्थ्य प्रणाली की समस्या को और बढ़ा दिया है।

अन्य राज्यों की तुलना में मणिपुर के स्वास्थ्य संकेतक, शिशु मृत्यु दर, मातृ मृत्यु दर और 5 वर्ष से कम आयु के कुपोषण के अखिल भारतीय औसत (एसआरएस 2020) से बेहतर हैं। यदि राज्य में अशांति का वर्तमान माहौल जारी रहता है तो इनमें से कुछ स्वास्थ्य संकेतक खराब हो सकते हैं।

मणिपुर के नागरिक अपने परिवार के सदस्यों की मृत्यु के साथ अपनी संपत्ति और आजीविका के नुकसान से भी दुखी हैं। भीड़भाड़ वाले शिविरों में तीन महीने से रहना तनावपूर्ण है। दोनों समुदायों में एक-दूसरे के खिलाफ गुस्सा और नाराजगी है। विस्थापन और कभी-कभी माता-पिता या भाई-बहन की मौत से बच्चे तनावग्रस्त और सदमे में हैं। अनिश्चित भविष्य और घर वापसी की अनिश्चितता ने तनाव और मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को और बढ़ा दिया है। संघर्ष से कृषि गतिविधियां प्रभावित हुई हैं क्योंकि लोग बचाव के लिए अपनी जमीनें छोड़कर भाग हैं। स्कूली बच्चे, कॉलेज के छात्र और पेशेवर पाठ्यक्रम करने वाले लोग अपनी पढ़ाई फिर से शुरू नहीं कर पा रहे हैं। हमलों के डर से कुकी छात्र घाटी के अपने कॉलेजों में वापस नहीं जा सकते। उन्हें अपना भविष्य अनिश्चित लगता है।

मणिपुर का मानवीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट असाधारण है। दो समुदायों के बीच हिंसक संघर्ष के कारण जान-माल का नुकसान हो रहा है। बड़े पैमाने पर विस्थापन हो रहा है। इन कारणों से स्वास्थ्य प्रणाली पंगु हो रही है और इसके अल्पकालिक और दीर्घकालिक प्रतिकूल परिणाम होंगे।

सरकार सेवाएं प्रदान करने की कोशिश कर रही है लेकिन निरंतर हिंसा और लोगों के लगातार विस्थापन को देखते हुए व्यापक चिकित्सा और सार्वजनिक स्वास्थ्य समुदाय के लिए इन सेवाओं की व्यवस्था और पूरा करना महत्वपूर्ण है।

तत्काल स्वास्थ्य आवश्यकताएं चिकित्सा आपूर्ति के साथ-साथ वहां काम करने वाले कर्मचारियों के लिए भी जरूरी है। वहां अभी जिन बातों की आवश्यकता है, उनमें प्रमुख हैं- गर्भवती महिलाओं, छोटे बच्चों, बुजुर्गों और पुरानी बीमारी से पीड़ित लोगों को वरीयता के साथ प्राथमिक देखभाल प्रदान करने के लिए चिकित्सा पेशेवरों को स्वयंसेवा करनी चाहिए, ऐसे स्वयंसेवक वहां तैनात हों जो दु:ख और सदमे की स्थिति से उबरने के लिए परामर्श प्रदान कर सकते हैं या फिर इसे प्रदान करने के लिए स्थानीय लोगों को प्रशिक्षित कर सकते हैं, स्थानीय स्वयंसेवकों के लिए बुनियादी स्वास्थ्य प्रशिक्षण जिससे वे छोटी बीमारियों का इलाज करने, प्राथमिक चिकित्सा प्रदान करने और रोग निगरानी कर सकें और इलाज के लिए स्वास्थ्य किट का प्रावधान हो, दवाएं, आपूर्ति आदि।

इसमें संदेह नहीं कि दोनों समुदायों के साथ विश्वास बहाली के उपायों को शुरू करके यथाशीघ्र शांति बहाली सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सरकार को बिना किसी भेदभाव के राहत और पुनर्वास सुनिश्चित करना चाहिए।

निम्नलिखित प्राथमिकताओं की पहचान करते हुए उम्मीद करनी चाहिए कि ये प्रथमिकताएं पूरी की जानी चाहिए : सरकार उचित पोषण, सुरक्षित पेयजल और स्वच्छता के प्रावधान सहित सभी शिविरों को चलाने की पूरी जिम्मेदारी ले, सभी शिविरों में स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करें, ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थानों को मजबूत बनाना, जिन लोगों ने अपने पहचान पत्र खो दिए हैं उन लोगों के पहचान दस्तावेजों को बहाल करने की आवश्यकता है, महिलाओं की सुरक्षा, यौन उत्पीड़न की रोकथाम और यौन हिंसा के मामले में त्वरित कार्रवाई करना, स्वास्थ्य कर्मियों और चिकित्सा आपूर्ति के लिए सुरक्षित मार्ग उपलब्ध कराना और रोगियों और सुविधाओं दोनों तक पहुंचने की अनुमति दी जानी चाहिए, चिकित्सा, नर्सिंग और स्वास्थ्य विज्ञान से संबद्ध छात्रों को राज्य के भीतर या बाहर अपनी पढ़ाई फिर से शुरू करने में सक्षम बनाना, प्रभावित व्यक्तियों का यथाशीघ्र पुनर्वास आदि।

मणिपुर में चल रहे संघर्ष का समाधान केवल निरंतर राजनीतिक प्रयास और अंतर-सामुदायिक सुलह के माध्यम से ही हो सकता है लेकिन यह जरूरी है कि चिकित्सा बिरादरी के सदस्य होने और भारतीय नागरिकों के रूप में स्थायी शांति स्थापित होने तक मणिपुर के लोगों की पीड़ा कम करने के लिए काम करें।

*(डॉ. जकरिया, क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर में मेडिसिन के प्रोफेसर हैं। डॉ. अटकुरी मध्य भारत में आदिवासी और ग्रामीण समुदायों के लिए कार्यरत हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)*

# खेल जगत

## मरे पेट की चोट के कारण कैनेडियन ओपन से हटे



**टोरंटो (कनाडा),** 11 अगस्त (एजेंसियां)। तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन एंडी मरे पेट की चोट के कारण यानिक सिनर के खिलाफ 16वें राउंड के मुकाबले से पहले कैनेडियन ओपन से हट गए हैं। लोरेंजो सोनेगो और मैक्स परसेल के खिलाफ अपनी शुरुआती जीत के दौरान कोर्ट पर लगभग पांच घंटे बिताने के बाद, मरे को सिनर का सामना करना था, लेकिन वह हट गए। मरे ने स्टेडियम की भीड़ को संबोधित करते हुए कहा, मेरे पेट (मांसपेशियों) में समस्या है इसलिए दुर्भाग्य से मैं आज शाम नहीं खेल पाऊंगा। मुझे वास्तव में खेद है। उन्होंने कहा, मुझे ऐसा लगता है जैसे मैंने आपको निराश किया है। मैं अपने करियर में शायद ही कभी इस स्थिति में रहा हूं और मुझे बहुत बुरा लग रहा है। मरे ने अपने लंबे करियर में सातवीं बार वॉकओवर दिया है। कनाडा में एटीपी मास्टर्स 1000 (2009, 2010, 2015) में तीन बार का चैंपियन, 36 वर्षीय खिलाड़ी विशेष रूप से परेशान थे।

# बराबरी के लिए भारत को बल्ले से प्रदर्शन जारी रखना होगा



**लॉडरहिल,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। वेस्टइंडीज से पहले दो टी-20 मैच हारने के बाद, भारत ने उप-कप्तान सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा के शानदार प्रयासों की बदौलत तीसरे गेम में सात विकेट की शानदार जीत के साथ पांच मैचों की श्रृंखला को जीवित रखा। अब श्रृंखला की कार्रवाई अंतिम दो मैचों के लिए फ्लोरिडा, यूएसए के लॉडरहिल में स्थानांतरित होने के साथ, भारत उम्मीद कर रहा होगा कि अन्य बल्लेबाज शनिवार को होने वाले चौथे टी20 में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

वेस्टइंडीज अभी भी सीरीज में 2-1 से आगे है। हालांकि सूर्यकुमार ने तीसरे टी20 में अपनी लय वापस पा ली, लेकिन भारत को यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, कप्तान हार्दिक पांड्या और निचले क्रम के बाकी बल्लेबाजों से आवश्यकता होगी कि वे आगे बढ़ें और रन बनाने में बड़ी भूमिका निभाएं। गिल तीनों पारियों में एकल अंक पर आउट हुए हैं और श्रृंखला में अब तक दोहरे अंक तक नहीं पहुंच पाए हैं। ईशान किशन की जगह शीर्ष पर लाए गए जायसवाल अपने पहले टी20 मैच में सस्ते में आउट हो गए।

चूंकि हार्दिक ने अभी तक बल्ले से अपना चरम फॉर्म हासिल नहीं किया है और भारत की टीम आठवें नंबर से शुरुआत कर रही है, इसलिए समय की मांग है कि बल्लेबाजी विभाग एकजुट होकर बड़ा योगदान दे। गेंदबाजी विभाग में, कुलदीप यादव, अक्षर पटेल और युजवेंद्र चहल स्पिन टीम के रूप में प्रभावशाली रहे हैं, जबकि अर्शदीप सिंह और मुकेश कुमार अच्छा काम कर रहे हैं। वेस्टइंडीज के लिए, अगले साल घरेलू मैदान पर होने वाले टी20 विश्व कप की तैयारी में, अगर वे शनिवार को भारत को हराने में कामयाब होते हैं, तो उनके लिए 2017 के बाद पहली बार लगातार टी20 श्रृंखला जीतने का मौका है।

भारत की तरह, वेस्टइंडीज के बल्लेबाज भी एकजुट होकर प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, निकोलस पूरन शानदार फॉर्म में हैं और कप्तान रोवमैन पॉवेल कुछ हद तक बड़े हिट प्रदान कर रहे हैं। अगर वेस्टइंडीज को भारत के सामने कड़ी चुनौती पेश करनी है तो काइल मेयर्स, शिमरोन हेटमायर और ब्रैंडन किंग को बल्ले से बेहतर करने की जरूरत है। दोपहर में कुछ बारिश होने का अनुमान है क्योंकि तीन सप्ताह तक एमएलसी का भव्य आयोजन देखने के बाद अमेरिका भारत की कुछ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट गतिविधियों को देखने के लिए खुद को तैयार कर रहा है।

दोनों टीमों ने लॉडरहिल में अपने आमने-सामने छह टी20 मैच खेले हैं, जिनमें से भारत ने चार मैच जीते हैं, वेस्टइंडीज ने सिर्फ एक बार, जबकि एक अन्य मैच बारिश की भेंट चढ़ गया।

टीमें : **भारत:** इशान किशन (विकेटकीपर), शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल, तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव (उपकप्तान), संजू सैमसन (विकेटकीपर), हार्दिक पांड्या (कप्तान), अक्षर पटेल, युजवेंद्र चहल, कुलदीप यादव, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह, उमरान मलिक, आवेश खान, मुकेश कुमार

**वेस्टइंडीज :** रोवमैन पॉवेल (कप्तान), काइल मेयर्स (उप-कप्तान), जॉनसन चार्ल्स, रोस्टन चेज़, शिमरॉन हेटमायर, जेसन होल्डर, शाई होप, अकील होसेन, अल्ज़ारी जोसेफ, ब्रैंडन किंग, ओबेड मैकॉय, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), रोमारियो शेफर्ड , ओडियन स्मिथ, ओशेन थॉमस

## जडेजा के बारे में कोई क्यों नहीं पूछता : रोहित शर्मा

**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने वेस्टइंडीज के खिलाफ सफेद गेंद की सीरीज से अपनी और सीनियर बल्लेबाज विराट कोहली की अनुपस्थिति को वर्क लोड मैनेजमेंट बताया है। वेस्टइंडीज दौरे पर गई टीम इंडिया लगातार चर्चा में बनी हुई है। हालांकि इसकी वजह उनका शानदार खेल नहीं बल्कि टीम कॉम्बिनेशन को लेकर प्रयोग है। वेस्टइंडीज के खिलाफ लिमिटेड ओवर की सीरीज से रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे सीनियर्स गायब हैं। उनकी जगह युवा खिलाड़ियों और एशिया कप के साथ ही विश्व कप के लिए बैकअप प्लेयर्स को लगातार आजमाया जा रहा है। रोहित शर्मा ने पहला वनडे खेला लेकिन अगले दो मैचों और उसके बाद वेस्टइंडीज में टी-20 सीरीज में नहीं खेल रहे। उनके आराम के साथ, हार्दिक पांड्या ने श्रृंखला के अगले दो एकदिवसीय मैचों में टीम का नेतृत्व किया, जिसे भारत ने 2-1 से जीता और वर्तमान में पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में टीम की कप्तानी कर रहे हैं, जिसमें मेन इन ब्लू 2-1 से पीछे है। रोहित ने अब इस पर खुलकर बात की है और कहा है कि श्रृंखला से उनकी अनुपस्थिति रणनीति का हिस्सा थी क्योंकि उन्होंने 2022 में टी-20 विश्व कप से पहले भी यही किया था। रोहित ने कहा कि वे सफेद गेंद की श्रृंखला से बाहर बैठे हैं क्योंकि वे टी-20 में युवा खिलाड़ियों को मौका देना चाहते थे और उन दोनों ने पिछले साल ऑस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप के बाद से टी-20 प्रारूप नहीं खेला है। पिछले साल भी हमने यही किया था। वो साल टी-20 विश्व कप था, इसलिए हमने वनडे क्रिकेट नहीं खेला। रोहित ने कहा, अब भी हम वही कर रहे हैं, वनडे विश्व कप है, इसलिए हम टी20 नहीं खेल रहे हैं।

# जापान को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचा स्वीडन



**ऑकलैंड,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। स्वीडन ने फीफा महिला विश्वकप 2023 के एकतरफा क्वार्टरफाइनल में पूर्व विश्व विजेता जापान को 2-1 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। ईडन पार्क पर खेले गये दूसरे क्वार्टरफाइनल में अमांडा इलेस्टेड (32वां मिनट) और फिलिपा एंजलडेल (51वां मिनट) के गोलों से स्वीडन ने 2-0 की मज़बूत बढ़त बना ली। होनोका हयाशी ने 87वें मिनट में जापान का खाता खोला, हालांकि इससे सिर्फ एशियाई टीम की हार का अंतर ही कम हो सका। सेमीफाइनल में स्वीडन का सामना स्पेन से होगा।

प्री-क्वार्टरफाइनल में मौजूदा चैंपियन अमेरिका को पछाड़ने के बाद स्वीडन पूरे आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरा। स्टिना ब्लैकस्टेनियस ने पहले हाफ में यूरोपीय टीम के लिये खेल की पहली वास्तविक शुरुआत की, लेकिन उनकी कोशिश गोल से चूक गयी। स्वीडन को कुछ ही क्षण बाद सफलता मिली और डिफेंडर इलेस्टेड ने पेनल्टी-बॉक्स में कुछ क्षणों के संघर्ष के बाद टूर्नामेंट में अपना चौथा गोल किया। स्वीडन हाफ टाइम से पहले इस बढ़त को दोगुना कर सकता था लेकिन अयाका यामाशिता ने कोसोवरे असलानी के कॉर्नर को रोककर यह खतरा टाल दिया। हाफ टाइम के छह मिनट बाद जापान के बॉक्स में एक डिफेंडर के हाथ में गेंद लगने के कारण स्वीडन को पेनल्टी स्ट्रोक मिला। एंजलडेल ने इस बार पेनल्टी को गोल में बदलकर स्वीडन की बढ़त दोगुनी कर दी। जापान को इसके बाद वापसी की दो मौके मिले। मैच के 76वें मिनट में मिले पेनल्टी स्ट्रोक पर रिको यूकी का प्रयास क्रॉसबार से लगकर छिटक गया, जबकि कुछ देर बाद मिली फ्री-किक पर आओबा फुजीनो भी गोल नहीं कर सकीं। हयाशी ने निर्धारित समय खत्म होने से तीन मिनट पहले फील्ड गोल किया लेकिन वह जापान को जीत दिलाने के लिये नाकाफी रहा।

जापान के कोच फुटोशी इकेडा ने हार के बाद कहा, जब हमने उन पर दबाव बनाने की कोशिश की, तो वे पीछे हटे या अपने कद का इस्तेमाल किया। हम उनके मजबूत पक्ष जानते थे, लेकिन हम हमला करने के लिये और अधिक समय चाहते थे। हमने दूसरे हाफ में लड़ने की भावना दिखाई और एक गोल किया। मुझे हार न मानने और अंत तक लड़ने के लिये खिलाड़ियों पर गर्व है।

# एशिया कप, विश्व कप में शाकिब करेंगे बंगलादेश की कप्तानी

**ढाका,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। शाकिब अल हसन सितंबर में होने वाले एशिया कप और उसके बाद अक्टूबर-नवंबर में होने वाले विश्व कप के लिये वनडे क्रिकेट में बंगलादेश की कप्तानी करेंगे। बंगलादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) के अध्यक्ष नजमुल हसन ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की। नजमुल ने अपने आवास पर संवाददाताओं से कहा, हमने शाकिब को एशिया कप और विश्व कप के लिये कप्तान नियुक्त किया है। विश्व कप और एशिया कप टीम की घोषणा कल की जायेगी। चयनकर्ता 17 सदस्यों की टीम चुनेंगे।

गौरतलब है कि तीन अगस्त को तमीम इक़बाल के कप्तानी छोड़ने के बाद से यह पद खाली पड़ा है। नजमुल ने इससे पहले कहा था कि बोर्ड शाकिब को कप्तान नियुक्त करने से पहले उनकी उपलब्धता पर स्पष्ट होना चाहता है। उन्होंने आज संवाददाताओं से कहा कि शाकिब को पूर्णकालिक कप्तान बनाने पर अभी फैसला नहीं किया गया है।

नजमुल ने कहा, हमने उनसे लंबी अवधि की कप्तानी के संबंध में बात नहीं की है और हम उनके (लंका प्रीमियर लीग से) आने के बाद इस बारे में कह सकते हैं क्योंकि हमें उनकी उपलब्धता के बारे में स्पष्टता चाहिये होगी। तीनों प्रारूपों में कप्तानी करना उनके लिये दबाव भरा हो सकता है इसलिए हमें उनसे बात करनी होगी।

उन्होंने कहा, अभी वह देश से दूर हैं और एक टीम के लिये (एलपीएल में) खेल रहे हैं। हम उन्हें परेशान नहीं करना चाहते थे क्योंकि आज उनका मैच भी है। हमने जो फैसला किया है वह विश्व कप तक है जहां वह खेल रहे हैं। उस समय तक शाकिब ही कप्तान हैं। नजमुल ने पुष्टि की कि लिटन दास उप-कप्तान बने रहेंगे और शाकिब की अनुपस्थिति टीम की कमान संभालेंगे।

# चीन को हराकर पाकिस्तान ने हासिल किया पांचवां स्थान

**चेन्नई,** 11 अगस्त (एजेंसियां) पाकिस्तान ने एशियाई चैंपियन्स ट्रॉफी 2023 में पांचवें स्थान के लिये खेले गये मुकाबले में शुक्रवार को चीन को 6-1 से रौंदकर अपने अभियान का विजयी अंत किया। मेयर राधाकृष्णन स्टेडियम पर पाकिस्तान के लिये मोहम्मद सुफयान खान (11वां, 12वां मिनट) और मोहम्मद अम्माद (10वां, 52वां मिनट) ने दो-दो गोल किये, जबकि अब्दुल शाहिद (15वां मिनट) और अब्दुल राणा (55वां मिनट) ने एक-एक गोल का योगदान दिया। चीन का सांत्वना गोल चेन बेन्हाई ने 35वें मिनट में किया।

सुफयान और अम्माद ने पहले क्वार्टर में चार गोल जमाकर पाकिस्तान की जीत की राह आसान की। पाकिस्तानी फॉरवर्ड पंक्ति ने चीन के डिफेंस पर लगातार हमले किये, जबकि सुफयान और अम्माद ने दबाव बनाकर अर्जित किये गये पेनल्टी कॉर्नरों को भुनाने में कोई चूक नहीं की। अम्माद ने अपना पहला गोल 10वें मिनट में एहतिशाम असलम की मदद से किया।



अहतिशाम ने दाहिने फ्लैंक से गेंद को गोल की तरफ खेला। चीनी डिफेंडर कायू वांग ने गेंद को रोकना चाहा लेकिन मोहम्मद अम्माद ने सही समय पर गेंद को नेट में धकेल दिया। सुफयान ने अपनी ड्रैग फ्लिक की धाक जमाते हुए अगले दो मिनटों में दो गोल और दागे। क्वार्टर के आखिरी क्षणों में राणा ने चीनी सर्किल के बाईं ओर खड़े अम्माद को गेंद पास की। अम्माद ने कुशलता के साथ शाहिद तक गेंद को पहुंचाया और गोल के ठीक सामने खड़े शाहिद ने पाकिस्तान का स्कोर 4-0 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में भी पाकिस्तान ने अपना आक्रामक रवैया जारी रखा, हालांकि इस दौरान चीन ने अपने सर्किल में डिफेंस पर ज़ोर दिया और हाफ टाइम तक स्कोर में कोई बदलाव नहीं आया। तीसरे क्वार्टर में चीन ने अधिक एकजुटता दिखाई। चीन ने कई मौकों पर गेंद को पाकिस्तानी अर्द्ध में पहुंचाकर विपक्षी टीम पर दबाव बनाया। चीन ने 35वें मिनट में सर्किल के अंदर सुफयान की गलती का फायदा उठाते हुए पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किया, जिसे चेन ने गोल में तब्दील कर दिया।

यह हालांकि मुकाबले में चीन का एकमात्र गोल साबित हुआ। तीसरा क्वार्टर समाप्त होने से पहले चैंगलियांग लिन ने गेंद को दाहिनी ओर से खेलते हुए चेन को गोल करने का मौका दिया लेकिन उनके हवाई शॉट को रेफरी ने अवैध करार दिया। पाकिस्तान ने अंततः 52वें मिनट में चीन की लय तोड़ते हुए पेनल्टी कॉर्नर अर्जित की, जिसे अम्माद ने गोल में बदलकर अपनी टीम को पुनः चार गोल की बढ़त दिलाई।

# सलमा के गोल से सेमीफाइनल में स्पेन

**वेलिंगटन,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। स्पेन ने अतिरिक्त समय में सलमा पैरालुएलो के निर्णायक गोल की बदौलत फीफा महिला विश्व कप 2023 के क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड को 2-1 से हराकर पहली बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली। वेलिंगटन रीजनल स्टेडियम पर खेले गये मुकाबले में मारियोना काल्डेंटी ने 81वें मिनट में पेनल्टी पर स्पेन का पहला गोल किया, लेकिन स्टेफनी वैन डर ग्रैट (90+1वां मिनट) ने नीदरलैंड के लिये गोल जमाकर मुकाबले को अतिरिक्त समय में पहुंचा दिया। अंततः, सलमा ने 111वें मिनट में फील्ड गोल दागकर स्पेन को सेमीफाइनल में पहुंचाया, जहां उसका सामना स्वीडन से होगा। टूर्नामेंट के पहले क्वार्टरफाइनल में स्पेन और नीदरलैंड के बीच कांटे की टक्कर होने की उम्मीद थी, हालांकि स्पेन ने 80 मिनट तक मैच पर दबदबा बनाकर



रखा। अगर स्पेन ने नीदरलैंड के अर्द्ध में गलतियां न करता तो पहले हाफ में ही मज़बूत बढ़त बना सकता था।

निर्धारित समय समाप्त होने से 10 मिनट पहले वैन डर ग्रैट का हाथ गेंद से लगने के कारण स्पेन को अपना पहला गोल करने का मौका मिला। काल्डेंटी ने इस मौके का फायदा उठाया और पेनल्टी को गोल में बदलने में कोई गलती नहीं की। वैन डर ग्रैट ने इसके बाद सेंटर बैक की जगह फॉरवर्ड पंक्ति में जगह ली और जल्द ही अपनी गलती को सुधारते हुए नीदरलैंड के लिये स्कोर बराबर कर दिया। स्टॉपेज टाइम में वैन डर ग्रैट के गोल के कारण नीदरलैंड को एक जीवनदान मिला, हालांकि सलमा स्पेन को एक बार फिर बढ़त दिलाने में कामयाब रहीं। नीदरलैंड ने अतिरिक्त समय में अधिक आत्मविश्वास दिखाया और लिनेथ बीरेन्स्टेन की बदौलत कई मौके भी बनाये। बढ़त हासिल करने की कोशिश में हालांकि नीदरलैंड का डिफेंस कमज़ोर पड़ गया और सलमा ने बाईं ओर से डच गोल की ओर जगह बनाते हुए निर्णायक गोल किया।

स्पेन के कोच जॉर्ज विल्डा ने कहा, आप हमेशा ऐसे पल का सपना देखते हैं। हम पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। हम दुनिया की चार सर्वश्रेष्ठ टीमों में से हैं, लेकिन हम रुकने वाले नहीं। आज, हम ज़रूर जश्न मनाएंगे, लेकिन कल हम सेमीफाइनल की तैयारी करेंगे क्योंकि हम फाइनल खेलना चाहते हैं।

## हैरी केन बायर्न म्यूनिख में जल्द हो सकते हैं शामिल : रिपोर्ट

**लंदन,** 11 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड और टॉटनहम हॉटस्पर के स्ट्राइकर हैरी केन कथित तौर पर जर्मन चैंपियन बायर्न म्यूनिख के साथ चार साल के अनुबंध पर सहमत हो गए हैं और शुक्रवार को मेडिकल के लिए जर्मनी जाएंगे। कई हफ्तों की लंबी बातचीत के बाद, बायर्न और स्पर्स ने स्टार स्ट्राइकर के लिए 100 मिलियन यूरो से अधिक के सौदे पर सहमति व्यक्त की। यूरोस्पोर्ट की रिपोर्ट के अनुसार, केन कथित तौर पर उत्तरी लंदन में रहने के इच्छुक थे, लेकिन अब एक बड़ी रकम मिलने के बाद बायर्न म्यूनिख में शामिल होने के लिए सहमत हो गए हैं और बायर्न एफसी के साथ चार साल का करार किया है। 30 वर्षीय यह खिलाड़ी चाहता था कि उसका भविष्य रविवार को ब्रेंटफोर्ड में स्पर के सीज़न-ओपनिंग प्रीमियर लीग गेम से पहले तय हो जाए। केन पूरी गर्मियों में जर्मन चैंपियन के प्रमुख लक्ष्य रहे हैं और गुरुवार को एक समझौते पर पहुंचने से पहले उनकी कई बोलियां खारिज कर दी गई थीं। उम्मीद है कि स्ट्राइकर नंबर-9 जर्सी पहनेगा। इससे पहले यह नंबर, रॉबर्ट लेवांडोवस्की का था जो अब बार्सिलोना का हिस्सा हैं। यह खिलाड़ी 435 मैचों में 280 गोल के साथ टोटेनहम का टॉप स्कोरर है। 320 प्रीमियर लीग मैचों में 213 गोल के साथ, वह वर्तमान में प्रीमियर लीग के इतिहास में सर्वोच्च स्कोरर के रूप में एलन शियरर के रिकॉर्ड को तोड़ने से 48 गोल दूर हैं।

# सरदार सिंह लड़कों व रानी भारत की सब जूनियर राष्ट्रीय हॉकी टीम के कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे

■ **सत्येन्द्र पाल सिंह**

चेन्नै, 11 अगस्त (देशबन्धु)। भारत में जमीनी स्तर पर हॉकी को मजबूत करने के लिए पूर्व हॉकी ओलंपियन और कप्तान सेंटर हाफ सरदार सिंह को हॉकी इंडिया ने भारत के लड़कों की सब जूनियर (अंडर 16) लड़कों और पूर्व कप्तान रानी रामपाल को सब जूनियर (अंडर 16) लड़कियों का कोच नियुक्त किया है। सरदार सिंह के साथ सब जूनियर लड़कों को प्रशिक्षित करने के लिए लाजारूस बारला को हॉकी इंडिया ने जोड़ा ही है पूर्व ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह भी ओडिशा में जूनियर बच्चों को ड्रैग फ्लिक लगाने की कोचिंग दे रहे हैं।। सरदार सिंह सीनियर राष्ट्रीय चयनकर्ता की भी जिम्मेदारी पहले की तरह संभालते रहेंगे। वही सब जूनियर लड़कियों की कोच के लिए रानी रामपाल के साथ असुंता लाकरा और लिलिमा मिंज को भी जोड़ा है। यह घोषणा हॉकी इंडिया के अध्यक्ष डॉ. दिलीप टिर्की और महासचिव भोला नाथ सिंह ने संयुक्त रूप से संबोधित करते हुए दी। दिलीप तिर्की और भोला नाथ ने कहा कि उन्होंने सरदार और रानी को यह जिम्मेदारी इन दोनों से बात करने के बाद उनकी सहमति से दी। रानी रामपाल और सरदार सिंह फिलहाल सब जूनियर लड़कों और लड़कियों के राउरकेला में लगने वाले शिविर में संभालेंगे। फिलहाल सरदार सिंह और रानी रामपाल 45 दिन के लिए सब जूनियर राष्ट्रीय कोच की जिम्मेदारी संभालेंगे। सब जूनियर लड़कों और सब जूनियर लड़कियों का राष्ट्रीय शिविर सरदार और रानी रामपाल की देखरेख में 21 अगस्त से राउरकेला में शुरू होगा। दिलीप तिर्की और भोला नाथ सिंह ने



कहा कि एक सुर में कहा कि वे सरदार सिंह और वे इन दोनों को तीन बरस तक के लिए यह जिम्मेदारी देना चाहते हैं।

दिलीप टिर्की ने कहा, पहली बार अंडर 17 टीम बनाने जा रहे हैं। हमारी कोशिश अपने खिलाड़ियों को सब जूनियर स्तर से एक ही पद्धति से खिलाने में है जिससे कि उन्हें आगे मौका मिले और उन्हें खुद को इसके मुताबिक ढालने में कोई दिकक्त न हो। हमारी कोशिश मजबूत सब जूनियर राष्ट्रीय टीम तैयार करे की।सब जूनियर बच्चों को अच्छा कार्यक्रम और एक्सपोजर हमारा यह सब जूनियर कार्यक्रम अंडर 17 से अंडर 21 बरस के लड़कों के लिए होगा। हमारा मकसद सब जूनियर

■ **तिर्की बोले, मजबूत सब जू. राष्ट्रीय टीम तैयार करने की कोशिश**

स्तर से बेहतर ढंग से सुविधाओं ।हॉकी इंडिया चाह रहा पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाडियों आने वाली पीढी के नए खिलाडियों के तैयार करने के लिए कोच की जिम्मेदारी सभाले। हमारी कोशिश देश म अपने कोच तैयार कर विदेशी खिलाडियों पर अपनरी निर्भरता कम करने की है। 13 से 17 बरस दरअसल सब जूनियर लड़के में खेल कर भीड़ में खो जाता था। लड़कों और लड़कियों की ओडिशा में सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप के बाद हमने 40-40 लड़कियों भारतीय सब जूनियर लड़को और लड़कियों के शिविर के लिए चुना है। हमारी अपनी सब जूनियर लड़कों और लड़कियों की टीमों को विदेशी एक्सपोजर के लिए नीदरलैंड, बेल्जियम और दक्षिण में खेलने भेजने के लिए बात चल रही है। हमारी एक और कोशिश देश में सब जूनियर स्तर से ड्रैग फ्लिकरों और गोलरक्षकों को तैयार करने की है। हम सब जूनियर खिलाडि़यों को सीनियर खिलाडि़यों की तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे।

सरदार सिंह ने कहा, हमारी कोशिश बहुत कम उम्र से खिलाडि़यों को सीनियर खिलाडि़यों के खेलने के सिस्टम से खिलाने की है। हमारे बच्चे यदि मान ले यदि 13 बरस से खेलना शुरू कर देंगे तो यदि हमें सब जूनियर या फिर जूनियर और सीनियर वर्ग में राष्ट्रीय टीम के लिए खिलाड़ी की जरूरत पड़ती है तो हमारे पास इसके लिए पर्याप्त विकल्प जमीनी या निचले स्तर से उपलब्ध होंगे।

## सार संक्षेप

### एशियाई खेलों से पहले प्रशिक्षण के लिए रोमानिया रवाना हुए भारतीय पहलवान


**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों के लिये जाने वाले छह पहलवान केन्द्रीय खेल मंत्रालय की एनएसएफ सहायता योजना के तहत तीन सहायक स्टाफ सदस्यों के साथ एक विशेष प्रशिक्षण शिविर के लिये रोमानिया रवाना हो गये हैं। मंत्रालय ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। रोमानिया यात्रा के दौरान टीम 18 से 20 अगस्त तक इओन कॉर्नियानू और लैडिस्लाऊ साइमन कार्यक्रम में भी भाग लेगी। मंत्रालय ने बताया कि यह अंतरराष्ट्रीय दौरा 15 दिनों की अवधि तक चलेगा, जिसमें मंत्रालय प्रशिक्षण लागत, हवाई किराया, वीजा लागत और जेब से बाहर के भत्ते (ओपीए) सहित अन्य खर्चों को पूरा करेगा। रोमानिया गये छह ग्रीको-रोमन पहलवान = ज्ञानेन्द्र (60 किग्रा), नीरज (67 किग्रा), विकास (77 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नरिंदर चीमा (97 किग्रा), नवीन (130 किग्रा)

### विलियमसन विश्व कप के लिए कीवी टीम में होने को लेकर पूरी तरह आश्वस्त

**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन इस साल अक्टूबर-नवंबर में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप के लिए फिट होने को लेकर आशान्वित हैं। घुटने की चोट से उबर रहे विलियमसन ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के प्रशंसकों को यह बताकर कुछ उम्मीद जगाई कि उनकी रिकवरी तय समय से पहले हो गई है और अगले महीने विश्व कप टीम के चयन के लिए चयन की राह पर हैं। माउंट मौंगानुई में बे ओवल में अन्य ब्लैक कैप्स के साथ नेट सत्र के बाद विलियमसन ने शुक्रवार को आगे कहा, अगर घुटना उस स्तर पर है जहां यह वास्तविकता हो सकती है, तो यह बहुत अच्छा है, लेकिन यह इसे ठीक करने और यह सुनिश्चित करने के बारे में है कि जब भी वह समय आए - वह जाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा, आपके पास कुछ अच्छे दिन हैं, फिर आपके पास कुछ परिवर्तनशील दिन भी हैं।

### सुडोकू 6284 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 5 | 3 | 4 | 7 | 8 | 6 | 2 |
| 2 | 8 | 3 | 9 | 5 | 6 | 4 | 7 | 1 |
| 7 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 5 | 3 | 9 |
| 8 | 3 | 2 | 4 | 9 | 1 | 6 | 5 | 7 |
| 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 5 | 6 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 5 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 |
| 3 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 7 | 2 | 6 |
| 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 5 |




प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59 डाक पंजीयन-सीजी/रायपुर संभाग/19/2021-23
फोन- (0771) 4077750, 4077760, 2292011/22 फैक्स-2534955 email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

**उल्टा पुल्टा**

शहर की लड़की की शादी गाँव में हो गई। लड़की की सास ने उसे भैंस को घास डालने को बोला। भैंस के मुँह मे झाग देख कर लड़की वापस आ गई।
सास बोली- क्या हुआ बहू?
लड़की बोली- भैंस अभी कोलगेट कर रही है, माँ।

## संपादकीय

### आरक्षित सीटों का सत्ता समीकरण

सामाजिक संदर्भों के साथ ही राजनीति में भी जातीय समीकरणों का बहुत महत्व है। कहना होगा कि सत्ता का गणित इसी जातीय समीकरण से तय होता है। छत्तीसगढ़ जैसे आदिवासी बाहुल्य राज्य में इस समीकरण का महत्व और भी ज्यादा है क्योंकि विधानसभा की 90 सीटों में से 39 सीटें आरक्षित है। राजनीतिक दलों का इन सीटों पर जोर सबसे ज्यादा होता है। विधानसभा की 29 सीटें आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है। ये सीटें ज्यादातर सरगुजा और बस्तर संभाग में हैं। एससी वर्ग के लिए 10 सीटें आरक्षित हैं। एससी वर्ग की सबसे अधिक आबादी बिलासपुर संभाग में है। इन 39 सीटों में जिस पार्टी ने अधिक सीटें जीती हैं, छत्तीसगढ़ में सरकार उसी पार्टी की बनी है। वर्ष 2018 के चुनाव में एसटी की 29 में से 27 सीटें कांग्रेस ने जीती थी और उसमें दो तिहाई बहुमत से सरकार बनाई थी। सभी पार्टियां इस समीकरण को समझती हैं और उनका पूरा चुनाव अभियान इसी के ईद-गिर्द चलता रहा है। कांग्रेस के किसी बड़े नेता का अभी छत्तीसगढ़ दौरा नहीं हुआ। भाजपा से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के साथ कई केन्द्रीय मंत्रियों की सभाएं हो चुकी है। 13 अगस्त को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का पहला छत्तीसगढ़ दौरा होने जा रहा है। वे जांजगीर जिले में कांग्रेस के भरोसे के सम्मेलन में भाग लेंगे। उनके जांजगीर दौरे का उद्देश्य समझा जा सकता है। बिलासपुर संभाग के इस जिले में श्री खड़गे की सभा कराकर कांग्रेस सर्वाधिक एससी आबादी वाले संभाग में इस वर्ग के वोटरों को साधने की चुनावी रणनीति बनाई है। 2013 के चुनाव में भाजपा इस वर्ग के वोटरों को साधने में सफल रही थी और उसने 10 सीटों में से 9 सीटें जीत ली थीं। उस चुनाव में एससी वर्ग में गुरु की पदीय गरिमा वाले बालदास को भाजपा ने प्रचार के लिए हेलिकाप्टर तक उपलब्ध कराया था। वर्ष 2018 के चुनाव में भाजपा ने इस तरह के प्रयास की कोई जरूरत नहीं समझी क्योंकि उसे लगा रहा था कि जोगी कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी का गठबंधन यह काम कर लेगा। गठबंधन को जैसी सफलता की उम्मीद थी, वैसी सफलता नहीं मिली। भाजपा आरक्षित सीटों से साफ हो गई। वर्ष 2023 का चुनाव किसी भी पार्टी के लिए आसान दिखाई नहीं दे रहा है। जो चुनावी स्थितियां बनती हुई दिखाई दे रही हैं, उनमें कम से कम कांग्रेस और भाजपा के बीच कड़ी टक्कर की स्थिति बन सकती है। सर्व आदिवासी समाज आदिवासियों का एक मजबूत संगठन है, जिसके नेता अरविन्द नेताम जो कभी कांग्रेस में थे, पार्टी से इस्तीफा देकर आदिवासियों के लिए आरक्षित सभी 29 सीटों से समाज का उम्मीदवार उतारने का ऐलान कर चुके हैं। भानुप्रतापपुर के उपचुनाव में भी समाज से अपना उम्मीदवार उतारा था और 13 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। जीत-हार में 13 प्रतिशत वोटों की भूमिका बहुत बड़ी हो जाती है। आम आदमी पार्टी भी छत्तीसगढ़ में अपनी ताकत आजमाने के लिए तैयार है। ऐसे में वोटों के विभाजन की दृष्टि से भी यह चुनाव खास होने वाला है।

# भाजपा पार्षदों के प्रश्नों का उत्तर देने से भाग रही है कांग्रेस : आलोक



**निगम अध्यक्ष ने एक सप्ताह में लिखित उत्तर देने किया था निर्देशित, जनता से जुड़े प्रश्नों के लिये भी महापौर परिषद के पास नहीं है समय**

**जगदलपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के पार्षदों के द्वारा सामान्य सभा की बैठक में पूछे गये प्रश्नों के लिखित जवाब देने में नगर निगम में आसीन कांग्रेस सत्ता पक्ष के पसीने छूट रहे हैं। भाजपा पार्षद दल द्वारा महापौर के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव के कारण अब निगम में बैठा सत्ताधारी कांग्रेस दल उत्तर देने से भाग रहा है। मोतीलाल नेहरू वार्ड के भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि 28 जुलाई को नगर निगम की सामान्य सभा में महापौर सहित एमआईसी सदस्यों व सत्ताधारी कांग्रेस पार्षद दल ने भाजपा पार्षदों के उत्तर देने से इंकार कर दिया था, जिससे नाराज निगम अध्यक्ष कविता साहू ने सदन में एक सप्ताह के अंदर भाजपा पार्षदों को उनके प्रश्नों के लिखित उत्तर देने महापौर परिषद को निर्देशित किया था अन्यथा कार्यवाही करने हिदायत भी दी थी। पूरे 15 दिन बीतने के बाद भी महापौर व कांग्रेस सत्ता पक्ष लिखित उत्तर भेजने में आनाकानी कर रहे हैं। भाजपा पार्षद दल द्वारा महापौर के विरुद्ध लाये गये अविश्वास प्रस्ताव का असर नज़र आने लगा है।

भाजपा पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि जनादेश का सम्मान करना कांग्रेस सत्ता दल को नहीं आता। जनता से जुड़ी समस्याओं के निदान और शहर की सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिये महापौर समेत कांग्रेस सत्ता दल के पास समय नहीं है। भाजपा पार्षदों के द्वारा सामान्य सभा में पूछे गये सभी प्रश्न जनता की समस्याओं को दूर करने व शहर की अव्यवस्थाओं में सुधार करने से संबंधित थे। जिसे सुनने तक से महापौर व उनकी परिषद ने सामान्य सभा में स्पष्ट इंकार कर दिया था। सत्ता पक्ष के द्वारा जनता के प्रति अपनी ज़िम्मेदारियों से मुंह फेर कर भागने का संभवत: पहला उदाहरण है।

आलोक अवस्थी ने कहा कि बीते साढ़े तीन साल में जगदलपुर शहर का सूरते हाल बिगाड़ने वाले और स्वच्छता, स्वास्थ्य, पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमर तोड़ने वाले गैर ज़िम्मेदार कांग्रेस पार्षद दल की महापौर के खिलाफ भाजपा पार्षद दल ने अविश्वास प्रस्ताव लाया है। जनता के द्वारा व्यक्त किये विश्वास व उनके >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# मसीह समाज बस्तर संभाग ने निकाली कैंडल मार्च




**राष्ट्रपति से की मणिपुर में हिंसा रोकने और शांति स्थापित करने की मांग**

**जगदलपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। मसीह समाज बस्तर संभाग द्वारा मणिपुर में जारी हिंसा को रोकने और शांति स्थापित करने की मांग को लेकर शुक्रवार की शाम कैंडल लाइट रैली निकालकर नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया गया और राष्ट्पति के नाम ज्ञापन सौंपा। मसीह समाज के संभाग अध्यक्ष रेव सुदेश जेकब और सचिव जितेंद्र फॉऊलर सिंह ने कहा कि मणिपुर में तीन माह से अधिक समय हो गया अमानवीया दुष्कर्म, अत्याचार एवं अशांति निरंतर बना हुआ है। मणिपुर में मशीन भाई बहनों के ऊपर अमानवीय अत्याचार एवं सताव हो रहे हैं जिसके चलते मसीह समाज बस्तर संभाग एवं संपूर्ण छत्तीसगढ़ प्रदेश का हर एक मसीह भाई-बहन उदास एवं निराश है। ऐसे कठिन एवं विषम परिस्थिति में मसीह समाज बस्तर संभाग मणिपुरवासियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर शांति बहाली , आपसी भाईचारा एवं सौहाद्रपूर्ण वातावरण को बनाए रखने के लिए अपनी संवेदना एवं दुख को प्रकट कर यह शांति कैंडल लाइट मार्च निकाल कर अपनी संवेदना व्यक्त करते है, और राष्ट्पति से मणिपुर में हिंसा समाप्त कर शांति स्थापना की मांग करते है। इस शांति कैंडल लाइट रैली मैं काफी संख्या में मसीह समाज के लोग शामिल हुए।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित दो परिवारों हेतु 8 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**जगदलपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित 2 परिवारों के वारिसों को 8 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है, जिसके तहत तहसील लोहण्डीगुड़ा के ग्राम बोदली के निवासी गजरू की मृत्यु सांप काटने से पिता गादीराम को, तहसील बस्तर ग्राम बड़े आमाबाल के निवासी प्रमिला की मृत्यु पानी में डूबने से माता बालीबाई को चार-चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि संबंधित वारिसों के बैंक खाते में अंतरण करने की निर्देश संबंधित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

# स्टाफ नर्स ने की खुदकुशी की कोशिश

**जिला अस्पताल में उपचार पश्चात स्थिति सामान्य**



**सुकमा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। सुकमा जिला मुख्यालय में संचालित छिंदगढ़ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कार्यरत स्टाफ नर्स माधवी नाग प्राचार्य एलियाम्मा एलसी की प्रताड़ना से तंग आकर जहर सेवन कर खुदकुशी करने का कोशिश की। वहीं गंभीर हालत में स्टाफ नर्स माधवी नाग को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है, जहां उनका प्राथमिक उपचार कर जगदलपुर रेफर किया गया खबर प्रकाशित करने तक नर्स की स्तिथि सामान्य होने की जानकारी प्राप्त हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार छिंदगढ़ एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय कार्यरत स्टाफ नर्स एवं अन्य स्टाफ को प्राचार्य एलियाम्मा एलसी के द्वारा प्रतिदिन प्रताड़ित करना एवं बेवजह परेशान करने का पहले ही कई बार विभागीय अधिकारियों से शिकायत कर चुके है, वहीं स्टाफ नर्स माधवी नाग प्राचार्य की प्रताड़ना से तंग आकर इसकी शिकायत की थी परन्तु विभागीय अधिकारियों ने इस मामले को लेकर बिल्कुल गंभीरता नहीं लिया गया। जिसके बाद गुरुवार शाम यह घटना सामने आई है। वहीं स्टाफ नर्स ने अपनी शासकीय आवास में जहर सेवन किया, जिसके बाद पड़ोसियों ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल भर्ती कराया है। जहां उनका प्राथमिक इलाज कर देर रात जगदलपुर रेफर किया गया, वहीं शुक्रवार >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# कमिश्नर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से युवाओं के साथ कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में ली बैठक





**संभाग के सभी जिला कलेक्टर हुए बैठक में शामिल**

**जगदलपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। कमिश्नर श्याम धावड़े ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से संभाग के सभी जिला कलेक्टरों से मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जगदलपुर में 16 अगस्त को होने वाली भेंट मुलाकात युवाओं के साथ कार्यक्रम की तैयारियों के सम्बंध में चर्चाकर आवश्यक निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने आवारा पशु प्रत्यस्थापन के सम्बंध में सभी कलेक्टरों से की जा रही कार्यवाही पर चर्चा किए।

शुक्रवार को कलेक्टोरेट कार्यालय के एनआईसी कक्ष में कमिश्नर के साथ आईजी सुंदरराज पी., कलेक्टर विजय दयाराम के., वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा, जिला पंचायत सीईओ प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी उपस्थित थे। कमिश्नर और आईजी ने भेंट मुलाकात युवाओं के साथ के कार्यक्रम स्थल की तैयारियों का जायजा लिया। इससे पहले कलेक्टर विजय ने शुक्रवार की सुबह कार्यक्रम के लिए चिन्हित जगह पीजी कालेज ग्राउंड का निरीक्षण कर तैयारियों के लिए आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर कलेक्टर विजय, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल, एसडीएम नंद कुमार चौबे, लोक निर्माण विभाग के ईई एके सिंह सहित सम्बन्धित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# निर्भीक-निष्पक्ष मतदान के लिए जिला कार्यालय के अधिकारी- कर्मचारियों ने लिया संकल्प




**जगदलपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर विजय दयाराम के. ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला कार्यालय के अधिकारी-कर्मचारियों सहित विशेषकर महिला मतदाताओं को निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करने की शपथ दिलवाई। जिले में शत-प्रतिशत मतदान के लिए मतदाता जागरूकता अभियान (स्वीप) के तहत कई कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी तारतम्य में शुक्रवार को जिला कार्यालय के परिसर में कलेक्टोरेट और संयुक्त कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी ने मतदान करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत के सीईओ एवं नोडल स्वीप कार्यक्रम प्रकाश सर्वे, अपर कलेक्टर हरेश मंडावी, उप जिला निर्वाचन अधिकारी हितेश बघेल, एसडीएम नंद चौबे, सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित थे।

# लोहंडीगुड़ा के 69 स्कूल में एक साथ पौधरोपण



**पर्यावरण की सुरक्षा की ओर बढ़ते कदम**

**जगदलपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। पर्यावरण सरंक्षण के लिए जगदलपुर के पर्यावरण प्रेमियों द्वारा शुक्रवार को 325 फलदार पौधों का वितरण किया, जिसका रोपण लोहंडीगुड़ा ब्लाक के स्कूलों में किया गया। बस्तर में तेजी से बिगड़ रहे पर्यावरण को बचाने इसे एक बड़े कदम के रुप में देखा जा सकता है। उमावि बालक उसरीबेड़ा में पौधरोपण कार्य को मूर्तरूप दिए जाने हेतु वृहद कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष महेश कश्यप, उपाध्यक्ष योगेश बैज, पूनम बैज, संस्थान के प्राचार्य गण हेमराव खापर्डे, राहुल ठाकुर सीएसी व सभी संकुल शैक्षिक समन्वयक उपस्थित रहे। बीईओ चंद्रशेखर यादव द्वारा समाजसेवी संस्थाओं को विकासखंड लोहंडीगुड़ा के 27 चयनित संकुल के 69-शैक्षणिक संस्थान जहां पूर्व से अहाता हो वह पर्याप्त पानी की सुविधा हो की सूची उपलब्ध कराई गई। पर्यावरण प्रेमी संपत झा द्वारा समस्त चयनित संस्था को 100 कटहल , 50 अमरुद, 50 आंवला, 25 लीची, 50 जामुन, 50 आम कुल 325 फलदार पौधे उपलब्ध कराए गए। संपत झा एवं सुनील खेडुलकर द्वारा बच्चों को पर्यावरण के महत्व व पर्यावरण का मानव जीवन में महत्व समझाते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में वृक्षों की रक्षा, पौधरोपण कार्य आदि कार्य करते रहना है तभी हम आने वाली पीढ़ी को स्वस्थ जीवन की सौगात दे सकेंगे। उपस्थित जनप्रतिनिधियों के करकमलों से सभी संस्था प्रभारियों को पौधों का वितरण किया गया। खंड स्त्रोत समन्वयक रोमांचल ठाकुर ने सभी संस्था >> शेष पृष्ठ 9 पर >

# दस्तावेज प्राप्त कर 15 दिनों के अंदर 15 लाख का भुगतान करेगी बीमा कंपनी और भरेगी 10 हजार का जुर्माना




**जगदलपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा दिनांक 11 अगस्त को एक प्रकरण में टाटा एआईजी बीमा कंपनी पर वाहन चालक की मृत्यु होने पर आवेदक से दस्तावेज प्राप्त कर 15 दिनों के भीतर 15 लाख रुपए प्रदान करने एवं ?10 हज़ार का जुर्माना तथा ?5 हज़ार का वाद व्यय प्रदान किए जाने का आदेश पारित किया गया है।

प्रकरण के तथ्य संक्षिप्त में इस प्रकार हैं कि जगदलपुर निवासी आवेदक मनीष सिंग ठाकुर के भाई के नाम पर एक मोटरसाइकिल विपक्ष बीमा कंपनी के पास बीमित थी, जिसमें चालक-मालक की दुर्घटना में मृत्यु होने पर 15 लाख रुपए की राशि प्रदान किए जाने हेतु प्रीमियम प्राप्त किया गया था। आवेदक के भाई की मृत्यु उक्त मोटरसाइकिल के चालन के दौरान हुई थी,वह मोटर सायकल का पंजीकृत स्वामी था, और उक्त अवधि में वाहन बीमा कंपनी के पास बीमित थी। मृतक के भाई आवेदक द्वारा जब इस संबंध में विपक्ष बीमा कंपनी के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया तो बीमा कंपनी द्वारा दस्तावेजों की कमी बताकर क्षतिपूर्ति राशि देने से इन्कार किया गया था, जिससे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत प्रस्तुत की गई थी। जिस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा विपक्ष बीमा कंपनी को आवेदक से दस्तावेज प्राप्त कर 15 दिनों के भीतर ?15 लाख प्रदान किए जाने का तथा क्षतिपूर्ति दावे में विलंब कारित करने हेतु ?10 हज़ार के अर्थ दंड से दंडित किया गया है। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल, सदस्य आलोक कुमार दुबे और सीमा गोलछा की संयुक्त खंडपीठ द्वारा उक्त आशय का आदेश जारी किया गया है।

# मतदान केन्द्रों में विशेष शिविरों का होगा आयोजन आज व कल

**मतदाता सूची में नाम जोड़ने , नाम विलोपन एवं संशोधन की होगी कार्यवाही**

**जगदलपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के विशेष पहल चुनई तिहार 2023 के अंतर्गत जिले में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत बूथ लेबल अधिकारियों द्वारा फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली में नाम जोड़ने, नाम विलोपन सहित आयु, लिंग,पता इत्यादि संशोधन किया जा रहा है। इस सघन अभियान के माध्यम से 01 अक्टूबर 2023 तक मतदान हेतु अर्हता प्राप्त कर चुके युवाओं सहित नवीन मतदाताओं को जोड़ने, मृत या स्थानांतरित मतदाताओं के नाम विलोपन और मतदाताओं की जानकारी से संबंधित संशोधन के लिए दावा-आपत्ति प्राप्त की जा रही है। यह कार्य 31 अगस्त तक चलेगा। इस दिशा में मतदाताओं की सुविधा के मद्देनजर मतदान केन्द्रों पर 12, 13 अगस्त और 19 एवं 20 अगस्त को विशेष शिविरों का आयोजन किया जायेगा। उक्त विशेष शिविरों में नवीन मतदाता बनने के लिए फार्म-6, आधार से मतदाता पहचान पत्र को जोड़ने के लिए फार्म-6 बी, मृत तथा स्थायी रूप से स्थानांतरित मतदाताओं का नाम हटाने के लिए फार्म-7 और आयु, लिंग,पता इत्यादि संशोधन सहित नवीन फोटोयुक्त मतदाता परिचय पत्र प्राप्त करने के फार्म-8 प्रतिपूरित कर प्रस्तुत किया जा सकता है। वहीं दिव्यांग मतदाता के रूप में चिन्हित कराया जा सकता है।

# सदभावना दौड़ का आयोजन 14 को

**जगदलपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। जिला प्रशासन व खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 14 अगस्त 2023 को सदभावना दौड़ का आयोजन किया जा रहा है।

सदभावना दौड़ में स्थानीय जनप्रतिनिधी अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षण संस्थाओं के बच्चे, पुलिस ट्रेनिंग सेंटर व होमगार्ड के जवान खेल संघों के खिलाड़ी व पदाधिकारी भाग लेगें। सदभावना दौड़ सुबह 7.30 बजे दंतेश्वरी मंदिर परिसर से संजय मार्केट, हनुमान मंदीर, हाता ग्राउंड होते हुए चांदनी चौक से स्टेट बैंक चौक, से मुख्य मार्केट होते हुए गोल बाजार चौक से मंदिर प्रागंण में समाप्त होगी।

विभाग द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सदभावना दौड़ के इस आयोजन में भाग लेने की अपील की गयी है।

# भाजपाईयों ने कलेक्टर को दिखाया अमानक खाद

**दंतेवाड़ा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। किसानों को वर्मी कम्पोस्ट के नाम पर अमानक खाद बेचने के विरोध में जिला भाजपा ने आज कलेक्टोरेट घेरा। इस जबरदस्त प्रदर्शन में प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई। साथ ही स्थानीय विधायक समेत कांग्रेसी जन प्रतिनिधियों के खिलाफ आरोपों की बौछार हुई। सैकड़ों की संख्या में भाजपाईयों ने पूर्व मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में घेराव किया। कलेक्टर को एक बोरी खाद भी दिखाई गई जो मिट्टी से भरी हुई थी।

अब चुनाव करीब आते ही भाजपा प्रदेश सरकार के घेरने कोई मौका नहीं छोड़ रही है। प्रदेश व्यापी आंदोलन के तहत दंतेवाड़ा कलेक्टोरेट का भी घेराव हुआ। इस दौरान अमानक खाद बिक्री के अलावा स्थानीय मुद्दों पर भी जमकर प्रदर्शन हुआ। पूर्व मंत्री केदार ने हफ्ते भर के भीतर 20 अगस्त को विधानसभा भर के पूरे कार्यकर्ताओं के साथ एक बार फिर प्रदर्शन की बात कही है। प्रदर्शनकारियों को रोकने पुलिस ने तगड़ी व्यवस्था की थी। कलेक्टोरेट गेट पर दो स्तरीय बेरीकेटिंग हुई थी। रस्सियों से बेरीकेट्स को बांधा गया था। साथ ही बांस की पूरी लकड़ी लगाई गई थी। यहां केदार कश्यप, जिला अध्यक्ष चैतराम अटामी, किसान मोर्चा अध्यक्ष सुधराम भास्कर, महामंत्री धीरेन्द्र प्रताप, नंदलाल मुड़ामी सहित सैकड़ों भाजपाई घंटे भर तक नारेबाजी करते रहे।

इन्होंने एसडीएम शिवनाथ बघेल से कहा कि ज्ञापन लेने कलेक्टर खुद आएं। इसके बाद कलेक्टर विनीत नंदनवार ने भाजपाईयों के प्रतिनिधि मंडल को अपने चेंबर में बुलाया। केदार के नेतृत्व में प्रतिनिधि अपने साथ एक बोरी अमानक खाद लेकर कलेक्टर चेंबर में पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर को बताया कि किसानों को इस तरह का खाद दिया जा रहा है। कलेक्टर ने पूछा कि



- वर्मी कम्पोस्ट के नाम पर किसानों को मिट्टी बेच रही सरकार
- पूर्व मंत्री केदार और किरण देव के नेतृत्व में कलेक्टोरेट घेराव
- भूपेश सरकार को बताया किसान विरोधी, 20 को फिर प्रदर्शन

ये खाद वे कहा से लेकर आ रहे हैं तो फिर धीरेन्द्र प्रताप ने जवाब दिया कि यह चंदेनार से मिला है।

इधर कलेक्टोरेट पहुंचने से पूर्व भाजपाईयों की एक सभा आंवराभाटा दुर्गा मंडप में हुई। इस सभा में प्रदेश भाजपा संगठन के किरण देव, केदार कश्यप, नंदलाल मुड़ामी, चैतराम अटामी, रामबाबू सिंह गौतम सहित अन्य वक्ताओं ने प्रदेश सरकार पर जमकर आरोप लगाए और कहा कि इस सरकार ने सभी वर्ग के साथ छल किया है। दंतेवाड़ा जिले में पूरे साढ़े चार साल में कोई विकास नहीं हुआ। एजुकेशन सिटी से लेकर पुल-पुलिया और सड़कें भाजपा सरकार की देन है। इस सरकार में विकास की आड़ में केवल और केवल भ्रष्टाचार किया गया है।

श्री कश्यप ने कहा कि किसानों को जबरदस्ती अमानक खाद खरीदने का दबाव प्रदेश सरकार द्वारा बनाया जा रहा है। श्री कश्यप ने कहा कि विवशता में गरीब किसान कचरे व मिट्टी मिला कर बनाये गये अमानक खाद को खरीद रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अटामी ने बताया कि किसान विरोधी कांग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा मंडी टैक्स पर 5.20 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गयी है। जिले में व्याप्त बिजली कटौती से किसान परेशान हैं। जिले में डीएमएफ मद से बोर खनन योजना मे कई किसानों से 26 हजार 100 रु लेने के बाद भी खनन नहीं हुआ है। साथ ही जहाँ खुदाई की गयी है वहाँ गुणवत्ताहीन कंपनी का मोटर डाला गया है व केवल 100 फिट पाईप ही प्रदाय किया गया है। भाजपा पूर्व प्रदेश महामंत्री किरण देव ने कहा कि किसान प्रदेश कांग्रेस सरकार की किसान विरोधी निति से त्रस्त हो चुके है। धरना प्रदर्शन कार्यक्रम का संचालन किसान मोर्चा जिला महामंत्री सुकालू मुड़ामी ने किया। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ समेत किसान व ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता दिवस से पहले चार नक्सलियों ने छोड़ी हिंसा

**दंतेवाड़ा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले में पुलिस का नक्सल विरोधी अभियान लगातार जारी है। पुलिस हर मोर्चे पर कामयाबी पा रही है। स्वतंत्रता दिवस के ठीक पहले एक ईनामी सहित चार नक्सलियों ने संविधान पर भरोसा जताते आत्म समर्पण किया। लोन वर्राटू अभियान के तहत यह समर्पण हुआ।




जिले में आईजी सुन्दरराज पी., डीआईजी कमलोचन कश्यप, डीआई जी सीआरपीएफ विकास कठेरिया, एसपी गौरव राय, एडिशनल एसपी रामकुमार बर्मन के मार्गदर्शन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत नक्सली अब घर वापसी कर रहे हैं। आज आत्म समर्पित नक्सलियो में 1 लाख की ईनामी जियाकोडता पंचायत केएएमएस अध्यक्ष श्रीमती हुंगी सोड़ी, डीएकेएमएस सदस्य भीमाराम करटाम, डीएकेएमएस सदस्य हिडमा उर्फ हीरालाल मरकाम, केएएमएस सदस्या कुमारी देवे कोवासी शामिल हैं। इस मौके पर नीरज यादव कमाडेण्ट 111 वीं वाहिनी सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा, विवेक कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी 111 वीं वाहिनी सीआरपीएफ भी मौजूद थे। आत्मसमर्पण कराने में 111 वीं वाहिनी सीआरपीएफ दन्तेवाड़ा का विशेष योगदान रहा। लोन वर्राटू अभियान के तहत् अब तक 159 ईनामी सहित कुल 615 नक्सलियों ने समाज की मुख्यधारा में शामिल होकर हिंसा छोड़ने की शपथ ली है। समर्पित नक्सली कई वारदातों में शामिल बताये गए हैं।

- लोन वर्राटू अभियान के तहत आत्म समर्पण
- समर्पित नक्सलियों में एक ईनामी भी शामिल
- अब तक 159 ईनामी सहित कुल 615 मुख्यधारा में शामिल

# मिनी माता व रेशमलाल जांगड़े की पुण्यतिथि मनाई गई



**बिलाईगढ़,** 11 अगस्त (देशबंधु)। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज बिलाईगढ़ द्वारा सतनामी समाज के गुरु माता व अविभाजित मध्यप्रदेश छग के प्रथम महिला सांसद ममतामई मिनी माता व महान स्वतंत्रता सेनानी स्व. रेशम लाल जांगडे की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम सतनाम भवन बिलाईगढ़ में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज प्रदेश प्रतिनिधि रामदास जांगडे ने की। उन्होंने मिनी माता का जीवन परिचय और समाज के विकास के लिए किए कार्यों को विस्तार से बताया। वही स्व. रेशम लाल जांगडे के पुण्यतिथि पर पुरखा के सुरता को याद किया गया। इस दौरान यादराम हिरवानी, महेशराम कुर्रे, मलेक्ष खूंटे, नील कुमार चेलक, पुकराम कुर्रे, शशि भूषण स्नेही, राजेंद्र निराला, कलशराम महिलाने, सतीश रात्रे, देवानंद मार्कंडेय,अरविंद महिलांगे, भीखराम खूंटे, अनिल सोनवानी, मनहरण रात्रे के साथ अन्य मौजूद रहे।

# संशोधित पदोन्नति सूची रद्द न करने की मांग को लेकर विधायक धनेन्द्र से शिक्षक संवर्ग ने लगाई गुहार

**नवापारा राजिम,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य सरकार के वन टाइम रिलेक्ससेसन के तहत पदोन्नत शिक्षक संवर्ग आज आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में अभनपुर पहुंचे विधायक धनेंद्र साहू से मिले।



शिक्षक सम्वर्ग के प्रतिनिधि मंडल नें विधायक को अवगत कराते हुए बताया कि वह सभी वर्तमान में पदोन्नत हुए है उन्होंने कॉउंसिलिंग में दूरस्थ स्थान दिखाए जाने के कारण असहमति दिया था। उसके बाद सँयुक्त संचालक द्वारा 150 से 200 किलोमीटर दूरस्थ स्थानों में पदस्थापना आदेश दिया गया था। जिन पर शिक्षकों ने उक्त आदेश में संशोधन करते हुए गृह ब्लॉक एवं गृह जिलों में उचित कारण दर्शाते हुए संशोधित पदस्थापना जारी करने का आवेदन किया तद्पश्चात संशोधित आदेश प्राप्त हुआ। शिक्षकों ने विधायक को बताया कि कुछ दिन से सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से संशोधित सूची निरस्त किये जाने का समाचार प्राप्त हो रहा है जिससे शिक्षकों में भय का वातावरण बना हुआ है साथ ही वे मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस कर रहे है। यदि उनकी पदस्थापना रद्द होती है तो अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के कई शालाओं में विषय शिक्षक के पद पुन: रिक्त हो जाएंगे जिससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित होगा, इसलिए किसी भी स्थिति संशोधित पदस्थापना सूची निरस्त न हो ताकि शिक्षक सम्वर्ग एवं बच्चों का भविष्य अंधकारमय न हो। शिक्षक सम्वर्ग ने बताया कि 15 वर्षों से एक ही पद पर रहने के बाद यह पदोन्नति प्राप्त हुआ है इसलिए मानवीय दृष्टिकोण से संशोधित पदोन्नति सूची रद्द न हो। विधायक धनेंद्र साहू ने भी शिक्षकों को इस विषय मे मुख्यमंत्री से चर्चा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में शिक्षकों के साथ साथ उनके परिवार जन भी उपस्थित रहे।

# विश्व आदिवासी दिवस में शामिल हुई चातुरी

**सरायपाली,** 11 अगस्त (देशबंधु)। सर्व आदिवासी समाज फूलझार अंचल सरायपाली द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस की रैली में छत्तीसगढ़ चौहान सेना की प्रदेशाध्यक्ष चातुरी डिग्रीलाल नंद अपनी टीम के साथ अतिथि के रूप में शामिल हुई कार्यक्रम का शुभारंभ बूढ़ादेव नगर से रैली नगर भ्रमण करते हुए नई मंडी प्रांगण पहुंची कार्यक्रम का शुभारंभ पुरखा देव बूढ़ा देव की पूजा अर्चना से हुई। श्रीमती चातुरी नंद ने सभा को संबोधित करते आदिवासी भाइयों बहनों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाइयां दी उन्होंने कहा कि हम सभी आदिवासी हमारे सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक हैं हम सभी प्रकृति पूजक होने के साथ साथ प्रकृति प्रेमी भी हैं हमारे प्राण जल जंगल और जमीन में बसते हैं इसलिए इन्हे संरक्षित करने की अवश्यकता है विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आदिवासी भाइयों बहनों का विशेष योगदान रहा। सर्व आदिवासी समाज केकार्यक्रम में विधायक किस्मत लाल नन्द जिला पंचायत सभापतिनोविना जगत नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल मंडी अध्यक्ष सीता पटेल संवरा समाज के प्रदेश अध्यक्ष जयदेव भोई तपन भोई विजय नेताम सर्व आदिवासी समाज फुलझर अंचल के अध्यक्ष क्षेत्रों सिदार अमृत लाल जगत राखी चौहान पुष्पा नंद उतरा परेश्वर और सभी समाज के समाज प्रमुखों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन चिंता भोई और पीतांबर बाघ ने किया गया।



# विधायक नंद डोंगररक्सा में रंगमंच भवन निर्माण का भूमिपूजन किया



**सरायपाली,** 11 अगस्त (देशबंधु)। ग्राम पंचायत चिवराकुटा के आश्रित ग्राम डोंगररक्सा में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक क़िस्मतलाल नंद ने रंगमंच निर्माण हेतु ग्रामीणों की मौजूदगी में भूमिपूजन किया। ग्रामीणों ने विधायक का गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया कार्यक्रम में मंडी उपाध्यक्षविवेक अग्रवाल सहकारी समिति अध्यक्ष मनोरंजन भोई, गोकुल चौधरी बाबूलाल नायक मोहित रौतिया मोहन पटेल गोपबंधु पटेल दिनेश पटेल रोमी सलूजा सुभाष साहू विधायक प्रतिनिधि मोहन गुप्ता सागरपाली चिंतामणि विशाल ग्राम पंचायत सरपंच- पंच अन्य गणमान्य उपस्थित में सम्पन हुआद्य मुख्य अतिथि क़िस्मतलाल नंद ने पूजा अर्चना कर विकास कार्य का भूमिपूजन किया। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया, विधायक नंद ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है चिवराकूटा से डोंगर रक्सा तक 9 करोड़ रुपये की लागत से सड़क व पुलियाका निर्माण किया गया है सड़क नहीं होने से बरसात के दिनों में आप लोगों को बहुत परेशानी होती थी गांवों में मूलभूत सुविधाओं की ओर प्राथमिकता के साथ ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने गांव में कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि गांवों के विकास में कोई कमी नहीं हुई है। पिछले साढ़े चार सालों में सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीणों की मांग के अनुसार कार्य कराए गए हैं। क़िस्मतलाल नंद ने भूपेश सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि किसानों की खुशहाली के लिए बनाई गई योजनाओं से खेती किसानी की ओर लोगों का फिर से झुकाव हो रहा है। विधायक ने ग्रामीणों को प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने का भी आव्हान किया।

# बिलाईगढ़ में 14 व 16 को व सारंगढ़ में 17 से 19 तक होगा प्लेसमेंट कैंप

**बिलाईगढ़,** 11 अगस्त (देशबंधु)। जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवाओं और अन्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी विकासखंड में एसआईएस इंडिया कम्पनी लिमिटेड अनूपपुर के माध्यम से निशुल्क प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में प्लेसमेंट कैंप 14 और 16 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। सारंगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प 17 से 19 अगस्त 2023 तक होगा। भर्ती में शामिल होने के लिए आधार कार्ड, दसवी बारहवी अंकसूची की फोटोकॉपी, 2 पासपोर्ट फोटो लाना होगा। इस भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं की उम्र 21 वर्ष से 35 वर्ष होनी चाहिए। सुरक्षा जवान के 400 पद के लिए योग्यता 10वी, 12वी पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपए तक मिलेगा। इसी प्रकार सुरक्षा सुपरवाइजर के 400 पद के लिए योग्यता 12वी पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपए तक मिलेगा। सुरक्षा अधिकारी के 80 पद के लिए योग्यता स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) उत्तीर्ण है। उनको प्रतिमाह वेतन 17 हजार 500 से 27 हजार 500 रूपए तक मिलेगा। भर्ती में चयन किए गए युवाओं से पांच सौ रुपए का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जाएगा, जिसकी रसीद भी दी जाएगी। इच्छुक सभी युवा इस प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं। चयनित युवाओं को पूरे छत्तीसगढ़ में सेवा के लिए अवसर दिया जाएगा। वेदांता कोरबा, एम्स रायपुर, जिंदल जैसे शासकीय और निजी उच्च कार्यालयों के साथ साथ विभिन्न जिलों के हॉस्पिटल, आरटीओ, फैक्ट्री, प्लांट, निजी स्कूल आदि में ड्यूटी लगाई जायेगी। इन सभी स्थानों में एसआईएस इंडिया कम्पनी की सेवा पूर्व से अब तक संचालित है। चयनित युवाओं को नौकरी में वेतन के साथ पीएफ आदि दी जाएगी।

एसआईएस इंडिया कंपनी के ड्यूटी के बाद वेतन के संबंध में बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल रायपुर में कार्य कर रही सुरक्षा जवान से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वो पिछले छह माह से इस कंपनी में कार्यरत है। पीएफ काटने के बाद उनका वेतन प्रतिमाह 10 तारीख को निश्चित रूप से उनके खाते में ऑनलाइन आ जाता है।

# कोण्डागांव में आदिम जाति कल्याण मंत्री मोहन मरकाम करेंगे ध्वजारोहण

**कोण्डागांव**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। देश की आजादी के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कोण्डागांव जिला मुख्यालय में आयोजित मुख्य समारोह में आदिम जाति कल्याण मंत्री मोहन मरकाम ध्वजारोहण करेंगे।

# परिवार न्यायालय बस्तर के आकस्मिकता निधि पदों हेतु दावा आपत्ति 18 तक

**जगदलपुर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। कार्यालय न्यायाधीश,परिवार न्यायालय बस्तर के आकस्मिकता निधि से वेतन पाने वाले कर्मचारियों चौकीदार,वाटरमेन, माली के पात्र-अपात्र और निरस्त आवेदन पत्रों की सूची जिला कार्यालय के वेबसाईट https://bastar. dcourts.gov.in में अपलोड कर दी गई है। उक्त वेबसाईट में जाकर अवलोकन कर सकते हैं। तत्सम्बन्ध में 18 अगस्त 2023 तक दावा आपत्ति कार्यालय में प्रस्तुत् कर सकते हैं ।

## प्रादेशिकी का शेष...

### भाजपा पार्षदों के प्रश्नों...

मत से निर्वाचित होकर ऊंचे पद में आसीन होने के बाद दायित्व व ज़िम्मेदारियां बडी़ हो जाती है, लेकिन दुर्भाग्य ही है कि सत्ता के अहंकार में डूबे सत्तासीन कांग्रेस दल ने जनता से ही किनारा कर लिया है। जिन्हें नैतिकता दिखाते हुये स्वयं ही पद से अविलंब हट जाना श्रेयकर होगा। भाजपा पार्षद दल शहर की जनता की सेवा करने की ज़िम्मेदारी के लिये सदैव सजग व तत्पर है।

### स्टाफ नर्स ने की...

शाम तक नर्स की स्तिथि सामान्य होने की जानकारी प्राप्त हुई।

करेंगे कार्यवाही - गणेश सोरी - सहायक आयुक्त सुकमा

मामले को लेकर सहायक आयुक्त गणेश राम शोरी ने कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए हुए प्राथमिक कार्यवाही करते हुए प्राचार्य को संस्था से हटाया गया हैं। मामले में जांच किया जा रहा हैं,जांच के बाद दोषी पर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### लोहंडीगुड़ा के 69 स्कूल ...

प्रमुखों से आग्रह किया कि यह एक दिवस का कार्य नहीं, बल्कि हमारी जवाबदेही है कि फलदार पौधे आने वाले समय में दरख्त बनें, जिसे देख स्कूली बच्चे प्रेरित हो सकें। इसे एक अच्छी पहल के रुप में देखा जाए। चंद्रशेखर यादव ने समाजसेवी सदस्यों का आभार व्यक्त कर आश्वस्त किया कि लोहंडीगुड़ा के संस्थान, शिक्षक व छात्र-छात्राएं निश्चित तौर पर एक नई मिसाल कायम करेंगे। आज के कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, राष्ट्रीय सेवा योजना के कैडेट्स, शिक्षकों सहित छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

# शिव मंदिर वार्ड में कचरा डालना, महापौर के प्रशासनिक गुंडागर्दी व अराजकता की पराकाष्ठा : संजय पांडेय

**जगदलपुर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम भाजपा पार्षद दल एवं नगर मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल जगदलपुर के क्षेत्रीय अधिकारी पी एस पांडे को डोंगाघाट, शिव मंदिर वार्ड में कचरा डंप करने से होने वाले प्रदूषण एवं उससे उत्पन्न गंभीर बीमारियों का हवाला देते हुए निगम के जिम्मेदार नेताओं एवं अधिकारियों को इस पर तत्काल रोक लगाने एवं आवश्यक कार्यवाही करने हेतु आज पत्र सौंपा है।

विदित हो कि नगर निगम क्षेत्र में डोंगाघाट,शिव मंदिर वार्ड में एक पुराने तालाब रूपी गड्ढे को भरने के नाम पर नगर निगम ने इस क्षेत्र को निगम के कचरा डालने डंपिंग स्टेशन बना दिया है । शहर का पूरा कचरा जो कि एसएलआरएम सेंटरों में सूखा और गीला कचरा छँटाई होकर खपत हो जाना चाहिए था ,उसे रहवासी बस्ती के समीप गड्ढे में डाल कर लोगों का जीना मुश्किल बना दिया गया है । इस संबंध में विगत 21 जुलाई को भाजपा पार्षद दल ने महापौर और आयुक्त को ज्ञापन सौंप कर इस पर रोक लगाने की माँग की थी तथा निगम द्वारा कोई संज्ञान नहीं लेने पर दिनांक 5/08/23 को नगर निरीक्षक कोतवाली को प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने आवेदन भी दिया गया था । परंतु आज दिनांक तक ना नगर निगम ने और ना सिटी कोतवाली ने कोई कार्यवाही की है।

नेता प्रतिपक्ष संजय पांडे द्वारा कहा गया कि विगत 4 माह से भी अधिक समय से डोंगाघाट, शिव मंदिर वार्ड में शहर का निकलने वाला कचरा डंप किया जा रहा है, जिसके कारण उक्त क्षेत्र में दूषित बैक्टीरिया ,मक्खियां, मच्छर का प्रसार होकर विभिन्न गंभीर बीमारियों को आमंत्रित किया जा रहा है। पर्यावरण की दृष्टि से शहर का सबसे सुंदर वार्ड, निगम के इस कृत्य से सबसे ज्यादा प्रदूषित हो गया है। पर्यावरण प्रदूषित होने से जहां वार्ड में विभिन्न बीमारियां हो रहे हैं, वही जनहानि की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता है। जनता के प्रति महापौर सफिरा साहू की संवेदनाएं मर चुकी है, भ्रष्टाचार करने में सत्ता दल मस्त है और जनता त्रस्त है। शहर के गंदे कचरे को वार्ड में डालना या गड्ढे में भरने से नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के निर्देशों एवं शासकीय आदेशों की अवहेलना हुई है, जो आपराधिक कृत्य है, इसी हेतु अपराध पंजीबद्ध करने पुलिस प्रशासन को पत्र दिया गया था। कांग्रेस के आला नेता और महापौर के दबाव में ना आयुक्त, ना पुलिस प्रशासन कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहा है । इसलिए आज भाजपा पार्षद दल नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के नियमों का पालन कराने के लिए क्षेत्रीय अधिकारी पर्यावरण संरक्षण मंडल से मुलाक़ात कर इस पर कठोर कार्रवाई करने की माँग की है श्री पी एस पांडे ने कहा है वह नियम सम्मत कार्रवाई करेंगे और निगम को शीघ्र नोटिस देंगे,यह ग़ैर क़ानूनी और पर्यावरण को प्रदूषित करने वाला कृत्य हैं। इस अवसर पर उपस्थित सुरेश गुप्ता ने कहा है कि लगातार भाजपानित वार्डों में सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। लोगों के जान माल की क़ीमत इनके लिए कोई मायने नहीं रखती है ,जो कार्य नियम विरुद्ध है उसे प्रशासनिक गुंडा गर्दी के द्वारा कराया जा रहा है । पहले ज्ञापन दिया गया, सामान्य सभा में विषय लाया गया ,प्रथम सूचना रिपोर्ट हेतू पत्र दिया गया और इस पर भी अगर प्रशासन की नींद नहीं खुलती तो वार्ड वासियों के साथ मिलकर शीघ्र राष्ट्रीय राजमार्ग जाम कर आंदोलन करेंगे । इस अवसर पर शिव मंदिर वार्ड के पार्षद निर्मल पाणिग्राही, राजपाल कसेर,दिगंबर राव, त्रिवेणी रंधारी , रघु सेठिया,महेंद्र सेठिया,रिंकू शर्मा, अमरनाथ झा ,एवं शिव मंदिर वार्ड के वार्डवासी एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



**कांग्रेसी आला नेताओं के दबाव में पुलिस प्रशासन, इसलिए एफआइआर दर्ज नहीं : सुरेश गुप्ता**

# अमानक वर्मी कम्पोस्ट वितरण को लेकर भाजपा ने किया प्रदर्शन

**कोण्डागांव,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। अमानक वर्मी कम्पोस्ट वितरण को लेकर भाजपा द्वारा प्रदर्शन किए जाने के दौरान उपस्थित सैकड़ों किसानों ने बैरिकेट को रौंदते हुए कलेक्ट्रेट को घेरा इस दौरान मौजुद भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी एवं पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने राज्य सरकार पर किसानों को धोखा देने का आरोप लगाया।

भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा द्वारा प्रदेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरुद्ध जिला मुख्यालय में धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया गया। गोठान के माध्यम से किसानों को अमानक वर्मी कम्पोस्ट खाद दबावपूर्वक वितरित करने के विरोध में किसान आंदोलन के माध्यम से कलेक्ट्रेट घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया गया। स्थानीय जय स्तंभ चैक में एकत्रित बड़ी संख्या में जिले भर से आए भाजपा कार्यकर्ता व किसानों ने भूपेश सरकार के खिलाफ जमकर हुंकार भरी तथा रैली के रूप में कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंचे जहां पुलिस बल के साथ जमकर झूमाझटकी हुई।

किसानों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने कहा कि प्रदेश में जब से कांग्रेस सरकार आई है, किसानो को ठगा जा रहा है। सरकार द्वारा जहां एक ओर किसानों का धान का रकबा कमकर दिया गया, तो दूसरी ओर समितियों के माध्यम से घटिया खाद खरीदने के लिए बाध्य किया जा रहा है। सरकार शहरों में बड़े-बड़े होर्डिंग लगाकर गोबर खरीदने की झूठी वाहवाही लूट रही है, जबकि गौठान में स्थिति बिल्कुल विपरीत है। गोठानों में न तो मवेशी हैं और न ही गोबर खरीदी हो रही है। गोबर खरीदी का झूठा आंकड़ा दिखाकर सरकार फर्जीवाडा कर रही है, यदि इसकी निष्पक्ष जांच हो तो यह छत्तीसगढ़ का सबसे बड़ा घोटाला साबित होगा। वहीं वर्तमान विधायक मोहन मारकाम पर तंज कसते हुए कहा कि इनका जनता के मुद्दे से कोई सरोकार नहीं है जो भ्रष्टाचार मे इनके मौन समर्थन को दर्शाता है। पूर्व सांसद दिनेश कश्यप ने कहा कि किसानों के साथ राज्य सरकार धोखाकर उनका शोषण कर



- सैकड़ों किसानों ने बैरिकेट को रौंदते हुए घेरा कलेक्ट्रेट को
- भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लता उसेंडी व पूर्व सांसद दिनेश कश्यप रहे मौजूद

रही है। किसानों को मिट्टी व पत्थर मिलाकर घटिया वर्मी कम्पोस्ट दबावपूर्वक दिया जा रहा है। वहीं जिला प्रभारी महेश जैन ने कहा कि झूठ बोलकर सत्ता हासिल करने वाली कांग्रेस आज हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। किसानों को छलकर सत्ता में आने वाली कांग्रेस की सरकार के अब गिनती के दिन बचे हैं।

किसान मोर्चा अध्यक्ष पवन साहू ने जहां भूपेश सरकार की किसान विरोधी नीतियों को बताया, तो वहीं भाजपा जिला अध्यक्ष दीपेश अरोरा ने केंद्र की मोदी सरकार द्वारा किसान हित में संचालित योजनाओं का बखान किया।

धरना उपरांत किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष अँजोरी नेताम के नेतृत्व में हाथों में घटिया वर्मी कम्पोस्ट को पकड़कर, नारेबाजी करते हुए रैली की शक्ल में एवं ट्रेक्टर ट्रॉली में पहुँचे। कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करने बड़ी संख्या में पहुँचे भाजपा कार्यकर्ताओं और किसानों की पुलिस के साथ जमकर झूमाझटकी हुई। अंत में भाजपा नेताओं ने कलेक्टर को राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौपकर अपना प्रदर्शन समाप्त किया। ज्ञापन के माध्यम से जबरन अमानक वर्मी कम्पोस्ट न दिए जाने, गोबर घोटाला के विरुद्ध जाँच किए जाने, किसानों को विद्युत पम्प कनेक्शन दिए जाने, दो वर्ष का बोनस भुगतान किए जाने एवं अल्पवर्षा के फलस्वरूप सूखा घोषित किए जाने की माँग की गई।

सेवकराम नेताम, चंदन साहू, मनोज जैन, ओम प्रकाश टावरी, तरुण साना, आकाश मेहता, हरिशंकर नेताम, धनराज मालू, दयाराम पटेल, मनिराम, सुरेश देवांगन, जितेंद्र सुराना, संजू पोयाम, बंटी नाग, यतींद्र सलाम, प्रशांत पात्र, विकास दुआ, रौनक दीवान, प्रतोष त्रिपाठी, रौनक पटेल, प्रेमसिंह नाग, किरण उसेंडी, जैनेंद्र ठाकुर, अनिल अग्रवाल, मीनू कोर्रम, मंगतू नेताम, दीपेन्द्र नाग, रामेश्वर उसेंडी, बालसिंह बघेल, ऋषभ देवांगन, महेंद्र सेठिया, लच्छिन्दर पोयाम, भानु ठाकुर, गोरखनाथ बघेल, वीर बघेल, झुमुक नाग, ईना श्रीवास्तव, सूरजबती नेताम, सोनामणि पोयाम, सोमा दास, गामा जयसवाल, बिट्ठू पाणिग्रही, बसंती ठाकुर सहित जिले के दसों मण्डलों से मोर्चा के पदाधिकारी सहित सैकड़ों किसान शामिल रहे।

# बिना गुरु के शिव कृपा संभव नहीं : पं. अनिल

## सांई मंदिर सत्संग हाल शिवमहापुराण के चौथे दिवस

**भानुप्रतापपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। शिवमहापुराण कथा के चौथे दिन शुक्रवार को पंडित अनिल जी महाराज ने शिव कथा में सती प्राकटय चरित्र कथा एवं गंगा अवतरण की कथा बताई गई। शिव की पूजा भक्ति से ही यश, तप,कीर्ति व मोक्ष की प्राप्ति होती है। शंकर नरसंहार का स्वरूप है वही शिव जनकल्याण का प्रतीक बताया गया। नागेश्वर महादेव एवं बाबा बैजनाथ ज्योतिर्लिंग का रुद्रभिषेक किया गया।



उन्होंने कहा कि ब्रम्हा जी ने देवताओं को अलग-अलग धातु से निर्मित शिवलिंग एव मिट्टी से बने प्रार्थीव शिवलिंग के विधि-विधान से पूजा अर्चना किये जाने से अलग अलग फल प्राप्ति होती है। चंदन व बंदन भगवान शिव को अति प्रसन्न है। जहा श्राद्ध व सत्य है वही शिव है। शिव कथा में गुरु की कृपा कि महत्व को सर्वोपरि बताया गया है क्योंकि बिना गुरु के शिवकृपा संभव नही। गुरु भी दीक्षित होना अनिवार्य है। गुरु ही शिव है, शिव ही गुरु वही भगवान के प्रति निस्वार्थ भक्ति ध्रुव, प्रहलाद, सुरदास जी जैसा होनी चाहिए। शिव की भक्ति व पूजन कैसे करना चाहिए किन किन सामग्रियों से किया जाना चाहिए विस्तार से कथा के माध्यम से बताया गया।

विश्व मे भारत वर्ष ही ऐसा देश है जिसे भारत माता कहा जाता, यह ऋषि मुनियों का देश है। नारद व सुरदास की कथा व ईश्वर की प्राप्ति की कथा सुनाई गई। बिना ग्ररू से साधना सिद्ध नही हो सकता गंगा अवतरण की कथा श्रापित को मोक्ष प्रदान करने अवतरण हुई है। धार्मिक व पौराणिक कथा में माँ गंगा को अति पवित्र एवं जीवन एवं मोक्षदायनी भी कहा जाता है। गंगा अवतरण की कथा राजा सगर के साठ हजार पुत्रो को कपिल मुनि के श्राप से भस्म हो गए थे, जिनके मुक्ति केवल गंगा जल से ही संभव था। माँ गंगा को स्वर्ग से पृथ्वी पर लाने लिए सगर के सातवी पीढ़ी भगीरथी ने पूर्वजो का उद्धार करने भगवान नारायण व भगवान शिव जी की आराधना व घोर तप किया, तब भगवान शिव शंकर ने स्वर्ग से मा गंगा की रौद्र रूप को अपने जटा में समेटा तब माँ गंगा धरातल में प्रवाहित हुई तक जाकर श्रापित साठ हजार पुत्रो का उद्धार हुई। प्रेम भक्ति की गंगा नहालें,प्रभु भक्ति में मन को लगा ले नगर के सांई मंदिर के सत्संग हाल से शिवमहापुराण कथा की पवन गंगा प्रवाहित हो रही है। जिसमे आप सभी भक्तजन डुबकी लगाकर अपने जीवन को सार्थक बना रहे।

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत पोस्ट ऑफिस में तिरंगा झंडा 25 रुपए में उपलब्ध




**कोण्डागांव,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। देश की आजादी के 76 वें वर्ष के उपलक्ष्य में लोगों को अपने घर पर तिरंगा झंडा फहराने के लिए प्रोत्साहित करने हेतु 'आजादी के अमृत' महोत्सव के तत्वावधान में डाक विभाग द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है। झंडे के साथ हमारा संबंध सदैव व्यक्तिगत की बजाए औपचारिक और संस्थागत रूप में अधिक रहा है। आजादी के 76 वें वर्ष के दौरान एक राष्ट के रूप में झंडे को सामूहिक रूप से घर पर लाना न केवल तिरंगे के साथ हमारे व्यक्तिगत संबंध का प्रतीक है बल्कि यह राष्ट निर्माण में हमारी प्रतिबद्धता को भी दर्शाता है। यह पहल लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना जागृत करने और भारत के राष्ट्रीय झंडे के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए की गई है। उपडाकपाल श्री शत्रुघन निषाद ने बताया तिरंगा झंडा उपडाकघर कोंडागांव सहित जिले के सभी गाँव गाँव के पोस्ट ऑफिस में भी उपलब्ध है, जिसका मूल्य 25 रुपये नियत है अपने नजदीकी डाकघर से प्राप्त कर सकते है।

# महिला जागृति शिविर में मतदाता शिक्षा




**दंतेवाड़ा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। दंतेवाड़ा जिले के बारसूर तहसील अंतर्गत कासोली में महिला एवं बाल विकास विभाग के विभागीय कार्यक्रम अंतर्गत महिला जागृति शिविर का आयोजन किया गया। इसमें गांव की महिलायें, गर्भवती तथा शिशुवती मातायें, किशोरी बालिकायें उपस्थित थे। इसके साथ ही कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे में जानकारी दी गई एवं गर्भवती माताओं की गोद भराई एवं 6 माह के बच्चों का अन्नप्राशन किया गया।

- महिलाओं को दी गई मतदान की जानकारी
- गोद भराई और अन्न प्राशन्न के बीच स्वीप अभियान

शिविर में उपस्थित ग्रामवासियों को मतदान हेतु जागरुक करने के उद्देश्य से रंगोली प्रतियोगिता, मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत समस्त उपस्थित ग्रामवासियों को मतदान हेतु ईवीएम मशीन को उपयोग करने हेतु प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी वरुण सिंह नागेश के मार्गदर्शन में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी आभा गुरुद्वान, परियोजना अधिकारी नरेश भोई एवं महिला संरक्षण अधिकारी मनीषा ठाकुर तथा स्वीप की सम्पूर्ण टीम उपस्थित रही।

# 15 को जिला स्तरीय समारोह में आयोजित होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

## सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रदर्शन के लिए हुआ चयन



**कोण्डागांव,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। 15 अगस्त को आयोजित किए जाने वाले जिलास्तरीय समारोह में प्रदर्शित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए टीमों ने चयन हेतु दिया ट्रायल। 15 अगस्त को विकासनगर स्टेडियम में आयोजित किए जाने वाले जिलास्तरीय समारोह में प्रदर्शित किए जाने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए चयन ट्रायल का आयोजन किया गया। महात्मा गांधी वार्ड स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में आयोजित चयन ट्रायल में 11 दल शामिल हुए। इस दौरान डिप्टी कलेक्टर अंकित चैहान, परियोजना प्रशासक संकल्प साहू, जिला मिशन समन्वयक महेन्द्र पाण्डे सहित अधिकारी एवं शिक्षक सहित प्रतियोगी विद्यार्थीण उपस्थित थे।

# गोवा में राष्ट्रीय समाज रत्न पुरस्कार से सम्मानित हुए बीईओ कोमरे



**भानुप्रतापपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर गोवा में आयोजित। आल इण्डिया आदिवासी एम्पलाईज फेडरेशन अखिल भारतीय राष्ट्रीय अधिवेशन 2023 रविन्द्र भवन गोवा में भानुप्रतापपुर खंड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे को राष्ट्रीय समाज रत्न पुरस्कार सम्मानित किया गया। यह सम्मान छत्तीसगढ़ के लिए भी गौरव की बात है। यह सम्मान कोमरे को समाज मे लगातर सक्रियता से समाज के विभिन्न गतिविधियों में लगातार काम करते है। इसके लिए सम्मान किया गया है। समाज के लोगों और अन्य लोगों ने बधाई दी है।

# रेंगागोदी में विशेष जनसमस्या निवारण शिविर

**कोण्डागांव,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। विगत दिनों रेंगागोदी के ग्रामीणों द्वारा कलेक्टर जन चैपाल में ग्राम की समस्यों को लेकर अवगत कराते हुए कलेक्टर दीपक सोनी के समक्ष उनके निवारण की मांग की थी, जिस पर कलेक्टर रेंगागोदी में समस्त विभागीय अधिकारियों को विशेष जन समस्या निवारण शिविर लगाकर ग्रामीणों की समस्या के निवारण हेतु निर्देश दिये गये थे। जिस पर गुरूवार को ग्राम पंचायत भवन रेंगागोदी में विशेष जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत निकिता मरकाम, तहसीलदार विजय कुमार मिश्रा सहित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, पंचायत विभाग, खाद्य विभाग, राजस्व विभाग, विद्युत विभाग, समाज कल्याण विभाग के कर्मचारी उपस्थित रहे।



अधिकारियों ने समस्या जन कर किया निवारण

इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों से उनकी समस्याओं के संबंध में जानकारी ली गयी, जिसमें ग्रामीणों द्वारा पेय जल, विद्युत कनेक्शन, गोटुल गुड़ी निर्माण, सार्वजनिक शौचालय निर्माण, स्कूल बाउंड्रीवॉल, उचित मूल्य की दुकान के सेल्स मेन के परिवर्तन की बात को लेकर पुछने पर अधिकारियों ने बताया कि रेंगागोदी में नल जल योजना स्वीकृत है एवं निविदा प्रक्रियाधीन होने के कारण कार्य लंबित है, रेंगागोदी के कुछ पारों में विद्युत पोल के टूट जाने के कारण आपूर्ति बाधित हुई थी। जिसकी मरम्मत हेतु विद्युत विभाग द्वारा स्वीकृति हेतु उच्च कार्यालय को आवेदन दिया गया है। सेल्स मेन परिवर्तन के संबंध में ग्रामीणों द्वारा समय पर राशन उपलब्धता की बात बताते हुए परिवर्तन की आवश्यकता न होने पर सहमति जतायी। रेंगागोदी में स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत सार्वजनिक शौचालय के विगत माह स्वीकृति हुआ है। जिसका निर्माण स्थल निर्धारण के बाद शुरू कर दिया जायेगा। इसके अतिरिक्त 2017-18 में जो व्यक्तिगत शौचालय निर्मित होने थे उनके लिये जांच दल गठित कर जांच कराने के निर्देश दिये गये। इस शिविर में पांच व्यक्तिगत आवेदन भी प्राप्त हुए जिन पर अधिकारियों द्वारा विस्तृत चर्चा कर समाधान हेतु आश्वासन दिये।

# एनसीसी कैडेटों ने दुकानदार व खरीददारों से की मुलाकात

**भानुप्रतापपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। सामाजिक सेवा गतिविधियों के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भानूप्रतापपुर के एनसीसी कैडेटों के द्वारा कमान अधिकारी 8 सीजी (द्व) कंपनी कांकेर के मार्गदर्शन में क्यूट इंडिया वोकल फॉर लोकल कार्यक्रम के अंतर्गत भानूप्रतापपुर के दुकानों में जाकर दुकानदार एवं खरीददारों से सौजन्य भेंट कर उन्हें कैडेटों के द्वारा स्वदेशी सामान खरीदने एवं देश को आगे बढ़ाने हेतु प्रेरित किया गया प्रेरित स्वदेशी सामान के महत्व एवं उनके विक्रय से देश में होने वाले रचनात्मक प्रभाव से भी अवगत कराया गया एवं अनुरोध किया गया की स्वदेशी सामान को अपने और देश को आगे बढ़ाएं उक्त कार्यक्रम में एनसीसी प्रभारी शिक्षक भागीरथी नायक उपस्थित थे। स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय भानुप्रतापपुर जिला उत्तर बस्तर कांकेर में एनसीसी यूनिट में कर्नल कमान अधिकारी सुरेंद्र पल्सवाल एवं सूबेदार कृष्णदेव का आकस्मिक निरीक्षण एनसीसी यूनिट भानुप्रतापपुर मैं हुआ एनसीसी कैडेट से विभिन्न विषय पर जानकारियां ली गई तथा बच्चों से मुलाकात कर बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने देश सेवा हेतु उच्च पदों पर जाने हेतु बच्चों को कमान अधिकारी के द्वारा प्रेरित किया गया साथ ही एनसीसी के मूल उद्देश्य एकता एवं अनुशासन को सर्वोपरि मानते हुए समाज सेवा देश सेवा की बात कही गई कमान अधिकारी के द्वारा पौधारोपण भी किया गया अंत में आभार प्रदर्शन एनसीसी प्रभारी भागीरथी नायक द्वारा किया गया उक्त कार्यक्रम में ढुग्गा सर, तेजेंद्र यदु अंकित पांडे प्रेम यादव विद्यालय के स्टाफ उपस्थित थे।



## 14 को जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का होगा आयोजन

**कोण्डागांव** 11 अगस्त (देषबन्धु)। जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व 14 अगस्त 2023 को प्रातः 07:30 बजे स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। यह दौड़ विकासनगर स्टेडियम से प्रारंभ होकर जिला कोर्ट परिसर से होते हुए नेशनल हाईवे, जय स्तम्भ चैक एवं बाजार पारा जाएगी एवं बाजार पारा से पुनः विकासनगर स्टेडियम में समाप्त होगी। इस दौड़ में समस्त शिक्षण संस्थाओं के एनएसएस, एनसीसी, स्काउट कैडेट एवं पूर्व माध्यमिक, हाईस्कूल, हायर सेकेण्डरी स्कूल के स्कूली बच्चे, गणमान्य नागरिक भाग लेंगें।

# बिना लायसेंस के जैव उर्वरक की बिक्री



**दंतेवाड़ा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। कृषि विभाग द्वारा दी गई जानकारी अनुसार जिले के विकासखण्ड गीदम स्थित कृषि केन्द्रों का निरीक्षण रायपुर से आई टीम द्वारा किया गया। इसमें संचालनालय कृषि रायपुर से संतराम पैकरा, सहायक संचालक कृषि एवं उप संचालक कृषि कार्यालय से आई.एस. पैकरा सहायक संचालक कृषि, उर्वरक निरीक्षक मोहित राम धनेन्द्र शामिल थे। निरीक्षण दल द्वारा के द्वारा संयुक्त रूप से जिले के विकासखंड गीदम के कृषि केन्द्रों में जांच की गई। जांच में रिकार्ड का सही संधारण नहीं किये जाने एवं बिना लाइसेंस के जैव उर्वरक (सक्षम कंपनी रायपुर) का विक्रय करते हुए पाया गया जिसे जप्त कर विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया। लोकेश कृषि केन्द्र गीदम को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

- गीदम ब्लाक के कृषि केन्द्र पर कार्रवाई
- राजधानी से आई थी जांच टीम

# प्रमोशन मांग रहे राष्ट्रपति-राज्यपाल से सम्मानित शिक्षक

**दंतेवाड़ा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में छत्तीसगढ़ राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्ड फोरम की बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत प्रदेशभर से आए हुए राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षकों की उपस्थिति में श्रीमती अनिता धनेध्वर के द्वारा माँ वीणा वादिनी की वंदना व सामूहिक राज्यगीत के साथ प्रारम्भ किया गया। राष्ट्रपति और राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक अब पदोन्नति और तीन वर्ष की सेवा वृद्धि मांग रहे हैं।



इसके बाद सभी अवार्डी शिक्षको ने अपना परिचय दिया इस अवसर पर राज्य एवं राष्ट्रीय अवार्डी फोरम के प्रदेश सचिव विष्णु शर्मा ने मंच संचालन करते हुए फोरम के उद्देश्य को बताते हुए कहा कि हमारा फोरम राष्ट्र हित, समाज हित, छात्र हित के साथ शिक्षकों के हित के लिये कार्य करने को बना है, हम अपने कार्यो से अपने विभाग की विशिष्टता को कैसे सामने लाये ये विचारणीय तथ्य है। श्री शर्मा ने आगे बताया कि राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षको की बहुप्रतीक्षित दो सूत्रीय मांग है। इसमे पुरस्कृत शिक्षको को आउट ऑफ टर्न प्रमोशन एवम् सेवानिवृत्ति में राज्यपाल एवं राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षको को तीन वर्ष की बढ़ोतरी किया जावे। इन दोनों मांगो पर राज्य शासन को आर्थिक बोझ नही पड़ेगा। तत्पश्चात शिक्षा मंत्री रविंद्र चौबे के निवास में दो सूत्रीय मांग के बारे में ज्ञापन सौंपा गया। इस विषय पर शिक्षा मंत्री ने मंत्रालय में आकर चर्चा करने की बात कही। बैठक में प्रमुख रूप से अपने अपने क्षेत्र के विधायक, सांसद सदस्यों से मुख्यमंत्री के नाम राज्यपाल व राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षको की दो सूत्रीय मांग को पूरा करने के लिए पत्र लिखने का अनुरोध किया गया। समापन अवसर पर महामंत्री मुन्नालाल देवदास ने कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। इस बैठक में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष अशोक गिरी गोस्वामी, महामंत्री मुन्ना लाल देवदास, सचिव डॉ विष्णु शर्मा, कोषाध्यक्ष हितेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष राजेन्द्र सिन्हा, छबिराम पटेल, टीकाराम सारथी, श्रीमती अनिता धनेश्वर, निगार अंजुम खान, बस्तर संभाग से पवन कुमार साहू , देवेंद्र कुमार सोनी, सुनीता गोस्वामी, खेदू राम ठाकुर के अलावा छत्तीसगढ़ प्रांत के अन्य अवार्डी शिक्षक उपस्थित रहे।

- राजधानी की बैठक में दो सूत्रीय मांगों पर चर्चा
- शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंप शीघ्र कार्रवाई की मांग
- पदोन्नति के साथ सेवा निवृत्ति में 3 साल की बढ़ोत्तरी भी मांगी

# स्वतंत्रता दिवस पर 15 अगस्त को शुष्क दिवस किया गया घोषित

**दंतेवाड़ा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति दन्तेवाड़ा द्वारा विभिन्न योजनान्तर्गत अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति के बेरोजगार युवाओं को स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु रियायती दर पर ऋण दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी आवेदन जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति दन्तेवाड़ा के कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 25 अगस्त तक है। आवेदक आवेदन पत्र के साथ सभी दस्तावेज संलग्न कर कार्यालयीन समय में कार्यालय अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति मर्यादित दन्तेवाड़ा संयुक्त जिला कार्यालय भवन के द्वितीय तल में स्थित रूम नं. 213 में जमा कर सकते है। अधिक जानकारी हेतु मोबाइल नंबर (9340512911, 8305832833) में संपर्क कर योजना संबंधित जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

## 15 को शुष्क दिवस घोषित

**कोण्डागांव** 11 अगस्त (देषबन्धु)। छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 एवं उसके अधीन बनाये गये नियमों के तहत छत्तीसगढ़ आबकारी देशी एवं विदेशी मदिरा की फुटकर बिक्री के अनुज्ञापनों के व्यवस्थापन नियम, 2018 (यथा संशाधित) एवं आबकारी आयुक्त छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर दीपक सोनी द्वारा आदेश जारी कर 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है। इस अवसर पर जिले की समस्त देशी मदिरा दुकान, विदेशी मदिरा दुकान एवं सैनिक कैटिंन फुटकर अनुज्ञप्ति हेतु पूर्णतः बंद रखी जायेगी तथा अवैध शराब बिक्री पर समुचित नियंत्रण रखा जायेगा।

उल्टा पुल्टा

शिक्षक कक्षा में घुसते ही एक बच्चा बोला- सर क्या आप मुझे उस काम की सजा देंगे जो मैंने किया ही नहीं?

**शिक्षक**- बिल्कुल नहीं, मैं ऐसा क्यों करूंगा।
**बच्चा**- सर, मैं आज फिर होमवर्क करना भूल गया हूं।

# संकल्प शिविर से कांग्रेस के चुनावी अभियान का आगाज





## भूपेश ने फूंका चुनावी बिगुल, टिकट के दावेदारों ने किया शक्ति प्रदर्शन

**रायपुर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस के संकल्प शिविर की शुरुआत रायपुर पश्चिम और रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को हुई। संकल्प शिविर में टिकट के दावेदारों ने शक्ति प्रदर्शन के साथ जय श्रीराम के नारे भी लगाए। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शिविर में पहुंचे पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने का लक्ष्य दिया। उन्होंने कहा कि देश में दो विचारधारा चल रही है।

कांग्रेस की विचारधारा लोगों को जोड़ने, भाईचारे को बढ़ाने की है, जबकि दूसरी तरफ नफरत फैलाने वाले लोग हैं। प्रदेश में हमें सिर्फ सत्ता के लिए नहीं, बल्कि भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखने के लिए सरकार बनानी है। उन्होंने कहा कि पिछले चुनाव में बूथ के कार्यकर्ताओं के दम पर सरकार बनी। अबकी बार 75 पार का लक्ष्य है। कांग्रेस ने संकल्प शिविर की शुरुआत कांग्रेस विधायकों वाली सीट से किया। मुख्यमंत्री बघेल ने रायपुर पश्चिम में शंख बजाकर शिविर की शुरूआत की।

कांग्रेस प्रदेश प्रभारी कुमारी सेलजा ने कहा कि चुनावी शंखनाद के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई है और यह मान लीजिए के चुनावी बिगुल बज चुका है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता मान-सम्मान मांगता है और हमने हर कार्यकर्ता को सम्मान दिया है। इसी मान-सम्मान की वजह से आत्मविश्वास पैदा होता है। भारतीय जनता पार्टी लाख कोशिश करे, लेकिन कांग्रेस पार्टी की जड़ इस देश और समाज से कभी कमजोर नहीं हो सकती। भाजपा लाख कोशिश करें लेकिन कांग्रेस पार्टी की जड़ देश में कभी कमजोर नहीं हो सकती। हमारे पास तीन चीजे है, हमारा नेतृत्व राहुल गांधी, सोनिया गांधी, हमारे अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गांधी यह हमारा नेतृत्व जिस प्रकार भाजपा से इस देश के लोगों के लिये लड़ाई लड़ता है आप सुनते है। राहुल गांधी, हमारे प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कैसे संसद में और बाहर राहुल गांधी लोगों की लड़ाई लड़ते है। पहला नेतृत्व, दूसरी बात हमारे पास नीति है, हमारी विचारधारा है। आज कांग्रेस की विचारधारा का कोई तोड़ नहीं है। भाजपा जैसे ताकते लोगों को बांटने का काम करती है। धर्म के आधार पर या समुदाय के, या जाति के आधार पर? यह देश समाज बंट नहीं सकता। कांग्रेस पार्टी ने कैसे सबको जोड़ कर रखा है। हमारी ताकत है लोग यहां पर बैठे कांग्रेस की वर्कर सेना। आप कांग्रेस पार्टी की सेना है। आप राहुल गांधी की सेना है। आपने कांग्रेस पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत रखा है।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि आज बूथ स्तरीय कार्यकर्ता प्रशिक्षण शिविर जिसे संकल्प शिविर का नाम दिया गया। पूरे प्रदेश में सबसे पहले रायपुर पश्चिम विधानसभा से संकल्प शिविर का आयोजन हो रहा है। जब भाजपा की सरकार थी उनके गलत काम का हमने विरोध किया। उस समय विकास उपाध्याय रायपुर शहर कांग्रेस के अध्यक्ष थे हर आंदोलन में, हर कार्यक्रम में बढ़ चढ़ कर भाग लेते थे। सभी ने खूब भागीदारी दी। उस समय हम लोग संगठन को मजबूती देने के लिये जोन सेक्टर, बूथ का गठन करने का फैसला किया। बूथो में हम गये थे, बूथ कमेटी बनाई। आज हमारे सेक्टर बने, जोन बने, अनुभाग बने। सबका परिचय पत्र है। सबके घरों में बोर्ड लगा हुआ है मैंने खुद देखा है। सबसे बड़ी बात यह है कि हम सबमें आत्मविश्वास जागता है। जब आत्मबल आपके पास है कोई लड़ाई आप हारेंगे नहीं। सामने की सेना कितनी भी बड़ी क्यों न हो। आज आपके पास जोश है, समर्पण है, आपको कोई पराजित नहीं कर सकता। उन्होंने कहा हम प्रेम और भाईचारा की बात करते है। हम जोड़ने का काम करते है। भाजपा नफरत फैलाने का काम करती है, हिंसा फैलाने, सबके दिमाग में जहर भरने का काम करते है। व्हाट्सअप यूनिवर्सिटी देख लो सिर्फ नफरत, सिर्फ नफरत! भाईचारे का नाम नहीं है। अल्पसंख्यक को बहुसंख्यक से लड़ाते है, भाई को भाई से लड़ाते है। एक धर्म को दूसरे धर्म से लड़ाते है क्योंकि उनका आधार ही नफरत है। कांग्रेस ने हर वर्ग के लिए उत्थान का कार्य किया, 5 साल में हमको जो मौका मिला है चाहे वह गरीब मजदूरों के बच्चे हो, युवा हो, महिलाएं, व्यापारी हो, किसान हो सबके लिए योजना बनाई है।

**10 सालों के बाद कोई भाजपा कार्यकर्ता नजर नहीं आएगा**

कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हर वर्ग के लिए काम किया है और इन्हीं मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। उन्होंने कहा कि साढ़े 4 साल में सरकार के काम को देखकर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और नेता हताश हो गए। बस थोड़ी सी मेहनत की जरूरत है, जिससे आने वाले 10 साल में भारतीय जनता पार्टी का कोई कार्यकर्ता नजर नहीं आएगा। हमें हर बूथ तक जाना है और सरकार के काम को पहुंचाना है।

### विकास को आया था भूपेश पर गुस्सा

*इस दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साल 2018 में प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए अपने चुनावी अनुभवों का जिक्र किया। उन्होंने विधायक विकास उपाध्याय को दिए जीत के मंत्र को भी साझा किया। उन्होंने बताया कि साल 2018 के चुनाव से पहले वे जिला कांग्रेस अध्यक्षों की बैठक ले रहे थे। उसे समय विकास उपाध्याय रायपुर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। संगठन की मूल बात पर उन्होंने विकास से सवाल किया और पूछा कि इससे पहले चुनाव लड़ चुके हो, संगठन के बड़े पदों पर रहे हो, क्या आपको वोटर लिस्ट पढ़ना आता है?*

*प्रदेश अध्यक्ष से ये सवाल सुनकर तेजतर्रार नेता विकास उपाध्याय ने गुस्से में जवाब दिया कि पढ़ना कैसे नहीं आएगा। इसके बाद उन्होंने दूसरा सवाल दागा कि अनुभाग क्या होता है वो जानते हो? एक बूथ में कितने अनुभाग होते हैं? ये सवाल सुनकर विकास उपाध्याय खामोश हो गए। प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाल रहे भूपेश बघेल ने कहा कि जिस दिन अनुभाग पढ़ने आ जाएगा, उस दिन चुनाव हारोगे नहीं जीतोगे। इसके बाद उसी दिन से विकास उपाध्याय के साथ मोटरसाइकिल में बैठकर भूपेश बघेल ने अनुभाग और बूथ बनाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैं कह सकता हूं कि प्रदेश अध्यक्ष के रूप में मैंने जो जिला अध्यक्षों को शिक्षा दी थी। उनमें सबसे बढ़िया जिलाध्यक्ष अगर कोई साबित हुआ तो वो विकास उपाध्याय है।*

# सामान्य सभा में जमकर हंगामा, भाजपा पार्षद मटका लेकर आसंदी तक पहुंचे

- सभा की बैठक 17 अगस्त तक के लिए स्थगित
- महापौर पर लगाया सक्रिय नहीं होने का आरोप



**रायपुर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम में शुक्रवार को जमकर हंगामा हो गया। सामान्य सभा की बैठक के दौरान भाजपा पार्षद आसंदी के करीब पहुंच गए और नारेबाजी करने लगे। सभापति प्रमोद दुबे के पास मटका लेकर पार्षद पहुंच गए थे। जिस वजह से सामान्य सभा की बैठक 17 अगस्त तक के लिए स्थगित कर दी गई है। सभा स्थगित होने पर मीनल चौबे ने कहा कि, दम है तो कांग्रेस हमें बर्खास्त कर के दिखाएं।

सामान्य सभा की बैठक में भाजपा पार्षद कांवड़ लेकर भी पहुंचे थे। जहां जल संकट, बदहाल सड़कों और जल भराव को लेकर भाजपा पार्षदों ने प्रदर्शन किया। साथ ही सामान्य सभा स्थगित होने के बाद भाजपा पार्षदों ने महात्मा गांधी की प्रतिमा के नीचे बैठकर भी नारेबाजी की। हाथों में पोस्टर लेकर विरोध प्रदर्शन करते हुए उन्होंने निगम महापौर और सभापति पर चर्चा से भागने का आरोप लगाया।

राजधानी में सड़कों का हाल बेहाल है, जिसे लेकर भाजपा पार्षदों ने मेयर एजाज ढेबर पर निष्क्रियता का आरोप लगाया। हंगामे के बाद सभा स्थगित की गई तो इसका भी आरोपी बीजेपी ने कांग्रेस पर लगाया। पार्षदों ने कहा कि 4 महीने बाद बैठक बुलाई गई थी लेकिन इसे भी स्थगित किया जा रहा है। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे ने कहा कि कांग्रेस भ्रष्टाचार का जवाब देने में असमर्थ है।

**कांग्रेस ने बताया आचरण को शर्मनाक**

नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे नेभाजपा पार्षदों के प्रदर्शन को शर्मनाक करार देते कहा कि उन्होंने गलत आचरण किया है। हमने आग्रह भी किया कि सवैंधानिक रूप से मांग करें। सदन समस्या के समाधान के लिए होता है, लेकिन भाजपा पार्षदों ने सदन में हंगामा किया।

भाजपा पार्षद दल के प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने सभापति के निर्णय को गलत बताते हुए कहा कि निगम के इतिहास में पहली बार सामान्य सभा को बिना किसी ठोस कारण के महापौर परिषद के दबाव में 5 दिनों तक के लिए स्थगित कर दिया गया।

यह सदन का अपमान है, निर्वाचित पार्षदों का अपमान है, राजधानी की 15 लाख जनता का अपमान है। आज होने वाले सामान्य सभा मे 34 विषयों पर चर्चा होनी थी, शहर के सड़कों की दुर्गति, गड्ढों और बन्द पड़े विकास कार्य पर भाजपा पार्षद दल महापौर से जवाब भी चाहता था। शहर की समस्याओं से सम्बंधित भाजपा के 11 पार्षदों के प्रश्नों के उत्तर भी आज सदन के पटल में रखे जाने थे। भाजपा पार्षद एवम प्रवक्ता मृत्युंजय दुबे ने कहा कि निगम के खाली खजाने के महापौर एजाज ढेबर के पास सदन में विपक्षी भाजपा पार्षदों के सवालों के जवाब नही थे क्योंकि आज पूरे शहर की सड़कें गड्ढों, डबरों में तब्दील हो गई है पूरे शहर की सड़कें जगह जगह खुदी हुई है। हर वार्ड में 50 लाख का विकास कार्य करवाने वाले महापौर एजाज ढेबर भाजपा के पार्षदों को क्या जवाब देते क्योंकि विकास के लिए दी गई यह राशि भी महापौर अपने ही राज्य के कांग्रेस सरकार से स्वीकृत नहीं करवा पाए हैं। आज सदन में उपस्थित सभी पक्षों ने देखा कि विपक्षी दल भाजपा को विश्वास में लिए बैगर सत्ता पक्ष कांग्रेस के महापौर की परिषद ने सभापति के डायस में चारो ओर से उन्हें घेर कर सदन को स्थगित कराने की घोषणा करवाई। सभापति प्रमोद दुबे ने आज अपनी आसन्दी की निष्पक्षता पर भी प्रश्नचिन्ह खडा कर एक तरफा सदन स्थगित करने की घोषणा करते हुए 5 दिन बाद 17 अगस्त को आगामी बैठक बुलाने की घोषणा कर सत्ता पक्ष के साथ खड़े दिखाई दिये।

# व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की फीस में वृद्धि

**रायपुर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति द्वारा प्रदेश में संचालित व्यावसायिक पाठ्यक्रमों क्रमश: बी.एड., एम.एड., बी.पी.एड., एम.पी.एड. बी.टेक, एम.टेक, एम.बी.ए., एम.सी.ए., डी. फार्मेसी, बी. फार्मेसी, एम. फार्मेसी, बी.एस.सी. नर्सिंग (पोस्ट बेसिक), बी.एस.सी. नर्सिंग, एम.एस.सी. नर्सिंग, पी.एच.डी., बीएचएमएस पाठ्यक्रमों में फीस का अंतिम निर्धारण शिक्षण सत्र 2023-2024, 2024-2025 एवं 2025-2026 के लिए विस्तृत संकल्प पारित कर किया गया है।

**इस बार फीस में 5 फीसदी की बढ़ोत्तरी**

**फीस विनियामक समिति ने निर्धारित किया शुल्क**

प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति के अध्यक्ष प्रभात कुमार शास्त्री से प्राप्त जानकारी के अनुसार विभिन्न व्यावसायिक पाठ्यक्रमों फीस में ज्यादा बढ़ोतरी नहीं की गई है। पूर्व में लगभग तीन से पांच वर्ष पूर्व इन शिक्षण संस्थाओं की फीस निर्धारित हुई थी, इतने वर्षों के पश्चात इस बार फीस में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। भिन्न-भिन्न शिक्षण संस्थाओं की भिन्न-भिन्न फीस उनके मूल्यांकन के आधार पर समिति द्वारा निर्धारित की गई है। फीस के निर्धारण के समय पड़ोस के राज्यों की फीस, छत्तीसगढ़ राज्य की प्रति व्यक्ति आय आदि तथ्यों को ध्यान में रखते हुए समिति ने उपरोक्त निर्णय लिया है। समिति की 10 अगस्त 2023 को आयोजित बैठक में समिति के अध्यक्ष के अलावा संचालक तकनीकी शिक्षा, सदस्य (पदेन), संचालक चिकित्सा शिक्षा, सदस्य (पदेन), सदस्य (वित्त) योगेश वर्ल्यानी एवं सदस्य (विधि) सैयद अफसर अली शामिल हुए।

प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति निर्धारित शुल्क में समस्त अन्य तथ्यों को सम्मिलित किया गया है, जिसमें यूनिफार्म, आई.डी. कार्ड, लेबोरेटरी, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि मद में अतिरिक्त राशि शिक्षण संस्थाएं नहीं ले सकेंगी। केवल छात्रावास, वाहन सुविधा और मेस के लिए 'नो प्राफिट, नो लॉस' के आधार पर अतिरिक्त राशि ली जा सकती है। प्रवेश तथा फीस विनियामक समिति द्वारा विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए निर्धारित फीस इस प्रकार है। बी.एड.-अधिकतम फीस 34,697 रुपए, न्यूनतम फीस 31,670 रुपए प्रति वर्ष, एम.एड.-अधिकतम फीस 53,850 रुपए, न्यूनतम फीस 52,850 रुपए प्रति वर्ष, बी.पी.एड.-अधिकतम फीस 34,140 रुपए, न्यूनतम फीस 33,840 रुपए प्रति वर्ष, एम.पी.एड.-अधिकतम फीस 46,500 रुपए प्रति वर्ष निर्धारित की गई है।

इसी तरह बी.टेक-अधिकतम फीस 40,200 रुपए, न्यूनतम फीस 38,300 रुपए प्रति सेमेस्टर, एम.टेक-अधिकतम फीस 37,500 रुपए, न्यूनतम फीस 32,400 रुपए प्रति सेमेस्टर, एम.बी.ए.-अधिकतम फीस 34,500 रुपए, न्यूनतम फीस 33,750 रुपए प्रति सेमेस्टर निर्धारित की गई है। इसी तरह एम.सी.ए. अधिकतम फीस 31,950 रुपए प्रति सेमेस्टर, डी. फार्मेसी-अधिकतम फीस 60,750 रुपए, न्यूनतम फीस 56,700 रुपए प्रति वर्ष, बी.फार्मेसी- अधिकतम फीस 39,600 रुपए, न्यूनतम फीस 35,150 रुपए प्रति सेमेस्टर, एम.फार्मेसी- अधिकतम फीस 60,300 रुपए, न्यूनतम फीस 56,070 रुपए प्रति सेमेस्टर, बी.एस.सी नर्सिंग (पोस्ट बेसिक)- अधिकतम फीस 52,950 रुपए, न्यूनतम फीस 46,450 रुपए प्रति वर्ष, बी.एस.सी. नर्सिंग-अधिकतम फीस 63,900 रुपए, न्यूनतम फीस 58,022 रुपए प्रति वर्ष, एम.एस.सी नर्सिंग- अधिकतम फीस 95,200 रुपए, न्यूनतम फीस 92,111 रुपए प्रति वर्ष निर्धारित की है।

पी.एच.डी (इंजीनियरिंग)- अधिकतम फीस 35,000 रुपए से 26,500 रुपए-प्रथम सेमेस्टर के लिए और द्वितीय सेमेस्टर से 20,000 रुपए से 17,000 रुपए, बी.एच.एम.एस.- अधिकतम फीस 70,000 रुपए प्रति वर्ष निर्धारित की गई है।

# सत्यनारायण राठौर को नान अरुण को सीएसआईडीसी की मिली जिम्मेदारी

**रायपुर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में आधा दर्जन अधिकारियों की तबादला सूची जारी की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी किया है।

जारी आदेश के मुताबिक, सत्यनारायण राठौर को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नान यानी खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं भुवनेश यादव को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ नोडल अधिकारी, प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। इफ्फत आरा को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ आयुक्त छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

दिव्या उमेश मिश्रा को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ संचालक भौमिकी तथा खनिकर्म का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। पदमिनी भोई को उनके वर्तमान कर्तव्यों के साथ-साथ मिशन संचालक स्वस्थ्य भारत मिशन ग्रामीण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा दिया गया। इसके अलावा सारांश मित्तर का भी प्रभार बदला गया है। राज्य सरकार ने आई एफ एस अरुण प्रसाद पी को संचालक उद्योग एवं प्रबंध संचालक छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। सामान्य प्रशासन विभाग ने इस संबंध में भी आदेश जारी किया है।

# रायपुर में वंदे-मातरम गीत गाने का बना रिकॉर्ड

**रायपुर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। रायपुर। राजधानी रायपुर में स्वतंत्रता दिवस से पहले आजादी का भव्य जश्न मनाया गया। साइंस कॉलेज ग्राउंड में शुक्रवार को मेरी शान-वंदे मातरम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह-सुबह हजारों लोगों ने एक साथ वंदे मातरम गीत गाया। इस अभियान को वर्ल्ड रिकॉर्ड के लिए भी भेजा गया है।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी गई। इसका आयोजन ओम मंडली वसुदेव कुटुंबकम संस्था ने किया। जिसके आयोजक रोहित सिंह थे। कार्यक्रम में बतौर अतिथि परमवीर चक्र विजेता एलओसी करगिल वार के हीरो योगेंद्र सिंह यादव भी पहुंचे। साथ ही विशेष अतिथि महंत राम सुंदर दास मौजूद रहे।

कार्यक्रम में इंडियन क्लासिकल डांस की प्रस्तुति कलाकारों ने दी। परमवीर चक्र योगेंद्र सिंह यादव ने कहा कि, छत्तीसगढ़ की इस धरती से देश के वीर शहीदों को नमन करता हूं। इस तरह राष्ट्रभक्ति के पथ पर यूथ को हमेशा आगे बढ़ना चाहिए। देश का युवा राष्ट्र निर्माण में इसी भाव के साथ आगे बढ़ेगा तो यह देश सुपरपावर जरूर बनेगा।



मराठा युवा समाज के सदस्य भी इस कार्यक्रम में पहुंचे। राष्ट्रगीत वंदे मातरम गाकर विश्व रिकॉर्ड के कीर्तिमान में सहयोग दिया। पुरुष वर्ग मराठा वेशभूषा में नजर आए भगवा पगड़ी पहने थे और महिलाएं मराठी नथ पहनी हुईं थीं। अध्यक्ष लोकेश पवार ने बताया कि समाज के सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान महिला प्रमुख सुषमा महाडिक, संरक्षक राहुल डूकरे, मनीष भोंसले समेत कई सदस्य मौजूद रहे।

कार्यक्रम के मंच पर पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, संसदीय सचिव विकास उपाध्याय एक साथ दिखे। सभी ने हाथ जोड़कर वंदे मातरम गीत गाया। कार्यक्रम के पहले एक तिरंगा यात्रा भी निकाली गई। इसके अलावा अलग-अलग स्कूल कॉलेज से बच्चे भारत माता और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की पोशाक पहनकर ग्राउंड पर दिखे। देखते ही देखते पूरा ग्राउंड लोगों की भीड़ से भरा नजर आया। सभी ने देश की आजादी के लिए मर मिटने वालों को याद किया। इस दौरान वंदे मातरम गीत गाते हुए लोग भावुक भी हुए। कार्यक्रम में अमित चिमनानी, जयंती पटेल, अमित साहू, किशोर महानंद, अमरजीत छाबड़ा समेत भाजपा-कांग्रेस के कई नेता शामिल रहे।

# मवेशियों का सड़क पर जमावड़ा, लगातार कार्रवाई की जरूरत : कमिश्नर

**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। संभागायुक्त डॉ. संजय अलंग ने आज वीडियो कॉफ्रेसिंग के माध्यम से रायपुर संभाग में सड़कों से आवारा पशुओं को हटाने, पशुओं के कारण सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की कार्रवाई गहन समीक्षा की। वीडियो कॉफ्रेसिंग से हुई इस बैठक में पुलिस महानिरीक्षक रतन लाल डांगी सहित संभाग के पांचों जिलों रायपुर, बलौदाबाजार-भाटापारा, गरियाबंद, धमतरी और महासमुंद के कलेक्टर एवं अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक में संभागायुक्त ने राष्ट्रीय राजमार्गों, शहरी क्षेत्रों की सड़कों के साथ संभाग की मुख्य सड़कों पर आवारा मवेशियों का जमावड़ा हटाने के लिए की जा रही कार्रवाई की जिलावार समीक्षा की। डॉ. अलंग ने आवारा मवेशियों को सड़कों से हटाकर गौठानों, कांजी हाउस या गौशालाओं में रखने के साथ-साथ ग्रामीणों और मवेशियों के पालकों से बातचीत कर समस्या का समाधान निकालने के निर्देश सभी कलेक्टरों को दिए। रायपुर संभाग में पिछले एक सप्ताह में 11 हजार से अधिक मवेशियों को सड़कों से हटाया गया है। इन मवेशियों को बड़े गौठानों, गांव के कांजी हाउस या गौशालाओं में सुरक्षित रखा गया है। मवेशियों के मालिकों से 45 हजार रूपये से अधिक जुर्माना भी वसूला गया है। अब तक की गई कार्रवाईयों पर संतोष जताते हुए संभागायुक्त ने आगे भी कार्रवाई जारी रखने के निर्देश सभी कलेक्टरों को दिए।



### ग्यारह हजार से अधिक मवेशियों को सड़कों से हटाया गया, 45 हजार से अधिक जुर्माना भी वसूला

बैठक में संभागायुक्त ने गांव-गांव में बने सभी कांजी हाउसों को सक्रिय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होंने मवेशियों को रखने वाले गौठानों, गौशालाओं और कांजी हाउसों में चारा-पानी के साथ-साथ पशुओं के इलाज की सुविधा भी सुनिश्चित करने को कहा। जिला कलेक्टरों ने बताया कि आवारा और सड़क पर बैठे मवेशियों की धर-पकड़ के दौरान उनके गले में रेडियम बेल्ट बांधा जा रहा है, ताकि पशुओं के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोका जा सके। इसके साथ ही पशुओं की टैगिंग कर उनके मालिकों की पहचान भी की जा रही है, ताकि भविष्य में सड़क पर बैठे पाये जाने पर पशु टैग से मालिक को चिन्हांकित कर कार्रवाई की जा सके। इसके साथ ही बैठक में नये गौशालाओं के पंजीयन के काम में भी तेजी लाने के निर्देश संभागायुक्त ने दिए। उन्होंने गांव स्तर पर पशुपालकों से चर्चा कर मवेशियों को खुले में नहीं छोड़ने और उससे होने वाले नुकसान के बारे में अधिक से अधिक जानकारी देने के निर्देश भी दिए।

बैठक में रायपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक रतन लाल डांगी ने भी अधिकारियों को सड़कों को मवेशियों से मुक्त कराने के लिए पुलिसकर्मियों का सहयोग करने को कहा। उन्होंने बताया कि गाय स्वभाव सुखी जगहों पर बैठने का होता है, इसीलिए बरसात के दिनों में ज्यादातर गाये सड़कों पर बैठती है। उन्होंने बारिश होने वाले दिनों में सड़कों पर मवेशियों के बैठने पर ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता बताई। श्री डांगी ने संभाग के सभी जिलों में सड़कों से मवेशियों को हटाने के लिए सेन्ट्रल कंट्रोल रूम स्थापित करने और उसकी जानकारी व्यापक रूप से आमलोगों तक पहुंचाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

## स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की महासमिति की बैठक कल

**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रांतीय महासमिति की बैठक दिनांक 13 अगस्त 2023 को संघ कार्यालय अर्जुन नगर रायपुर में प्रात: 11 बजे से रखी गयी है. संघ के प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा की अध्यक्षता में संघ की यह द्वितीय महासमिति बैठक होगी। इस बैठक में संघ संरक्षक एवं सलाहकार ओपी शर्मा के साथ-साथ संघ के प्रदेश भर के प्रांतीय पदाधिकारी, संभागीय अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक उक्त बैठक में उपस्थित रहेंगे. संघ के महामंत्री अश्वनी गुर्देकर ने बताया कि संघ द्वारा दिनांक 7 जुलाई 2023 से अनिश्चितकालीन आन्दोलन किया जा रहा था जिसे दिनांक 9 जुलाई 2023 को उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री टी.एस.सिंह देव के आश्वाशन पर 5 दिनों में कार्यवाही के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो को निर्देश देने पर स्थगित किया गया था.।

# शहर के दो च्वॉईस सेंटर तीन माह के लिए ब्लॉक

**रायपुर** 11 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के दो च्वॉईस सेंटरों पर अवैध वसूली कर सेवाएं प्रदान करने की शिकायत के बाद जिला प्रशासन द्वारा तीन माह के लिए आईडी ब्लॉक करने की कार्रवाई की गई है। अब तीन माह तक पारस च्वॉईस सेंटर महोबा बाजार और टिकरापारा साहू काम्पलेक्स स्थित आल इन वन च्वॉईस सेंटर द्वारा शासकीय सेवाओं से संबंधित किसी प्रकार के काम नहीं किए जा सकेंगे। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे के निर्देश पर इन दोनों च्वॉईस सेंटरों का आकस्मिक निरीक्षण भी अधिकारियों ने किया था। इस बारे में जिला ई-गर्वेन्स सोसायटी की मैनेजर कीर्ति शर्मा ने बताया कि स्थानीय समाचार पत्रों में महोबा बाजार के पारस च्वॉईस सेंटर तथा टिकरापारा साहू काम्पलेक्स के आल इन वन च्वॉईस सेंटर के विरूद्ध अवैध रूप से राशि लेकर बी.पी.एल. कार्ड बनाने की खबरें प्रकाशित हुई थी। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने इसे गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश अधिकारियों को दिए थे। दोनों लोक सेवा केन्द्रों की जांच अधिकारियों द्वारा दी गई थी। इस दौरान दोनों केन्द्र ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल में ऑनलाईन नहीं पाए गए। इसके साथ ही ई-डिस्ट्रिक्ट परियोजनाओं से जुड़ी जन-सुविधा की सेवाएं आय, जाति, निवास इत्यादी बनाने की सेवा शुल्क की जानकारी भी केन्द्र पर प्रदर्शित नहीं की गई थी। इन केन्द्रों पर जन-सुविधा सेवाओं से संबंधित कोई पंजी या रिकार्ड भी नहीं रखा गया था। जनहित की सेवाएं देने में लापरवाही बरतने पर दोनों च्वॉईस सेंटरों की आई.डी. आगामी तीन माह के लिए ब्लॉक कर दी गई हैं।

### अवैध राशि वसूल बीपीएल कार्ड बनाने की मिली थी शिकायत

# पं. हरिशंकर शुक्ला स्कूल में नशे के विरूद्ध जागरूकता अभियान पर सेमिनार



**रायपुर,** 11 अगस्त। पं. हरिशंकर शुक्ला इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल में को हेलो जिंदगी कार्यक्रम के तहत नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया यह आयोजन हमारी शाला के मैनेजिंग डायरेक्टर प्रिया शुक्ला द्वारा आयोजित किया गया है। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि टीआई कुमार गौरव साहू ने भाग लिया बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा व्यक्ति के सामाजिक आर्थिक व शारीरिक विकास में सबसे बड़ी बाधा है उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य आने वाली पीढ़ी को नशे से बचाना है। तथा स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं को नशे से बचने और उनके दुरुपयोग के बारे में भी बताया सभी छात्र-छात्राओं ने इस इस अच्छे से समझा तथा भविष्य में नशा मुक्त रहने का प्रण लिया।

# भाजपा में टिकट के लिए उठापटक शुरू

**रायपुर,** 11 अगस्त। मिशन 2023 की तैयारी में जुटी बीजेपी छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 के लिए उम्मीदवारों की पहली सूची सितंबर माह में जारी कर सकती है। नई दिल्ली में दो दिन पहले छत्तीसगढ़ के बीजेपी सांसदों की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हुई मैराथन बैठक में इस बात का फैसला लिया गया था।



बता दें कि बहुजन समाज पार्टी ने छत्तीसगढ़ की 9 विधानसभा सीटों पर अपने उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। बहुजन समाज पार्टी ऐसा करके अपने उम्मीदवारों को चुनाव प्रचार करने के लिए ज्यादा वक्त देने में कांग्रेस और प्रमुख विपक्षी दल बीजेपी से आगे निकल गई है। नई दिल्ली में हुई इस बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ चुनाव प्रभारी ओम माथुर, सह प्रभारी मनसुख मंडाविया, प्रदेश सह प्रभारी नितिन नबीन, प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव, राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह शामिल हुए।

सूत्रों की मानें तो इससे पहले अमित शाह, ओम माथुर, शिवप्रकाश और जेपी नड् ?डा अलग-अलग सर्वे एजेंसियों से छत्तीसगढ़ में सर्वे पूरा करा चुके हैं। इन चारों सर्वे रिपोर्ट में जिस व्यक्ति का नाम कॉमन होगा,उसे शार्टलिस्ट किया जाएगा। फिर मंडल अध्यक्षों के माध्यम से संभाग प्रभारियों की रिपोर्ट से मिलान कर प्रत्याशी घोषित किया जाएगा। जिन सीटों पर एक नाम से अधिक नाम प्रसतावित होंगे उन सीटों सर्वे एजेंसियों से दोबारा रिपोर्ट मांगी जाएगी।

सूत्रों की मानें तो छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 में बीजेपी उन सीटों पर अपना फोकस बढ़ाएगी जहां पार्टी का प्रदर्शन कमजोर रहा है। इन सीटों में बस्तर से कोंटा, सरगुजा संभाग से सीतापुर, रायगढ़ जिले से खरसिया और बिलासपुर जिले से कोटा, मरवाही और पाली तानाखार विधानसभा शामिल हैं।

# युकां ने केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी का फूंका पुतला



**रायपुर,** 11 अगस्त। प्रदेश युवा कांग्रेस द्वारा रायपुर उत्तर विधानसभा उपाध्यक्ष नवाज ख़ान के नेतृत्व में शुक्रवार को केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी का पुतला दहन किया। युवा कांग्रेस का कहना है कि, देश की संसद में केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के झूठ बोलने और राहुल गांधी पर झूठे बेबुनियाद आरोप लगाने के विरोध में स्मृति ईरानी का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि महिलाओं ने स्मृति ईरानी को अपना जनप्रतिनिधि बनाकर देश की संसद भेजा ।लेकिन स्मृति ईरानी ने मणिपुर की महिलाओं पर हो रहे जघन्य अपराध पर एक शब्द नहीं बोला ।हम स्मृति ईरानी से इस्तीफ़े की मांग करते हैं। इस प्रदर्शन में प्रदेश सचिव रुचिर दुबे, प्रदेश सचिव अभिषेक कसार, रायपुर शहर युवा कांग्रेस अध्यक्ष भक्कु कश्यप, उत्तर विधानसभा उपाध्यक्ष हैदर अली आदि उपस्थित थे।

## बजाज बनाए गए नवा रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष

**रायपुर,** 11 अगस्त। राज्य शासन द्वारा एस. एस. बजाज ( सेवानिवृत्त आई.एफ.एस) को अध्यक्ष, नवा रायपुर अटल नगर प्राधिकरण का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है ।जिसका आदेश आवास एवं पर्यावरण विभाग के विशेष सचिव जनक प्रसाद पाठक ने जारी किया है। एसएस बजाज के पदभार ग्रहण करने के बाद से आर पी मंडल भारमुक्त हो जाएंगे ।मुख्य सचिव पद से रिटायर होने के बाद राज्य शासन ने आर पी मंडल को नवा रायपुर विकास प्राधिकरण का अध्यक्ष बनाते हुए पोस्ट रिटायरमेंट पोस्टिंग दी थी।

## राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की कल मनाई जाएगी जयंती

**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। 13 अगस्त को राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर की 385वीं जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जावेगी। उपरोक्त जानकारी लक्ष्मीकांत राठौर अध्यक्ष राठौर क्षत्रीय समाज रायपुर ने दी है। 13 अगस्त रविवार को समाज के सदस्य प्रात: 8 बजे राठौर चौक में एकत्र होंगे व राष्ट्रवीर दुर्गादास राठौर के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर शोभायात्रा निकालेंगे जो राठौर चौक से मारूति मंगलम गुढ़ियारी पहुंचेगी जहां सांस्कृति कार्यक्रम होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रणजीत सिंह राठौर होंगे। सांस्कृतिक कार्यक्रम के संयोजक विजय राठौर एडवोकेट है।

## कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सप्तगिरि शंकर आज पहुंचेंगे रायपुर

**रायपुर,** 11 अगस्त । प्रदेश प्रभारी सचिव सप्तगिरि शंकर उल्का 12 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे माना विमानतल पहुंचकर रांवाभाठा, रायपुर ग्रामीण विधानसभा के लिये रवाना होंगे। दोपहर 2.30 बजे मां बंजारी गुरुकुल विद्यालय परिसर, रांवाभाठा पहुंचकर आयोजित रायपुर ग्रामीण विधानसभा के संकल्प शिविर में भाग लेंगे। दोपहर 3 बजे रांवाभाठा से शहीद स्मारक भवन रायपुर के लिये रवाना होंगे। दोपहर 3.30 बजे शहीद स्मारक भवन पहुंचकर आयोजित रायपुर दक्षिण विधानसभा के संकल्प शिविर में भाग लेंगे।

# ब्लैक आऊट होने पर तुरंत बिजली संयंत्र शुरु करने हुआ मॉकड्रिल

**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश में आकस्मिक ब्लैक आउट होने की स्थिति में ताप विद्युत गृहों को पुर्नसंचालित करने हेतु हसदेव बांगो जल विद्युत गृह से स्टार्ट अप पॉवर सप्लाई करने संबंधी एक मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) छत्तीसगढ़ स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर में सफलतापूर्वक किया गया। पॉवर कंपनी के फील्ड में तैनात कर्मचारियों एवं अभियंताओं द्वारा तत्परतापूर्वक दूसरी लाईन को आईलैण्डेड स्कीम में शामिल करते हुए कोरबा - पश्चिम के संयंत्रों को शुरू करने हेतु 1 घंटा 24 मिनट में बांगो जल विद्युत संयंत्र से बिजली पहुंचायी गयी।



गौरतलब है कि अचानक ब्लैक आऊट होने की स्थिति में पावर प्लांटों को फिर से स्टार्ट करना कठिन होता है, इसके लिए तुरंत बिजली की आवश्यकता पड़ती है, जिसकी तत्काल आपूर्ति जल विद्युत संयत्रों से ही हो सकती है। यह मॉकड्रिल छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी की प्रबंध निदेशक श्रीमती उज्जवला बघेल तथा जनरेशन कम्पनी के प्रबंध निदेशक श्री एसके कटियार की विशेष उपस्थिति एवं कुशल मार्गदर्शन में 11 अगस्त 2023 को डंगनिया मुख्यालय स्थित लोड डिस्पैच सेंटर में किया गया।

इस ब्लेक स्टार्ट मॉकड्रिल (पूर्वाभ्यास) की मानीटरिंग मुंबई स्थित वेस्टर्न रीजनल लोड डिस्पैच सेंटर के एक्सपर्ट इंजीनियर स्काडा सिस्टम से कर रहे थे। इंडियन इलेक्ट्रिसिटी ग्रिड कोड और स्टेट ग्रिड कोड के प्रावधानों के अनुसार साल में दो बार इस तरह का मॉकड्रिल करना होता है। इस दौरान डंगनिया स्थित स्टेट लोड डिस्पैच सेन्टर में कार्यपालक निदेशक सर्व श्री आरके शुक्ला, डीके चावड़ा, केएस मनोठिया, एके वर्मा, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्रीमती शारदा सोनवानी, श्री गिरीश गुप्ता तथा जनरेशन कंपनी के कार्यपालक निदेशक से एमएस कंवर एवं उनकी टीम उपस्थित थे । राज्य भार प्रेषण केन्द्र के नियंत्रण कक्ष में अधीक्षण अभियंता श्री संजय चौधरी, अभिषेक जैन, कार्यपालन अभियंता श्री जीपी सिंह, सुदेशना पाल, प्रेम देवांगन तथा ड्यूटी पर उपस्थित श्री मनोज रावटे व सहायक अभियंता प्रेम जायसवाल, श्री केतन मिश्रा, श्री विन्ध्याचल गुप्ता, सुश्री जुवेना गोम्स, श्रीमती रेखा शर्मा, श्री संदीप देवांगन, कनिष्ठ अभियंता श्री शुभम घोरे एवं तकनीकी सहायक दिनेश विश्वकर्मा आदि का मॉकड्रिल को सम्पन्न कराने में सक्रिय एवं महत्वपूर्ण भूमिका रही । इसी तरह बांगो जल विद्युत संयंत्र के अधीक्षण अभियंता श्री ओपी पाण्डेय एवं उनकी टीम, कोरबा पश्चिम में अधीक्षण अभियंता श्री एस करकरेएवं उनकी टीम, पारेषण संकाय से कोरबा पूर्व, जमनीपाली, छुरीखुर्द एवं खरमोरा विदयुत उपकेन्द्रों से अधीक्षण अभियंता श्री डीएस पटेल एवं उनकी टीम, वितरण संकाय से कार्यपालन अभियंता श्री अनुपम सरकार एवं उनकी टीम का कोरबा पूर्व जमनीपाली एवं छुरीखुर्द तथा संचार एवं टेलीमीटरी संकाय से कार्यपालन यंत्री श्री जेएल उरांव एवं उनकी टीम की सक्रिय भूमिका इस मॉकड्रिल को सम्पन्न कराने में रही है ।

# बीएसपी क्षेत्र में भी मिलेगा हाफ बिजली बिल योजना का लाभ

**रायपुर,**11 अगस्त। राज्य सरकार की हाफ बिजली बिल योजना का लाभ अब भिलाई टाउनशिप के हजारों उपभोक्ताओं को भी मिलेगा। राज्य शासन के ऊर्जा विभाग ने आज इसका आदेश जारी कर दिया। पहले भिलाई स्टील प्लांट (बीएसपी) के टाउनशिप में निवासरत उपभोक्ताओं को इस योजना का लाभ नहीं मिलता था, क्योंकि उन्हें बीएसपी प्रबंधन विद्युत आपूर्ति करता है। लंबे समय से वहां के उपभोक्ताओं हाफ बिजली बिल योजना के तहत छूट देवो की मांग कर रहे थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने बीएसपी कर्मियों को इसकी सौगात दी है।

गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के सभी घरेलू उपभोक्ताओं द्वारा प्रति माह खपत की गई 400 यूनिट तक की बिजली पर प्रभावशाली विद्युत की दरों के आधार पर आंकलित बिल की राशि का आधी राशि देनी होती है। फरवरी 2019 से लागू इस योजना का लाभ 42.82 लाख उपभोक्ताओं को मिल रहा है। जिसमें अब तक 3900 करोड़ रूपए से अधिक राशि की छूट प्रदान की जा चुकी है। अब इसका लाभ बीएसपी क्षेत्र के 27 हजार घरेलू उपभोक्ताओं को भी मिलेगा।

जारी आदेश में कहा गया है कि बी.एस.पी. के डिस्ट्रीब्यूशन लाइसेंसी एरिया में सभी घरेलू उपभोक्ताओं को प्रथम 400 यूनिट तक की प्रति माह विद्युत खपत पर देय फिक्स्ड चार्ज, एनर्जी चार्ज एवं वेरियेबल कॉस्ट एडजस्टमेंट के मद में कुल देय राशि का 50 प्रतिशत की रियायत दी जाती है। यह योजना 01 सितम्बर 2023 से आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी। उपभोक्ताओं को रियायत के समतुल्य राशि का अग्रिम भुगतान प्रतिपूर्ति के रूप में राज्य शासन द्वारा बी. एस.पी. को बजट के माध्यम से किया जाएगा।

रियायत की राशि का प्रावधान बजट में किए जाने हेतु बी.एस.पी. के द्वारा समुचित प्रस्ताव समय-समय पर ऊर्जा विभाग को उपलब्ध कराया जाए, जिसके आधार पर राज्य शासन द्वारा बजट प्रावधान किया जायेगा।

# फर्जी फर्मों के जरिए करोड़ों की जीएसटी चोरी, संजय गिरफ्तार



**रायपुर,** 11 अगस्त। बिना किसी वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति के नकली आईटीसी का लाभ उठाने और उपयोग कर बड़े पैमाने पर जीएसटी की चोरी में लगे अस्तित्वहीन फर्मों के संचालक के खिलाफ फेक आईटीसी तथा अभियोजन सेल, सीजीएसटी रायपुर ने बिलासपुर डिवीजन के साथ कार्रवाई की है ।इन फर्मों को नियंत्रित कर रहे संजय शेंडे सेंट्रल जीएसटी की टीम ने गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार, नई दिल्ली स्थित 22 अस्तित्वहीन तथा अकार्यशील फ़र्मों ने बिना किसी अंतर्निहित सामान और सेवाओं की आपूर्ति के नकली बिल तैयार किए हैं और मेसर्स ज्योति ट्रेडिंग कंपनी, मेसर्स क्लिफो ट्रेडिंग कंपनी, मेसर्स एसएस एंटरप्राइजेज और मेसर्स साई इंडस्ट्रीज को जारी किए।

संजय शेंडे ने इन चारों अस्तित्वहीन फर्मों के माध्यम से 10.14 करोड़ रुपए का इनपुट टैक्स क्रेडिट प्राप्त किया और उसका उपयोग किया। इस पर संजय शेंडे को सीजीएसटी अधिनियम 2017 की धारा 69(1) के प्रावधानों के तहत केंद्रीय जीएसटी टीम ने 11 अगस्त को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया. सीजेएम अदालत ने आरोपी की 14 दिनों की हिरासत मंजूर कर ली है।

# भूपेश ने छत्तीसगढ़ को कलंकित किया : विजय बघेल

**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के सांसद विजय बघेल ने लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर चली चर्चा में भाग लेते हुए छत्तीसगढ़ सरकार की नाकामियों, बढ़ते अपराध-हिंसा, भ्रष्टाचार, घोटालों की चर्चा करते हुए कांग्रेस नेतृत्व और प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर जमकर हमला बोला।

बघेल ने कहा कि यह बेहद दु:ख की बात है कि छत्तीसगढ़ की पवित्र धरती को कलंकित करने का काम कांग्रेस पार्टी के मुख्यमंत्री ने अपने भ्रष्टाचार और भ्रष्टाचारियों के कारण किया है। बघेल ने इस बात पर खुशी जाहिर की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने जो अनगिनत उपलब्धियाँ हासिल की हैं और जिनके कारण देश आज विश्व में सम्मानित हुआ है, उससे हर देशवासी गर्व का अनुभव कर रहे हैं।

भाजपा सांसद बघेल ने कहा कि आजादी के दीवानों और महापुरुषों ने जो सपने देखे थे, उन सपनों को साकार करने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है। मणिपुर हिंसा पर कांग्रेस के रवैए की चर्चा करते हुए बघेल ने सदन का ध्यान छत्तीसगढ़ के हालात की ओर खींचा और कहा कि राहुल गांधी छत्तीसगढ़ के बस्तर गए थे और वहाँ के आदिवासियों की क्या हालत है ? छत्तीसगढ़ में कहा जाता है कि 'वो हर कका हे, सब झन ल ठगा हे।'

राहुल गांधी द्वारा अपने संबोधन में रावण के अहंकार की चर्चा पर तीखा कटाक्ष कर बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल के पिता कहते हैं, ब्राह्मण कुमार रावण को मत मारो। ऐसे हैं मुख्यमंत्री बघेल के पिता, और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद दीपक बैज इस बात को जान चुके हैं।

बलात्कार की बात करते हुए बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 5055 बलात्कार की घटनाएँ हुई हैं, और



इनमें से 137 बलात्कार अकेले मुख्यमंत्री बघेल के अपने विधानसभा क्षेत्र पाटन में हुआ है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष व सांसद बैज के क्षेत्र में पोटाकेबिन के आदिवासी आवासीय विद्यालय की पहली कक्षा की पाँच वर्ष की आदिवासी मासूम बच्ची के साथ बलात्कार हुआ है। यह छत्तीसगढ़ के आबकारी मंत्री का भी निर्वाचन क्षेत्र है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अभी तक वहाँ गए भी नहीं हैं। आरोपियों पर कार्रवाई भी नहीं होती। बघेल ने कहा कि सर्व आदिवासी समाज और भाजपा के व्यापक विरोध प्रदर्शन और आंदोलन के बाद इस मामले में कार्रवाई की गई। भाजपा सांसद बघेल ने कहा कि आदिवासी बहुल ग्राम पंचायत साबरबार के ग्राम झुमरीडूमर, जिसे पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम ने गोद लिया था, में दो महीने तक राशन नहीं पहुँचा और एक चार सदस्यों का पूरा परिवार भूख के कारण आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो गया। यह हालत है छत्तीसगढ़ की। ये तो कांग्रेस के एटीएम बने हुए हैं। यदि भ्रष्टाचार की कोई स्पर्धा कराई जाए तो मैं दावे के साथ कहता हूँ, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री उसमें अव्वल आएंगे। हर महीने कांग्रेस की तिजोरी में पैसा पहुँच रहा है। कांग्रेस कमेटी अगर चल रही है तो छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री की बदौलत चल रही है। शराब में घोटाला, रेत में घोटाला, कोयला में घोटाला, मुरुम में घोटाला, सीमेंट में घोटाला, डीएमएफ फंड में घोटाला, क्या-क्या घोटाला नहीं किया!

सांसद बघेल ने कहा कि पहले तो चारा घोटाला हुआ करता था, गोबर खरीदकर प्रदेश सरकार वाहवाही लूट रही है। अब तो गोबर में भी घोटाला हो गया, गौमूत्र में भी घोटाला हो गया। और तो और, छत्तीसगढ़ के किसानों को चमकाया-धमकाया जाता है मुख्यमंत्री के निर्देश पर अधिकारियों द्वारा किसानों को चमकाया जाता है कि धूल-मिट्टी की बोरी को वर्मी कम्पोस्ट बताकर जबर्दस्ती किसानों को प्रति एकड़ तीन बोरी, तीन सौ रुपए के हिसाब से 900 रुपए का दादागिरी करके थमाया जाता है।

## निधन

### शकीला बेगम

**खरोरा,** 11 अगस्त। नगर के स्व. डॉक्टर सत्तार साहब पशु चिकित्सक की धर्मपत्नी श्रीमती शकीला बेगम का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। खरोरा निवासी अब्दुल रज्जाक की माताजी थी।



### अलख राम आडिल

**दुर्ग,** 11 अगस्त। ग्राम तेलीगुण्डरा निवासी अलख राम आडिल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार कर दिया गया । वे सनत आडिल एवं राजेन्द्र आडिल के पिता थे।



# समतामूलक समाज के निर्माण में मिनीमाता का योगदान अविस्मरणीय: भूपेश बघेल



**मिनीमाता स्मृति दिवस समारोह में महिलाओं सहित प्रतिभावान बच्चों का हुआ सम्मान**

**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)।छ.ग. की प्रथम महिला सांसद होने का गौरव प्राप्त सतनामी समाज की गुरुमाता स्व. मिनीमाता की 51 वी. पुण्यतिथि पर शुक्रवार को स्मृति दिवस व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी तथा राजश्री सद्भावना समिति के संयुक्त तत्वाधान में राजधानी के शहीद स्मारक भवन में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रदेश की महिला स्व-सहायता समूहो, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं, 10वीं/ 12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों, पत्रकारों सहित नीट व खेल जगत से जुड़ी हुई हस्तियों को मिलाकर 500 से भी अधिक प्रतिभाओं को साल, साड़ी, प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व बुके भेटकर सम्मानित किया गया।इसके पहले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी के 22 नवनिर्वाचित प्रदेश पदाधिकारियों को शपथ दिलवाया।

आयोजन समिति के अध्यक्ष के.पी. खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि प्रात: बड़ी संख्या में समाज के लोग सर्वप्रथम अपनी गुरुमाता को नमन करने पंडरी पहुंचे जहां माता जी की आदमकद प्रतिमा पर श्रद्धा के फूल चढ़कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।मुख्य आयोजन स्थल शहीद स्मारक भवन में मंगल भजनों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ

इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने स्व. मिनीमाता को नमन करते हुए कहा कि शोषण ,भेदभाव तथा अत्याचार से मुक्त समतामूलक समाज के निर्माण में उनका योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता, उन्होंने समाज की उन्नति तथा विकास के लिए निरंतर कार्य किया। मिनीमाता छत्तीसगढ़ की पहली महिला थी जो सांसद बनी थी उन्होंने इस दौरान समाज की उन्नति के साथ-साथ पूरी छत्तीसगढ़ के विकास के लिए कार्य करती रही। उन्होंने लोकसभा में अस्पृश्यता निवारण विधायेक पारित कराने में अपना अमूल्य योगदान दिया था जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकेगा।

अध्यक्षता कर रहे प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने संबोधित करते हुए कहा कि मिनीमाता का पूरा जीवन समाज के शोषित, वंचित लोगों की भलाई के लिए समर्पित रहा । हमारी सरकार मिनीमाता के अधूरे सपनों को पूरा करने का काम कर रही है।

कार्यक्रम को राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष महंत रामसुंदर एवं राजश्री सद्भावना समिति की अध्यक्ष श्रीमती शकुन डहरिया ने भी संबोधित किया।

इस अवसर पर अध्यक्ष के.पी. खण्डे, डॉ.जे आर सोनी, डी.एस. पात्रे, सुंदरलाल जोगी, चेतन चंदेल,आर.के.पाटले, प्रकाश बांधे, चंपादेवी गेंदले, गिरिजा पाटले ,आशा पात्रे, अरुण मंडल, अंजोर दास बंजारे, टिकेंद्र बघेल, सुखनंदन बंजारे, घासीदास कोसले ,डॉ. सुरेंद्र कुर्रे, नंदू मारकंडे, कृपाराम चतुर्वेदी, लाल पुरेना, संतोष महिलांग, गुलाब महिलांग, आसाराम लहरें मानसिंह गिलहरें, सनत गिलहरे, उमा भतपहरी सहित हजारों लोगों उपस्थित थे।

# बीच बाजार युवक पर चाकू से हमला, दो आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)।गुरुवार रात रायपुर शहर में चाकूबाजी की एक घटना हुई।जय स्तंभ चौक स्थित मल्टी लेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स के पिछले हिस्से में एक युवक पर चाकू से हमला किया गया। शास्त्री बाजार की ओर जाने वाली सड़क पर बिरयानी दुकानों के सामने बेखौफ्बदमाश युवक पर ताबड़तोड़ वार करता रहा।काफी देर तक युवक सड़क पर तड़पता पड़ा रहा ।बाद में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया।मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को हिरासत में लेकर उनका जुलूस निकाला ।बताया गया कि संतोषी नगर इलाके का रहने वाला प्रशांत महानंद नाम का युवक घायल हुआ। वो यहां अपने कुछ साथियों के साथ था तभी आसपास के ही कुछ बदमाश किस्म के युवकों से उसकी बहस हो गई।इतने में एक आरोपी ने अपनी कमर में फंसाकर रखा चाकू निकाला और तेजी से प्रशांत की पीठ पर चाकू घोंप दिया। उसने लगातार 4 से 5 बार प्रशांत की पीठ पर चाकू से वार किया। गर्दन पर वार का प्रयास किया।आस.पास मौजूद दुकानदारों की भीड़ ये सब कुछ देखती रही। सभी के मन में यह डर था कि अगर वह रोकने गए तो उन्हें भी बदमाश चाकू मार देंगे या बाद में दुश्मनी निकालेंगे। चाकू के वार सहने के बाद घायल युवक प्रशांत चींखने लगा. सामान मार दिया मेरा खून निकल रहा है ।यह कहते हुए वह सड़क पर गिर पड़ा।चाकू मारने वाला बदमाश भी फौरन वहां से भाग गया कुछ सेकंड बाद भीड़ हिम्मत जुटाकर प्रशांत के पास पहुंची और स्थानीय पुलिस से संपर्क किया। कोतवाली थाने पुलिस की टीम सक्रिय हुई।प्रशांत को पुलिस टीम ही अंबेडकर अस्पताल लेकर गई।उसका इलाज जारी है। फिलहाल सामने आई जानकारी के मुताबिक इसी इलाके के पुराने बदमाश ने चाकूबाजी की इस घटना को अंजाम दिया है। घटना को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी गोलबाजार को आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करन हेतु निर्देशित किया गया।जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन व थाना प्रभारी गोलबाजार के नेतृत्व में थाना गोलबाजार पुलिस की टीम द्वारा घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आस.पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपियों की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।टीम के सदस्यों द्वारा प्रकरण में संलिप्त आरोपियों के छिपने के हर संभावित ठिकानों में लगातार रेड कार्यवाही करते हुए प्रकरण में संलिप्त आरोपी तनवीर हुसैन उर्फतन्नू एवं ताहित हुसैन को पकड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने अन्य साथी विकास के साथ मिलकर उक्त घटना को अंजाम देना बताया गया। जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों का जुलूस भी निकाला।

# जियों का सिम बेचने लगाया स्टॉल, कागजात लेकर खोला फर्जी बैक खाता किया करोड़ों का ट्रांजेक्शन

**4 आरोपी गिरफ्तार**

**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी में एक युवक से करोड़ो की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। गुढ़ियारी निवासी युवक से करोड़ो रुपए की ठगी का शिकार हो गया। ठग ने सिम लेन दिए कागजात लेकर फर्जी तरीके से बैंक खाता खोल किया था करोड़ों का ट्रजेक्शन किया था। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आदर्श नगर निवासी राजेंद्र कुमार भारती ने थाना जाकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह तीन महीने पहले भारत माता चौक के पास जिओ मोबाइल सिम खरीदने स्टॉल लगाया गया था। जहां पर सजू और वैभव शुक्ला ने उसे जियो सिम देने के लिए आधार कार्ड पेन कार्ड फिंगर प्रिंट और पासपोर्ट साईज के फोटो जमा करवाए। जिसके बाद उसे जियो का सिम दिया था। जिसमें दिए गए दस्तावेज से आरोपी ने फर्जी तरीके से उत्कर्ष स्माल फाइनेंश में उसके नाम से खाता खुलवाया था। जिससे वे करोड़ों रुपए का जिक्शन करते रहे। इस बात की जानकारी होने पर राजेंद्र ने इसकी रिपोर्ट गुढ़ियारी थाना में दर्ज कलाई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ420 34 का अपराध दर्ज किया। पुलिस ने रामू और वैभव शुक्ला के निशानदेही पर उसके दो अन्य साथियों को गिरफ्तार किया। खाते में पैसों की लेनदेन को लेकर पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

# जेल जाएंगे प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले के आरोपी

**वापस आने लगा निवेशकों का पैसा**

**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु) ।2006 में हुए प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले में जांच शुरु होने के बाद से परत दर परत चीजें सामने आ रही हैं निवेशकों का पैसा वापस आने लगा है इसे लेकर सीएम भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया दी है ट्वीट करते हुए सीएम ने लिखा है कि ष्प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले की जांच का प्रतिफल मिलने लगा हैण् बैंक के खाते में 28.5 लाख रुपये जमा हुए हैं अभी सारा पैसा लौटेगा। घोटाला करने वाले जेल भी जाएंगे रायपुर स्थित सहकारी बैंक इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक में 2006 में यह घोटला सामने आया था करीब 28 करोड़ के इस घोटाले में बैंक मैनेजर सहित संचालक मंडल के सदस्यों जिनमें ज्यादार महिलाएं शामिल थी उन्हें आरोप बनाया गया था इसमें तत्कालीन सरकार के मंत्रियों और कुछ अफसरों का भी नाम आया था

**कांग्रेस सरकार की मांग पर कोर्ट ने फिर से जांच की दी है अनुमति**

पिछली सरकार के कार्यकाल में जब पुलिस ने इस मामले की चार्जशीट कोर्ट में पेश की तो उसमें नार्को टेस्ट का जिक्र ही नहीं किया था जबकि इस टेस्ट में कई बड़े नामों का जिक्र था इसी वजह से राज्य में सत्ता बदलने के बाद सरकार ने मामले की फिर से जांच करने की कोर्ट से अनुमति मांगी थी वहीं अब कोर्ट में इस मामले की जांच की अनुमति दे दी ह

**भूपेश बघेल ने सार्वजनिक की थी नार्को टेस्ट की सीडी**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष भूपेश बघेल ने वर्ष 2013 में बैंक के तत्कालीन मैनेजर के नार्को टेस्ट की सीडी को सार्वजनिक किया था सीडी में मैनेजर ने डॉ रमन सिंह,अमर अग्रवाल, बृजमोहन अग्रवाल, राजेश मूणत और रामविचार नेताम को एक.एक करोड़ रुपये बांटने का दावा किया था इस खुलासे के बाद बघेल ने मुख्यमंत्री सहित पूरे मंत्री परिषद को नैतिक जिम्मेदारी लेते हुए इस्तीफा देने की मांग की थी दूसरी ओर उस समय सरकार के प्रवक्ता बृजमोहन अग्रवाल ने कहा था कि इस सीडी को न्यायालय में सबूत के तौर पर पेश ही नहीं किया गया है क्योंकि जांच के दौरान बयानों में विरोधाभास मिला था जबकि कांग्रेस नेता ने पत्रवार्ता में बताया था कि बैंक मैनेजर उमेश सिन्हा की सीडी देखने पर साफथा कि उसने बैंक के चेयरमैन रीता तिवारी के आदेश पर मुख्यमंत्री सहित चार कैबिनेट मंत्रियों को एक.एक करोड़ रुपये बांटे थे यही नहींए दिवंगत डीजीपी ओपी राठौर को भी एक करोड़ रुपये दिए गए थे मैनेजर ने खुद एक रुपया भी नहीं लिया था मामला खुलने के बाद चेयरमैन रीता तिवारी आनन फानन में विदेश निकल गई थी

# बच्चे ठान ले बुरी आदतों से दूर रहना है तो उसका जीवन बहुत उज्ज्वल : बृजमोहन



**नशा मुक्ति , ट्रैफिक नियम और हेल्थ पर कार्यशाला**

**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु) ।सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई एवम रायपुर पुलिस के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित जिंदगी न मिलेगी दुबारा कार्यक्रम आज लक्ष्मीनारायण गर्ल्स स्कूल कालीबाड़ी में आयोजित किया गया जिसमें विधायक बृजमोहन अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई के अध्यक्ष ललित जैसिंघ ने बताया आज नशा मुक्ति, ट्रैफिक नियम साथ में हेल्थ एंड हाइजीन पर तीसरे दिन कार्यशाला लगाई गई जिसमे बड़ी संख्या में बच्चे भाग लिए विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने कहा बच्चे अगर ठान ले हमे सभी बुरी आदतों से दूर रहना उस बच्चे को जीवन बहुत उज्ज्वल है और उसको आगे जाने से कोई नही रोक सकता हर बच्चे के जीवन में अनुशासन का रहता अतिआवशक है।

मोटिवेशनल स्पीकर अलक्षेत्रंद्र मोगरे ने बताया अभी सबसे ज्यादा बच्चो को नशे से दूर रहना होगा अभी आपकी उम्र ऐसी है जिसमे अच्छा और बुरा आपको तय करना है आप सभी देश के भविष्य है ट्रैफिक विभाग से टी के भोई ने बच्चो को विस्तार से ट्रैफिक नियम को समझाया बताया पूरे भारत में एक ही ड्राइविंग लाइसेंस का उपयोग किया जा सकता है और पूरे भारत में ट्रैफिक नियम भी एक ही प्रकार के है हम अगर गाड़ी अच्छे से ड्राइव करेंगे साथ में पार्किंग का बोर्ड देखकर पार्क करे। सिग्नल देखकर रुके और चले सभी इसका पालन करे बच्चो से काफी सवाल,जवाब हुआ जिसमे मिस जीनियस अवार्ड दिया गया। आज के आयोजन में विधायक बृजमोहन अग्रवाल,चैंबर महामंत्री अजय भसीन,सिंधी काउंसिल के प्रदेश अध्यक्ष ललित जैसिंघ,कार्यक्रम संचालक अनिल ज्योत्सिंघानी,महेश खिलनानी,राहुल खूबचंदानी एवम अन्य उपस्थित थे।

# अवैध शराब का परिवहन व ब्रिकी करते तीन युवक पकड़ाए



**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। नशे के विरूध्द व्यापक जागरूकता अभियान के तहत थाना मंदिर हसौद मे थाना व एंटी क्राइम यूनिट की टीम द्वारा तीन आरोपियो के कब्जे से कुल 53 पौवा अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन करते जप्ती कार्यवाही की गई है। सूचना पर कि एक व्यक्ति राहूल कुर्रे निवासी रावणभांठा मंदिर हसौद द्वारा एक नीले रंग के राजश्री वाले बैंग मे अवैध शराब रखकर बिक्री हेतु ले जाने साधन का इंतजार करते मंदिर हसौद नकटी रोड पर नहर पुलिया के पास खडा है कार्यवाही कर 32 पौवा अवैध शराब जप्त कर आरोपी को जेल भेजा गया वहीं सूचना पर एक व्यक्ति जिदंल कंपनी कांलोनी के पास रेल्वे लाईन दक्षिण मार्ग मे अवैध शराब की बिक्री कर रहा है सूचना पर सउनि शंकर लाल वर्मा द्वारा हमराह स्टाप रेड कार्यवाही कर आरोपी दीपक बघेल निवासी सेरीखेडी से अवैध शराब बिक्री करते कुल 11 पौवा जप्त कर 34;1 ब आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई।अन्य प्रकरण मे ग्राम कोटराभांठा चैंक के आगे रोड के किनारे एक व्यक्ति अपने हाथ मे सफेद रंग के प्लास्टिक बोरी मे अवैध शराब बिक्री करने की सूचना पर घेराबंदी कर कुल शराब 11 पौवा देशी मदिरा मसाला जप्त कर आरोपी हरीश बांधे निवासी कोटराभांठा के विरूध्द 34;1 ख आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है। अवैध शराब बिक्री एवं अवैध परिवहन के विरूध्द कार्यवाही जारी है

# पुरानी रंजिश को लेकर दो गुटों में मारपीट, हत्या



**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। राजधानी से लगे कुम्हारी में पुरानी रंजिश को लेकर दो गुट आपस में भिड़ गए। उनके बीच हुआ झगड़ा मर्डर तक जा पहुंचा। इसमें कबाड का काम करने वाले 27 वर्षीय कमल खूंटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही कई थानों की पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस जांच में जुटी हुई है।जानकारी के मुताबिक सतनामी समाज के दो गुटों में सर्वोदय ग्रीन सिटी कुम्हारी के पास पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया।झगड़ा इतना बढ़ गया कि वो लोग लाठीए डंडाए हथियार लेकर एक दूसरे को मारने आ गए। दो गुटों में हुए इस खूनी संघर्ष में आरोपी पक्ष ने रायपुर उरला निवासी कमल छूटे के ऊपर धारदार हथियार से पेट, सिर, पीठ और हाथ पैर में इतने वार किए कि वो वहीं पर ढेर हो गया। शुक्रवार तड़के से कुम्हारी सहित भिलाई तीन त्याने के टीआई और सीएसपी छावनी, एएसपी संजय ध्रुवए सीएसपी क्राइम राजीव तिवारी सहित अन्य अधिकारी पहुंचे है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। पुलिस ने शव को पंचनामा कार्रवाई के बाद पीएम के लिए भेज दिया है।

# चार साल में 39,267 नवजातों की मौत

**भाजपा के 4 सांसदों ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से की शिकायत, जांच कर कार्रवाई की मांग**



**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में 39,267 नवजात बच्चों की मृत्यु को लेकर छत्तीसगढ़ के बीजेपी सांसदों ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से शिकायत की है इतना ही नहीं सांसद अरुण साव, विजय बघेल,गोमती साय और गुहाराम अजगल्ले ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है,अरुण साव के लेटरहेड से शिकायत में कहा गया है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में राज्य के उप मुख्यमंत्री टी एस सिंहदेव द्वारा प्रदान की गई जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ में जनवरी 2019 से जून 2023 तक 0 से 5 वर्ष के बच्चों की मृत्यु का आंकड़ा 39,267 है यह अत्यंत चिंताजनक विषय है शिकायत पत्र में सांसदों ने लिखा कि इस आंकड़े से यह स्पष्ट है कि राज्य सरकार नवजात शिशुओं को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करने में पूर्णत: विफल रही है इसी कारण इतने बड़े पैमाने पर मौतें हुई हैं राज्य सरकार लोगों को अच्छी स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में पूरी तरह विफल रही हैण् इतनी बड़ी मौतों की दोषी राज्य सरकार है।सांसदों ने लिखा कि इस अत्यंत गंभीर विषय को संज्ञान में लेते हुए नवजात बच्चों की मृत्यु की समुचित जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। सांसद अरूण साव के नेतृत्व में दुर्ग से बीजेपी सांसद विजय बघेल, जांजगीर चांपा सांसद गुहाराम अजगल्ले, रायगढ़ सांसद गोमती साय ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग से जांच कर कार्रवाई की मांग की

# रविवि सालभर बाद नैक से कराएगा री-एसेसमेंट



**यूनिवर्सिटी को मिली है बी प्लस-प्लस ग्रेडिंग**

**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की नेशनल एसेसमेंट एंड एक्रीडिटेशन काउंसिल नैक की तरफनई ग्रेडिंग दी गई है। विश्वविद्यालय को बी प्लस.प्लस ग्रेडिंग मिली है जो पिछली बार की तुलना में कम है।अभी तक विश्वविद्यालय के पास नैक का ए प्लस ग्रेड था।नैक की तरफ से मिली नई ग्रेडिंग के बाद ही विश्वविद्यालय प्रबंधन री.एसेसमेंट की तैयारी शुरू कर दी है। अभी तक रविशंकर विश्वविद्यालय कभी भी री.एसेसमेंट नहीं करवाया है पहली बार री.एसेसमेंट करवाने की तैयारी कर रहे हैं। नैक के नियम के मुताबिक ग्रेड मिलने के एक साल बाद री.एसेसमेंट के लिए आवेदन किया जा सकता है। नैक टीम की तरफसे प्रस्तुत रिपोर्ट का अध्ययन करने के लिए पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय प्रबंधन टीम बनाने की तैयारी कर रहा है। नैक एसेसमेंट के दौरान जिन.जिन बिंदुओं पर विश्वविद्यालय को कम अंक मिले हैंए उन बिंदुओं पर विशेष ध्यान देकर एक साल के अंदर पूरी कमियों को दूर किया जाएगा। नैक ग्रेडिंग के बाद कुलपति प्रो सच्चिदानंद शुक्ल पहली बार सभी अधिकारी.कर्मचारियों की बैठक ली थी।उन्होंने नैक ग्रेड में आइ गिरावट को सामान्य बताते हुए फिर से दोगुने उत्साह के साथ काम करने की सलाह दिया था।रविशंकर विश्वविद्यालय की ग्रेडिंग गिरने के बाद राजधानी में उच्च शिक्षा के किसी भी संस्थान के पास नैक की टाप ग्रेड नहीं है।अधिकांश संस्थानों को पास बी और सी ग्रेड है।पिछले बार वर्ष 2016 में रविशंकर विश्वविद्यालय का नैक टीम ने मूल्यांकन किया था। तब 3.02 सीजीपीए के साथ ए ग्रेड मिला था।गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में उच्च शिक्षा से जुड़े नौ राजकीय विश्वविद्यालय है। इनमें पंडित सुंदरलाल शर्मा ओपन विश्वविद्यालय बिलासपुर के पास ए प्लस ग्रेड है। इसके अलावा इंदिर गांधी कला संगीत विश्वविद्यालय के पास ए ग्रेड है।

**तैयारियों का नहीं मिला लाभ**

विश्वविद्यालय प्रबंधन नैक ग्रेडिंग के लिए टीम आने से पहले तैयारियों को परखने के लिए माकड्रिल भी करवाया था। नैक की सबसे टाप ग्रेड हासिल करने वाले लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर को बुलाकर अपनी तैयारियों की समीक्षा भी करवाई थीए लेकिन इसका कोई लाभ नहीं मिला। लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने नैक की अच्छी ग्रेडिंग पाने के लिए जिन बिंदुओं को सही करने के लिए गाइड किया था उन्हें सही भी किया गया।नैक टीम आने से एक सप्ताह पहले फाइनल माकड्रिल भी करवाई गई थी।लेकिन नैक ग्रेड बढ़ने के बजाय घट गई है।रविशंकर विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में बी प्लस.प्लस की ग्रेड मिलने से श्रेष्ठ विश्वविद्यालयों की गिनती से बाहर रहेगा। भारत सरकार के मेजर प्रोजेक्ट से बाहर रहेगा। अंकसूची में बी ग्रेड लिखा होगा।इनके अलावा सबसे बड़ा नुकसान राष्ट्रीय उच्च शिक्षा अभियान से मिलने वाले अनुदान में भी कमी हो जाएगी।निजी कंपनियों की तरफसे जो ए प्लस.प्लस नैक ग्रेड की विश्वविद्यालयों से पढ़ने वाले छात्रों को जो अवसर दिया जाता हैए वो रविशंकर विश्वविद्यालय से पढ़ने वाले छात्रों को नहीं दिया जाएगा।

**नैक में ए प्लस प्लस सबसे अच्छी ग्रेड**

नैक ने संस्थानों के मूल्यांकन के लिए कुछ मापदंड तय किए हैं। इसके अनुसार उन्हें ग्रेड दिया जाता है। सबसे टाप ग्रेड ए प्लस प्लस है।कम्यूलेटिव ग्रेड पाइंट एवरेज ;सीजीपीएद्ध के अनुसार ग्रेड दिए जाते हैं।जैसे 3.51. 4.00 सीजीपीए ए प्लस प्लस ग्रेड है।3.26 से 3.50 के लिए ए प्लस ग्रेड।2ण्76 से 3ण्00 बी प्लस प्लस। 2.51.2.75 बी प्लस। 2.01.2.50 बी ग्रेड।1.51.2.0 के लिए ग्रेड सी निर्धारित है।

**री-एसेसमेंट कराएंगे**

कुलसचिव डा शैलेंद्र कुमार पटेल ने कहाए नैक नियमों के मुताबिक एक साल बाद री.एसेसमेंट करवा सकते हैं। हम लोग री.एसेसमेंट करवाने की तैयारी शुरू कर दिए है। एक साल पूरे होने के बाद री.एसेसमेंट करवाएंगे।

# आनलाइन ट्रेडिंग कंपनी के झांसे में आकर टीचर ने गंवाए 22 लाख

**रायपुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। आनलाइन ट्रेडिंग कंपनी में अगर आप पैसे लगा रहे हैं तो सावधान हो जाएं।मोटा मुनाफा कमाने का झांसा देकर लाखों रुपये ठग लिए जा रहे हैं। रायपुर के कोटा निवासी शिक्षक से 22 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई है। टेलीग्राम के जरिए गोल्ड ट्रेडिंग कंपनी में पैसे लगाए थे। सरस्वती नगर थाना और साइबर सेल में इसकी शिकायत दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।गोल्ड ट्रेडिंग में 20 से 30 प्रतिशत मुनाफे का आफर देते हुए टेलीग्राम पर वेबसाइट का लिंक भेजा और अकाउंट खुलवा कर पर्सनल डिटेल हासिल कर ली।

**गोल्ड ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा पाने के चक्कर में गंवा दी जमा पूंजी**

शुरुआत में 50 हजार रुपये इंवेस्ट करने पर ई.मनी के नाम पर 20 से 30 प्रतिशत तक फायदा दिया।उसके बाद वीआइपी.2 कैटेगरी में जोड़ने की बात कहकर दो लाख से ज्यादा जमा करवाए।इसके बाद प्राफिट 200 प्रतिशत तक पहुंच गया तो निवेशक ने रकम निकाली भी। इसके बाद एक.एक कर के शिक्षक ने 22 लाख रुपये तक लगा दिए। कुछ महीनों तक उसके खाते में पैसे ट्रांसफर हुए। इसके बाद अचानक से वेबसाइट बंद हो गई।गोल्ड ट्रेडिंग में मोटा मुनाफा पाने के चक्कर में शिक्षक ने अपनी जमा पूंजी गंवा दी। लेकिन आप ऐसे किसी भी आनलाइन ट्रेडिंग का आफर देने वालों से सावधान हो जाइए।गोल्ड ट्रेडिंग पर शिक्षक ने आंख मूंद कर भरोसा किया। टेलीग्राम में आए मैसेज पर भरोसा कर लिया किसी से बात नहीं की।उसने खुद को सिंगापुर बेस्ड कंपनी बताते हुए ब्रांच दिल्ली और मुंबई में होना बतायाए लेकिन निवेशक ने उसकी सच्चाई नहीं परखी। टेलीग्राम पर भेजे गए लिंक को जांचे बिना उस पर क्लिक कर अपनी डिटेल शेयर की गई।इंवेस्ट करने पर जब पहली बार पैसे फंस गए तो उसे रुक जाना था। लेकिन उसे हासिल करने के लिए जालसाजों के खाते में पैसे भेजता गया।

उल्टा पुल्टा

शिक्षक कक्षा में घुसते ही एक बच्चा बोला- सर क्या आप मुझे उस काम की सजा देंगे जो मैंने किया ही नहीं?

**शिक्षक**- बिल्कुल नहीं, मैं ऐसा क्यों करूंगा।

**बच्चा**- सर, मैं आज फिर होमवर्क करना भूल गया हूं।



# पशुओं के कारण हो रही सड़क दुर्घटनाओं को रोकने करें ठोस पहल : संभागायुक्त



**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। दुर्ग संभाग के आयुक्त महादेव कांवरे ने आज कामधेनु वि.वि. अंजोरा के सभाकक्ष में दुर्ग संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ की बैठक ली। संभागायुक्त श्री कांवरे ने कहा कि सड़कों पर पशुओं के कारण हो रही दुर्घटनाओं के रोकथाम हेतु संभाग के सभी जिलों में कारगर पहल किया जाए। इस दौरान उन्होंने इस संबंध में जिलेवार प्रस्तुत पावरपाइंट प्रेजेटेंशन का अवलोकन किया। आयुक्त श्री कांवरे ने कहा कि समय-सीमा से बाहर वाले राजस्व प्रकरणों के निराकरण पर विशेष ध्यान दिया जाए। इसी प्रकार मुख्यमंत्री की घोषणाओं पर जिले में अमल सुनिश्चित किया जाए। संभागायुक्त श्री कांवरे ने सभी कलेक्टरों को आगामी विधानसभा चुनाव के आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील होने के पूर्व सभी निर्माण कार्य पूर्ण कराने, मतदाता सूची पुनरीक्षण ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

## मतदाता जागरूकता अभियान में युवाओं की महती भूमिका : महादेव कांवरे

**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता अभियान पर विभिन्न आयोजन किये गये।



स्वीप के प्रभारी डॉ. व्ही.के. वासनिक ने बताया कि इसके अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग संभाग के आयुक्त महादेव कांवरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। छात्राओं को संबोधित करते हुये उन्होनें कहा कि युवा वर्ग मतदाता जागरूकता अभियान के लिये सक्रिय भूमिका अदा करें तथा समाज में प्रजातान्त्रिक व्यवस्था की सफलता के लिये अधिक से अधिक मतदाता अपने मतों का प्रयोग करें एवं उसके महत्व को समझें। इसके लिये विद्यार्थी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अभियान चलाये। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

# सदस्य समितियों को 2.46 करोड़ का लाभांश देगा जिला सहकारी बैंक



**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग, की 108वाँ वार्षिक साधारण सभा की बैठक आज बैंक के प्रधान कार्यालय दुर्ग में बैंक के प्राधिकृत अधिकारी राजेन्द्र साहू की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में बैंक से सम्बद्ध सहकारी समितियों के बैंक प्रतिनिधियों ने आमसभा में भाग लिया। आमसभा की कार्यवाही प्रारंभ करते हुए अध्यक्ष द्वारा बैंक के प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए कहा कि वर्ष 2022-23 में बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड के निर्धारित मापदण्डों के अनुसार अंकेक्षण में "अ" वर्ग प्राप्त किया है। आमसभा में मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा अनुरुप बैंक की 9 नवीन

■ **बैंक की वार्षिक आमसभा में प्राधिकृत अधिकारी राजेन्द्र साहू की अध्यक्षता में निर्णय**

प्रस्तावित शाखा एवं बैंक के कार्यक्षेत्र में 15 नये एटीएम खोले जाने का प्रस्ताव की जानकारी दी गयी।

आमसभा में बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अपेक्षा व्यास ने बैंक के वार्षिक प्रतिवेदनो का वाचन किया जिसमें वर्ष 2022-23 में राशि 100.49 करोड़ का सकल लाभ अर्जित किया गया है, जो बैंक के इतिहास में किसी एक वर्ष में सर्वाधिक लाभ है। बैंक द्वारा सभी आवष्यक प्रावधान करते हुए शुद्ध लाभ 33.29 करोड़ अर्जित किया। बैंक द्वारा अपने सदस्य समितियों को 2.46 करोड़ रु. लाभांश भुगतान करने का निर्णय वार्षिक आमसभा में लिया गया। पूर्ववर्ती जिला सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का आज गोंडवाना भवन में संभागीय समागम



**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा ने कल 12 अगस्त को गोंडवाना भवन सिविल लाईन में दुर्ग संभाग स्तरीय सामाजिक समागम एवं समाज प्रमुखों का सम्मान समारोह आयोजित किया जायेगा। इस तरह का प्रदेश में यह पहला आयोजन होगा। कल सुबह 11 बजे आयोजित समागम का उद्घाटन होगा। पूर्व मुख्यमंत्री एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया पिछड़ा वर्ग मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के. लक्ष्मण भाजपा छत्तीसगढ़ सहप्रभारी नितिन नवीन, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष अरूण साव, राज्यसभा सांसद डॉ. सरोज पाण्डेय, सांसद विजय बघेल, पिछड़ा वर्ग के राष्ट्रीय महासचिव संगम लाल गुप्ता, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के छत्तीसगढ़ प्रभारी वेलभाई मसानी के अलावा बड़ी संख्या में केन्द्रीय एवं प्रांतीय नेता उपस्थित रहेगें। उक्त महासमागम तथा बुजुर्ग सम्मान कार्यक्रम का आयोजन पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भरत वर्मा, एवं उपाध्यक्ष गजेन्द्र ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

## एमआईसी की बैठक में शहर के 30 स्थानों पर बैडमिंटन कोर्ट, पोटिया वार्ड में अर्बन इंडस्ट्रीयल पार्क निर्माण का प्रस्ताव पारित

**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। नगर निगम में आज डाटा सेंटर सभागार में मेयर इन काउंसिल की बैठक महापौर धीरज बाकलीवाल की अध्यक्षता व आयुक्त लोकेश चंद्राकर एवं एमआईसी सदस्यों और अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। बैठक में 25 एजेंडों पर बारी.बारी चर्चा की गई। सभी विषयों पर विचार विमर्श कर एजेंडावार निर्णय लिया गया। इस दौरान एमआईसी सदस्य अब्दुल गनी, संजय कोहले, ऋषभ जैन, दीपक साहू, भोला महोबिया, हमीद खोखर, सत्यवती वर्मा, जमुना साहू, शंकर ठाकुर, मनदीप सिंह भाटिया, उपायुक्त मोहेंद्र साहू, कार्यपालन अभियंता आरके पांडेय, गिरीश दीवान, आरके बोरकर आदि मौजूद रहे।



बैठक में विशेष रूप से महात्मा गांधी अर्बन इंडस्ट्रियल पार्क युआईपीए अंतर्गत स्वीकृत डीपीआर की पुनरीक्षित स्थल की स्वीकृति की गई। पुलगांव में भूमि की अनुपलब्धता है इस कारण संशोधित स्थल पोटिया वार्ड क्रमांक 54 को स्वीकृत की गई। विधायक अरुण वोरा द्वारा मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप निगम शहर क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्थानों पर 30 बैडमिंटन कोर्ट बनाए जाने के लिए प्रस्ताव किया गया। इसके अलावा ठगड़ा बांध के पास पूर्व में जारी कार्यादेश स्थल परिवर्तन कर ठेकेदार के सहमति पत्र अनुसार नवीन स्थल का कार्यादेश वार्ड 53 में 132 यूनिट आवास के पास 10 सीटर शौचालय का निर्माण एवं 30 वर्ष तक संचालन संधारण कार्य किया जाना हैं। वार्ड 52 बोरसी सांस्कृतिक भवन निर्माण और अधोसंरचना मद अंतर्गत वार्ड 30 एवं 32 नूर मिर्ची लाइन में भवानी बुक डिपो से काली मंदिर रोड तक, वार्ड 1 व 33 में डामरीकरण संधारण कार्य, वार्ड 34, 60 में डामरीकरण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित किया जाना है स्पैरों साफ्टटेक प्रा.लि. को छत्तीसगढ़ शासन ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

## तृतीय वर्ग कर्मचारी ने सीएम के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ दुर्ग ने आज मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि शिक्षकों के पदोन्नति आदेश में जिस तरह से संयुक्त संचालक शिक्षा द्वारा मनमाना संशोधन किया गया उस संशोधन को निरस्त किया जाये और पुन: काउंसिलिंग के माध्यम से पारदर्शिता के साथ पदोन्नति आदेश जारी किया जाये। इसके साथ ही जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शिक्षकों के मनमानी पदोन्नति में भ्रष्टाचार किया है उन सभी को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जायें।

ज्ञापन में बताया गया है कि प्रदेश के सभी शिक्षा संभाग में संयुक्त संचालकों द्वारा शिक्षकों की पदोन्नति आदेशों में नियम विरूद्ध संशोधन कर अपात्र शिक्षकों को पदोन्नति दे दी गई और उसकी वजह से पात्रता रखने वाले शिक्षकों के साथ ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

## उत्साह उमंग से मनाया गया गुरुदेव का 65 वां अवतरण दिवस







**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। प्रज्ञानालय क्रियायोग आश्रम पद्मनाभपुर में अध्यक्ष टी के कुम्भज ने बताया कि 10 अगस्त गुरुवार को प्रज्ञानालय क्रियायोग आश्रम में सदगुरू परमहंस प्रज्ञानानंद महाराज का 65 वां अवतरण दिवस उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में क्रियायोगी शामिल हुए। गुरूदेव के जन्मोत्सव कार्यक्रम में पूर्णतः सनातनी परम्परा का पालन किया गया। सनातनी परम्परा का अनुसरण करते हुए 65 दीपक प्रज्वलित किये गये वहीं केक की जगह मिष्ठान्न व फल का भोग लगाया गया। इसके साथ ही महामृत्युंजय मंत्र का पाठ भी किया गया। वही सत्संग ए भजन व कीर्तन का आयोजन हुआ ततपश्चात सामूहिक ध्यान, आरती किया गया। तत्पश्चात गुरुदेव के अवतरण दिवस के उपलक्ष्य में महाप्रसादी का वितरण हुआ।

आश्रम की संचालिका धरानंदगिरि ने बताया कि गुरुदेव के जन्मदिन के अवसर पर आश्रम के 5 क्रिया ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

## मोतीलाल वोरा की प्रतिमा का अनावरण 14 को करेंगे सीएम

**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। अविभाजित मध्यप्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री, राज्यपाल केन्द्रीय मंत्री सहित दर्जनों पदों पर रहकर जनसेवा करने वाले राजनेता मोतीलाल वोरा की आदमकद प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 14 अगस्त को शाम 5 बजे करेगें। प्रतिमा स्थल राजेन्द्र पार्क चौक पर आयोजन की तैयारियां की जा रही है।



उल्लेखनीय है कि दिवंगत नेता मोतीलाल वोरा ने अपने कैरियर की शुरूआत दुर्ग से पत्रकार से शुरू करते हुए नगर पालिका के पार्षद और फिर सन् 72 से लगातार सन् 1993 तक दुर्ग विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित होते रहे। श्री वोरा ने दुर्ग से दिल्ली तक राजनीतिक का लंबा सफर तय किया है किंतु दुर्ग से उनकी आत्मीयता हर दौर में बनी रही है।

## नवदृष्टि फाउण्डेशन ने की जिला अस्पताल में अफरेसिस मशीन लगाने की मांग, कलेक्टर को ज्ञापन

**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। नवदृष्टि फाउण्डेशन के एक प्रतिनिधि मंडल ने आज कलेक्टर पुष्पेन्द्र मीणा से मिलकर जिला अस्पताल में अफरेसिस मशीन (एसडीपी मशीन) स्थापित करने की मांग की है। इस मशीन से मरीज को लगातार 60 हजार की प्लेटलेट्स की आपूर्ति की जा सकती है। कलेक्टर ने इस पर उचित कार्रवाई का भरोसा प्रतिनिधि मंडल को दिया है।



प्रतिनिधि मंडल ने बताया कि कुछ वर्ष पूर्व जिले में डेंगू की चपेट में आकर अनेक लोगों की मौत हो गई थी। उसे ध्यान में रखते हुए उक्त मशीन को जिला अस्पताल में स्थापिक करना बेहद जरूरी है। इससे रक्तदाता की खोज में मरीजों के परिजनों को भटकना नहीं पड़ेगा। मरीजों की जान भी बचाई जा सकेगी।

ज्ञापन सौंपने वालों में नवदृष्टि फाउण्डेशन के कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, रितेश जैन, अभिजीत पारख, जितेन्द्र कारिया, सहित अनेक कार्यकर्ता शामिल थे।

## हेमचंद यादव विवि में प्रवेश

**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। हेमचंद यादव वि.वि., दुर्ग में स्नातक स्तर के प्रथम वर्ष तथा स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर की कक्षाओं में सत्र 2023-24 में प्रवश हेतु विश्वविद्यालय का ऑनलाईन पोर्टल आज 12 अगस्त को रात्रि 12 बजे बंद हो जायेगा। इसके पश्चात् 13 अगस्त को सभी महाविद्यालय अपने यहां रिक्त उपलब्ध सीटों के आधार पर अंतिम मेरिट प्रवेष सूची जारी करेंगे। मेरिट सूची में स्थान प्राप्त सभी आवेदकों को 14 अगस्त तक प्रवेष लेना अनिवार्य होगा। यह जानकारी देते हुए वि.वि. के कुलसचिव, भूपेन्द्र कुलदीप तथा अधिष्ठाता छात्र कल्याण, डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से बताया कि जो विद्यार्थी महाविद्यालयों में नियमित रूप से प्रवेश लेना चाहते हैं वे अंतिम तिथि 12 अगस्त के पूर्व अपना ऑनलाईन आवेदन जमा कर दें। 12 अगस्त के पश्चात् किसी भी परिस्थिति में प्रवेश पोर्टल ओपन नहीं होगा तथा आवेदन न करने वाले विद्यार्थियों को प्रवेष हेतु 1 वर्ष तक इंतजार करना होगा।



डॉ. श्रीवास्तव ने बताया कि अंतिम चरण में महाविद्यालयों में प्रवेश संख्या में तेजी आयी है। शासकीय विष्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग मे बीएससी प्रथम वर्ष गणित को छोड़कर शेष सभी कक्षाओं की सीटें पूर्ण रूप से भर चुकी है। इसी प्रकार शासकीय वा वा पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग में भी छात्राओं ने बड़ी संख्या में प्रवेश लिया है। अन्य महाविद्यालयों में लगभग 60-70 प्रतिशत् सीटें भर चुकी है। वही निजि महाविद्यालयों में 50 प्रतिशत् सीटें ही भर पायी है।

इस बीच विश्वविद्यालय द्वारा दोनों स्वशासी महाविद्यालयों शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग तथा शासकीय दिग्विजय स्वशासी महाविद्यालय, राजनांदगांव में स्नातक प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थी का वि.वि. में नामांकन हेतु पोर्टल 10 अगस्त से 18 अगस्त तक खोला गया है। सभी विद्यार्थी निर्धारित शुल्क जमा कर ऑनलाईन रूप से नामांकन हेतु आवेदन कर सकते हैं। 18 अगस्त के पश्चात् विश्वविद्यालय के अन्य महाविद्यालयों के विद्यार्थियों हेतु नामांकन पोर्टल ओपन किया जायेगा। अभी 18 अगस्त तक केवल स्वशासी महाविद्यालय के विद्यार्थी ही ऑनलाईन नामांकन आवेदन कर सकेंगे।

## विकास कार्य के लिए 7 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति

**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर पुष्पेंद्र कुमार मीणा द्वारा जनपद पंचायत पाटन एवं धमधा में सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजनांतर्गत सांसद विजय बघेल की अनुशंसा पर 2 निर्माण कार्यो के लिए 7 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत पाटन के शासकीय कन्या स्कूल, तर्रा में 2 सेट भारोत्तोलन सामग्री हेतु 2 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति की गई है। इसी प्रकार जनपद पंचायत धमधा के ग्राम मेडेसरा में सीसी रोड निर्माण हेतु 5 लाख रुपए की स्वीकृति की गई है।

## पॉलीटेक्निक कॉलेज में पीपीटी, नान पीपीटी एवं लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश प्रारंभ

**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। उदय प्रसाद उदय शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग में संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमों के प्रथम सेमेस्टर में पीपीटी व नान. पीपीटी तथा लेटरल एंट्री के माध्यम से सत्र 2023-24 में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। आबंटित संस्था में प्रवेश प्रक्रिया 18 अगस्त 2023 से आरंभ होगी। उप्रउ शासकीय पॉलीटेक्निक दुर्ग के प्राचार्य से मिली जानकारी अनुसार प्रवेश के समय विद्यार्थी ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन की प्रति, पीपीटी का स्कोर कार्ड ;डिप्लोमा इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के लिएद्धए अंकसूची ;दसवीं, बारहवीं, आईटीआई अनु. जनजाति/अनु.जाति/अपिव के लिए स्थाई जाति प्रमाण.पत्र, अनु. जनजाति/अनु. जाति/अपिव के छात्र यदि शिक्षण शुल्क में छूट प्राप्त करना चाहते हैं तो सत्र 2022-23 का समस्त स्त्रोतों से पालक की आय प्रमाण.पत्र, स्थानांतरण प्रमाण.पत्र, यदि कोई छात्र स्वतंत्रता संग्राम सेनानीए सैनिक अथवा नि:शक्तजन की सीट प्राप्त करता है तो उससे सम्बन्धित निर्धारित प्रपत्र में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण.पत्र, मूल निवासी प्रमाण.पत्र माइग्रेशन प्रमाण.पत्र, गेप सर्टिफिक्रेट ;पढ़ाई के दौरान कोई व्यवधान उपस्थित हुआ हो, आधार कार्ड, बैंक पास बुक के प्रथम पेज की फोटो कापी, स्वयं का तीन पासपोर्ट साईज का रंगीन फोटो इत्यादि दस्तावेजों के साथ उपस्थित होंगे।

## शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर कॉलेज में संगीत महाविद्यालय का लोकार्पण

**दुर्ग**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर यादव स्वशासी महाविद्यालय, दुर्ग में शासकीय संगीत महाविद्यालय का लोकार्पण विधायक अरूण वोरा के करकमलों द्वारा किया गया। इस लोकार्पण कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी, अपर संचालक, उच्चशिक्षा क्षेत्रीय कार्यालय दुर्ग संभाग, दुर्ग ने की।

कार्यक्रम में संगीत महाविद्यालय की प्रभारी डॉ. के.पद्मावती, जनभागीदारी के आयुष शर्मा, राजेश शर्मा, देवेन्द्र शर्मा एवं नव उद्घाटित संगीत महाविद्यालय के नव नियुक्त प्राध्यापकगण खुशी, (नृत्य) वेदांत सिंह (संगीत) एवं उत्तम कुमार साहू (शास्त्रीय गायन) तथा प्रियंका यादव के साथ ही सभी नवप्रवेषित विद्यार्थीगण उपस्थित रहें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण वोरा ने



कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि इस महाविद्यालय में संगीत की कमी थी, जिसे आज पूर्ण किया गया, उन्होंने शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय एवं महिला महाविद्यालय दुर्ग हेतु कक्षाओं के निर्माण के लिये 1 करोड़ 48 लाख रूपये शासन से दिलाये जाने की घोषणा की। शासकीय वा.वा. पाटणकर कन्या महाविद्यालय, दुर्ग के संगीत के प्राध्यापक मिलिंद ने कहा कि इस महाविद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों में अब संगीत का स्वर भी गूजेंगा, जिससे महाविद्यालय में स्वस्थ्य भावनाओं का संचार होगा। इस कार्यक्रम के साथ ही श्री वोरा ने महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एन.सी.सी. के तत्वावधान में आयोजित मेरा माटी मेरा देष कार्यक्रम के अंतर्गत अमृत वाटिका का निर्माण तथा पंच प्रण की प्रतिज्ञा दिलायी गयी। इसके पश्चात् राष्ट्रीय सेवा योजना छात्रा इकाई एवं वनस्पति विज्ञान के स्वयं सेविकाएँ एवं छात्र-छात्राओं द्वारा महाविद्यालय परिसर में अपशिष्ट पदार्थों से स्वनिर्मित गमलों का निर्माण कर पौधा रोपण करके प्रदर्शन सह विक्रय किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आर.एन. सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ➤➤ *शेष पृष्ठ 9 पर* ➤

## गुरूर में व्यवहार न्यायालय खुलवाने विधायक को ज्ञापन



**गुरूर**, 11 अगस्त (देशबन्धु)। गुरूर मे व्यवहार न्यायालय खुलवाने के लिए विधायक संगीता सिन्हा को ग्राम कनेरी निवासी अधिवक्ता जयप्रकाश साहू ने ज्ञापन सौपा है।

ज्ञापन मे कहा गया है कि गुरूर मे व्यावहार न्यायालय की आवश्यकता है, गुण्डरदेही, डौण्डी, डौण्डीलोहारा मे व्यवहार न्यायालय है, गुरूर भी तहसील और घनी आबादी वाला क्षेत्र है, जिसमे लोगो को व्यवहार न्यायालय की आवश्यकता है। बालोद गुरुर से दूर होने की वजह से और स्थानीय लोगो का प्रकरण के निराकरण के लिए काफी समय लगता है, इसलिए गुरूर मे व्यवहार न्यायाल खुलने से लोगो की परेशानी कम हो जाएगी और साथ मे लोगो की जल्दी न्याय मिलेगा।

# निगम करेगी दुकानदारों को गमले में पौधा वितरण



**भिलाईनगर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के बाजार क्षेत्र को हरा भरा करने व खुबसुरत बनाने के लिए नगर पालिक निगम भिलाई, चेम्बर आफ कॉमर्स एवं व्यापारिक समिति के सहयोग से बड़े बाजार क्षेत्र के दुकानो के सामने रखने गमले में पौधा का वितरण करेगा यह अभियान 15 अगस्त से होगा प्रारंभ। आयुक्त रोहित व्यास ने निगम सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा की राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त से निगम क्षेत्र के व्यापारियों के सहयोग से शहर के बाजार क्षेत्र के दुकानों के सामने गमले में पौधा रखने के अभियान की शुरूवात किया जाना है। जिसके लिए चेम्बर आफकॉमर्स तथा व्यापारिक समिति से निगम द्वारा आवश्यक सहयोग लिया जायेगा। शुरूवात में आकाशगंगा, सुपेला, गोल मार्केट वैशाली नगर, सर्कुलर जवाहर मार्केट पावर हाउस, न्यू खुर्सीपार मार्केट तथा ए मार्केट सेक्टर 6 के दुकानों को इस अभियान में शामिल किया जाएगा। दुकानदार अपने दुकान के सामने गमले में पौधा रखेगें ताकि मार्केट क्षेत्र हरा भरा और खुबसुरत दिखे। उन्होने जोन आयुक्तों से कहा की सड़क प्रकाश व्यवस्था का जायजा लेकर बंद पड़े लाईट को बदल कर मार्ग को प्रकाशमय बनाएं विशेष रूप से जीर्णईग्रोड को तत्काल रोशनी से युक्त करें। आयुक्त श्री व्यास ने 14वें एवं 15वें वित्त आयोग के मद से चल रहे कार्यो की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देश दिए की प्रगतिरत कार्य को शीध्र पूर्व करे तथा अप्रारंभ कार्यो को इसी माह प्रारंभ कर लें। उन्होने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में इस बात पर जोर दिया कि जोन आयुक्त ये सुनिश्चित कर ले कि जोन क्षेत्र के वार्ड से निकलने वाले कचरे का निष्पादन उसी जोन में स्थापित एस.एल.आर.एम. सेंटर में ही हो। मतदान केन्द्रो का भ्रमण कर केन्द्रो में लाईट, पानी, रैम्प, शौचालय की स्थिति दुरूस्त कर लेवें। मुख्यमंत्री स्कुल जतन योजना के कार्यों की प्रगति से अवगत होकर अपूर्ण कार्य को शीध्र पूर्ण करने के निर्देश भी दिए है। बैठक में अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, अधीक्षण अभियंता दीपक जोशी, संजय बागड, जोन आयुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता, उपअभियंता एवं विभाग प्रमुख आदि उपस्थित थे।

**18 को निगम के मुख्य कार्यालय में होगा आवास आबंटन**

**भिलाईनगर।** मोर मकान मोर आस प्रधानमंत्री आवास योजना के पात्र हितग्राही को दस प्रतिशत अंशदान राशि जमा कर 18 अगस्त को होने वाले लॉटरी पद्धति के आबंटन प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा। प्रधानंत्री आवास योजना के अंतर्गत मोर मकान मोर आस घटक अंतर्गत शासन से स्वीकृति विभिन्न स्थलों में निर्मित व निर्माणाधीन आवासों के आबंटन हेतु जिला स्तरीय समिति के अनुमोदन पश्चात हितग्राहियों से 10 प्रतिशत अंशदान की राशि जमा कराया गया है एवं मोर मकान मोर चिन्हारी घटक अंतर्गत जिन हितग्राहियों द्वारा समानुपातिक अंशदान की राशि एकमुश्त जमा कर दिया गया है। ऐसे सभी हितग्राहियों का 18 अगस्त को सुबह 10:30 बजे निगम मुख्यालय सुपेला मे लॉटरी पद्धति से आवास आबंटन किया जाना है। आवास आबंटन हेतु हितग्राही योजना शाखा से लॉटरी सूचना पत्र प्राप्त कर लेवे। पात्र आवेदक 16 अगस्त तक आवास का अंशदान की राशि जमा कर लॉटरी में सम्मिलित हो सकते है। निर्धारित तिथि के पश्चात राशि जमा करने पर आगामी लॉटरी में शामिल किया जावेगा। लॉटरी में शामिल होने हेतु हितग्राही अपना अंशदान जमा रसीद की मूलपति, मूल आधार कार्ड, आवेदन पत्र की पावती तथा लॉटरी का सूचना पत्र के साथ निर्धारित स्थल एवं समय में स्वंय उपस्थित रहेंगे। हितग्राही यदि दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकजन हो तो प्रमाण पत्र की मूल प्रति आवास शाखा कक्ष क्रंण् 16 में पुष्टि हेतु 16 अगस्त तक प्रस्तुत करेंगे। अन्य जानकारी हेतु निगम भिलाई के मुख्य कार्यालय के कक्ष-16 प्रधानमंत्री आवास शाखा के प्रभारी अधिकारी विद्याधर देवांगन से संपर्क कर सकते है।

# कुम्हारी में चाकू से गोदकर युवक की हत्या




**भिलाईनगर/कुम्हारी,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम चोरहा में बीती रात्रि शराब पीने का दौर हुए विवाद के बाद। 3 लोगों ने मिलकर एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी। मिली सूचना पर से कुम्हारी पुलिस के द्वारा अपराध कायम कर तीन लोगों को हिरासत में लेकर पुछताछ कर रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय ध्रुव ने बताया कि कल रात को रामपुर ग्राम चोरहा में कल रात को चार-पांच युवक शराब पी रहे थे। इसी दौरान आपस में विवाद हो गया विवाद इतना बढ़ गया कि तीन लोगों मिलकर कमल खूँटे 27 वर्ष निवासी रामपुर चोरहा ग्राम के ऊपर टूट पड़े। चाकू से उसके ऊपर कई घातक वार किए। जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस के द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया है और पूरे मामले के संबंध में पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि मृतक एक दिन पूर्व ही एक पुत्री के पिता बने थे।

## फांसी लगाकर आत्महत्या

**भिलाई-3** में शुक्रवार की सुबह युवक द्वारा आत्महत्या की घटना से सनसनी फैला गई। सूचना मिलते ही पुरानी भिलाई थाना प्रभारी मनीष शर्मा मौके पर पहुंचे। शव का पंचनामा कर सुपेला शासकीय अस्पताल मर्चयुरी में रखवाया गया है। पुरानी भिलाई थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक का नाम सुखीराम रावत 32 वर्ष, निवासी बागडूमर थाना नंदनी थाना है। मृतक ने फांसी किन कारणों से लगाई है, उसकी जांच की जा रही है। आज शुक्रवार की सुबह पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र के एसडीएम न्यायालय परिसर की बाउंड्रीवाल के लोहे के एंगल में पीले कलर के नायलान की रस्सी से मृतक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सुबह तकरीबन 8 बजे सुचना पर पुरानी भिलाई थाना प्रभारी मौके पर पहुंचकर मर्ग कायम कर घटना की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार पोस्टमार्डम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# हर वर्ग के लिए होगा भवन : ताम्रध्वज

**भिलाईनगर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। दुर्ग ग्रामीण विधायक व प्रदेश के लोकनिर्माणए गृह एवं कृषि मंत्री ताम्रध्वज साहू का प्रयास धरातल पर नजर आ रहा है। रिसाली निगम क्षेत्र में जल्द ही 19 सामुदायिक भवन बनाया जाएगा। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने बताया कि निर्माण कार्य में 1 करोड़ 90 लाख की राशि खर्च की जाएगी। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने जानकारी दी कि पूर्व में मंत्री जी के विशेष प्रयास से निगम क्षेत्र में सांस्कृतिक भवन बनाने और स्कूलों में अतरिक्त कक्ष बनाने शासन ने राशि स्वीकृत की है। निर्माण कार्य के लिए कार्य आदेश भी जारी किया जा चुका है। इसी क्रम में अब 12 वार्ड में सामुदायिक भवन बनाने टेंडर प्रक्रिया की गई है। उन्होंने बताया कि वार्ड भ्रमण के दौरान अलग.अलग समाज प्रमुखों ने वार्डो में भवन बनाने की मांग की थी। दरअसल श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र से लेकर पॉश कालोनी में निगम की भूमि नहीं होने के कारण बड़ा सांस्कृतिक भवन बनाने की योजना अधर में अटकी हुई है। इसे देखते हुए 12 वार्डो में अलग.अलग समाज विशेष के लिए सामुदायिक भवन बनाने प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। जो स्वीकृत हो चुका है। इससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा।



**प्रत्येक भवन के लिए 10 लाख**

आयुक्त ने बताया कि प्रत्येक सामुदायिक भवन 10 लाख की लागत से बनाया जाएगा। वार्ड 02 रूआबांधा उत्तर दशहरा मैदान के पासए झिरिया तालाब के पास और एस एल आर एम सेंटर के पास सामुदायिक भवन का निर्माण किया जाएगा। इसी तरह वार्ड 7 रिसाली सेक्टर पूर्व मेंए वार्ड 15 मौहारी मरोदा में शिव हनुमान मंदिर के पासए वार्ड 16 बीआरपी कालोनी उचित मूल्य की दुकान के पास ए अगुनू राम ठाकुर के घर के पास ए वार्ड 19 विजय चोक में आंगन बाड़ी के पास ए वार्ड 20 शंकर पारा स्टेशन मरोदा बृजेश सोनी के घर पास ए मिनीमता तालाब के पास और हनुमान मंदिर के पासए वार्ड 21 सूर्या नगर आंगन बाड़ी के पासए वार्ड 29 लक्ष्मी नगर रिसाली आक्सिजोंन के बगलए वार्ड 30 इस्पात नगर रिसाली में साई मंदिर परिसर मेंए वार्ड 31 शहीद किरण देशमुख वार्ड ए भूपेश ठाकुर घर के पासए वार्ड 33 नेवई बस्ती पूर्व यादव मोहल्ला ए वार्ड 39 एन एस पी सी एल पुरैना जागृति चौक और वार्ड 40 पुरैना बस्ती वैष्णव मंदिर के पास सामुदायिक भवन बनाया जाएगा।

# जामुल में बिना भेदभाव के हो रहे विकास कार्य : ठाकुर



**भिलाईनगर,** 11 अगस्त (देशबन्धु) नगर पालिका जामुल में मुलभुत कार्यों पर विशेष रूप से कार्य किया जा रहा है । चाहे वो पानी हो, बिजली हो, सफाई हो संबंधित विभागों को उक्त कार्यों हेतु विशेष निर्देश दिया गया है। उक्त बातें नपाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर ने कही। उन्होनें वार्ड -5 के आम जनता के सुझाव पर दो साल से बंद बड़े बोर को पुनः चालु करने की बात कही। श्री ठाकुर वार्ड में पहुंचकर स्वयं निरीक्षण किया एवं अधिकारियों को निर्देश कर तत्काल उक्त बोर में मोटर डलवाकर पेयजल व्यवस्था का अतिरिक्त सुविधा वार्डवासियों के लिए उपलब्ध कराया । नपा अध्यक्ष श्रीठाकुर ने नगर के आम जनता से अपील किया कि मुलभुत सुविधा हेतु आपस भी का सुझाव और सलाह भी आवश्यक है । क्योंकि किसी भी नगर की पहचान उस क्षेत्र के लोगों की जागरूकता से बनता है ताकि नगर में आवश्यक व्यवस्थासुचारू रूप से चलता रहे और लोगों को अपेक्षानुसार प्राथमिक सुविधा मिलता रहे । उक्त कार्य के दौरान वरिष्ठ नेता लेखराम साहू, गणमान्य नागरिक बंशी साहू, श्री शर्मा, रामरतन, दिनेश कुमार सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

## जिलाधीश को सौपा ज्ञापन

**भिलाईनगर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। सुपेला गदा चौक शराब दुकान हटाने के लिए युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष मदन सेन पारस जंघेल जनहित संघर्ष समिति के संयोजक शारदा गुप्ता के नेतृत्व में पुनः कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। मदन सेन व समिति के संयोजक शारदा गुप्ता ने कहा कि कि इतने लंबे समय से शराब दुकान हटाए जाने की मांग जनता द्वारा की जा रही है। युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष मदन सेन ने कहा कि आम जनमानस की भावनाओं का ध्यान रखते हुए शराब दुकान शीघ्र से शीघ्र हटाया जाना चाहिए। युवा शक्ति संगठन के निरंतर आंदोलन धरना प्रदर्शन करते आ रहे हैं। मगर अभी तक स्थानांतरित नहीं किया गया। समिति के उक्त दोनों पदाधिकारियों ने कहा कि कलेक्टर ने आश्वासन दिया है कि शराब दुकान हटाने पहल कर रहे हैं। युवा शक्ति संगठन के अध्यक्ष मदन सेन व शारदा गुप्ता ने कहा कि शराब दुकान ऐसे जगह स्थानांतरित की जाए जहां किसी भी आम लोगों को तकलीफ न हो।

# सांसद विजय ने लोकसभा में उठाया प्रदेश का मुद्दा

**भिलाईनगर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। लोकसभा के मानसुन सत्र में दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल ने छत्तीसगढ़ का मुद्दा उठाते हुए कहा कि मैं उस राज्य से आता हूं भगवान श्री राम की माता की कौशल्या जी का मंदिर है और हमारे छग के बहुत ही भोले भाले सरल लोग है। आदिवासी बहुल क्षेत्र है। उन्होनें कहा कि छग की पावन भूमि में भ्रष्टाचार किया जा रहा है। आजादी के दीवानों ने मां भारती के सपुतो ने जो सपना देखे थे उन सपनों को साकार करने का आकार देने का काम किसी ने किया है तो वे मोदी जी ने किया है। सांसद श्री बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ के किसानों को धुल मिटटी की बोरी को कम्पोस्ट बोल कर जबरदस्ती दी जा रही है। किसानों को कहा जाता है कि नहीं लेने पर हम युरीया नहीं देंगे पोटाश नहीं देंगे कहत। दूसरी तरफ़ प्रधानमंत्री 10 लाख करोड़ रुपए की सब्सिडी किसानों को देकर उसी किमत पर पहुंचा रही है। सांसद विजय बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार किसान विरोधी, मजदूर विरोधी, आदिवासी विरोधी है । कोयला घोटाला, शराब घोटाला, रेत घोटाला, मुरुम घोटाला, सीमेन्ट घोटाला का आरोप सांसद ने लगाया। सांसद विजय बघेल ने सदन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनेगा।



# बीएसपी के 3 अधिकारियों को सेल कारपोरेट अवार्ड



**भिलाईनगर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। सेल के कार्यपालक अधिकारियों को वर्ष 2021-22 में क्षेत्र विशेष में किए गए उल्लेखनीय कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सेल कॉर्पोरेट अवार्ड से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गई है। इसी तारतम्य में भिलाई इस्पात संयंत्र के तीन अधिकारियों को सेल कॉर्पोरेट अवार्ड फॉर एक्सीलेंस से सम्मानित किया जाएगा। अनुसंधान एवं विकास विशेषज्ञ के क्षेत्र में कार्यपालक निदेशक संदीप कुमार कर को मोटिवेशन गुरु (पीपुल्स लीडर) के क्षेत्र में मुख्य महाप्रबंधक सिंटरिंग प्लांट अनुप कुमार दत्ता को तथा डिजिटलीकरण मास्टर माइंड के क्षेत्र में एसपी.3 के महाप्रबंधक सौरभ वार्ष्णेय को सम्मानित किये जाने की घोषणा की गई है। कार्यपालक निदेशक संदीप कुमार कर जो पूर्व में पुरस्कार के लिए शीर्ष समिति द्वारा विचार किए जाने के समय बीएसपी में सीजीएम क्वालिटी के रूप में कार्यरत थे। सौरभ वार्ष्णेय ने अपने कार्य क्षेत्र में कई इडस्ट्री 4 परियोजनाएं शुरू की हैं जो सिंटर प्लांट.3 के काम करने के तरीके और प्रदर्शन में परिवर्तनकारी बदलाव लाएंगी। संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता ने पुरस्कार विजेताओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी और उन्हें इसी भावना के साथ काम करने और भविष्य में इसी तरह की उपलब्धि हासिल करने के लिए प्रोत्साहित किया। उत्कृष्टता के लिए सेल कॉर्पोरेट पुरस्कार तीन अलग.अलग स्तरों पर दिए गए हैं। वर्ष का सर्वश्रेष्ठ एकीकृत इस्पात संयंत्र पुरस्कार और वर्ष का सर्वश्रेष्ठ संयंत्र यूनिट पुरस्कार आईएसपी के अलावा साथ ही दस उप श्रेणियों में कर्मचारियों को उत्कृष्टता के लिए व्यक्तिगत सेल कॉर्पोरेट पुरस्कार दिया जायेगा।

# कला संकाय विभाग ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस



**भिलाईनगर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। शंकराचार्य महाविद्यालय जूनवानी के कला संकाय विभाग द्वारा विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आदिवासियों की जीवनशैली, उनकी उपेक्षा, बेरोजगारी, बंधुआ मजदूरी आदि के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करना था। महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ महेंद्र शर्मा ने आदिवासी जीवन शैली के बारे में बताया कि भारत की स्वतंत्रता में आदिवासियों ने आजादी के लिए की गई लड़ाईयों मे अपनी प्रमुख सहभागिता प्रदान किया गया था। भारत के साथ.साथ छत्तीसगढ़ के प्रमुख जनजातियों के रहन-सहन, खानपान, संस्कृति, त्यौहारों तथा विवाह संबंध के बारे में छात्रों को अवगत कराया गया। छत्तीसगढ़ एक आदिवासी बहुल क्षेत्र है और यहां आदिवासियों की बहुत जनसंख्या में निवास करती हैं। प्राचार्य डॉ अर्चना झा ने कहा कि विश्व में सबसे अधिक आदिवासी लोग भारत में निवास करती हैं। उसमें भी छत्तीसगढ़ में सबसे ज्यादा है अतः हमें इन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। महाविद्यालय के डीन डॉ.जे. दुर्गा प्रसाद राव ने इस अवसर पर कहा कि आदिवासियों को अपनी पहचान बनाए रखते हुए हमारे राष्ट्रीय मुख्य धारा से मिलाने हेतु हमें प्रयत्न करना चाहिए ताकि वह भी अपनी शिक्षा स्वास्थ्य एवं अन्य विषयों पर अच्छी तरीके से अपनी पकड़ बना सके और कमजोर साबित ना हो। कला संकाय विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. जय वाकणकर ने कहा कि आदिवासियों ने अपनी धरोहर एवं संस्कृति को आज तक बचा के रखा है, किंतु कहीं-कहीं वे लोग हमसे पिछड़ जाते हैं अतः हमें प्रयत्न करना चाहिए कि उनके सांस्कृतिक धरोहर को बिना ठेस पहुंचाएं हम उन्हें अपने जैसा बनने में एवं आगे बढ़ाने में मदद कर सकें। इस अवसर पर कला संकाय के प्राध्यापकगण डॉ. लक्ष्मी वर्मा, डॉ. महेंद्र शर्मा, डॉ. आशीष नाथ सिंह, श्रीमती मीता चुग, डॉ पूर्णिमा तिवारी, सहित कलासंकाय के अनेक विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

# पहली महिला सांसद मिनीमाता को महापौर ने दी श्रद्धांजलि

**भिलाईनगर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ से पहली महिला सांसद रही मिनीमाता को आज उनकी पूण्यतिथि पर भिलाई चरोदा निगम क्षेत्र में याद किया गया। वार्ड-40 गनियारी में लगी उनकी प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हुए निगम महापौर निर्मल कोसरे ने अपने विचार व्यक्त किये। भिलाई-चरोदा निगम के महापौर श्री कोसरे ने कहा कि मिनीमाता का जीवन निश्चित रूप से प्रेरणा देने वाला रहा है। उन्होने अपने जीवन मे छुआछुत को खत्म करने के लिए जीवन भर काम किया और सदैव समानता का संदेश लोगो को प्रदान किया। करूणा और ममतामयी स्वभाव के कारण ही उन्हें छत्तीसगढ़ की जनता ने माता की उपाधि से नवाजा है। छत्तीसगढ़ से पहली महिला सांसद रही मिनीमाता यहां के लोगो के लिए सदैव स्मरणीय रहेगी। आज के कार्यक्रम में महापौर निर्मल कोसरे के साथ महापौर परिषद के सदस्य मनोज कुमार, एस वेंकट रमना, पार्षद टेनेंद्र ठाकरे के साथ कमल गेण्ड्रे, राजू लहरे, श्यामा कोसरे, रूपा साहू, गोदावरी कोसरे, रीना कोसरे, रूकमणी टंडन शामिल रहे।



## ऑन लाईन ठगी की शिकायत

**भिलाईनगर।** सुपेला के एक निजी अस्पताल में नर्स को कैश बेक का लालच दे अज्ञात आरोपी ने 28 हजार का चूना लगाया है। सायबर ठगी की शिकार नर्स की रिपोर्ट पर पुलिस ने दो मोबाईल नंबर के धारकों के खिलाफ धारा 420 का अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया है। सुपेला थाना से मिली जानकारी के अनुसार वार्ड 12 जगन्नाथपुर करेला भवानी मंदिर के पास चौकी मोहारा थाना डोंगरगढ जिला राजनांदगांव निवासी हिना 27 वर्ष कांट्रेक्टर कालोनी वार्ड क्रमांक 18 सुपेला में किराये पर रहती है। उसके मोबाइल पर दो अन नोन मोबाइल नंबर से काल आया कि आपके द्वारा कुछ प्रोसेस किया जाना है। जिससे आपको अच्छा कैशबेक मिलेगा और प्रोसेस के रूप मे एक लिंक भेजा गया। लिंक क्लिक करने पर पेशे से नर्स हिना के छत्तीसगढ ग्रामीण बैंक शाखा ग्राम धारा जगन्नाथपुर डोंगरगढ खाते से क्रमशरू 3000ए 5000 और 20,000 रूपये निकल गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# कुरुद में फायलेरिया व कृमि उन्मूलन अभियान



**भिलाईनगर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय फायलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के तहत कुरुद में शासकीय हेल्थ एण्ड वैलनेस सेन्टर और स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र द्वारा 10 से 12 अगस्त एवं 13 से 21 अगस्त तक क्रमशः दो चरणों में चलाये जाने वाले सामूहिक दवा वितरण के दौरान क्षेत्रवासियों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता दिखाते हुए इस शासकीय मिशन संबंधी उपरोक्त निःशुल्क दवाईयों का सेवन लाभ उठाये। स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत प्रथम दिन नालंदा इंग्लिश मीडियम हायर सेकेण्डरी स्कूल एवं हेल्थ एण्ड मैलनेस सेंटर सहित दलीय परिसर क्षेत्र में फायलेरिया उन्मूलन एवं कृमि मुक्ति दवाईयों का वितरण उक्त उपस्वाथ्य केन्द्र प्रभारी आशा रामटेके (आर.एच.ओ.) और इसी कुरूद परिक्षेत्र के आंगनबाड़ी क्रमांक-1, अटल आवास सांस्कृतिक मंच, भाढापारा नवीन चौक, कोतवाल मोहल्ला एवं साडा कुंआ आदि क्षेत्रों में शहरी स्वास्थ्य सुविधा केन्द्र ए.एन.एम. श्रमिती विनीता साहू और मितानिन प्रेरक श्रीमती पूनम वर्मा के मार्गदर्शन में यह दवाईयाँ वितरित की गई। जिसमें विद्यालय शिक्षकों के अलावा मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिला आरोग्य समिति सदस्यों ने बढ़चढ़ कर अपनी विशेष भूमिका निभाई। कुरुद उप स्वास्थ्य केन्द्र आर.एच.ओ. के सेवा क्षेत्र क्रमशः 2 आंगनबाड़ी, 4 शासकीय विद्यालय एवं 9 निर्जी विद्यालय भी आते हैं जिसे 17 बूथों में विभाजित कर 10 से 12 अगस्त तक बूथवार और 13 से 21 अगस्त तक घर.घर जाकर सामूहिक दवाई वितरण करवा हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाना है। इस कार्य की विधिवत् सफलता के लिए कुरुद मितानिन भारती साहू, सीमा शिवारे, उर्मिला चतुर्वेदी, जयश्री देवांगन, सतनाम कौर, मंजू चंद्रवंशी, महिला आरोग्य समिति सदस्य संतोष वर्मा एवं ललिता देवांगन सहित अनेकों शिक्षकों का प्रथम दिन सराहनीय योगदान रहा। समाजसेवी एम. चन्द्रशेखर रेड्डी ने भी दवा का सेवन किया। उक्त जानकारी वैशालीनगर शासकीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ. दुर्गेश सिंह एवं स्वास्थ्य सुपर वाईजर सतविंदर सिंह ने दी है।

# बीएसपी द्वारा डुमरडीह में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन



**भिलाईनगर** 11 अगस्त (देशबन्धु)। संयंत्र के निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग ग्राम डुमरडीह में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। डुमरडीह ग्राम पंचायत में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ हुए शिविर में सामान्य जांचए शुगर, बीपी के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। इस शिविर में कुल 50 लोगों की जांच करके उनको दवाई वितरण किया गयाए जिसमें 23 पुरूष, 14 महिलाएं तथा 13 बच्चे शामिल थी। डुमरडीह में आयोजित चिकित्सा शिविर में सीएसआर मेडिकल टीम से चिकित्सक डॉ ईशा कुजूर, बीपी व शुगर परीक्षण हेतु श्रीमती रेखा देव, फार्मासिस्ट शषि भूषण राय, पंजीकरण हेतु केदारनाथ यादव तथा सीएसआर विभाग से कनिष्ठ स्टाफसहायक अंजनी कुमार द्विवेदी उपस्थित थी। भिलाई इस्पात संयंत्र अपने आस.पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरन्तर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है।

# रेलवे स्टेशन में सुविधा बढ़ाने की मांग हुई पूरी

**भिलाई नगर,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी पिछड़ा वर्ग के उपाध्यक्ष राजेंद्र ताम्रकार ने बताया कि भिलाई वासियों एवं आसपास के निवासियों को रेल यात्रा के लिए उनके करीब का स्टेशन भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन ही है जहां उनका इस स्टेशन पर असुविधा का सामना करना पड़ रहा था इसलिए यहां के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के द्वारा उक्त स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ाने एवं एक्सप्रेस तथा सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज के लिए बार-बार प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री तथा रेलवे के बड़े अधिकारियों को ज्ञापन देकर अवगत कराया जाता रहा हैऔर विगत सन 2016.17 के केंद्रीय रेलवे बजट में भी छत्तीसगढ़ के सात स्टेशनों को मॉडल स्टेशन बनाने की घोषणा की गई थी जिसमें एक नाम भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन का नाम भी शामिल था जो वर्तमान समय में मूर्त रूप लेगा।श्री ताम्रकार ने बताया कि इस स्टेशन पर लगभग 12 लाख की आबादी निर्भर है और उक्त स्टेशन पर सुविधाएं बढ़ने से रेलवे को काफी अधिक राजस्व की प्राप्ति होगी और भिलाई राष्ट्रीय स्तर पर एक और नयी पहचान बनाएगी। दुर्ग एवं भिलाई पावर हाउस तथा रायपुर और बिलासपुर व महासमुंद, अकलतरा, तथा तिल्दा नेवरा के रेलवे स्टेशनों को एयरपोर्ट के तर्ज पर विकसित करने के लिए केंद्र और राज्य सरकार का सहयोग का कांग्रेस जनों ने स्वागत करते हुए कहा कि भिलाई के लोगो के दिलों में अपार हर्ष व्याप्त है कि एशिया का सबसे बड़ा विख्यात संयंत्र की गरिमा के अनुरूप भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन भव्य स्वरूप लेने जा रहा है। श्री ताम्रकार विगत कई वर्षों से यहां के वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं के द्वारा इस मांग को मुख्यमंत्र भूपेश बघेल के माध्यम से समय-समय पर उठाया गया है कांग्रेस जनों ने मुख्यमंत्री एवं रेल प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उम्मीद की गई है कि जब भी भिलाई पावर हाउस रेलवे स्टेशन के निर्माण कार्य प्रारंभ होगा उस समय स्थानीय प्रशासन नगर पालिका निगम भिलाई जगह उपलब्ध कराने में रेलवे का भरपूर सहयोग करेगा क्योंकि निगम प्रशासन तथा छत्तीसगढ़ शासन तथा संयंत्र प्रबंधन भिलाई और रेलवे प्रशासन इन चारों के तालमेल के बगैर इस 26.2 करोड रुपए का महान कार्य को मूर्त रूप नहीं दिया जा सकता। अमीर चंद अरोरा, राजेंद्र ताम्रकार लल्लन तिवारी, राजेश प्रसाद गुप्ता, परविंदर सिंह प्रभाकर राव जनबंधु, गज्जू महाजन एवं नागेंद्र तिवारी, राजकुमार चौधरी प्रजापति आदि शामिल है।



## 14 को स्वतंत्रता दौड़ आयोजित

**कवर्धा,** 11 अगस्त। खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 14 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दौड़ प्रातः 7 बजे से प्रारंभ होगी।



# स्वास्थ्य सेवाएं घर-घर पहुंचाने में मितानिन बहनों की भूमिका महत्वपूर्ण : विधायक छाबड़ा

**बेमेतरा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर बेरला में आयोजित स्वास्थ्य, पंचायत सम्मेलन एवं जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यअतिथि मान. आशीष छाबड़ा जी विधायक बेमेतरा हुए शामिल। सर्वप्रथम छत्तीसंगढ़ महतारी की तैलचित्र की पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किए.



इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि मितानिन बहनों के इस कार्यक्रम में मैं आपका हृदय से अभिनंदन करता हूँ, आज आपके बीच उपस्थित होकर मुझे अपार प्रसन्नता हो रही है। समाज में मितानिनों का महत्व सर्वविदित है विशेषकर ग्रामीण अंचलों में शासन की स्वास्थ्य संबंधी लोक कल्याणकारी नीतियों को घर-घर पहुंचाने में आपका महत्वपूर्ण योगदान है आपका यह परिश्रम आपके लिए आजीविका भी है और समाज की सेवा भी, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का आप जो कार्य कर रहे हैं, उसके सुखद परिणाम प्राप्त होने लगे हैं। मैं आपसे यह भी कहना चाहता हूँ कि आपका काम एक दिन का काम नहीं है। यह निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। इसलिए आपका सतत् सजग और समर्पित होना आवश्यक है स्वास्थ्य सेवाएं घर-घर पहुंचाने में हमारी मितानिन बहिनों की भूमिका महत्वपूर्ण है, मितानिन बहिनें शासन द्वारा संचालित की जा रही स्वास्थ्य योजनाओं की जानकारी गांव-गांव, घर-घर पहुंचाती हैं।

ग्राम स्वास्थ्य स्वच्छता समिति से जुड़ी महिलाओं व मितानिनो के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि शासन के प्रमुख स्वास्थ्य व स्वच्छता से संबंधित सभी कार्यों में उनकी महती भूमिका रहती है, कोविड 19 के दौरान मरीजों को स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने सहित क्वारटान रहे व्यक्तियों की सेवा में अपना बहुमूल्य योगदान दिए है,वह सदैव स्मरणीय रहेगा,मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना शुरू की है,इस योजना का आप सभी अपने-अपने क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार करें और बाजार आने पर किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर इलाज भी करवाने की समझाइश दें,आज स्वास्थ्य पंचायत सम्मेलन मे जो भी आवेदन व मांग पत्र प्राप्त हुआ है सभी समस्याओं का समाधान किया जायेगा इस अवसर पर टी आर जनार्दन, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला,हीरादेवलाल वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला, रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, पी आर सिन्हा,बलदाऊ शर्मा,भारतभूषण साहू उपाध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, कविता साहू उपाध्यक्ष मंडी बोर्ड, विजय जैन,नेहा सुराना,किसन साहू, तुम्मन साहू, धनराज बंजारे, दाऊराम यादव,सुनील जैन, प्रमोद गौसेवक,सहदेव साहू,ललिता मेरावी जिला समन्वयक,सत्यभामा परगनिया स्वास्थ्य पंचायत समन्वयक,अर्चना परगनिया ब्लाक समन्वयक, करण मल्होत्रा,पंकज साहू मितानिन प्रशिक्षक,चंदर बारले, रूखमणी साहू,प्रेमलाता, निर्मला साहू,नेमिन साहू,रेखा,सुमन पांडे,गायत्री श्रीवास, सुरेखा निषाद,लक्ष्मी साहू, विमला, आशा धुर्वे, महेस्वरी पाल,रीता वर्मा, उषा परगनिया,सविता वर्मा सहित समस्त मितानिन ग्रामीण हितग्राही सहित नगरवासी रहे उपस्थित थे।

# भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ कार्यसमिति वर्चुअल की बैठक, विधायक व प्रदेश संयोजक ने दिया मार्गदर्शन



**डोंगरगढ़,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी सहकारिता प्रकोष्ठ द्वारा विगत दिनों प्रदेश कार्यसमिति की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई जिसमें भाजपा सहकारिता प्रकोष्ठ के पदाधिकारी गण ,प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य गण एवं प्रदेश के जिला संयोजक , सहसंयोजक गण विशेष रूप से उपास्थित थे। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व विधायक श्री देवजी भाई पटेल एवं सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शशि कांत द्विवेदी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। प्रदेश संयोजक शशिकांत द्विवेदी ने आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा तय करते हुए बताया कि सभी जिला के संयोजक गण शीघ्र जिला कार्यकारिणी की बैठक लेकर सभी सोसाइटीओं मे प्रवास सुनिश्चित करें। अमानक वर्मी कंपोस्ट की अनिवार्यता के चलते किसानों को रासायनिक खाद एवम् बीज में दिक्कत आ रही है। श्री द्विवेदी ने पंजीयक महोदय को भी ज्ञापन सौंप कर ध्यान आकर्षण कराते हुए कहा कि आगामी धान खरीदी के समय फिर से राइस मिलरों द्वारा धान उपार्जन केंद्रों में कटे-फटे बारदानों की आपूर्ति न हो सके इसके लिए धान उपार्जन केन्द्रों के कंप्यूटर सॉफ्टवेयर में मानक/ अमानक बारदानों का प्रावधान पुनः किया जाना सुनिश्चित किया जावे। सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश प्रभारी श्री देवजी भाई पटेल ने भी अमानक एवम् गुणवत्ता विहीन वर्मी कंपोस्ट की अनिवार्यता समाप्त किए जाने की बात कही। साथ ही सहकारी समितियों में खाद और बीज की कमी के चलते किसानों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है उसका तत्काल निराकरण होना चाहिए ।कार्यक्रम का सफल संचालन मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल ने किया।

## जिला मुख्यालय में मंत्री अकबर करेंगे ध्वजारोहण

**कवर्धा,** 11 अगस्त। प्रदेश के वन, परिवहन, आवास एवं पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के मुख्य समारोह के मुख्य अतिथि होंगे एवं जिला मुख्यालय कवर्धा के आचार्यपंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में ध्वाजारोहण कर करेंगे। श्री अकबर परेड की सलामी लेंगे और जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगे। जिला प्रशासन द्वारा आयोजित गरिमामय स्वतंत्रता दिवस समारोह में मुख्य अतिथि द्वारा सुबह 9 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। इसके बाद परेड का निरीक्षण करने के बाद मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन होगा। कार्यक्रम में हर्ष फायर और मार्च पास्ट के बाद शालेय छात्र-छात्राओं द्वारा शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी जाएगी। मुख्य समारोह में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी के परिजनों का सम्मानित किया जाएगा।

# अमृत महोत्सव 2.0 के तहत जिले के विकासखंडों में वृक्षारोपण



**बेमेतरा,** 11 अगस्त। आजादी का अमृत महोत्सव 2.0 के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत जनपद पंचायत बेमेतरा के ग्राम पंचायत अतरिया, लोलेसरा, बहेरा(क), झालम, जेवरा, बीजाभाट में 6 अगस्त 2023 से वृक्षारोपण सह हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जो कि विकासखण्ड अंतर्गत अन्य ग्राम पंचायतों में सतत् जारी है। उक्त कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत स्वीकृत ऐसे आवास जिनके यहां वृक्षारोपण हेतू भूमि उपलब्ध है उन स्थानों में फलदार वृक्ष जैसे- आम, नींबू, मुनगा, अमरूद एवं अन्य वृक्ष लगाने हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

# किसानों को 2 वर्षों से नहीं मिला प्रधानमंत्री बीमा योजना का लाभ

## ठाकुरटोला सेंदरी के किसानों ने एसडीएम से की शिकायत

**डोंगरगढ़,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। लाल बहादुर नगर तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम ठाकुरटोला के किसान एवं भाजपा कार्यकर्ता ने शुक्रवार को तहसील कार्यालय पहुंच किसानों की प्रधानमंत्री फसल बीमा की समस्या को लेकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा है । ज्ञापन में बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा को लेकर 2 वर्षों से ग्राम ठाकुरटोला के किसान लगातार प्रशासन के चक्कर काटते रहे फिर भी कोई सुनवाई नहीं इससे किसान नाराज होकर एसडीएम को कहा की 20 अगस्त तक किसान की समस्या दूर नहीं हुई तो 21 अगस्त को नेशनल हाईवे चिचोला में करेंगे। आंदोलन एवं चक्का जाम क्योंकि पोर्टल से ठाकुरटोला का नाम नहीं दिखाने से गांव के हर एक किसान परेशान है वही मड़ियान जलाशय का पानी छोड़ने कभी निवेदन किया एवं विगत 2 वर्षों से मड़ियान जलाशय पानी का लाभ नहीं मिलने का बात रखा। क्योंकि माइनर क्रमांक एक का नाली पूरा क्षतिग्रस्त है जिसके चलते ठाकुरटोला सेंदरी के किसान को इसके लाभ नहीं मिलने से किसान परेशान रहता है ज्ञापन सौपते समय प्रमुख रूप से उपस्थित ठाकुरटोला किसान एवं भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अशोक वर्मा, लाल बहादुर नगर मंडल किसान मोर्चा अध्यक्ष तामेश्वर साहू लाल बहादुर नगर युवा मोर्चा अध्यक्ष भोजराज वर्मा भाजयुमो कोषाध्यक्ष देवेन्द्र यादव ग्राम पटेल सुखचंद चंद्रवंशी हीरा चंद्रवंशी ईश्वर वर्मा शारदा चंद्रवंशी हेमंत वर्मा हुमन सहित ग्रामीण बड़ी संख्या मे उपस्थित रहे।



# बरबसपुर में मनाया आदिवासी दिवस



**गुण्डरदेही,** 11अगस्त। बुधवार को ग्राम बरबसपुर में विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर समाज के लोगो ने बड़ी धूमधाम से आदिवासी दिवस मनाया गया जहां गोंडि धर्म संस्कृति संरक्षण समिति एवं छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ के महिला प्रभाग युवा युवती प्रभाग एवं ध्रुव गोंड समाज के संयुक्त तत्वाधान मे कार्यक्रम आयोजित किया गया सर्व प्रथम समाज के लोगो ने तीन किलोमीटर दूर ग्राम बोरगहन चौक मे शहीद वीर नारायण सिंह की मूर्ति पर पुजा अर्चना कर रैली निकालकर बरबसपुर पहुंची जहां समाज के युवक युवती व महिलाओ द्वारा पारंपरिक आदिवासी वेशभूषा में रिलो नृत्य प्रस्तुत किया गया इस दौरान समाज प्रमुखों द्वारा गांव मे विभिन्न जगहों पर वृक्षारोपण कर हरियाली का संदेश भी दिया गया समाज के युवक युवतियों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई इस अवसर पर आदिवासी समाज द्वारा गांव के वरिष्ठ नागरिकों का श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया कार्यक्रम मे राजेंद्र मंडावी राजकुमार पड़ोती खेमलाल मंडावी खिलानन्द मंडावी मोहन लाल नेताम रामस्वरुप मंडावी राजेश मंडावी उमेश कोर्राम इंदरसेन मंडावी गणेश मंडावी सूरज राकेश व बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## आंगनबाड़ी केन्द्र में बच्चों को खिलाई फाइलेरिया की दवा

**गुण्डरदेही** । नगर पंचायत गुण्डरदेही के पार्षद व किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष टीकाराम निषाद ने बघमरा के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक एक पहुंचकर फाइलेरिया दवा का वितरण किया गया श्री निषाद ने क्रीमी की दवा बच्चों व बड़ो को वितरण किया गया पार्षद टीकाराम निषाद ने कहा फाइलेरिया जैसे गंभीर बीमारी के बचाव के लिए छोटे बच्चों से लेकर बड़ों को दवाई खाना जरुरी है हाथी पांव जैसे गंभीर बीमारी किसी को न हो इसलिए अनिवार्य रूप से स्वयं एवं अपने परिवार के सभी सदस्यों को दवाई जरूर खिलाएं इस अवसर पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता कलाबाई निषाद सहायिका निर्मला निषाद मितानिन कार्यकर्ता जया निषाद एवं आंगनबाड़ी के बच्चें एवं माताएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# घुघरीकला तथा सूखाताल में भाजपा ने किया लाभार्थी सम्मेलन

**कवर्धा,** 11 अगस्त। प्रदेश भाजपा के आव्हान पर इन दिनो समूचे जिले में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें जिला भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता जिले के गांव-गांव का दौरा कर लाभार्थी ग्रामीणों की चौपाल लगाकर उन्हें केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं और प्रदेश सरकारी की वादाखिलाफी तथा नकामियों से लोगों को अवगत कराया जा रहा हैं। इसी कड़ी में गुरूवार को भाजपा कवर्धा ग्रामीण मण्डल के ग्राम घुघरीकला तथा सूखाताल में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जनपद पंचायत कवर्धा एवं जिला भाजपा उपाध्यक्ष वीरेन्द्र साहू, संतोष पटेल जिला महामंत्री, परेटन वर्मा प्रभारी, चंदन पटेल मंडल अध्यक्ष सहित अन्य भाजपा पदाधिकारियों ने ग्रामीणों की चौपाल लगाकर उन्हें केन्द्र सरकार की जनकल्याणकारी योजना की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर वीरेन्द्र साहू ने ग्रामीणों को बताया कि केन्द्र की मोदी सरकार ने हर गरीब परिवार को पक्का आवास उपलब्ध कराने प्रधानमंत्री आवास योजना, हर घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने नल-जल योजना, देश के अस्सी करोड़ लोगों के लिए मुफ्त राशन योजना, लोगों के निश्शुल्क ईलाज के लिए आयुष्मान कार्ड, किसानो के लिए प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना जैसी तमाम योजनाएं संचालित की जा रही है। लेकिन प्रदेश की कांग्रेस सरकार छत्तीसगढ़ में केन्द्र सरकार की इन जल कल्याणकारी योजनाओं में जमकर भ्रष्टाचार व कांटामारी कर लोगों को योजनाओं के लाभ से वंचित कर रही है। उन्होने कहा कि अगर हमें केनद्र सरकार की इन जनकल्याणकारी योजनाओं का समुचित लाभ लेना है तो छत्तीसगढ़ में भी भाजपा की सरकार लानी होगी और कांग्रेस सरकार को उखाड़ फेंकना होगा। चौपाल को भाजपा के अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

# शिव मंदिर पुजारी गोस्वामी नेतृत्व में कल कावड़ यात्रा का आयोजन

## कावड़ यात्रा को सफल बनाने ग्रामवासी मंदिर समिति तन मन धन से लगे : संजय बैस

**दल्लीराजहारा/डौण्डी,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। सावन के महीने में प्रत्येक वर्ष की भाति इस वर्ष भी सैकड़ों की संख्या में शिव मंदिर पुजारी श्री लखन गिरी गोस्वामी के नेतृत्व कावड़ यात्रा दिन रविवार 13 अगस्त को प्रारंभ होगा। जनपद सदस्य संजय बैंस ने बताया की हर वर्ष के भांति सावन के महीने में कुसुम शिव मंदिर से झरन मंदिर दल्लीराजहरा जाते है,और जल चढ़ाते है इस वर्ष भी कावड़ यात्रा की तैयारी का आयोजन भव्य बनाने के लिए राम जानकी सेवा सीमित और ग्रामीण जन जूटे हुए है,राम जानकी के अध्यक्ष गौरी शंकर साहू ने बताया की हम सीमित से कावड़ यात्रा में जाने वाले भक्तजनों को कावड़ के साथ पुरी व्यवस्था भी मंदिर समिति प्रदान करेगी साथ ही आयोजन में शिव की झांकी डीजे और अन्य प्रकार की व्यवस्था कावड़ यात्रा को भव्य बनाने के लिए भी किया जाएगा। कावड़ यात्रा में महिलाओं का सहयोग व उत्साह अभूतपूर्व देखने को मिल रहा है।युवाओं में भी भारी उत्साह है। कावड़ यात्रा का राजहरा पहुंचते ही जगह जगह नागरिकों व हिन्दू संगठनों के व्दारा स्वागत सम्मान किया जाता है। जनपद सदस्य संजय बैस ने बताया की इस आयोजन को सफल बनाने सभी ग्रामवासी मंदिर समिति तन मन धन से लगे हुए है।



# शहरी पथ विक्रेता प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत 10000 से 50000 तक पा सकते हैं लोन

**कुम्हारी,** 11 अगस्त। प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत शहरी पथ विक्रेता जैसे फल व्यवसायी, सब्जी विक्रेता, अण्डा गुपचुप आदि का व्यवसाय करने वाले नगर पालिका परिषद कुम्हारी के सहयोग से 10,000 रुपए से 50,000 रुपए तक का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी जितेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि इस योजना के तहत पथ विक्रेता पहली बार में 10,000 रुपए का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। इसके पूर्ण भुगतान के बाद दूसरी बार 20,000 रुपए का ऋण और तीसरी बार 50,000 रुपए का ऋण प्राप्त कर सकते हैं। कोई भी पथ विक्रेता सीधे 50,000 रुपए का ऋण आवेदन नही कर सकता है। नगर पालिका परिषद कुम्हारी के अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने बताया कि अबतक इस योजना के तहत 400 से अधिक लोगों को 10,000 रुपए का ऋण प्राप्त हो चुका है कुछ लोगों को 20,000 रुपए का लोन भी मिल गया है। उन्होंने सभी पथ विक्रेताओं से आह्वान किया है कि सभी पथ विक्रेता समय पर अपने ऋण का भुगतान कर 20,000 रुपए और 50,000 रुपए के ऋण का लाभ प्राप्त कर सकते हैं और अपने व्यवसाय को सुचारू रूप से चलाएं। हितग्राही स्वयं के मोबाइल फोन से या चॉइस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। मिशन मैनेजर शरद कुमार सिंह ने बताया कि आवेदक का आधार कार्ड मोबाइल फोन से लिंक होना अनिवार्य है और आवेदक का व्यवसाय कुम्हारी शहर में होना चाहिए।



# भाजपा नेताओं ने नए मतदाताओं को सूची में नाम जोड़ने की अपील



**गुरुर,** 11 अगस्त। भाजपा के लिए सक्रियता से समर्थन मांगते हुए दिखाई रूद्रप्रकाश साहू प्रभारी शक्ति केंद्र कोचवाही साहू ने कहा नया इस बार विधानसभा चुनाव के लिए जो नए मतदाता है उन्हें मतदाता सूची में नाम जोड़ने हेतु अपील किया और सभी चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान के लिए बात कही,साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नौ साल पूरा होने के खुशी में सेवासुशासन गरीब कल्याण के लिए की जाने वाले नेक कार्य को बताया गया एवं लाभार्थी सम्मेलन के लिए चर्चा करते हुए,नारागांव शक्ति केंद्र संयोजक रोमन ओटी ,बडभूम बुथ अध्यक्ष डामन मंडावी ,चतुर सिंह ,शिव तारम ,प्रभु कुरेटी दिनू उइके ,विष्णु तारम , बसंत यादव ,बीरेंद्र शोरी ,बालाराम हिडको सम्मिलित हुए।

## प्रादेशिकी का शेष...

### पशुओं के कारण ...

के दौरान निर्धारित आयु वाले सभी युवकों का नाम मतदाता सूची में जुड़वाने का पहल करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी भी अपना नाम मतदाता सूची में जुड़वाये। नगरीय निकायों में अवैध निर्माण, नियमितीकरण के लंबित प्रकरण का निराकरण कराये। मुख्यमंत्री की घोषणा के अनुरूप सामाजिक संस्थाओं को भूमि आबंटन समय पर हो। संभागायुक्त श्री कांवरे ने कहा कि राजस्व प्रकरणों के निराकरण लंबित होने पर इसका कारण दर्ज होना चाहिए।

बैठक में सभाग के उपायुक्त (राजस्व) अवधराम टंडन, उपायुक्त (विकास) अजय मिश्रा एवं कलेक्टर दुर्ग पुष्पेन्द्र कुमार मीणा, कलेक्टर राजनांदगांव डोमन सिंह, कलेक्टर कबीरधाम जन्मेजय मोहबे, कलेक्टर बेमेतरा पदुम सिंह एलमा, कलेक्टर बालोद धर्मवीर शर्मा, कलेक्टर खैरागढ़-छुईखदान-गंडई गोपाल वर्मा एवं कलेक्टर मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी एस. जयवर्धने तथा सभी जिलों के जिला पंचायत सीईओ उपस्थित थे।

### मतदाता जागरूकता अभियान में...

ने स्वीप के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विभिन्न कार्यक्रमों में छात्राओं की सक्रिय भागीदारी की सराहना की तथा ग्रामीण अंचल में भी रासेयो के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाने को कहा।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के अन्तर्गत पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कु. कंचन सोनी, द्वितीय स्थान प्राप्त कु. भूमिका एवं तृतीय स्थान प्राप्त कु. प्रियंका तिवारी। नारा लेखन प्रतियोगिता में प्रथम कु. संगीता रावटे, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर क्रमशः कु. काजल साहू एवं कु. हेमा देवांगन को पुरस्कृत किया गया।स्वीप कार्यक्रम की सक्रिय गतिविधियों एवं रचनात्मक सहभागिता के लिये महाविद्यालय की कैम्पस एम्बेसडर कु. प्रेरणा शर्मा एवं कु. पूजा चेलक को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मिलिन्द अमृतफले ने किया।

### सदस्य समितियों को...

के वितरित ऋणों के लिए एकमुष्त समझौता योजना 2023 लागू किया गया है, जिसमें 92 कृषकों की 42.21 लाख अधिभारित ब्याज छूट की राशि प्रदान की गयी है। कर्मचारियों को एक्सग्रेसिया राशि दिये जाने का निर्णय लिया गया है।

आमसभा में रखे गये प्रस्तावों की सर्व सम्मति से स्वीकृति उपस्थित प्रतिनिधियों द्वारा दी गयी। प्रतिनिधियों द्वारा आमसभा में अपने-अपने विचार रखे गये जिसमें पंकज राठी, पुरुषोत्तम पटेल बालोद, समिति भरदा, श्री कृष्णा राठी साजा, रऊफ कुरैशी, अल्प बचत सहकारी समिति दुर्ग, ताम्रध्वज चन्द्राकर रजोली, खिलेष्वर केहरी घोघोपुरी, रोशन सिन्हा थानखम्हरिया, रनबन सिंह राजपुत संबलपुर, भगवानदास मरचुरिया मिर्रीटोला, विजय पारख बारगांव, राजाराम तारम समिति गैंजी, छोटेलाल साहू समिति मऊ, सुभाष बघेल समिति मारो, रेवाराम सिन्हा समिति कुरदी, मोतीलाल मारकण्डे मोहभटठा, रोमलाल यादव तरौद, बहल वर्मा लोलेसरा, दुर्योधन चन्द्राकर कुम्हली, उमेष कुमार बंजारे अहिवारा, द्वारा धान का परिवहन समयावधि में कराने, धान उपार्जन हेतु प्रासंगिक एवं सुरक्षा भण्डारण व्यय में वृद्धि एवं समिति स्तर पर सूखत इत्यादि की मांग की गयी, अल्पकालीन ऋण एवं मध्यमकालीन ऋण में सरलीकरण, केसीसी नगद ऋण एवं निवेष ऋण में वृद्धि की मांग की गयी, बालोद में शाखा भवन विस्तार की मांग। शाखा डौण्डीलोहारा में स्वयं का बैंक भवन बनाने की मांग की गयी।

ब्याज अनुदान की राशि समय पर समितियों को दिलाने शासन स्तर से मांग की गयी।

इस अवसर पर मिलयोर बारा डीडीएम नाबार्ड, आशुतोष डड़सेना प्रतिनिधि उप पंजीयक सहकारी संस्थाएँ दुर्ग, बैंक अधिकारी हृदेश शर्मा, डीडी डेहरे, कुसुम ठाकुर, लक्ष्मीनारायण चन्द्राकर यूनियन अध्यक्ष, डी.बी.ठाकुर, एस.पी.वाहने, ए.एस.खान, एम.एल.साहू, धीरेन्द्र देवांगन, आर.के.मोहनमाला, रामकुमार वर्मा, दयानंद साहू, नन्दकिशोर साहू, छोटेलाल यादव, राकेष सिन्हा, चन्द्रशेखर मानिकपुरी, अशोक वर्मा, भूपेश तिवारी, सहित कृषि व गैर कृषि साख सहकारी समितियों के बैंक प्रतिनिधि प्रमुख रुप से उपस्थित रहें।

### भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का ...

यादव ने एक पत्रवार्ता में दी।

प्रदेश उपाध्यक्ष श्री यादव ने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने हमेशा पिछड़ा वर्ग समाज के लोगों से ठगी की है। केन्द्र की भाजपा सरकार ने पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण दिया है मगर राज्य की कांग्रेस सरकार की नीयत साफ नहीं है। पत्रवार्ता में बताया गया कि कल के समागम में देवांगन समाज, यादव, कुर्मी, लोधी, साहू, सेन, मरार, कुंभकार, सोनकर, गंधर्व, कसेर, पटवा, बेलदार समाज के प्रमुख लोगों ने उपस्थिति की सहमति दे दी है।

इस अवसर पर भाजपा पिछड़ा वर्ग उपाध्यक्ष खिलावन साहू, शिव चंद्राकर, रूप सिंह सिन्हा, भिलाई जिला अध्यक्ष सुंदर लाल साहू, अनूप गटागट भी उपस्थित थे।

### एमआईसी की बैठक में ...

द्वारा वर्ष 01 अप्रैल 2017 से 31 मार्च 2022 तक निगम क्षेत्र के वार्डो में डोर.टू.डोर संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर, शिक्षा उपकर, अन्य नविधा करो की वसूली के लिए अनुबंध कर नियुक्ति किया गया था। कम्पनी द्वारा 5 वर्षो तक अनुबंध के प्रावधानों के अनुसार सफलता पूर्वक कार्य संपादित किया गया। अनुबंध कं0.03 के कंडिका 27 में उल्लेख यदि कम्पनी द्वारा सफलता पूर्वक कार्य संपादित किया जाता हैं तो 02 वर्षों के लिए दोनों पक्ष के आपसी सहमति पर कार्य वृद्धि कर का प्रावधान हैं। इस आधार पर एमआईसी द्वारा 31 मार्च 2023 तक वृद्धि की गई एवं संकल्प क्रमांक.03 दिनांक 10 अप्रैल 2023 को 31 मार्च 2024 तक अनुबंध की वृद्धि किया गया।

### तृतीय वर्ग कर्मचारी ने ...

किया गया। इस मामले में शासन द्वारा जब जांच कराई गई तो सभी संशोधित आदेश नियम विरूद्ध पाये गये। इस भ्रष्टाचार में शामिल संयुक्त संचालकों, संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के दोषी पाये जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

ज्ञापन सौंपने वालों में तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के दुर्ग अध्यक्ष विजय लहरे, महामंत्री हर्षवर्धन श्रीवास्तव, नवीन गुप्ता, अनिल दिल्लीवार, सहित अन्य लोग शामिल थे।

### उत्साह उमंग से मनाया गया ...

योगी भाइयों ने सुबह जिला अस्पताल में रक्तदान किया व गुरुदेव के अच्छे स्वास्थ्य व दीर्घआयु जीवन की कामना की। इनमें आश्रम के सचिव युवराज देशमुख, गंगाधर ठाकर, गजानन्द गौतम, मोहित निर्मलकर तथा डोमेंद्र सोनकर शामिल हैं। इस दौरान अंचल के प्रसिद्ध कथावाचक कालेश्वर महाराज ने भी भगवान शिव की महिमा का रसास्वादन कराया।

### शासकीय विश्वनाथ यादव ...

मीना मान, एनसीसी मेजर डॉ. सपना शर्मा, डॉ. अनुपमा अस्थाना, डॉ. सोमाली गुप्ता, डॉ. प्राची सिंह, डॉ. तरलोचन कौर, डॉ. रचिता श्रीवास्तव, डॉ. सुनीता मिश्रा, तथा वनस्पति विभाग की प्रोफेसर डॉ. विजय लक्ष्मी नायडू, कार्यालयीन स्टॉफस संजय यादव एवं अन्य तथा बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना स्वयं सेविकाओं में भारती वर्मा, डॉली वर्मा, साक्षी वर्मा, खुशबू धुर्वे, संध्या छिपेकर, इंद्राणी, अनुपमा वर्मा, अंशुल, भावना, यामिनी, काजल एवं एन.सी.सी. कैड्ट साक्षी वर्मा, खिलश्वर, निधि, राखी, उमेन्द्र, हिमांशु, उपस्थित थे।

# भारत के आदिवासी ही है मूलनिवासी : नलिनी



**डोंगरगढ़,** 11 अगस्त। समीप स्थित ग्राम बछेराभाटा में डॉ आम्बेडकर आदिवासी आवासीय शाला में विश्व मूलनिवासी दिवस मनाया गया द्य जिसमें मुख्य अतिथि श्रीमती नलिनी मेश्राम प्रदेश सचिव, छत्तीसगढ़ महिला कॉंग्रेस कमेटी तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता शाला प्रमुख एस. जी. मेश्राम थे द्य सुशांत रामटेके, एकता वासनिक, ईश्वरी , गीतेश्वरी , मंजू धनकर एवं शालेय छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती नलिनी मेश्राम ने कहा है कि भारत के आदिवासी ही भारत के मूलनिवासी है, जल, जंगल, एवं जमीन पर इन्हीं का कब्जा था, इन्हें डरा धमकाकर जानबूझकर बेदखल किया गया है। अब ऐसा हरगिज नहीं होने दिया जायेगा एस. जी. मेश्राम ने भारतीय संविधान पर मंडरा रहे खतरों से सावधान होकर एकजुट होने पर बल दिया। कार्यक्रम में छात्रों के द्वारा आदिवासी नृत्य, गीत एवं भाषाण दिया गया।


## निधन

### शकीला बेगम



**खरोरा,** 11 अगस्त। नगर के स्व. डॉक्टर सत्तार साहब पशु चिकित्सक की धर्मपत्नी श्रीमती शकीला बेगम का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। खरोरा निवासी अब्दुल रज्जाक की माताजी थी।

### अलख राम आडिल



**दुर्ग,** 11 अगस्त। ग्राम तेलीगुण्डरा निवासी अलख राम आडिल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार कर दिया गया । वे सनत आडिल एवं राजेन्द्र आडिल के पिता थे।

## जिला मुख्यालय में मंत्री रविंद्र चौबे करेंगे ध्वजारोहण

**बेमेतरा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। 15 अगस्त 2023 को स्वतंत्रता दिवस पूरी गरिमा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर जिला मुख्यालय बेमेतरा के मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि मंत्री स्कूल शिक्षा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग श्री रविंद्र चौबे ध्वजारोहण करेंगे। इस आशय के आदेश छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय (महानदी भवन) से आज शुक्रवार को जारी कर दिया गया है।

# मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित किया: छाबड़ा

**बेमेतरा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ब्लॉक बेरला के ग्राम पंचायत कुसमी में आयोजित विकासखण्ड स्तरीय सतनामी समाज सम्मेलन एवं ममतामयी मिनीमाता मूर्ति लोकार्पण समारोह में मुख्यअतिथि आशीष छाबड़ा विधायक हुए शामिल।



सर्वप्रथम विधि विधान से पूजा अर्चना कर नारियल तोड़ फीता काट मिनीमाता मूर्ति का अनावरण किए। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा की मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ में लोक कल्याणकारी सरकार पूरी संकल्पबद्धता से कार्य कर रही है,राज्य सरकार की योजनाओं से प्रदेश के लोगों के जीवन स्तर में बदलाव आया है,सामाजिक सुदृढ़ता और संगठन के उत्कृष्ट योगदान की वजह से सतनामी समाज समग्र क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति दर्ज करा रही है,शिक्षा, साहित्य, संस्कृति और राजनीति सहित विविध क्षेत्रों में सतनामी समाज का प्रतिनिधित्व मिलता आ रहा है,

ममतामयी मिनीमाता ने प्रथम महिला सांसद बनकर समाज एवं छत्तीसगढ़ वासियों को गौरवान्वित किया,मिनीमाता ने हमेशा दलित शोषित समाज के उत्थान के लिए संसद से लेकर सड़क तक लड़ाई लड़ी है, वे महिलाओं के अधिकार के लिए हमेशा बात उठाती थीं, सांसद रहते हुए मिनी माता ने बाल विवाह जैसी कू प्रथा को समाप्त करने में अहम भूमिका निभाई है, मिनीमाता का व्यक्तित्व अतुलनीय था, सरल और सहज व्यक्तित्व की धनी मिनीमाता ने अपना पूरा जीवन मानव सेवा के लिए समर्पित कर दिया,दलितों के नागरिक अधिकारों की रक्षा के लिये अस्पृश्यता निवारण अधिनियम को संसद में पारित कराने में उन्होंने महती भूमिका निभाई,मिनीमाता ने समाज में महिलाओं का सम्मान दिलवाने के लिए जो कार्य किया, वह अद्वितीय है। मिनीमाता द्वारा प्रथम महिला सांसद के रूप में नारी शिक्षा, महिलाओं के विकास सहित समाज के सर्वकल्याण के लिए दिए गए सभी वक्तव्य सदैव अत्यधिक लोकप्रिय बने रहे हैं,सतनामी समाज अपनी सांस्कृतिक पहचान,परंपराओं,रीति-रिवाजों को सहेजे रखने के लिए जागरुक हैं, लगातार सौहार्दपूर्ण सामाजिक आयोजन इसका बड़ा उदाहरण है,ज्ञान-विज्ञान से लेकर खेती-किसानी और राजनीति-व्यापार तक हर क्षेत्र में सतनामी समाज छत्तीसगढ़ का नाम रोशन कर रहे हैं, यह प्रसन्नता का विषय है कि सतनामी समाज परम् पूज्य गुरु घासीदास बाबा के बताए सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ रहा है,

मिनी माता हमारे प्रेरणा स्त्रोत हैं,समाज को एक नई दिशा दी है, उनके बताए मार्गों पर चलने के साथ ही उनके विचारों को भी हमें आत्मसात करना है,साथ ही सामाजिक पदाधिकारीगण/सदस्यगणों के मांग पर सतनाम सामुदायिक भवन भवन निर्माण में आहता निर्माण कार्य की घोषणा इस अवसर पर टी आर जनार्दन, रामेश्वर देवांगन अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस कमेटी बेरला,हिरा देवी वर्मा अध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला,नवाज खान उपाध्यक्ष जनपद पंचायत बेरला,रासबिहारी कुर्रे अध्यक्ष नगर पंचायत बेरला, सरस्वती कमल साहू सभापति जनपद पंचायत बेरला,संतोष साहू सरपंच,कुमार गायकवाड,नेतराम निषाद अध्यक्ष सेवा सहकारी समिति,तुम्मन साहू ,मोहन हिरवानी,कृपाराम रात्रे, रामाकात साहू,अविनाश साहू,कृष्णा चतुर्वेदी,प्रवीण शर्मा, हेमंत चंदेल अध्यक्ष ब्लाक सतनामी समाज,मुकेश कुमार चेलक,मनोज कुमार घोसले, अजित कुमार पात्रे,महेंद्र जांगड़े, फिरताराम, उबारन दास बघेल, रामकिशोर जांगड़े, कुलेस्वर जागड़े, प्यारेलाल, शत्रुहन बंजारे, चंद्रकुमार सोनवानी,सुखदेव टंडन, एस. एच.मारकंडे, कनक राम देशलहरे,धनुष बारले,मोहन जांगड़े ,चंद्रकुमार सोनवानी,संतोष मिरी,आत्मानंद पुजारी, मनमोहन टंडन,सविता पच,प्रहलाद दिवाकर, धर्मदास गायकवाड,गुलाबदास,निर्मला गायकवाड,थानुराम, कन्हैया राम, प्यारे लाल,कैलाश,के आर साहू, गजानद जोशी,राजकुमार बंजारे,रमेश बंजारे,अजय कुर्रे,नागराज बंजारे, यशवंत सहित बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारीगण सदस्यगण रहे उपस्थित ।

# मिनीमाता स्मृति दिवस पर जिले के 35 दिव्यांगों को बैटरी चलित ट्राइसाइकिल सौंपी



**बेमेतरा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। संसदीय सचिव व विधायक नवागढ़ गुरुदयाल सिंह बंजारे ने आज विकासखंड मुख्यालय नवागढ़ में मिनीमाता स्मृति दिवस आयोजित कार्यक्रम में के मुख्य आतिथ्य के रूप में शामिल हुए। उन्होंने 20 दिव्यांगों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल मय हेलमेट सौंपी। सभी ने ट्राइसाइकिल का हॉर्न बजाकर खुशी जतायी।

इसी प्रकार विकासखंड मुख्यालय बेरला में विधायक आशीष छाबड़ा ने भी 15 दिव्यांगों को बैटरी चालित ट्राइसाइकिल प्रदाय की। इन सभी दिव्यांगों ने भी बैटरी चालित ट्राइसाइकिल पाकर खुशी का इजहार हॉर्न बजा कर किया। दोनों जगह समाज कल्याण के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि और ग्रामीणजन उपस्थित थे।

संसदीय सचिव गुरुदयाल सिंह बंजारे ने मिनीमाता की पुण्यतिथि पर उन्हें नमन करते हुए कहा कि शोषण, भेदभाव तथा अत्याचार से मुक्त और समतामूलक समाज के निर्माण में उनका योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने समाज की उन्नति तथा विकास के लिए निरंतर कार्य किया। मिनीमाता छत्तीसगढ़ की पहली महिला थी, जो सांसद बनी थी। स्नेह और ममता की प्रतिमूर्ति मिनीमाता मानव उत्थान व समाज कल्याण के लिए समर्पित रहीं।

वहीं बेरला कार्यक्रम में विधायक आशीष छाबड़ा ने संबोधित करते हुए कहा कि मिनीमाता का पूरा जीवन समाज के शोषित तथा वंचित लोगों की भलाई के लिए समर्पित रहा।

उन्होंने पुण्यतिथि पर मिनीमाता को नमन कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि मिनीमाता के कार्य सदैव प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। मिनीमाता को दलितों और महिलाओं के उत्थान के लिए किए गए कार्यों के लिये हमेशा याद की जाएंगी।

# खैरागढ़ यूनिवर्सिटी व शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय के बीच हुआ समझौता, लाभान्वित होंगे विद्यार्थी और शोधार्थी

**खैरागढ़,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ व शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के मध्य एक महत्वपूर्ण समझौता हुआ है। इस समझौते के अंतर्गत दोनों संस्थानों के बीच विद्यार्थी हित में अनेक साझा प्रयास किए जाएंगे। संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में यह समझौता हस्ताक्षर हुआ। इस अवसर पर इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति डॉ.ममता चन्द्राकर, कुलसचिव प्रो.डॉ.आईडी तिवारी, शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के कुलपति प्रो.डॉ. ललित प्रकाश पटेरिया मुख्य रूप से मौजुद थे। इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ के एमओयू प्रभारी डॉ.योगेन्द्र चौबे व अधिष्ठाता प्रो.डॉ.काशीनाथ तिवारी भी विशेष रूप से उपस्थित थे। एमओयू प्रभारी डॉ. चौबे ने बताया कि इस समझौते के अंतर्गत दोनों प्रतिष्ठित संस्थानों के मध्य कला, संस्कृति,



साहित्य आदि विविध विषयों पर आधारित गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। ऐसे साझा उपक्रमों से दोनों संस्थानों के विद्यार्थी लाभान्वित होंगे। डॉ.चौबे ने बताया कि अकादमिक कार्यक्रमों के अंतर्गत शैक्षणिक भ्रमण, प्रयोग व नवाचार तथा शोध संबंधी गतिविधियां इस समझौते में शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि खैरागढ़ विश्वविद्यायल का देश के कई शैक्षणिक संस्थानों के साथ समझौते हुए हैं, जिसमें छत्तीसगढ़ से रायगढ़ स्थित शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय का नाम भी अब शामिल हो गया है।

# आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा मे किया गया राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

**बेमेतरा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर श्री पदुम सिंह एल्मा के निर्देशानुसार स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय बेमेतरा में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम अंतर्गत सामूहिक दवा सेवन एवं राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया था, जिसमें मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. गणेश लाल टण्डन, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. संतराम चुरेन्द्र, जिला नोडल अधिकारी डॉ. ज्योति ए. जसाठी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक सुश्री लता बंजारे, राज्य सलाहकार सुश्री स्निग्धा पटनायक, बीपीएम श्री यशवंत चन्द्राकर, व्ही. बी. डी. पर्यवेक्षक श्री गुलाब चंद साहू, विद्यालय के प्राचार्यएवं सभी शिक्षक उपस्थित थे।



कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया फाईलेरिया जैसे गंभीर बीमारी से बचाव हेतु सरकार प्रति वर्ष सामुहिक दवा सेवन कार्यक्रम का आयोजन करती है, जिसके अंतर्गत (2 वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं एवं गंभीर बीमार व्यक्तियों को छोड़कर) सभी व्यक्तियों को फाईलेरिया के बचाव की दवा खिलाई जाती है।

सिविल सर्जन ने विद्यार्थियों को जानकारी दिया कि फाइलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है। व्यक्ति किसी भी उम्र में फाइलेरिया से संक्रमित हो सकता है। फाइलेरिया के लक्षण हाथ और पैर की सूजन (हाथीपांव) व अण्डकोष का सूजन (हाइड्रोसिल) है।

कार्यक्रम में जिला नोडल अधिकारी फाइलेरिया के रोकथाम/नियंत्रण के बारे में बताया जैसे मच्छरदानी का प्रयोग करें, अपने आस पास जल जमाव होने दें, सामूहिक दवा सेवन के दौरान साल में एक बार डीईसी एवं एल्बेंडाजोल दवा का सेवन उम्र के अनुसार अवश्य करना चाहिए।

# चीमा के निधन पर सिख व अन्य समाज ने दी श्रध्दांजलि

## सिख समाज हित में स्व. चीमा के द्वारा अनेकों जनहित के कार्य कराये गये

**दल्लीराजहरा**,11अगस्त (देशबन्धु)। गुरूद्वारा कमेटी के पूर्व सचिव कश्मिरा सिंह चीमा का निधन गुरूवार को रायपुर के मैकाहारा अस्पताल में शाम 5 बजे हो गया वे अपने पीछे धर्म पत्नी दो पुत्र पोत्र पौत्री का भरापूरा परिवार छोड़ कर इस दूनिया से विदा हो गये। नगर में इनके निधन की खबर जब नगर वासियों व सिख समाज को हुई तों लोगों में शोक की लहर छा गई। स्व.चीमा मिलनसार व्यक्तित्व के धनी थे छोटे से लेकर बड़े सभी को आदर पूर्वक सम्मान देते थे व किसी भी समाज का व्यक्ति हो सभी के दूख सुख में बढ़चढ़ कर भाग लेते थे। समाजिक कार्यों के उत्थान व विकास में अपना मार्गदर्शन दे कर सिख समाज के साथ अन्य समाज के युवा पीढ़ीयों को समाज के उत्थान के प्रति प्रेरित करते थें,इनके द्वारा सिख समाज के हित में जनहित के अनेकों कार्य गुरूद्वारा कमेटी के सचिव रहते कराये गये। स्व. चीमा का अतिम संस्कार दल्लीराजहरा के मुक्तिधाम में 11 अगस्त शुक्रवार को किया गया जहां पंच तत्व में इनका मृत शरीर जा मिला इनके अंतिम संस्कार में गुरूद्वारा कमेटी के वर्तमान अध्यक्ष सचिव सदस्य गण परिवहन संघ के अध्यक्ष सचिव सदस्य गण सिख व अन्य समाज के प्रतिनिधि कांग्रेस भाजपा के प्रतिनिधियों ने स्वर्गीय कश्मिरा सिंह चीमा को श्रध्दांजलि अर्पित करते हुए कहा की चीमा जी का निधन हम सभी के लिए बहुत बड़ी क्षति है,इनकी आत्मा को गुरूननक देव भगवान अपने चरणों में स्थान देवे व इनके परिवार को दूख सहने की शक्ति प्रदान करे।अंतिम संस्कार में उपस्थित जनों व सिख समाज के लोगों ने स्व. चीमा के आत्मा के शांति के लिए मुक्तिधाम में दो मिनट का मौन धराण कर श्रध्दांजलि अर्पित किये।



# चलो संगवारी भाजपा संग जुड़बो अभियान, विधायक के घर सेंध

**खैरागढ़,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने से पहले ही विधानसभा क्षेत्र मे देशहित को प्राथमिकता मानकर युवाओं का हुजूम भाजपा प्रवेश के लिए उमड़ रहा है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने 11 सौ 11 युवाओ को भाजपा से जोड़ने का लक्ष्य लेकर बीते सप्ताह ही चलो संगवारी भाजपा संग जुड़बो अभियान की शुरूआत की और महज एक सप्ताह के भीतर ही लगातार युवा भाजपा की रीति नीति और नेतृत्व क्षमता से प्रभावित होकर भगवा गमछा ओढ़ रहे है। उदयपुर मे मन की बात कार्यक्रम के दौरान 125, बुंदेली मे 222 के बाद सलोनी मे आयोजित कार्यक्रम मे 355 युवाओ ने विधिवत रूप से भाजपा प्रवेश किया है। सलोनी मे जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष धम्मन साहू, भाजयुमो जिलाध्यक्ष आयश सिंह की मौजूदगी मे विधायक यशोदा वर्मा के गृह ग्राम देवारीभाठ से पुराने कांग्रेसी दीपक वर्मा, दिनेश वर्मा, कमलेश यादव, राजकुमार वर्मा और प्यारी वर्मा सहित युवा शक्ति संगठन के 42 युवाओ ने भाजपा प्रवेश किया। जालबांधा के 25 पेटी के 5 करमतरा के 41, शेरगढ़ के 15 भोथी के 12, अवेली के 25, रंगकठेरा के 74, सोनभट्ठा के 53, केकराजबोड़ के 33 और सलोनी के 25 युवाओ को मिलाकर एक ही दिन मे 355 युवाओ ने भाजपा की विधिवत सदस्यता ग्रहण की है। क्षेत्र के युवा लगातार तेजी से अभियान मे जुड़कर भाजपा की रीति नीति पर विश्वास प्रकट कर रहे है जो आसन्न विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस के लिए मुश्किले खड़ी कर सकता है।



**गरीब के गृह प्रवेश बाद भाजपा प्रवेश करेंगे. के सीएम जाएंगे अपने घर**- कार्यक्रम में जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का नौ साल उपलब्धियो से भरा पूरा है, गॉव गरीब को पीने का साफ पानी, आवाजाही के लिए सुगम सडक, सिर छुपाने के लिए मकान, धुंए से मुक्ति के लिए गैस सिलेंडर और महिलाओ के मान सम्मान को देखकर घर घर शौचालय जैसी जनसरोकार से संबंधित योजनाएं क्रियांवित कर भारतरत्न पूर्व पीएम अटल बिहारी बाजपेयी के सपनो का प्रदेश बना रही है वही दूसरी ओर पौने पांच साल से सत्ता सरकार में काबिज कांग्रेस प्रदेश का बेड़ा गर्क करने मे तुली है। विक्रांत ने कहा भाजपा की सरकार बनी तो उनका सीएम अपने सरकारी आवास तभी जाएगा जब प्रदेश के गरीब अपने खुद के आवास पर विधानसभा क्षेत्र में 1111 नए युवाओ को भाजपा से जोडने चलो संगवारी भाजपा संग जुड़बो अभियान को जिस तरह से प्रतिसाद मिल रहा है उससे लगता है कि लक्ष्य निर्धारित समय से पूर्व हासिल हो जाएगा। इस दौरान विकेश गुप्ता, केशव चंदेल, हरप्रसाद वर्मा, प्रकाश सिंह ठाकुर, भरत वर्मा, देवकुमार सेन, आलोक श्रीवास, अनूपलाल वर्मा, आदर्श बहादुर सिंह, दीनदयाल सिंहा, रविंद्र वर्मा, सूर्यदमन सिंह, मंजीत सिंह ठाकुर, दिलेश्वर यदु, प्रेमसागर गुप्ता, जयप्रकाश साहू, राकेश वर्मा, मुकेश वर्मा, अमिषा वर्मा, डोरेलाल साहू, रेखचंद वर्मा, जागेश्वर जंघेल, ललित चोपड़ा, अनीस सिंह, चंद्रेश साहू, प्रमोद भगत, दुवेश वर्मा, भूपेंद्र साहू, अनिल साहू, नेंगी वर्मा, चंदू यादव, हेमंत देशमुख, गजानंद साहू, धर्मेंद्र साहू, अरूण साहू, तेजश्वर साहू, होमेश्वर साहू, तारण साहू, चतुर वर्मा, वीरेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

# आदिवासी दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन

**खैरागढ़,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। सतनाम ब्लड फाउंडेशन व अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन के संयुक्त तत्वाधान में मानव सेवा की ओर एक कदम बढ़ाते हुये 9 अगस्त को विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। नगर के राजपूत क्षत्रिय भवन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. संगठन की प्रदेश अध्यक्ष रानी राजलक्ष्मी तिवारी ने बताया कि उनका संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष निरज सिंह महासचिव ईश्वर जोशी के मार्गदर्शन में मानव सेवा और जागरुकता को लेकर जो अभियान की शुरुआत की गई है। उसी के तहत यह कार्यक्रम आयोजित की गई है। राजलक्ष्मी तिवारी ने कहा कि जिस तरह वर्तमान में देश का माहौल है, मणिपुर की आदिवासी महिलाओं पर हुये अत्याचार से पूरा देश आहत है, एक संदेश हम समाज में देना चाहते हैं। एक दूसरे का सम्मान करें और एक दूसरे के प्रति काम आये. इसी के चलते विश्व आदिवासी दिवस में सतनाम ब्लड फाउंडेशन के साथ मिलकर सर्व धर्म समभाव और मानवता का संदेश देते हुये रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस दौरान प्रदेश महासचिव शिवानी परिहार, सतनाम ब्लड फाउंडेशन के अध्यक्ष संदीप सिरमौर, संजय कुर्रे सहित संगठन के समस्त पदाधिकारी जिलाध्यक्ष कोयल श्रीवास्तव, रैना सिंह, स्मिता चौरे, मीनाक्षी जंघेल, नीशा अग्रवाल, सिमरन जैन, हेमलता जैन, नीतू जैन, अंजू शर्मा, प्रतिभा मिश्रा, कुसुमा जंघेल व जिला अध्यक्ष शरद बोहरे उपस्थित थे।



# नि:शुल्क साइकिल प्राप्त कर छात्राओं के चेहरे खिले

- बेटियों के लिए अब दूरियां भी कम साइकिल से अब आ सकेंगे स्कूल

**गुरुर,** 11 अगस्त (देशबन्धु )। गुरुर के स्वामी आत्मानंद स्कूल में शुक्रवार को सरस्वती साइकिल योजना के तहत नवी कक्षा के 110 छात्राओं को संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा के हाथों वितरण कराया गया, साथ ही कक्षा दसवीं कक्षा बारहवीं इंग्लिश और हिंदी मीडियम के टॉपर बच्चों को प्रशस्ति पत्र और मेडल देकर उनका सम्मान किया गया।

लड़कियों को शिक्षा की ओर प्रेरित किया जाए. उनकी जो भी तकलीफ है उसे दूर किया जाए। सरकार ने जैसा कहा, वैसा किया।

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि अगर सरकार संवेदनशील है तो फिर कोई राह मुश्किल नहीं है. बेटियों के मर्म को समझने वाली भूपेश सरकार अपनी इसी संवेदनशीलता के लिए जानी जाती है. बेटियों की शिक्षा उनकी पहली प्राथमिकता में है और सरस्वती सायकल योजना इस प्राथमिकता की अहम कड़ी रही है. सरकार बेटियों को मिडिल से हाई और हाई से हायर तक की शिक्षा के लिए प्रेरित करने सायकल योजना का लगातर विस्तारित कर रही है.भूपेश सरकार ने तय कर लिया था कि सत्ता में आते ही लड़कियों को शिक्षा की ओर प्रेरित किया जाए. उनकी जो भी तकलीफ है उसे दूर किया जाए. इसके साथ-साथ किसी भी छात्र किताबे या गणवेश की वजह स्कूल नहीं जाने से वंचित नहीं होने दिया जाएगा. सरकार ने जैसा कहा, वैसा किया

. सरकार ने सत्ता में आने के बाद सरस्वती सायकल योजना की शुरुआत की. सरकार के इन प्रयासों का परिणाम है कि स्कूलों में लड़कों से कहीं ज्यादा प्रतशित लड़कियों का हो गया है।



पंगडियों से पक्की सड़क तक घूमते पहियों के संग टिनटिन बजती घंटियां और समय पर स्कूल पहुँचने की सुकूं भरी राहत है।

छत्तीसगढ़ की बेटियों के चेहरे पर अब हंसी और खिलखिलाहट. पंगडियों से पक्की सड़क तक घूमते पहियों के संग टिनटिन बजती घंटियां और समय पर स्कूल पहुँचने की सुकूं भरी राहत है. भूपेश बघेल सरकार ने बेटियों को सरस्वती सायकल दी, तो सरस्वती सायकल ने जैसे लड़कियों को न जाने क्या-क्या सौगातें दे दी. चेहरे पर हंसी, जी भर खुशी, ना थकान. ना परेशान. मुश्किल राहें हुई आसान. तभी तो भूपेश बघेल सरकार के लिए ये कहती बेटियां. सायकल नहीं मुख्यमंत्री ने तो उन्हें विद्या की देवी सरस्वती दे दी।

बच्चों ने स्वागत गीत गाकर संजारी बालोद विधायक संगीता सिन्हा का स्वागत किया, संगीता सिन्हा ने कहा कि स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल का पूरे छत्तीसगढ़ में खुल जाने से बहुत सारे गरीब माता-पिता की समस्या का हल हुआ है क्योंकि पहले माता-पिता बच्चे को पढ़ाना तो चाहते थे इंग्लिश मीडियम कि महंगी फीस की वजह से बच्चों को पढ़ा नहीं पाते थे, लेकिन जब से स्वामी आत्मानंद स्कूल खुलने से गरीब से गरीब माता-पिता अपने बच्चों को इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ पा रहे है, उन्होंने हायर सेकेंडरी के बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए करते हुए कहा कि अभी आप जिस फील्ड में तरक्की करना चाहते हैं उसे फील्ड के लिए अभी से कमर कस के पढ़ाई करना शुरू कीजिए और अपनी भविष्य के लिए योजना बनाइए, उन्होंने लगभग 10 लाख की राशि से अतिरिक्त कमरे बनाने की भी घोषणा की। नगर पंचायत अध्यक्ष महिमा रेनू साहू, शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष पुरुषोत्तम सेन, ओंकार महामल्ला, टोमन साहू, पार्षद चंद्र लता साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष टिकेश्वरी साहू, शिक्षक गण और पालक गणित कार्यक्रम में शामिल हुए।

स्कूल के प्रिंसिपल डी पी यादव ने अपनी बातों को रखते हुए कहा कि स्वामी आत्मानंद स्कूल गुरूर सुबह 7ः00 बजे से लेकर शाम के 5ः00 बजे तक खुला रहता है इस स्कूल में इंग्लिश मीडियम में एल. के. जी. के क्लास से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं दोपहर 12ः00 से 5ः00 लगती है और हिंदी मीडियम में क्लास वन से लेकर 12वीं तक की कक्षाएं लगती जो कि सुबह 7ः00 से दोपहर 12ः00 बजे तक लगता हैं और अभी कुछ 1 सप्ताह पहले सीबीएसई कक्षा से चलित कक्षा वन से लेकर कक्षा 5 तक क्लासेस लग रही है इस तरह से इस साला प्रांगण में टोटल 31 क्लासेस लगती हैं और लगभग यहां पर 1500 बच्चे यहां पर शिक्षा ग्रहण करते हैं इस शाला में टोटल 49 शिक्षक की स्वीकृति है लेकिन अभी इस साला में सिर्फ 38 शिक्षक कार्यरत हैं जिसमें 11 शिक्षक का पद रिक्त है ।

# भूपेश सरकार शिक्षित बेरोजगारों को भत्ता,युवाओ को बेहतर शिक्षा के साथ रोजगार के दिए स्वर्णिम अवसर: नवाज

**राजनांदगांव,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। किसान संपर्क अभियान के तहत लगातार दौरा कर रहे जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष नवाज खान शुक्रवार को खुज्जी विधानसभा के दीवानटोला, गिधवाभंवर सहित आधा दर्जन गांव पहुंचे। जहां उन्होंने किसानो के साथ ही महिलाओं एवं युवाओं से मुलाकात भी की। इस दौरान ग्रामीणों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश की भूपेश सरकार ने युवाओ को बेहतर शिक्षा देने के साथ ही रोजगार के भी भरपुर अवसर दिए है। यही कारण है कि प्रदेश में बेरोजगारी दर देश में सबसे कम है। इस दौरान नवाज के साथ स्थानीय विधायक छन्नी साहू भी उपस्थित रही।



किसानो के बीच पहुंचे नवाज ने पहले उनका सम्मान किया और उनको गमछा पहनाया। इसके बाद सभी किसानो से चर्चा करन उनकी स्थिती को भी जाना। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओ के बारे में भी विस्तार से सभी को अवगत कराया। नवाज ने कहा कि आज की तारीख में छत्तीसगढ़ का किसान देश में सबसे खुशहाल है। उनकी आय बढ़ाने के साथ ही हर क्षेत्र में सरकार ने उनके लिए काम किया है। नवाज के साथ किसान सपर्क अभियान में चुम्मन साहू, लादूराम तुमरेकी,, विपिन यादव, राजू सिन्हा, अमित अग्रवाल, राम गुलाल धावडे, संदीप साहू , चंद्रिका वर्मा, अंजलि धावड़े, दया दास जांगड़े, माखन देशलहरे, दोनक दास कोठारी, फुल दस लहरे, चोवा राम जांगड़े, महेश मारखंडे, मन्नू दस खिलाड़ी, बैशाखू राम सिन्हा, दया राम एवं अन्य उपस्थित रहें।

### अंग्रेजी स्कूल आत्मानंद से बदल रही तस्वीर

नवाज ने ग्रामीणो को संबोधित करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार ने शिक्षा के स्तर में काफी सुधार किए है। पहले अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए किसान परिवार को हजारो रुपए खर्च करने पड़ते थे, लेकिन अब आत्मानंद स्कूल खुलने से मुफ्त में अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा मिल रही है। इसके साथ ही प्रदेश में आत्मांनद अंग्रेजी माध्यम कॉलेजो की भी शुरुआत कर ली गई है। बेहतर शिक्षा के बाद रोजगार देने का काम भी भूपेश सरकार कर रही है।

### विधायक ने भी गिनाए सरकार के काम

इस अवसर पर विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने भी प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण विकास के लिए किए गए कामों के बारे में जानकारी दी। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार लगातार काम कर रही है, उनकी योजनाओं का असर है कि अब शहरो के मुकाबले ग्रामीण अंचल तेजी से आगे बढ़ रहा है। विधायक ने कहा क्षेत्र में भी सड़क, पुलिया, भवन सहित कई काम सरकार ने किए है, जिसका सीधा फायदा ग्रामीणों को मिला है।

# बास्केटबॉल की नर्सरी राजनांदगांव को एक और उपलब्धि

**राजनांदगांव,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। साई राजनांदगांव की बास्केटबॉल खिलाडी मोनी अडला ग्वांगझू चीन में 23 सितंबर से 5 अक्टूबर तक आयोजित एशियन गेम्स मे भाग लेने वाली भारतीय महिला बास्केटबॉल टीम का प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनीत हुई है। साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव के अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव को इस टीम का प्रशिक्षक नियुक्त किया गया। यह केम्प चेन्नई में 12 अगस्त से 21 सितम्बर तक आयोजित किया गया है। केम्प के पश्चात चयनीत खिलाडी एशियन गेम्स में भाग लेने जायेंगे।







इस केम्प में देश के विभिन्न राज्यों एवं विभिन्न रेल्वे की श्रेष्ठ महिला खिलाड़ी भाग लेंगी। इसमें छत्तीसगढ़ से एकमात्र खिलाडी साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव की मोनी अडला जो कि भिलाई मुल निवासी है भी भाग लेगी।

टीम के कोच एस भास्कर तमिलनाडु , कालवा राजेश्वर राव साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव एवं मीनालता तमिलनाडु होंगी जबकि अहाना पुरानिक टीम की फिजिओ होगी।

उल्लेखनीय है कि मोनी अडला ने विभिन्न राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किये हैं। इसके अतिरिक्त उन्होंने एशियन बास्केटबॉल प्रतियोगिता तथा विश्व स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भाग लिया है।

साई ट्रेनिंग सेंटर राजनांदगांव के अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रशिक्षक कालवा राजेश्वर राव अलग अलग समय में सिनियर भारतीय मेंस टीम के केम्प में कोच, जुनियर महिला टीम के कोच, साबा चालिफायर जुनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय जुनियर टीम के कोच एवं स्वर्ण पदक, भारतीय युवा बालक बालिका टीम के केम्प के हेड कोच, सब जुनियर भारतीय बास्केटबॉल टीम के केम्प में हेड कोच, एशियन बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भारतीय महिला स्कूल टीम के कोच एवं लिमोजेस फ्रांस, क्रोएशिया, बेलगरेड सर्बिया, पेरिस फ्रांस में आयोजित विभिन्न विश्व स्कूल बास्केटबॉल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाली समस्त टीमों के कोच के रूप में कार्य किया है।

कालवा राजेश्वर राव की अथक मेहनत काही परिणाम है कि राजनांदगांव को देश में बास्केटबॉल की नर्सरी के रूप में जाना जाता है। राजनांदगांव में उनकी पदस्थापना के पश्चात उन्होंने वनांचल, आदिवासी बहुल क्षेत्रों एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों की रॉ टेलेंट को खोजकर उन्हें तराशने का कार्य कर रहे हैं। उसका ही नतीजा है कि राजनांदगांव के सैकड़ों बास्केटबॉल खिलाड़ियों ने विभिन्न राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक प्राप्त किये हैं। इसके अतिरिक्त 75 से अधिक खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भाग लिया है। और कई खिलाड़ियों ने विभिन्न सरकारी संस्थाओं में खेल कोटे से नौकरी पाई है। कालवा राजेश्वर राव की महन्त का ही नतीजा है कि राजनांदगांव का साई का सेंटर देश का बास्केटबॉल का सर्वश्रेष्ठ सेंटर है एवं हाल ही में बास्केटबॉल खेल की दो बास्केटबॉल एकेड्मी स्वीकृत हुई है एवं इनके द्वारा वनांचल के रॉ टेलेंट को खोजकर तराशने का कार्य करने के कारण ट्राइबल एरिया एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के बच्चों ने बास्केटबॉल खेल में देश में अपनी धमक बनाई है। मोनी अडला एवं कालवा राजेश्वर राव की इस उपलब्धी के लिए विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों एवं खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दीं हैं।

# किसानों को अमानक गोबर खाद जबरदस्ती विक्रय करने के विरोध में भाजपा का हल्ला बोल

**राजनांदगांव,**11 अगस्त (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस सरकार द्वारा किसानों को सोसायटी के माध्यम से जबरदस्ती अमानक गोबर खाद बेचने के विरोध में भारतीय जनता पार्टी ने आज शुक्रवार को जोरदार हल्ला बोलते हुये धरना प्रदर्शन कर कलेक्ट्रेट का घेराव किया। सभा के पश्चात झुंऊहा टोकनी में अमानक खाद लेकर सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट का घेराव करने पहुंचे।





सांसद संतोष पांडे,वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख एवं जिलाध्यक्ष रमेश पटेल,किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कोमल सिंह राजपूत सहित भाजपा के सभी बड़े चेहरे विरोध व कलेक्ट्रेट घेराव में शामिल रहे। भाजपा कार्यकर्ताओं को कलेक्ट्रेट पहुँचने से रोकने के लिये पुलिस प्रशासन ने सर्विस रोड के सामने,तुलसीपुर गली के पास,प्रवेश द्वार पर, एवम अबेंडकर चौक के आगे मोड़ पर,कुल मिलाकर पांच जगह पर विशाल बेरिकेट्स लगाये थे, और भारी पुलिस बल भी तैनात था। बेरिकेट्स पार करने की कोशिश में कार्यकर्ताओं व पुलिस के बीच खींचतान भी हुई, किसान मोर्चा के अध्यक्ष हीरेंद्र साहू झूमा झपटी के दौरान चोटिल भी हो गए,उन्हें पैर में चोट लगी। भाजपा नेताओं ने अमानक खाद लेकर कलेक्ट्रेट तक जाने देने की मांग की, और कलेक्टर को ज्ञापन देने की मांग पर अड़े रहे, ऐसा नहीं होने पर भाजपा कार्यकर्ता बेरिकेट्स को फांदते हुए अंदर जाने में सफल रहे, जिसके बाद भाजपा कार्यकर्ता अमानक गोबर खाद के साथ कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचे। जहाँ भाजपा वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख,रमेश पटेल,प्रदेश महामंत्री मंत्री कोमल सिंह राजपूत, सहकारिता मंत्री प्रकोष्ठ के प्रभारी शशिकांत द्विवेदी ने एस डी एम को अमानक गोबर खाद दिखाया और इसे खेती व किसान सहित आमजन के लिये हानिकारक बताते हुये तत्काल किसानों को इसका जबरन वितरण बंद कराने की मांग की, साथ ही दबाव पूर्ण किसानों को दिये गये अमानक गोबर खाद की राशि भी वापस किये जाने की मांग रखी।

भाजपा नेता खूबचंद पारख ने भूपेश सरकार पर जोरदार हमला करते हुए कहा कि किसानों को जबरदस्ती अमानक खाद खरीदने का दबाव प्रदेश सरकार द्वारा बनाया जा रहा है। विवशता में गरीब किसान कचरे व मिट्टी मिला कर बनाये गये अमानक खाद को खरीद रहे हैं। भाजपा किसानों के साथ ऐसे अन्याय का विरोध करती है, कलेकटेट घेराव के समय खूबचंद पारख ने अधिकारियों को थैली में खाद की गुणवत्ता को भी दिखाया और जिला प्रशासन से जोरदार तरीके से कहा की इस गंभीर विषय में किसानों के हितों का ध्यान रखते हुये कार्यवाही करे व अमानक खाद का वितरण बंद कराये।

भाजपा के नेताओं ने सभा को गर्म जोशी से संबोधित किया, जिसमें प्रमुख रूप से संगठन प्रभारी अवधेश चंदेल, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, किसान मोर्चा के प्रदेश महामंत्री कोमल सिंह राजपूत, नीलू शर्मा, चंद्रिका डडसेना, गीता घासी साहू, राजेंद्र गोलछा, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष हीरेंद्र साहू बोधिराम साहू तामेश्वर साहू आदि ने धरना को संबोधित किया। भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री घासी साहू ने संचालन व आभार प्रदर्शन दादूराम सोनकर ने किया।

# सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ उठाएं नागरिक: छन्नी साहू



■ छुरिया में 10 बिस्तर के आईसोलेशन वार्ड और प्रशिक्षण भवन का किया लोकार्पण

**राजनांदगांव,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी चंदू साहू ने शुक्रवार को नगर पंचायत छुरिया में नवनिर्मित मितानिन प्रशिक्षण भवन का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने यहां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 10 बिस्तरों के आईसोलेशन वार्ड का लोकार्पण किया। इस दौरान छुरिया नगर पंचायत के जनप्रतिनिधि व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सहित अन्य नागरिक मौजूद रहे। लोकार्पण कार्यक्रमों के बाद विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने कहा कि ङ्क आज नगर को प्रशिक्षण भवन सौंपकर प्रसन्नता हुई। इससे मितानिनों की बहुपयोगी क्षमता विकसित करने हेतु आयोजित की जाने वाली कार्यशालाओं के लिए भी एक समुचित व्यवस्था बन गई है। विभागीय कार्यशैली और जमीनी स्तर पर उचित कार्य व्यवस्थापन संबंधी प्रशिक्षणों के आयोजन में अब आसानी होगी। इसका लाभ उठाया जाना चाहिए। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भी 10 बिस्तरों के आईसोलेशन वार्ड के लोकार्पण पर उन्होंने कहा कि - स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने बताया कि अब क्षेत्र के लोगों को और भी बेहतर चिकित्सा सुविधा यहां मिल सकेगी। इस तरह हमने स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी उपयुक्त और तेज गति से विकास किया है। गों को इससे बड़ा लाभ मिल रहा है। मैं अपील करती हूं कि, नागरिक समय-समय पर अपनी उचित जांच इन योजनाओं के माध्यम से कराते रहे और सदैव स्वस्थ रहें। इस दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रितेश जैन, महामंत्री चुमन्न साहू, जिला प्रवक्त राहुल तिवारी, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील लारोकर, कमलेश यादव, राधेश्याम ठाकुर, बीएमओ ओमेश भगत, विकास खंड कार्यक्रम प्रबंधक रोशन नांदेश्वर, खंडप्रशिक्षण अधिकारी भुवन लाल चौरे सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मी व नागरिकगण मौजूद थे।

# बागेश्वरधाम शिवमहापुराण हेतु प्रज्ञा गुप्ता ने मुख्यमंत्री को दिया आमंत्रण

**राजनांदगांव,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। संस्कारधानी में श्री बागेश्वर महादेव धाम मंदिर में आयोजक भगवान भोलेनाथ की कृपा दृष्टि से नगर की संस्थाओं व नगरवासियों के द्वारा सभी के भक्तिभाव, सहयोग से होने वाले श्री शिवमहापुराण कथा में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल के उनके सेम्हरा दैहान-डुमरडीहकला आगमन पर श्री बागेश्वर धाम की सेविका श्रीमती प्रज्ञा गुप्ता द्वारा मान. मुख्यमंत्री से सौजन्य भेंट कर उन्हें कथावाचक पं. श्री विनोद बिहारी गोस्वामी के मुखारबिंद से प्रस्तुत होने वाले शिव भक्तिमय श्री शिव महापुराण कथा का आमंत्रण पत्र देकर कथा में आने का निमंत्रण दिया ।



# प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की आवश्यक बैठक कल

**डोंगरगांव,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ की प्रांतीय महासमिति की बैठक 13 अगस्त को संघ कार्यालय अर्जुन नगर रायपुर में सुबह 11 बजे से रखी गयी है द्य संघ के प्रांताध्यक्ष आलोक मिश्रा की अध्यक्षता में संघ की यह द्वितीय महासमिति बैठक होगी द्य बैठक में संघ संरक्षक एवं सलाहकार ओपी शर्मा के साथ-साथ संघ के प्रदेश भर के प्रांतीय पदाधिकारी, संभागीय अध्यक्ष एवं पदाधिकारी, जिला अध्यक्ष एवं जिला पदाधिकारी, सभी प्रकोष्ठ के प्रांतीय संयोजक उक्त बैठक में उपस्थित रहेंगे द्य पूरा मामला संघ के प्रांतीय संयुक्त सचिव भोज साहू ने बताया कि संघ द्वारा 04 जुलाई से अनिश्चितकालीन आन्दोलन किया जा रहा था जिसे 9 जुलाई को टीएस सिंहदेव उप मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के आश्वाशन में 5 दिनों में कार्यवाही के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियो को निर्देश देने पर स्थगित किया गया था द्य उसी दिन टीएस बाबा की अगुवाई में संघ की मांगों को मुख्यमंत्री के समक्ष रखा गया था द्य मुख्यमंत्री के निर्देश पर 13 जुलाई को मुख्य सचिव से चर्चा कर अपनी मांगों एवं समस्याओं को अवगत कराया गया था द्य मुख्य सचिव ने सम्बंधित विभागों को तत्काल कार्यवाही के लिए निर्देशित किया थाद्य और शासन स्तर पर प्रक्रिया चल रही है द्य संघ की प्रमुख मांगें जिसमें स्वास्थ्य कर्मियों / लिपिकों की वेतन विसंगति, विभिन्न भत्ते, नियमितीकरण, 13 माह का वेतन, पदनाम परिवर्तन, ह्क्ष्ठ को एक पाली में करने, एक्स रे रेडियेशन भत्ता बेसिक के 10 प्रतिशत आदि मांगों के लिए संघ संघर्षरत है द्य किन्तु ठोस आश्वासन एवं निर्देश के बाद 1 माह बीत जाने के उपरांत भी शासन द्वारा आदेश जारी नहीं किये होने पर पदाधिकारियों व स्वास्थ्य कर्मियों में भारी असंतोष एवं आक्रोश है द्य मांगों की अतिशीघ्र पूर्ति के लिए उक्त बैठक में भावी रणनीति तैयार की जाएगी।



# रक्सौल-हैदराबाद के भी पहिए राजनांदगांव में थमेंगे: सांसद पांडे

**राजनांदगांव,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। लंबी दूरी के ट्रेनों के ठहराव की श्रृंखला में सांसद संतोष पांडे ने आज एक और उपलब्धि हासिल की है। जारी मौजूदा संसद सत्र के दौरान दूरभाष के माध्यम से सांसद ने जानकारी दी कि वंदे-भारत, दरभंगा-सिकंदराबाद के ठहराव के बाद अब माननीय रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव जी ने रक्सौल-हैदराबाद (17005) के ठहराव की स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बताया कि पूर्व में मुलाकात और समय-समय पर जारी बैठकों व मांग पर वे उक्त ट्रेन के ठहराव का विषय उठाते रहे हैं जो विद्यार्थी, चिकित्सा उपचार व युवाओं के रोजगार से जुड़ी महत्वपूर्ण ट्रेन है। ठहराव की जानकारी सदन में स्वयं माननीय श्री मंत्री जी उन्हें व्यक्तिगत रूप से दी है, राजनांदगांव के प्रति संवेदनशीलता दिखाने के लिए उन्होंने क्षेत्रवासियों की ओर से माननीय प्रधानमंत्री मोदी जी व रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव का आभार व्यक्त किया है। मुलाकात के दौरान उन्होंने क्षेत्र के डोंगरगढ़ व राजनांदगांव स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन योजना से वंचित किए जाने का मुद्दा उठाया जिस पर रेल मंत्री ने आश्वासन दिया कि चिन्हित 1309 स्टेशनों में राजनांदगांव व डोंगरगढ़ का उन्नयन होना है किंतु उन स्टेशनों का उन्नयन शेष स्टेशनों के साथ नहीं वरन पृथक से शीघ्र आदेश कर उन्नयन होगा। छत्तीसगढ़ के स्टेशन जो नागपुर मंडल से जुड़े हैं को रायपुर मंडल से जोड़ने का विषय में समय-समय पर लोकसभा में उठाने के साथ ही बैठकों में उल्लेखित करते रहे हैं। अंत में उन्होंने बताया कि रक्सौल-हैदराबाद ट्रेन के ठहराव की तिथि संसद सत्र समाप्ति के बाद रेल अधिकारीयों से बैठक के बाद निर्धारित की जानी है ।

FORM No.14
[See Regulation 33 (2)]
By Regd. A/D, Dasti failing which by Publication

OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER- I/II
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR
797/2, Shanti Kunj, South Civil Lines, Jabalpur- 482001

**DEMAND NOTICE**

NOTICE UNDER SECTIONS 25 TO 28 OF THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993 AND RULE 2 OF SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961.

RC/80/215 BANK OF MAHARASHTRA 04-08-2023
Versus
LATMAR SAHU

To
(CD 1) LATMAR SAHU
VILL-KURUA, POST-SILHATI,
TEH-KAWARDHA,
DIST-RAJNANDGAON (C.G.)
Rajnandgaon
(CD 2) JETHU RAM SAHU
VILLAGE KHAIRA,
TEH-KABIRDHAM, (C. G.)
KABIRDHAM,CHHATTISGARH
(CD 3) RAMKHILAWAN SAHU
VILL-KURUA, POST-SILHATI,
TEH-KAWARDHA, DIST-RAJNANDGAON (CG.)
Rajnandgaon, CHHATTISGARH

This is to notify that as per the Recovery Certificate issued in pursuance of orders passed by the Presiding Officer. DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR in **OA/40/2014** an amount of Rs **1053365.00 ( Rupees Ten Lakhs Fifty Three Thousands Three Hundred Sixty Five only)** along with pendentellite and future interest @ 12 % Simple Interest Yearly w. e. f. 11.2.2014 till realization and costs of Rs 13000 **( Rupees Thirteen Thousands Only )** has become due against you (Jointly and severally/ Fully/Limited).

2. You are hereby directed to pay the above sum within 15 days of the receipts of the nonce, falling which the recovery shall be made in accordance with the Recovery of Debts Due to Banks and Financial Institutions Act, 1993 and Rules there under.

3. You are hereby ordered to declare on an affidavit the particulars of yours assets on or before the next date of hearing.

4. You are hereby ordered to appear before the undersigned on **04/10/2023** at 10:30 a.m. for further proceedings.

5. in addition to the sum aforesaid, you will also be liable to pay:

(a) Such interests as is payable for the period commencing immediately after this notice of the certificate / execution proceedings.

(b) All costs, charges and expenses incurred in respect of the service of this notice and warrants and other processes and all other proceedings taken for recovering the amount due.

Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **04/08/2023.**

**(Vaatsalya Kumar)**
RECOVER OFFICER
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR

# सर्व हिंदू समाज ने गोल बजार में जेहादी आतंकवाद का पुतला फूंका

**डोंगरगढ़,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। सर्व हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं ने गोल बजार में जेहादी आतंकवाद पुतला का दहन कर मेवात के मुहुं में कावडियो व शिवभक्तो पर हमले की घटना को कायराना व शर्मनाक बताते हुए विश्व हिंदू परिषद, हनुमान भक्त समिती व सनातन जागृति सेवा संस्थान के सदस्यों के द्वारा पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत गोल बाजार के फौव्वारा चौक पर एकत्रित हो जेहादी आतंकवादियों के खिलाफ नारेबाजी कर आतंकवाद का पुतला दहन किया गया । इस अवसर पर विश्व हिंदु परिषद के जिलाध्यक्ष तरुण हत्थेल ने बताया कि मुहु में जो निहत्थे कावडियो पर जेहादी आतंकवादियों ने हमला किया है वो बेहद ही कायराना पूर्वक हरकत है जिसे हम हिंदुस्तान के लोग कतई बर्दाशत नहीं करेंगे मैं चैनल और समाचार पत्र से उन आतंकियो को बताना चाहता हूँ कि हमारा देश सविधान से चलता है और सभी अपने धर्म का प्रचार प्रसार कर सकते है परंतु हिंदु धर्म को टार्गेट कर हिंदुओ की भावना को आहत किया गया है जिसकी पुनरावृत्ति ना हो नहीं तो ऐसी विचारधारा रखने वालो को देश में कुचल कर रख दिया जायेगा ।इस अवसर पर सर्व हिंदु समाज से तरुण हथेल, रामआसरे सिंह, हनी गुप्ता, बालमुकुंद तराने, चाँद महानंद, दिलीप सेन, हेमंत मड़ावी, लक्ष्मी पांडे, जीतेन्द्र राजपूत, गीतेश मालेकर, ऋषभ डाकहा,शुभम गवली, पुष्प तराने, वरुण अग्रवाल , मनीष समुंद्र , सूरज समुंद्रे, हेमंत मांडवी, जितेंद्र राजपूत, अभिषेक साहू, जयंत साहू, योगेश कंडरा, हेमंत सिंह, चांद महानंद, लक्ष्मण पांडे उपस्थित थे।



# डौंडी में प्रारभ हुआ तृतीय सोपान एवं निपुण शिविर का आयोजन

**डौण्डी/दल्लीराजहरा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स छत्तीसगढ़ राज्य मुख्य रायपुर और जिला संघ बालोद के वार्षिक कार्यक्रम अनुसार दो दिवसीय तृतीय सोपान /निपुण प्रशिक्षण व जांच शिविर का आयोजन विकासखंड डौंडी के जनपद पंचायत भवन के सभा कक्ष में 10 अगस्त से शुरू हुआ। इस शिविर में विकासखंड डौंडी के कुल 23 शासकीय/अशासकीय उच्च एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों 77 स्काउट 42 गाइड 19 रोवर और 11 रेंजर कुल 149 प्रतिभागियों ने भाग लिया ,इस अवसर पर विकासखंड डौंडी के स्काउट गाइड सचिव नेमसिंह साहू ने बताया कि भारत स्काउट गाइड छत्तीसगढ़ राज्य मुख्यालय रायपुर के मार्गदर्शन एवं जिला संघ के अध्यक्ष सुभाष पुसतकर ,जिला मुख्य आयुक्त गिरीश चंद्राकर,जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मुकुल केपी साव,जिला सचिव केएल गजेन्द्र,विकास खंड शिक्षा अधिकारी डौंडी जे एस भारद्वाज के निर्देशानुसार डौंडी में दो दिवसीय विकासखंड स्तरीय तृतीय सोपान/निपुण प्रशिक्षण व जांच शिविर का आयोजन प्रारंभ हुआ, प्रथम दिवस में विकासखंड डौंडी के प्रशिक्षक मंडल द्वारा इस प्रथम दिवस में स्काउटिंग की उत्पत्ति , आंदोलन का ज्ञान , उद्देश्य, सिंधान्त, बीपी की जीवनी, नियम प्रतिज्ञा , प्रार्थना ,झंडा गीत, आदर्श वाक्य, बाया हाथ मिलाना,ध्वज की जानकारी, रस्सी के कार्य , गांठ,स्काउट गाइड यूनिफॉर्म, प्राथमिक सहायता आदि के बारे में जानकारी दी गई। विकासखंड डौंडी में आयोजित इस शिविर उद्घाटन डौंडी विकासखंड के बीआरसी श्री सच्चिदानंद शर्मा के करकमलों से आरम्भ हुआ, इस सभा का संचालन संजय बंजारे स्काउट मास्टर सुरडोंगर ने किया, शिविर संचालक व परीक्षक के रुप में विकासखंड डौण्डी सचिव नेमसिंह साहू, संयुक्त सचिव तनुजा बंजारे ,सहायक शिविर संचालक के रूप में एसआर प्रेमन, योगेश नायक लिकेश गंजीर, बीआर मसियारे , मोहन चौहान संजुक्ता भंज, मिथिला सिंघारे, पुष्पलता गंजीर ,ज्योति विश्वकर्मा, अन्नपूर्णा ध्रुव, भीमा भारती खोबरागड़े,हेमलता यादव, डॉली मेश्राम ,आदि और विभिन्न स्कूलों से आए स्काउट गाइड प्रभारी शिक्षकों की उपस्थिति रही तृतीय सोपान/निपुण शिविर के प्रथम दिवस के आयोजन पर भारत स्काउट गाइड जिला संघ बालोद की डीओसी द्वय धनेश्वरी सोनवानी, प्रेमलता चंद्राकर विकासखंड सचिव भोलाराम साहू लोहारा, चंद्रशेखर दिल्लीबार गुण्डरदेही, रूपेंद्र सिन्हा बालोद एवं जिला संघ के समस्त पदाधिकारियों ने हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।



■ स्काउट गाइड रेंजर प्रतिभागियों को पदाधिकारियों ने दी शुभकामनाएं

# प्रत्येक ग्राम पंचायत में वसुधा वंदन कार्यक्रम में रोपे जाएंगे 75 पौधे

**बलौदाबाजार,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देशन में जिले में आजादी का अमृत महोत्सव अंतर्गत ''मेरी माटी, मेरा देश'' वसुधा वंदन कार्यक्रम तहत वृक्षारोपण किया जाएगा। जिसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत में कम से कम 75 स्वदेशी पौधे लगाए जाएंगे। इस गतिविधि का आयोजन 9 अगस्त से 15 अगस्त तक संचालित होगा। अभियान के तहत ग्राम पंचायतों में वीरों को याद करते हुए शिलापलकम लगाया जाएगा और पंचप्राण शपथ ली जाएगी। आयोजित कार्यक्रम के साथ सेल्फी अपलोड की जाएगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय ध्वज के बाद राष्ट्रगान का भी आयोजन किया जाएगा। अभियान को लेकर जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन ने सभी जनपद पंचायत को पत्र जारी कर आवश्यक तैयारियां करने को लेकर निर्देश दिए हैं।



■ अभियान के तहत 15 अगस्त तक चलेंगी जनभागीदारी से विभिन्न गतिविधियां

जिला पंचायत सीईओ ने बताया कि आजादी का अमृत महोत्सव के दौरान ''मेरी माटी, मेरा देश'' अभियान के तहत मिट्टी को नमन, वीरों का वंदन इसकी टैगलाइन है। वसुधा वंदन कार्यक्रम के तहत जनभागीदारी से प्रत्येक गांव में कम से कम 75 पौधारोपण किया जाना है। अमृत सरोवर पर जिस प्रकार पौधरोपण किया जा रहा है और इनकी देखरेख एवं रखरखाव संबंधित ग्राम एवं ग्राम पंचायत के ग्रामीणों द्वारा ही की जा रही है। इसी तरह इस अभियान के तहत स्वदेशी पौधे वन विभाग एवं उद्यानिकी विभाग के महात्मा गांधी नरेगा द्वारा तैयार नर्सरी के द्वारा उपलब्ध कराए जाएंगे। अमृत सरोवर तालाब के आसपास कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा, जिस ग्राम पंचायत में अमृत सरोवर नहीं है ऐसी स्थिति में किसी भी जलाशय के आसापास, पंचायत भवन, स्कूल, ऐसी भूमि जहां पर वृक्षारोपण के लिए पर्याप्त स्थल उपलब्ध हो तथा चारों ओर से बाउण्ड्री बनी हो वहां पर पौधे लगाए जाएंगे।

देश के मुख्य कार्यक्रम में भेजेंगे गांव की मिट्टी- जिला पंचायत सीईओ श्रीमती जैन ने बताया कि मेरी मिट्टी मेरा देश अभियान के तहत गांव की मिट्टी को एकत्रित करते हुए दिल्ली में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में भेजा जाएगा। इस दौरान पवित्र मिट्टी को हाथ में लेकर शपथ लेते हुए अपनी सेल्फी को वेबसाइट पर अपलोड भी किया जाएगा। अभियान के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन भी होगा। जिसमें पंच-प्रण प्रतिज्ञा ली जाएगी, वसुदावंदन के तहत पौधें रोपे जाएंगे साथ ही वीरों के नामपट्टी शिलाफ्लकम लगाया जाएगा। वीरों, स्वतंत्रता संग्राम सैनिकों का वंदन किया जाएगा और परिवारों का सम्मान करते हुए राष्ट्रीय ध्वज फहराते हुए राष्ट्रगान का गायन किया जाएगा।

# छ.ग. सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ने किया प्रदर्शन

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन ब्लॉक इकाई कसडोल के समस्त उर्जावान एवं संघर्षशील साथियों ने 10 अगस्त को जनपद परिसर में अपने हित, हक व अधिकार की लड़ाई को लेकर विकासखंड स्तरीय अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। इस पर ब्लॉक अध्यक्ष मुरीत श्रीवास ने सभी साथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि सहायक शिक्षक साथी अपने एक सूत्रीय मांग प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर वेतन विसंगति दूर कराने को लेकर ब्लॉक स्तर पर आंदोलनरत हैं जो विगत 24 वर्षों से शोषित व पीड़ित हैं।



संघ ने कहा है कि वर्तमान सरकार भी विगत 4 सालों से वेतन विसंगति दूर करने के नाम पर छलावा कर रही है जबकि सत्ता में आने के पूर्व स्पष्ट कहा था कि संविलियन से वर्ग एक वर्ग दो को लाभ और वर्ग 3 को धोखा और घोषणा पत्र में शामिल कर वादा किया था जब हमारी सरकार आएगी तो आप लोगों का वेतन विसंगति शीघ्र ही दूर कर दी जाएगी। परंतु सरकार कमेटी पर कमेटी तारीख पे तारीख देकर झूठ ला रही हैं आज पर्यंत मांग पूर्ण नहीं हुआ है 5 साल का कार्यकाल खत्म होने वाला है इस बात से प्रदेश के समस्त 109000 से भी अधिक सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक साथी बहुत आक्रोशित हैं अब इतने में भी सरकार हमारी मांगों को सहानुभूति पूर्वक विचार कर पूर्ण नहीं करती है तो आगामी समय में आंदोलन को और उग्र कर ऐतिहासिक बनाया जाएगा एवं सब मिलकर सत्ता परिवर्तन की रणनीति बनाई जाएगी। आगे श्री श्रीवास ने बताया कि मंत्री सांसद विधायकों से अनुनय विनय का दौर खत्म हो चुका है सरकार के प्रति भरोसा उठने लगा है अब एकमात्र विकल्प है उग्र आंदोलन कर आर या पार की लडाई।

अभी नहीं तो कभी नहीं-इस बार अधिकारियों के मौखिक आश्वासन से काम बिल्कुल नहीं चलेगा। लिखित अश्वासन से ही बात बनेगी। इस आंदोलन में नारी शक्तियों के साथ-साथ सैकड़ों की संख्या में सहायक शिक्षक एवं पदोन्नत प्रधान पाठक, पदोन्नत उच्च श्रेणी शिक्षक साथी उपस्थित रहे।

# ग्रा.पं. पिसीद सरपंच के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव बहुमत से पारित

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद के सरपंच आसमति कंवर पर लाया गया अविश्वास प्रस्ताव गुरुवार को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विवेक पटेल के समक्ष पारित हो गया।

ज्ञात हो कि समीपस्थ ग्राम पंचायत पिसीद के सरपंच पर अविश्वास प्रस्ताव का ज्ञापन विगत दिनों पंचों ने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कसडोल को दिया था जिस पर कार्रवाई करते हुए गुरुवार को अविश्वास प्रस्ताव पारित कराने मतदान का आयोजन किया गया था जिसमें अविश्वास प्रस्ताव करने वाले पक्ष में 18 और सरपंच को मात्र 1 ही मत प्राप्त हुआ तथा दो मत निरस्त पाया गया। इस तरह अविश्वास प्रस्ताव पूर्ण बहुमत से पारित हो गया।

इस संबंध में ग्राम पंचायत पिसीद के उप सरपंच तथा पंचों से मिली जानकारी के अनुसार सरपंच आसमति कंवर के द्वारा मृत व्यक्तियों का पेंशन राशि 252000 रु, का गबन, कोरोना महामारी में चारेंटेन सेंटर में 9 लाख रुपए खर्च किया है जो गलत है, पुल निर्माण, सीसी रोड़ सहित विभिन्न कार्यों में गलत तरीके से पैसा निकाल कर खर्च किया गया है जिसके कारण उन्हें हटाने अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ज्ञापन दिया गया था।

# मतदान केंद्रों मे मतदाता सूची के सम्बन्ध में मतदाताओं से लिया जा रहा दावा-आपत्ति

**बागबाहरा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर महासमुंद के निर्देशानुसार इ व्ही एम प्रदर्शन हेतु मोबाइल वैन के रुट चार्ट तथा विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2023 के अंतर्गत मतदान केंद्रों में मतदाता सूची में नए नाम पंजीयन हेतु फॉर्म 6, नाम विलोपन हेतु फॉर्म 7, एवं मतदाता के जानकारी में त्रुटि के संसोधन हेतु फॉर्म 8 के सम्बन्ध में मतदाताओ से दावा आपत्ति लिया जा रहा है। जिसकी साप्ताहिक प्रगति गोशवारा प्रपत्र 9 नया नाम पंजीयन, प्रपत्र 10 नाम विलोपन, प्रपत्र 11 त्रुटि संसोधन, प्रपत्र 11अ विधान सभा के अंदर स्थान परिवर्तन, 11ब विधान सभा से बाहर स्थान परिवर्तन के सम्बन्ध में खल्लारी विधान सभा के राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय राजनैतिक दलों के अध्यक्षों की बैठक आहूत की गयी। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी( रा ) बागबाहरा द्वारा विस्तार से उपरोक्त विषयों पर सदस्यों से चर्चा किया गया। एवं सुझाव आमंत्रित किया गया। बैठक पर सभी राजनैतिक दलों के सदस्यों से बूथ लेवल एजेंट की सूची की अपेक्षा की गयी। एवं मतदान केंद्रों में उनके द्वारा अधिकतम 10 फॉर्म पुनरीक्षण अवधि में जमा किये जाने की जानकारी दी गयी। जिसे बूथ लेवल आफिसर परीक्षण पश्चात नाम जोड़ने की कार्यवाही करेंगे। उपस्थित सदस्यों को



गोशवारा प्रपत्र की छाया प्रति, इव्हीएम प्रदर्शन का रुट चार्ट प्रदाय किया गया। बैठक में निर्वाचन शाखा प्रभारी राजेश कौशिक, रवि निषाद अध्यक्ष बागबाहरा ब्लॉक इंडियन नेशनल कांग्रेस ग्रामीण,प्रेम साहू अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ब्लॉक बागबाहरा, चिंताराम साहू उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी ब्लॉक बागबाहरा, शकील खान जिला उपाध्यक्ष महासमुंद आम आदमी पार्टी, नीलम ध्रुव जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ आम आदमी पार्टी जिला महासमुंद, डोंगरसींग चक्रधारी ब्लॉक अध्यक्ष बागबाहरा आम आदमी पार्टी, रिकेश साहू ब्लॉक बागबाहरा मीडिया प्रभारी आम आदमी पार्टी, गुणसागर साहू सर्कल प्रभारी बागबाहरा आम आदमी पार्टी आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छ भारत मिशन धरना प्रदर्शन में कहा कलेक्टर रेट से वेतन दे साप्ताहिक छुट्टी और 8 घंटे ड्यूटी रखा जाए: दयालु गाड़ा



**नवापारा राजिम,** 11 अगस्त (देशबंधु)। स्वच्छ भारत मिशन नया रायपुर में धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के समर्थन में भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा, दयालु राम गाड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा कि, कलेक्टर रेट से वेतन दे साप्ताहिक छुट्टी और 8 घंटे ड्यूटी रखा जाए इसे लेकर नया रायपुर में धरना प्रदर्शन किया जा रहा है. कल रैली के रूप में विशाल रूप से नया रायपुर में ज्ञापन दिया जाए 3 दिन से बैठे भूख हड़ताल श्रीमती पवन नायक श्रीमती निर्मला मिथुन अनिता सागर धनमति साहनी हेमलता हैं.

# शिक्षकों का बुनियादी साक्षरता एवम संख्या ज्ञान एफ एल एन प्रशिक्षण का द्वितीय चरण सम्पन्न

**पिथौरा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। प्राथमिक शाला के शिक्षकों का बुनियादी साक्षरता एवम संख्या ज्ञान एफ एल एन प्रशिक्षण का दुतीय चरण आज सम्पन्न हुआ । प्रशिक्षण का शुभारंभ 7अगस्त को क्लब संकुल के समन्वयक व प्रशिक्षण प्रभारी कौतुक पटेल व पिथौरा समन्वयक राम कुमार स्वर्णकर मास्टर ट्रेनर प्रेमशंकर भोई की उपस्थिति में वरिष्ट प्रधान पाठक सुलोचना झुलपे व जानकी सूर्यवंशी द्वारा की किया गया ।प्रशिक्षण प्रभारी व मास्टर ट्रेनर कौतुक पटेल ने बताया कि प्रशिक्षण के दुतीय चरण में ठाकुर दियाखुर्द पिथौरा व पिथौरा के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला के 29 शिक्षकों ने भाग लिया । प्रारम्भिक बाल्यावस्था देखभाल व शिक्षा ,विद्या प्रवेश राष्ट्रीय शिक्षा नीति निपुण भारत नवा जतन , सामाजिक सहभागिता आंकलन मूल्यांकन दक्षता असर व नेस के बारे में प्रशिक्षण में बताया गया । प्रशिक्षण के प्रथम दिवस सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारिका प्रसाद पटेल ने विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि प्रत्येक प्रशिक्षण से कार्य के प्रति नई उत्साह का संचार होता है ।प्रशिक्षण में जयंती पटेल ,अंजू अवस्थी ,प्रियंका पटेल सुलोचना झुलपे ,जानकी सूर्यवंशी जम्बुवती पटेल, अनिता प्रेमी ,चंद्रिका साहू, रेखा साहू ,नीलिमा पटेल ,अनिता पटेल ,रामदुलारी नायक ,भारती साहू ,केशरी दिवान,आशा पंडा, सीमा साहू, दिव्या श्याम,नीरा कुमार ,छन्नू लाल साहू ,सुदेश पटनायक ,फुलेश्वर कुमार सिन्हा, लेख राम देवांगन व पुखराज दिवान प्रमुख रूप से उपस्थित थे । समापन अवसर पर रामदुलारी नायक व लेखराम देवांगन ने प्रशिक्षण को सार्थक व उपयोगी बताया ।प्रशिक्षण प्रभारी मास्टर ट्रेनर कौतुक पटेल ने संचालन व मास्टर ट्रेनर प्रेम शंकर भोई ने आभार व्यक्त किया।



# हर घर तिरंगा अभियान: जिले के डाकघरों में राष्ट्रीय ध्वज की बिक्री और वितरण शुरू

**गरियाबंद,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में स्वतंत्रता दिवस को लेकर तैयारियां शुरू हो गई है। 76वां स्वतंत्रता दिवस आने में कुछ ही दिन बाकी है। ऐसे में गरियाबंद जिला के डाक विभाग द्वारा च्हर घर तिरंगा अभियान 2.0ज का प्रचार भी तेजी से किया जा रहा है। अभियान के तहत गरियाबंद जिला के सभी डाकघरों में राष्ट्रीय ध्वज विक्रय हेतु उपलब्ध है। इस अभियान के जरिए लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना पैदा करना है।



उल्लेखनीय है कि गरियाबंद डाक विभाग ने जिले के सभी डाकघरों के माध्यम से च्हर घर तिरंगा अभियानज को अंतिम छोर तक पहुंचाते हुए राष्ट्रीय ध्वज की उपलब्धता सुनिश्चित किया था। इस उत्साह और देशभक्ति को जारी रखने के लिए सरकार 13 से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान का आयोजन कर रही है। जिसे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जनसहभागिता के साथ मनाया जाएगा।

इस संबंध में डाक विभाग के उप संभागीय निरीक्षक योगेश गोंधलेकर द्वारा जानकारी दी गई कि जिले के सभी डाकघरों में तिरंगा झंडा विक्रय हेतु 25 रुपए की दर से प्राप्त किया जा सकता है। उक्त संबंध में उप संभागीय निरीक्षक श्री गोंधलेकर एवं सहायक जयेश साहू बुधवार को पूर्व प्रदेश सहसंयोजक भाजपा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ एवं युवा नेता आशीष शर्मा से मुलाकात कर अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया। बताया कि जिले के सभी डाकघरों में राष्ट्रीय ध्वज उपलब्ध है। उन्होंने हर घर तिरंगा अभियान को जनसहभागिता के साथ मनाए जाने को लेकर आमजनों से अपील की है। इस दौरान आंचलिक पत्रकार संघ अध्यक्ष राधेश्याम सोनवानी एवं रितेश यादव भी उपस्थित थे।

# सरकार से सिर्फ आश्वासन ही मिला: कोदूराम

**भाटापारा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक/ समग्र शिक्षा फेडरेशन के बैनर तले भाटापारा विकासखंड के समस्त शिक्षक एल बी संवर्ग जिसमें सहायक शिक्षक नव पदोन्नति प्रधान पाठक एवं पदोन्नति शिक्षक सैकड़ो की संख्या में सम्मिलित हुए। सहायक शिक्षक फेडरेशन के ब्लॉक अध्यक्ष कोदू राम देवांगन ने बताया कि शिक्षक संवर्ग विगत साडे 4 सालों से वेतन विसंगति की मांग को लेकर लगातार किसी न किसी माध्यम से आंदोलनरत हैं और यह मांग ऐसा मांग है जिसको सरकार में आने से पहले माननीय मुख्यमंत्री ने स्वयं स्वीकार किया और कहा था कि था कि सहायक शिक्षकों की वेतन में विसंगति है, जिसको हमारी सरकार आते ही हम दूर कर देंगे। इसी वायदे को याद दिलाते हुए हम प्रांतीय स्तर पर लगातार माननीय मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री से संपर्क कर रहे हैं ।लेकिन सरकार के द्वारा आज तक केवल आश्वासन के अलावा और कुछ भी नहीं मिला ।अब चूंकि अगले दो 2 महीने में विधानसभा चुनाव है जिसके चलते हमारी मांग अधूरी ना रहे। इसलिए हम आंदोलनरत हैं। सरकार के इस रवैए से पूरे शिक्षक संवर्ग में आक्रोश व्याप्त है। इस आंदोलन में हमने नारा दिया है वेतन विसंगति दूर नहीं, अगली पारी मंजूर नहीं। हम सरकार का एक बार फिर ध्यान आकर्षित कराना चाहते हैं कि वह हमारे वर्षों पुरानी मांग वेतन विसंगति को दूर कर अपना वादा पूरा करें।



राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस

# कलेक्टर छिकारा ने बच्चों को एल्बेंडाजॉल की गोली खिलाकर अभियान का किया शुभारंभ

**गरियाबंद,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर आकाश छिकारा ने शासकीय स्कूल कोचवाय में बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजॉल की गोली खिलाकर जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. के.सी. उरांव ने राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि जिले में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के तहत 01 से 19 वर्ष तक के 2 लाख 75 हजार से अधिक बच्चों को कृमि नाशक गोली खिलाये जाने का लक्ष्य रखा गया है। छुटे हुए बच्चों को मॉप-अप दिवस 17 अगस्त को कृमि नाशक गोली खिलायी जावेगी। जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं/केन्द्रीय विद्यालय, नवोदय विद्यालय, मदरसा, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों/ महाविद्यालयों/तकनीकी शिक्षा संस्थान के माध्यम से 1 से 19 वर्षीय बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजॉल की गोली खिलायी जा रही है। जिससे कि बच्चों का स्वास्थ्य एवं पोषण का स्तर, एनीमिया की रोकथाम से बौद्धिक विकास तथा शाला में उपस्थिति में सुधार हो सके। कलेक्टर ने शिक्षकों, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं, मितानीनों से समस्त छुटे हुए बच्चों को कृमिनाशक गोली खिलाये जाने में अपनी महती भूमिका का निर्वहन करने के निर्देश दिये हैं। कलेक्टर ने बच्चों को समझाईश देते हुए कहा कि वे साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें अपने नाखूनों की समय-समय पर सफाई करें, खाने से पहल एवं शौच के बाद साबुन से अपने हाथों को अवश्यक धोयें, ताकि बच्चों में कृमि न हो। इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए भी प्रेरित किया।



# जिले में मलेरिया रोकथाम के लिए 10 बजे 10 मिनट अभियान शुरू

**गरियाबंद,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान की शुरुआत की गई। इसके अंतर्गत सुबह 10 बजे 10 मिनट के लिए जिले के अधिकारी कर्मचारियों ने अपने अपने कार्यालयों का निरीक्षण कर मच्छरों के लार्वा पनपने से रोकने के लिए अनावश्यक जमे हुए पानी को बाहर निकाला। साथ ही आवश्यक जगहों पर मिट्टी तेल, इंजन आयल एवं अन्य लार्वा रोधी पदार्थों का छिड़काव किया। इसी तारतम्य में कलेक्टर आकाश छिकारा ने भी आज कलेक्ट्रेट परिसर का निरीक्षण कर परिसर में लगे कूलर एवं अन्य पानी जमा होने वाले जगह का अवलोकन किया। उन्होंने मच्छरों के लार्वा पनपने से रोकने के लिए अनावश्यक जमे हुए पानी को बाहर निकालने के निर्देश दिए। इस दौरान अपर कलेक्टर अविनाश भोई, संयुक्त कलेक्टर तीर्थराज अग्रवाल, जिला कोषालय अधिकारी श्री बी के तिवारी सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।



बता दे कि जिले को मलेरिया मुक्त करने का यह अभियान पूरे जिले के शासकीय कार्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी चला। इसके तहत लोगों को मलेरिया से बचाव के लिए पानी जमा नहीं होने देने तथा पानी रुकने वाले स्थानों पर लार्वा रोधी पदार्थों का छिड़काव करने के लिए जागरूक किया गया। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वच्छता समूह सहित अन्य लोगों ने मलेरिया से बचाव के लिए अभियान के तहत जमे हुए पानी को खाली करने में सहयोग कर ग्रामीणों को जागरूक किया।

उल्लेखनीय है की कलेक्टर छिकारा ने प्रत्येक गुरूवार को प्रात: 10 बजे से 10 मिनट तक सभी अधिकारी जिले को मलेरिया मुक्त बनाने के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए थे। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वच्छता समूह सहित अन्य व्यक्ति प्रत्येक गुरूवार को प्रत्येक ग्रामों में गृह भेंट करके घर के भीतर, आसपास किसी भी प्रकार के पुराने बर्तन, पुराने प्लास्टिक डिब्बे, पुराने टायर एवं कूलर इत्यादि में किसी भी प्रकार से पानी को जमा नहीं होने देने की जानकारी देकर जागरूक किया।

# टीबी मुक्त गरियाबंद के लिए 15 अगस्त से चलेगा सघन जांच अभियान



**गरियाबंद,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। जिले के टीबी मरीजों की मदद के लिए कलेक्टर आकाश छिकारा के विशेष पहल पर 15 अगस्त से सघन टीबी जांच अभियान चलाया जायेगा। इसके अंतर्गत जांच दलों द्वारा जिले में टीबी के मरीजों की पहचान की जाएगी तथा उनका इलाज किया जाएगा। वर्तमान में जिले में टीबी के 360 मरीज चिन्हांकित किये गए हैं। कलेक्टर ने टीबी मरीजों की मदद और उनके टीबी बीमारी से उबरने में आवश्यक करने के लिए शासकीय सेवकों और आमजनों से निक्षय मित्र बनने का आह्वान किया था। कलेक्टर ने निक्षय मित्र बनाने के लिए किये गये आवश्यक सहयोग और कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बधाई दी है। आज कलेक्टर कक्ष में जल संसाधन विभाग के अधिकारियों ने अपने विभाग से संबंधित 40 अधिकारी-कर्मचारियों और ठेकेदारों के निक्षय मित्र बनने की सूची कलेक्टर को सौपी। इस पर कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों की तारीफ करते हुए टीबी मरीजों के मदद के लिए अधिक से अधिक लोगों को निक्षय मित्र बनाने के लिए प्रोत्साहित करने को कहा। सीएमएचओ डॉ के.सी. उरांव ने बताया कि टीबी मरीजों के मदद के लिए अभी तक 274 लोग निक्षय मित्र बन चुके हैं। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती स्मृति ठाकुर, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस.के. बर्मन सहित विभागीय अधिकारीगण मौजूद रहे।

कलेक्टर ने बाकी टीबी मरीजों की मदद के लिए निक्षय मित्र बनने का आह्वाहन आमजनों से की है। उन्होंने जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, अधिकारी-कर्मचारी को निक्षय मित्र बनकर आवश्यक मदद करने की अपील की है। निक्षय मित्र बनकर 3-3 हजार रूपये की आर्थिक मदद कर टीबी मरीजों के लिए पूरक पोषण आहार, डायग्नोस्टिक और रोजगार के स्तर पर निक्षय मित्र बनकर कोई भी व्यक्ति टीबी रोगी को सहयोग कर सकते है।

## अंतर शालेय क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता कल

**कसडोल/बलौदाबाजार,** 11 अगस्त। प्रभारी जिला शिक्षा अधिकारी आर. के.शर्मा के मार्ग दर्शन में अंतर शालेय क्षेत्रीय कबड्डी प्रतियोगिता कल प्रात: 10 बजे से कसडोल स्थित इंडोर स्टेडियम में होगा जिसमे रायपुर संभाग की रायपुर, धमतरी, महासमुद, गरियाबंद और बलोद बाजार जिले की टीम भाग लेंगी।



# मवेशियों को गौठान पहुंचाने चलाया जा रहा विशेष अभियान

## यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन करने में सहयोग करें : संतोष विश्वकर्मा

**नवापारा-राजिम,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। शासन की मंशानुसार सड़कों पर घुमने वाले मवेशियों से होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं असमय मवेशियों की मौतों पर अंकुश लगाने के लिए नगर एव आसपास घूम रहे हाईवे एवं जिले की मुख्य सड़कों में विचरण करने वाले मवेशियों को हटाने हेतु घेराबंदी कर गौठान पहुंचाने विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य मवेशियों के कारण होने वाले सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाना, पशुओं के असमय मृत्यु पर रोक लगाना एवं नगर शहर के सड़कों को पशुविहीन बनाना है। इस प्रकार का अभियान लगातार चलाया जायेगा। मवेशी मालिकों की पहचान कर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी ।



पालिका अधिकारी संतोष विश्वकर्मा ने एक चर्चा के दौरान उन्होंने नगरवासियो से अपील की है कि यातायात नियमों का पालन करे, नाबालिक बच्चों को वाहन चलाने न देवे, शराब सेवन कर वाहन न चलाएं, मालवाहक वाहन में सवारी भरकर परिवहन न करे, संयमित गति से वाहन चलाएं एवं वाहन चलाते समय सीट बेल्ट एवं हेलमेट अवश्य लगावें। पशु मालिकों से अपील की जाती है कि मवेशियों को अपने संरक्षण में रख कर उचित देखभाल करे, सड़कों, दुकान एवं चौक-चौराहो पर आवारा न छोड़े। नगर की यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन में सहयोग करें। वर्तमान मे नगर के गौठान मे लगभग 270 पशु हे जिनके चारा ,पानी और पशुओं के रहने की व्यवस्था की गई हे । उन्होंने आगे कहा कि रोड में बैठे निराश्रित गौधन की धरपकड़ एक दिन के आड़ में नियमित रूप से कर रहे हैं। रेडियम बेल्ट भी बांधा जा रहा है। पशु पालकों पर भी कार्यवाही करते हुए उनके मवेशियों को पेनाल्टी लेकर ही छोड़ा जा रहा है।

## नपा में विधायक धनेन्द्र ने सभागार उन्नयन का किया लोकार्पण

**नवापारा राजिम,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। आज नगर पालिका परिषद में 20 लाख की लागत से सभागार उन्नयन लोकार्पण कार्यकम में पहुंचे विधायक धनेंद्र साहू के करकमलों से फीता काट कर किया गया. लोकार्पण अवसर पर नपा उपाध्यक्ष चतुर जगत ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ शर्मा सभापति संध्या राव एल्डरमेन सचिव जिला कांग्रेस रामा यादव पार्षद अजय साहू अनूप खरे मंगराज सोनकर हेमंत साहनी ओमेश्वरी साहू अनिता देवांगन मंडी अध्यक्ष गोपेश ध्रुव चंद्रहास साहू एल्डरमेन मेघनाथ साहू शाहिद रजा दीपाली राजपूत शेखर बाफना रामरतन निषाद राजा चावला राकेश सोनकर गोल्डी पारख संतोष कंसारी लक्ष्मी ध्रुव लक्की साहू बल्लू देवांगन बल्लू साहू माखन निषाद शत्रुघ्न हिरवानी सुनील शर्मा विक्रम कहार विजय तारक नपा कर्मचारी देवचरण साहू संतोष पवार तरुण कंसारी अभिजीत श्रीवास सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।



# एसडीएम न्यायालय में कीटनाशक जहर खाकर पेशी में पहुंचा युवक, मचा हड़कंप

**गरियाबंद,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को जिला मुख्यालय के अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय परिसर में उस वक्त हड़कंप में मच गया जब एक युवक कीटनाशक जहर खाकर पेशी के लिए पहुंच गया। युवक की हरकत देख न्यायालय का स्टाफ सकते में आ गया। जानकारी के मुताबिक युवक 107-16 के मामले में दूसरी पेशी के लिए आया था, किन कारणों के चलते जहर खाया है, इसकी ठीक से पुष्टि नहीं हुई है। परंतु जहर खाने की घटना से एसडीएम कार्यालय में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस ने उसे जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है। जहां से उसे रायपुर रिफर कर दिया गया। फिलहाल युवक की स्थिती सामान्य है। जानकारी के मुताबिक शुक्रवार को पंडीतराई निवासी मंगतू टंडन पिता पुनीत टंडन की धारा 151 व 107-116 के मामले में पेशी थी। 24 जुलाई को शराब के नशे में न्यायालय परिसर में हुडदंद करने के कारण उसे उक्त धारा के तहत गिरफ्तार किया गया था। एक दिन की सजा भी हुई थी। जिसके बाद आज फिर एसडीएम न्यायलय में वह उक्त मामले की दुसरी पेशी के लिए भी शराब के नशे में कार्यालय पहुंचा था। इसके साथ ही उसने खेत में छिड़कने वाले कीटनाशक दवा का भी सेवन किया था। प्रत्यक्षदर्शियों और स्टाफ के मुताबिक उससे पास से काफी बदबू भी आ रही थी, जैसे ही एसडीएम के स्टाफ ने उससे बात करने की कोशिश की उसने उल्टी कर दी और वहा से भाग निकला। आनन फानन में सुन खाए स्टाफ ने एसडीएम को फोन में सूचना दी। जिसके बाद तत्काल पुलिस को अलर्ट किया गया। पुलिस ने रायपुर मार्ग में अमृत तुल्य चाय दुकान के पास ही उसे पकड़ जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इधर घटना की सूचना मिलते ही एसडीएम भूपेंद्र साहू, नायब तहसीलदार और थाना प्रभारी राकेश मिश्रा अस्पताल पहुंचे। वस्तुस्थिति की जानकारी ली। बेहतर उपचार के लिए इसे रायपुर भी रिफर कर दिया। ज्ञात हो की अस्वस्थ होने के कारण आज एसडीएम भूपेंद्र साहू छुट्टी में थे। घटना के बाद उन्होंने अस्पताल का रुख किया। इधर, थाना प्रभारी राकेश मिश्रा ने बताया कि युवक शराब के नशे में था, कीटनाशक का सेवन किया था। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि युवक घर से विवाद कर आया था, उसे घर वालो ने गुस्से में वापस मत आने कहा था, जिससे नाराज होकर ही युवक ने संभवत: ऐसा कदम उठाया है। पुलिस जांच में जुटी है, युवक से फिर पूछताछ की जाएगी।



मालूम हो कि 1 दिन पहले धमतरी में भी इस प्रकार की घटना सामने आ चुकी है। यहां जिला पंचायत की सामान्य सभा के दौरान एक जिला पंचायत सदस्य ने मिट्टी तेल छिड़क कर आत्महत्या की कोशिश की थी।

# मिनी माता व रेशमलाल जांगड़े की पुण्यतिथि मनाई गई



**बिलाईगढ़,** 11 अगस्त (देशबंधु)। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज बिलाईगढ़ द्वारा सतनामी समाज के गुरु माता व अविभाजित मध्यप्रदेश छग के प्रथम महिला सांसद ममतामई मिनी माता व महान स्वतंत्रता सेनानी स्व. रेशम लाल जांगडे की पुण्यतिथि मनाई गई। कार्यक्रम सतनाम भवन बिलाईगढ़ में मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज प्रदेश प्रतिनिधि रामदास जांगडे ने की। उन्होंने मिनी माता का जीवन परिचय और समाज के विकास के लिए किए कार्यों को विस्तार से बताया। वही स्व. रेशम लाल जांगडे के पुण्यतिथि पर पुरखा के सुरता को याद किया गया। इस दौरान यादराम हिरवानी, महेशराम कुर्रे, मलेक्ष खूंटे, नील कुमार चेलक, पुकराम कुर्रे, शशि भूषण स्नेही, राजेंद्र निराला, कलशराम महिलाने, सतीश रात्रे, देवानंद मार्कंडेय,अरविंद महिलांगे, भीखराम खूंटे, अनिल सोनवानी, मनहरण रात्रे के साथ अन्य मौजूद रहे।

# संशोधित पदोन्नति सूची रद्द न करने की मांग को लेकर विधायक धनेन्द्र से शिक्षक संवर्ग ने लगाई गुहार

**नवापारा राजिम,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। राज्य सरकार के वन टाइम रिलेक्ससेसन के तहत पदोन्नत शिक्षक संवर्ग आज आदिवासी दिवस के कार्यक्रम में अभनपुर पहुंचे विधायक धनेंद्र साहू से मिले।



शिक्षक सम्वर्ग के प्रतिनिधि मंडल नें विधायक को अवगत कराते हुए बताया कि वह सभी वर्तमान में पदोन्नत हुए है उन्होंने कॉउंसिलिंग में दूरस्थ स्थान दिखाए जाने के कारण असहमति दिया था। उसके बाद सँयुक्त संचालक द्वारा 150 से 200 किलोमीटर दूरस्थ स्थानों में पदस्थापना आदेश दिया गया था। जिन पर शिक्षकों ने उक्त आदेश में संशोधन करते हुए गृह ब्लॉक एवं गृह जिलों में उचित कारण दर्शाते हुए संशोधित पदस्थापना जारी करने का आवेदन किया तद्पश्चात संशोधित आदेश प्राप्त हुआ। शिक्षकों ने विधायक को बताया कि कुछ दिन से सोशल मीडिया एवं प्रिंट मीडिया के माध्यम से संशोधित सूची निरस्त किये जाने का समाचार प्राप्त हो रहा है जिससे शिक्षकों में भय का वातावरण बना हुआ है साथ ही वे मानसिक रूप से प्रताड़ित महसूस कर रहे है। यदि उनकी पदस्थापना रद्द होती है तो अभनपुर विधानसभा क्षेत्र के कई शालाओं में विषय शिक्षक के पद पुन: रिक्त हो जाएंगे जिससे शैक्षणिक कार्य प्रभावित होगा, इसलिए किसी भी स्थिति संशोधित पदस्थापना सूची निरस्त न हो ताकि शिक्षक सम्वर्ग एवं बच्चों का भविष्य अंधकारमय न हो। शिक्षक सम्वर्ग ने बताया कि 15 वर्षों से एक ही पद पर रहने के बाद यह पदोन्नति प्राप्त हुआ है इसलिए मानवीय दृष्टिकोण से संशोधित पदोन्नति सूची रद्द न हो। विधायक धनेंद्र साहू ने भी शिक्षकों को इस विषय मे मुख्यमंत्री से चर्चा करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मंडल में शिक्षकों के साथ साथ उनके परिवार जन भी उपस्थित रहे।

# विश्व आदिवासी दिवस में शामिल हुई चातुरी

**सरायपाली,** 11 अगस्त (देशबंधु)। सर्व आदिवासी समाज फूलझार अंचल सरायपाली द्वारा आयोजित विश्व आदिवासी दिवस की रैली में छत्तीसगढ़ चौहान सेना की प्रदेशाध्यक्ष चातुरी डिग्रीलाल नंद अपनी टीम के साथ अतिथि के रूप में शामिल हुई कार्यक्रम का शुभारंभ बूढ़ादेव नगर से रैली नगर भ्रमण करते हुए नई मंडी प्रांगण पहुंची कार्यक्रम का शुभारंभ पुरखा देव बूढ़ा देव की पूजा अर्चना से हुई। श्रीमती चातुरी नंद ने सभा को संबोधित करते आदिवासी भाइयों बहनों को विश्व आदिवासी दिवस की बधाइयां दी उन्होंने कहा कि हम सभी आदिवासी हमारे सांस्कृतिक विरासत के संरक्षक हैं हम सभी प्रकृति पूजक होने के साथ साथ प्रकृति प्रेमी भी हैं हमारे प्राण जल जंगल और जमीन में बसते हैं इसलिए इन्हे संरक्षित करने की अवश्यकता है विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी आदिवासी भाइयों बहनों का विशेष योगदान रहा। सर्व आदिवासी समाज केकार्यक्रम में विधायक किस्मत लाल नन्द जिला पंचायत सभापतिनोविना जगत नगर पालिका अध्यक्ष अमृत पटेल मंडी अध्यक्ष सीता पटेल संवरा समाज के प्रदेश अध्यक्ष जयदेव भोई तपन भोई विजय नेताम सर्व आदिवासी समाज फुलझर अंचल के अध्यक्ष क्षेत्रों सिदार अमृत लाल जगत राखी चौहान पुष्पा नंद उतरा परेश्वर और सभी समाज के समाज प्रमुखों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन चिंता भोई और पीतांबर बाघ ने किया गया।



# विधायक नंद डोंगररक्सा में रंगमंच भवन निर्माण का भूमिपूजन किया



**सरायपाली,** 11 अगस्त (देशबंधु)। ग्राम पंचायत चिवराकुटा के आश्रित ग्राम डोंगररक्सा में अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष एवं विधायक क़िस्मतलाल नंद ने रंगमंच निर्माण हेतु ग्रामीणों की मौजूदगी में भूमिपूजन किया। ग्रामीणों ने विधायक का गाजे बाजे के साथ भव्य स्वागत किया कार्यक्रम में मंडी उपाध्यक्षविवेक अग्रवाल सहकारी समिति अध्यक्ष मनोरंजन भोई, गोकुल चौधरी बाबूलाल नायक मोहित रौतिया मोहन पटेल गोपबंधु पटेल दिनेश पटेल रोमी सलूजा सुभाष साहू विधायक प्रतिनिधि मोहन गुप्ता सागरपाली चिंतामणि विशाल ग्राम पंचायत सरपंच- पंच अन्य गणमान्य उपस्थित में सम्पन हुआद्य मुख्य अतिथि क़िस्मतलाल नंद ने पूजा अर्चना कर विकास कार्य का भूमिपूजन किया। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त किया, विधायक नंद ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जा रहा है चिवराकूटा से डोंगर रक्सा तक 9 करोड़ रुपये की लागत से सड़क व पुलियाका निर्माण किया गया है सड़क नहीं होने से बरसात के दिनों में आप लोगों को बहुत परेशानी होती थी गांवों में मूलभूत सुविधाओं की ओर प्राथमिकता के साथ ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने गांव में कराए गए विकास कार्यों को गिनाते हुए कहा कि गांवों के विकास में कोई कमी नहीं हुई है। पिछले साढ़े चार सालों में सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा के क्षेत्र में ग्रामीणों की मांग के अनुसार कार्य कराए गए हैं। क़िस्मतलाल नंद ने भूपेश सरकार की तारीफ करते हुए कहा कि किसानों की खुशहाली के लिए बनाई गई योजनाओं से खेती किसानी की ओर लोगों का फिर से झुकाव हो रहा है। विधायक ने ग्रामीणों को प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए उनका लाभ उठाने का भी आव्हान किया।

# बिलाईगढ़ में 14 व 16 को व सारंगढ़ में 17 से 19 तक होगा प्लेसमेंट कैंप

**बिलाईगढ़,** 11 अगस्त (देशबंधु)। जिले के बेरोजगारी भत्ता प्राप्त कर रहे युवाओं और अन्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्राप्त उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा जिले के सभी विकासखंड में एसआईएस इंडिया कम्पनी लिमिटेड अनूपपुर के माध्यम से निशुल्क प्लेसमेंट कैम्प आयोजित किया जाएगा। जनपद पंचायत बिलाईगढ़ में प्लेसमेंट कैंप 14 और 16 अगस्त 2023 को सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा। सारंगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प 17 से 19 अगस्त 2023 तक होगा। भर्ती में शामिल होने के लिए आधार कार्ड, दसवी बारहवी अंकसूची की फोटोकॉपी, 2 पासपोर्ट फोटो लाना होगा। इस भर्ती में शामिल होने वाले युवाओं की उम्र 21 वर्ष से 35 वर्ष होनी चाहिए। सुरक्षा जवान के 400 पद के लिए योग्यता 10वी, 12वी पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 12 हजार से 18 हजार रूपए तक मिलेगा। इसी प्रकार सुरक्षा सुपरवाइजर के 400 पद के लिए योग्यता 12वी पास है। उनको प्रतिमाह वेतन 15 हजार से 20 हजार रूपए तक मिलेगा। सुरक्षा अधिकारी के 80 पद के लिए योग्यता स्नातक (बीए, बीएससी, बीकॉम) उत्तीर्ण है। उनको प्रतिमाह वेतन 17 हजार 500 से 27 हजार 500 रूपए तक मिलेगा। भर्ती में चयन किए गए युवाओं से पांच सौ रुपए का रजिस्ट्रेशन शुल्क लिया जाएगा, जिसकी रसीद भी दी जाएगी। इच्छुक सभी युवा इस प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते हैं। चयनित युवाओं को पूरे छत्तीसगढ़ में सेवा के लिए अवसर दिया जाएगा। वेदांता कोरबा, एम्स रायपुर, जिंदल जैसे शासकीय और निजी उच्च कार्यालयों के साथ साथ विभिन्न जिलों के हॉस्पिटल, आरटीओ, फैक्ट्री, प्लांट, निजी स्कूल आदि में ड्यूटी लगाई जायेगी। इन सभी स्थानों में एसआईएस इंडिया कम्पनी की सेवा पूर्व से अब तक संचालित है। चयनित युवाओं को नौकरी में वेतन के साथ पीएफ आदि दी जाएगी।

एसआईएस इंडिया कंपनी के ड्यूटी के बाद वेतन के संबंध में बाल गोपाल चिल्ड्रन हॉस्पिटल रायपुर में कार्य कर रही सुरक्षा जवान से पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वो पिछले छह माह से इस कंपनी में कार्यरत है। पीएफ काटने के बाद उनका वेतन प्रतिमाह 10 तारीख को निश्चित रूप से उनके खाते में ऑनलाइन आ जाता है।

## निधन

### शकीला बेगम

**खरोरा,** 11 अगस्त। नगर के स्व. डॉक्टर सत्तार साहब पशु चिकित्सक की धर्मपत्नी श्रीमती शकीला बेगम का 78 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। खरोरा निवासी अब्दुल रज्जाक की माताजी थी।



### अलख राम आडिल

**दुर्ग,** 11 अगस्त। ग्राम तेलीगुण्डरा निवासी अलख राम आडिल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार कर दिया गया । वे सनत आडिल एवं राजेन्द्र आडिल के पिता थे।



## प्रादेशिकी का शेष...

### खूबलाल ध्रुव को ...

जिला पंचायत अध्यक्ष उपाध्यक्ष सदस्य सहित उन सभी पर कड़ी कार्यवाही होनी चाहिए,बठेना वार्ड पार्षद श्यामलाल नेताम ने कहा आदिवासी समाज के साथ भेदभाव लगातार हो रहा है हमारे जनप्रतिनिधि हमारी आवाज़ बुलंद करने जब चुन कर सरकार के समक्ष अपनी बात रखते हैं तो उन्हें कोई तवज़्ज़ो नहीं दी जाती केंद्र सरकार द्वारा मिल रहा पैसा भी अपने क्षेत्र में लगाकर आदिवासी बाहुल क्षेत्र को वंचित करने का प्रयास निंदनीय है। ज्ञापन देने वालों में चेतन हिंदुजा, नेहरू निषाद, उमेश साहू, विजय साहू, ऋषभ देवांगन, हेमंत चंद्राकर, श्याम लाल नेताम, आनंद स्वरूप, देवनारायण गजेंद्र, रामरोशन ध्रुव, जागेश्वरी साहू, अनीता यादव, रूपाली ध्रुव, पूर्णिमा बनपेला, राजेंद्र साहेब, राकेश साहू, वीरेंद्र साहु, ईश्वर सोनकर, रुपाली ध्रुव उपस्थित रहे।

### राजिम शहर में भारी...

कि शहर की आबादी दिनों दिन तेज गति से बढ़ रही है लेकिन राहगीरों के लिए जो सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए वह ना के बराबर साबित हो रही है।

# मोदी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति की सरकार : अंजय




**खरोरा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार मंडल खरोरा के शक्ति केंद्र केसला में लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन किया गया इस अवसर पर अंजय शुक्ला ने उपस्थित लाभार्थियों को केंद्र सरकार द्वारा दी जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई साथ ही राज्य सरकार के द्वारा विभिन्न योजनाओं पर की जा रही भ्रष्टाचार एवं केंद्र के मद को भ्रष्ट योजना गौठान में लगाकर ग्राम के विकास कार्य को पूरा तहस नहस कर दिया है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से अंजय शुक्ला प्रदेश संयोजक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, नरेंद्र ठाकुर अध्यक्ष भाजपा मंडल खरोरा, अनिल सोनी अध्यक्ष नगर पंचायत, रोशन चन्द्राकर दुलेश साहू महामंत्री, दीपक धनकर कार्यालय प्रभारी, पूर्णिमा धनकर अध्यक्ष महिला मोर्चा,मदन देवांगन, लक्ष्मण देवांगन, शिवलाल देवांगन, जगमोहन वर्मा, शंकर देवांगन, मूलचंद देवांगन कामता देवांगन ललित टंडन भुनेश्वर सिन्हा सेवक देवांगन गयाराम सीमा डहरिया गिरजा देवांगन परदेशी साहू मुकेश त्रिलोचन ओमप्रकाश देवांगन सावित्री देवांगन बुधयारिन त्रिलोचन देवांगन विरेन्द्र बंजारे प्रतिमा यादव गजाधर विश्राम विजय रात्रे भुनेश्वरी देवांगन यशोदा देवांगन गौरी देवांगन ननकी निर्मलकर जनक बाई देवांगन मीना देवांगन नेहरु देवांगन राजू यादव सहित सैकड़ों की संख्या में लाभार्थी जन उपस्थित रहे।

# कोपेकसा में दो बाइक में भिड़त 5 गंभीर सभी रायपुर रिफर



**गरियाबंद,** 11 अगस्त। शुक्रवार रात ग्राम कोपेकासा पीपरछेड़ी मार्ग में दो बाइक की आमने सामने भिड़त में सवार 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी एक ही ग्राम कोपेकासा के रहने वाले है। जानकारी के मुताबिक पुरषोत्तम ध्रुव पिता प्रभु राम अपने पत्नी यामिनी ध्रुव के साथ कोपेकसा से पीपरछेड़ी जा रहे थे। वही दूसरी तरफ से गणपत पिता त्रिलोचन, गंगा भाई पति गणपत, चमार राम बुधुराम तथा एक बच्चा चारो एक ही बाइक में पीपरछेड़ी से कोपेकसा वापस लौट रहे थे। कोपेकासा से कुछ आगे दोनो बाइक की आपस में आमने सामने भिड़त हो गई। भिड़त इतनी जबरदस्त थी कि दोनो बाइक में सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को 108 के माध्यम से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहा से उन्हें रायपुर रिफर कर दिया गया। डॉक्टर ध्रुव ने बताया कि पांच लोगो को भर्ती किया गया था, इसमें यामिनी ध्रुव को छोड़ बाकी सभी को सिर और चेहरे में गंभीर चोट लगी है। पुरषोत्तम ध्रुव की स्थिति नाजुक है। चमार राम बुधुराम भी गंभीर है।

# फरफौद व परसकोल में भाजपा ने किया लाभार्थी सम्मेलन

**आरंग,** 10 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आरंग विधानसभा क्षेत्र के आरंग मण्डल के ग्राम फरफौद, ग्राम परसकोल में शक्ति केंद्र स्तरीय लाभार्थी सम्मेलन का आयोजन रखा गया । आयोजित सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सेवा सुशासन व गरीब कल्याण को समर्पित 09 वर्ष के कार्यकाल के जनहितैषी व महत्वकांक्षी योजनाओं के विषय पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री वेदराम मनहरे ,महिला मोर्चा प्रदेश मीडिया प्रभारी किरण बघेल ,मंडल अध्यक्ष अभिषेक तम्बोली मंडल महामंत्री देवनाथ साहू जनपद सदस्य गोविंद साहू ने जानकारी दी व हितग्राहियों से चर्चा किये। सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री वेदराम मनहरे ने कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गांव के अंतिम व्यक्ति तक को जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ का पहुँचाने का काम किया है । कांग्रेस की सरकार में जब एक रुपये दिल्ली से निकलता था तब पंद्रह पैसे गांव तक पहुँचता था केंद्र में भाजपा सरकार बनने के बाद सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी जी ने जन धन योजना के तहत करोड़ो लोगो के बैंक खाता खुलवाने के काम किया । आज उन्हें खाते के माध्यम से शत प्रतिशत धनराशि बिना बिचौलिए के सीधे लाभार्थी तक पहुँचाई जा रही है । इस सम्मेलन में साथ मे नेतराम चंद्राकर ,पचकोड़ वर्मा ,बसंती चंद्राकर , नेतराम चंद्राकर , नंदकुमार लोधी ,एवन यादव, आलोक वर्मा , मिथलेश साहू ,रविशंकर चंद्राकर ,दौलत साहू,सुंदर साहू ,लक्ष्मीनारायण साहू ,रूपेश कन्नौजे ,यागेश्वर बंजारे,गजेंद्र चंद्राकर ,परस चंद्राकर ,कुमारी चंद्राकर ,मनीष चंद्राकर , धरम साहू ,नेहरू चंद्राकर ,सियाराम साहू , विजय निषाद ,पप्पू साहू ,सरजलाल निषाद , रामधन निषाद, केजराम साहू ,भुनेश्वर साहू ,कार्यकर्तागण व सैकड़ों हितग्राही उपस्थित रहे।



# राजधानी से पहुंचे उड़नदस्ता की टीम ने कृषि दुकानों में पकड़ी खामियां




**किसान कृषि सेवा केन्द्र राजिम किया सील, तीन अन्य दुकानों में भी दवाई के बिक्री पर लगाई रोक**

**गरियाबंद,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। कृषि विभाग के उड़नदस्ता टीम ने शुक्रवार को जिले के विभिन्न कृषि दुकानों में आकस्मिक छापामार कार्यवाही की। कार्यवाही के दौरान दुकान में खामियां पाए जाने पर टीम ने किसान कृषि सेवा केन्द्र राजिम को सील कर दिया, वही राजिम और बकली के तीन दुकानो में दवाइयों के बिक्री पर रोक लगा दी है।

जानकारी के मुताबिक इस बार छापामार कार्यवाही के लिए राजधानी से उड़नदस्ता की टीम भेजी गई। कृषि संचालनालय रायपुर से नियुक्त टीम में सहायक संचालक कृषि सुश्री जगत जननी यादव के नेतृत्व में अनुविभागीय कृषि अधिकारी रमेश कुमार निषाद, कृषि विकास अधिकारी के.के. साहू तथा निरीक्षक श्री प्रियतम कुमार अनंत शामिल थे। टीम ने फिंगेश्वर विकासखण्ड के राजेश खाद भंडार राजिम, अन्नपूर्णा एग्रो एजेंसी राजिम, किसान कृषि सेवा केन्द्र राजिम, प्रतीक कृषि केन्द्र बकली, किसान कृषि केन्द्र बकली और निधी कृषि केन्द्र राजिम का औचक निरीक्षण किया।

## कृषि सेवा केन्द्र राजिम सील

निरीक्षण के दौरान किसान कृषि सेवा केन्द्र राजिम में बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र एवं बिना बिल बुक के अधिक मात्रा में ऐसे कीटनाशक पाये गये। जिसमें उत्पादन तिथि व अवसान तिथि का उल्लेख नहीं था। कुछ कीटनाशक मे स्टीकर लगाकर अवसान तिथि को छुपाया गया था। जो कीटनाशी अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 का उल्लंघन किये जाने के कारण सील बंद की कार्यवाही की गई।

**अन्नपूर्णा एग्रो, प्रतीक कृषि केन्द्र व कृषि केन्द्र बकली को कारण बताओ नोटिस :** इसी प्रकार मेसर्स अन्नपूर्णा एग्रो एजेंसी राजिम, प्रतीक कृषि केन्द्र बकली एवं किसान कृषि केन्द्र बकली का निरीक्षण के दौरान कालातित दवाईयों का उचित रखरखाव नहीं करने, अभिलेखों का संधारण नहीं करने, बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के कीटनाशी दवाईयों का विक्रय करने के कारण कीटनाशी दवाईयों को जब्त कर सुपुर्दगी की कार्यवाही करते हुये आगामी आदेश पर्यन्त तक विक्रय प्रतिबंध किया गया।

साथ ही संबंधित विक्रेताओं को नोटिस जारी कर 03 दिवस के भीतर जवाब तलब किया गया है।

कृषि विभाग के उप संचालक संदीप भोई ने बताया कि जिले के कृषकों को उच्च गुणवत्तायुक्त कृषि आदान सामाग्री जैसे-उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा सघन रुप से जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों में औचक छापामार कार्यवाही की जारी है। खामियां पाए जाने पर कार्यवाही भी की जा रही है। इसके साथ ही किसानों से अपील की है कि अवैध रूप से खाद, बीज एवं कीटनाशक का व्यवसाय करने वालों से समाग्री का क्रय न करें एवं क्रय करने के उपरांत दुकानदार से पक्का बिल लेवें।

# रख-रखाव सही नहीं था कीटनाशकों का, पटेल और शर्मा को नोटिस



**भाटापारा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। नकेल अब कालातीत कीटनाशकों के सही रख-रखाव नहीं होने पर कसी जाने लगी है। पहली बार दो संस्थानें इस जांच के घेरे में आई। दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दी गई। कृषि आदान सामग्री विक्रय केंद्रों की सघन जांच और कार्रवाई का सिलसिला जारी है। स्कंध पंजी और मूल्य सूची के बाद विभाग ने कालातीत दावाओं के रख-रखाव पर नकेल कसनी चालू कर दी है। सही नहीं था रख-रखाव का तरीका। इसलिए अर्जुनी और करही बाजार की संस्थानों को कारण बताओ नोटिस जारी कर दी गई है।

## यहां पहुंचे उप संचालक

जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर की दूरी पर है अर्जुनी। आबादी और रकबा के लिहाज से बड़ा है अर्जुनी। इसलिए कृषि सेवा केंद्रों की संख्या अच्छी- खासी है। उपसंचालक दीपक नायक ने जब यहां के शर्मा कृषि केंद्र की जांच की। जांच का दायरा बढ़ाने पर यह जानकारी देखने में आई कि कालातीत कीटनाशकों का रख-रखाव सही तरीके से नहीं किया गया है। उर्वरक की स्कंध पंजी का संधारण नहीं मिला। मौके पर ही कारण बताओ नोटिस जारी कर दी गई।

## शिकायत करही बाजार में भी

कीटनाशक निरीक्षक अवधेश उपाध्याय ने करही बाजार के पटेल कृषि केंद्र में दबिश दी। स्कंध पंजी का संधारण यहां भी नहीं मिला। कालातीत कीटनाशकों के लिए अलग से व्यवस्था करने के निर्देश का पालन होता नहीं मिला। इसके अलावा कई और गलतियां मिली। इसलिए संस्थान संचालक को कारण बताओ नोटिस जारी कर दी गई।

# कसडोल विधानसभा स्तरीय बीएलए प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**पलारी,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। कसडोल विधानसभा के अन्तर्गत पलारी मे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुर्रे, कसडोल ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राम प्रसाद वर्मा, लवन ब्लॉक प्रभारी महामंत्री नरेंद वर्मा के नेतृत्व मे आज पलारी नगर भवन मे बी एल ए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें प्रदेश कांग्रेस कमेटी से मास्टर ट्रेनर के रुप मे ब्रह्मदेव ठाकुर के द्वारा विधानसभा के सभी बी एल ए को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें सभी बी एल ए को वोटर लिस्ट वितरण किया गया छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओं को हितग्राही कार्ड आभियान के माध्यम से जनजन तक पहुंचाने का और छत्तीसगढ़ मे दुबारा कांग्रेस की सरकार बनाने का सभी कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया। जहां भारी संख्या मे कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए।

# किसानों पर थोपी जा रही अमानक वर्मी खाद : शिवरतन शर्मा




**भाटापारा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी ने वर्मी कंपोस्ट खाद सहित अन्य मुद्दों को लेकर सरकार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा शहर के जय स्तम्भ चौक पर आयोजित आमसभा को विधायक शिवरतन शर्मा ने संबोधित किया साथ ही ट्रैक्टर चलाते हुए अनुविभागीय कार्यालय राजस्व पहुच कर कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन देकर कर अमानक वर्मी कंपोस्ट खाद को सौपा गया..

विधायक शिवरतन शर्मा ने सरकार पर जमकर हमला करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा किसानों को अमानक वर्मी कंपोस्ट खाद जबरन दी जा रही है, जिसकी वजह से प्रदेश के किसान परेशान नजर आ रहे हैं। फर्जी खाद को फर्जी सरकार द्वारा किसानों पर थोपने का कार्य किया जा रहा है। वहीं, किसानों से दो रुपये किलो गोबर लेकर उन्हीं को दस रुपये किलो खाद के रूप में मिट्टी को बेचकर भूपेश सरकार ठगने का काम कर रही है। विधायक शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि पौने 05 साल के कार्यकाल में कोई भी विकास कार्य नहीं किया है। खाली भ्रष्टाचार, माफियाराज, शोषण, विकास को अवरुद्ध करना इनका मूल उद्देश्य रहा है. भाटापारा नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र में हर वर्ग इनके कथनी और करनी को समझ चुका है, शिवरतन शर्मा ने आगे कहा कि शराबबंदी का वादा करके यह कांग्रेसी शराब में ही दो हजार करोड़ का घोटाला 1 साल में कर गए। कोयले की कालिख से भी भूपेश सरकार की हाथ रंगे हुए हैं। मोदी प्रधानमंत्री आवास दे रहे हैं और भूपेश बघेल जनता से उनकी आवास का हक छीनने की कोशिश में लगे है।

बदलबो बदलबो ये दारी कांग्रेस सरकार ल बदलबो के नारे के साथ हजारों की संख्या में विधानसभा क्षेत्र के लोग कार्यकर्तागण आम सभा के उपरांत टैक्टर, बस, मोटर साइकिल के माध्यम से अनुविभागीय कार्यालय पहुचे और कार्यालय के आस पास प्रशासन द्वारा बनाये गए दोनों बेरिकेड्स को तोड़ने में सफलता हासिल कर घेराव किया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश महामंत्री किसान मोर्चा ओम प्रकाश चंद्रवंशी, विधानसभा प्रभारी सूर्यकांत राठौर, जिला पदाधिकारी गण, चारो मंडलो के अध्यक्ष, महामंत्री, भाजयूमो चारो मंडल के अध्यक्ष, महामंत्री, महिला मोर्चा अध्यक्ष सहित नगर के पार्षदगण, ग्रामीण क्षेत्र के जनप्रतिनिधिगण, पार्टी के सभी मोर्चा-प्रकोष्ट के पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के किसान, माता, बहने, युवा सभी उपस्थित थे।

# गैर आदिवासियों को आदिवासी बनाने के कारण हो रही वर्गवार की स्थिति : ध्रुव



**पलारी,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस का आयोजन विकास खण्ड के ग्राम गातापार रनबौर गोंड महासभा के आश्रित ग्राम सेमराडीह में अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष आर.एन. ध्रुव के मुख्य आतिथ्य एवं जिला अध्यक्ष राम ध्रुव, गातापार महासभा के अध्यक्ष जनपद सदस्य श्रीमती राधा शंकर बघेल, सरपंच श्रीमती सुनीता चेतन वर्मा के विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बूढ़ादेव की पूजा अर्चना के साथ मणिपुर में आदिवासियों के साथ किए गए बर्बरता पूर्वक अमानवीय कृत्य के खिलाफ आक्रोश रैली निकालकर किया गया। इस अवसर पर श्री ध्रुव ने कहा कि पहले हमारे पूर्वजों ने बाजुओं में ताकत के बदौलत इस देश में राज कर सोने के सिक्का चलाएं। लोकतांत्रिक व्यवस्था में राज करने के तरीके बदल गए हैं। अब जो समाज संगठित होगा, अपने वोट की ताकत को समझेगा, वही समाज राज सत्ता में भागीदार हो सकता है। डायनासोर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि डायनासोर समय के साथ अपने आप को ढाल नहीं सका जिसके कारण उसका नाश हो गया। हमें भी शिक्षा रूपी अस्त्र को अपनाकर मजबूत संगठन शक्ति के बदौलत समय के साथ चलना होगा। उन्होंने गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि गलत ढंग से गैर आदिवासियों को आदिवासी बनाने का जो खेल देश के विभिन्न राज्यों में चल रहा है, उसके कारण देश में वर्गवार की स्थिति निर्मित हो रही है। कार्यक्रम में दीवान चतुर सिंह नेताम, कोषाध्यक्ष मोहन सोरी, संरक्षक ध्वजा छेदैहा, सलाहकार इतवारी मरकाम, सह सचिव तिलक मरई, पूर्व महामंत्री धनेश ध्रुव, रामायण ध्रुव, साधराम ध्रुव, गांव प्रमुख आजूराम ध्रुव, श्रीमती माया ध्रुव, श्रीमती गिरिजा ध्रुव, त्रिभुवन ध्रुव, पूनम चंद्र ध्रुव, टिकेश्वर ध्रुव, झलेंद्र ध्रुव, सतीश ध्रुव, राजा ध्रुव लालकृष्ण ध्रुव, लखेश्वर ध्रुव, रोहित ध्रुव, टोपू राम ध्रुव, हीरा सिंह ध्रुव, करण ध्रुव, द्य सहित बड़ी संख्या में समाजिक जन उपस्थित थे।

# कलेक्टर से मिले डाक विभाग के अधिकारी



**पिथौरा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। घर-घर तिरंगा अभियान के राष्ट्रीय पर्व में कोई अछूता न रहे इस कड़ी में हम सब जुड़े इसी भावना को लेकर भारतीय डाक विभाग के जरिए केंद्र सरकार द्वारा घर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है इस कड़ी में महासमुंद उप संभाग के उप संभागीय डाक निरीक्षक सुरेंद्र साहू उप डाकपाल बी,आर, मरकाम ने महासमुंद कलेक्टर महासमुंद श्री प्रभात मालिक से मिलकर राष्ट्रीय पर्व के पूर्व झंडा भेंट किया गया तथा आम जनों को भी इस राष्ट्रीय पर्व से जोड़ने कलेक्टर से निर्देशित करने अपील किया गया, इसी तरह डाक विभाग के सरायपाली उप संभाग के उप संभागीय डाक निरीक्षक श्री दीपचंद पूरी भी कार्यालय एवं आम जनों से संपर्क कर डाकघर से ध्वज प्राप्त करने इस राष्ट्रीय पर्व को साथ में मिलकर मनाने की अपील कर रहे हैं केंद्र सरकार द्वारा मात्र ?25 के दर पर झंडा वितरण शहरी एवं ग्रामीण डाकघर में किया जा रहा है इसके साथ ही ऑनलाइन झंडा खरीदी भी आम जनता कर सकते हैं।

# खबर का असर नहर में पहुंचा पानी



**राजिम,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। लगातार बीते 9 दिनों से बारिश नहीं होने के कारण खेतों में पानी सुख चुका था किसानों की समस्या को लेकर सूखे खेतों के लिए नहर से पानी छोड़ने की मांग की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था जिसका असर सुबह 10 बजे से ही देखने को मिला, नहरे में किसानों के लिए पानी पहुंच गया पानी देखते ही किसानों के चेहरे खुशी से खिल उठे और अपने-अपने खेतों में पानी पलाने के लिए नहर पहुंचने लगे.

# जिले की मांग को लेकर अधिवक्ता संघ का मौन धरना



**भाटापारा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। स्वतंत्र राजस्व जिले कि माँग को लेकर अधिवक्ता संघ भाटापारा ने एक दिवसीय मौन धरना तहसील चौक भाटापारा मेंकिया। अधिवक्ता संघ ने मुख्यमंत्री से अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट को लागू करने की मांग की। तहसील चौक भाटापारा में बार एसोसिएशन भाटापारा के सैकड़ों अधिवक्ता मौन धरने पर बैठे रहे। अधिवक्ताओं की मांग थी कि 42 वर्षों से चली आ रही भाटापारा जिले की मांग को सरकार पूर्ण करें। अधिवक्ताओं के हित में अधिवक्ता प्रोटक्शन बिल को भी लागू करें, ताकि अधिवक्तागणों को आने वाली विपत्ति में समय अनुकूल सुरक्षा मिल सके। संघर्ष की कहानी पुरानी है-

अधिवक्ता संग भाटापारा के द्वारा पृथक जिले की मांग 40 वर्षों से चली आ रही है जब दुबे आयोग गठित की गई थी और तत्कालीन मध्यप्रदेश में दुबे आयोग ने यह अनुशंसा की थी कि भाटापारा में जिला बनने की पूरी पात्रता है तब से लेकर अधिवक्ता संघ लगातार संघर्षरत है। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन - अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष नरेंद्र यदु की अगुवाई में संघ के पदाधिकारी सहित समस्त अधिवक्ताओं ने अनुविभागीय अधिकारी भाटापारा को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। अधिवक्ता संघ को विश्वास है कि जब भी जिले की घोषणा होगी अपने किए हुए वादे के अनुरूप प्रदेश के मुखिया भाटापारा को निश्चित रूप से जिला बनाएंगे।

# वादों का जुमला फेंककर जनता को ठगना भाजपा की प्रवृत्ति : द्वारिकाधीश यादव



**बागबाहरा,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। वादों का जुमला फेंक कर जनता को ठगना भाजपा की मूल प्रवृत्ति है और जिसे अब जनता पहचानने लगी है। उक्त उद्गार छत्तीसगढ़ शासन के संसदीय सचिव व विधायक द्वारिकाधीश यादव ने पत्रकारों से चर्चा के दौरान व्यक्त किए।

श्री यादव ने कहा कि भाजपा जनता को झूठे वादे करती है और उन्हें झूठे वादों के भरोसे वह सोचती है कि हम फिर से छत्तीसगढ़ में सरकार बनाएंगे तो या उनकी कपोल कल्पना है।

श्री यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़िया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार में सभी वर्ग सुखी है। किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी सभी वर्ग का इस सरकार ने विशेष ध्यान रखा है और किसानों के लिए इसे स्वर्णिम समय भी किसान नेताओं ने घोषित कर दिया है।

संसदीय सचिव श्री यादव ने कहा कि हमारे मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हमारी पार्टी की सरकार ने वास्तविक फैसले किए हैं और जो वादा किया है वह भरपूर निभाया है। चाहे वह किसानों की बात हो, चाहे भूमिहीन कृषकों को दी जाने वाली राशि की बात हो, चाहे युवाओं के बेरोजगारी भत्ते की बात हो चाहे, बेहतरीन उच्च स्तरीय शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के बात हो।

श्री यादव ने बताया कि युवाओं के लिए तो हमारी सरकार ने विशेष प्रयास किया है जिसके चलते युवाओं को स्थाई और निमित्त रोजगार के बेहतरीन अवसर प्राप्त हो रहे हैं। और बीते 10 माह से छत्तीसगढ़ देश भर में सबसे कम बेरोजगारी दर वाला राज्य बना हुआ है।

श्री यादव ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के चलते जहां 20 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसर छीन लिए गए वही इन की कारगुजारीयों के चलते गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वालों की संख्या 24 करोड़ से 80 करोड़ पार कर चुकी है लेकिन फिर भी केंद्र सरकार आत्ममुग्धता में लिप्त है। ना इसे किसानों की चिंता है ना मजदूरों की चिंता है और ना ही युवाओं की चिंता है।

श्री यादव ने कहा कि भारत में हर दसवें वर्ष में आम जनगणना करने की परंपरा रही है लेकिन यह केंद्र की मोदी सरकार अपनी असफलता को छुपाने के लिए जनगणना के आंकड़े जारी नहीं होने देना चाह रही है। ताकि इन आंकड़ों के नियंता जारी ना होने के पीछे वह अपनी असफलता को छिपा सके।

श्री यादव ने कहा कि केवल भूपेश बघेल के नेतृत्व वाली कांग्रेस पार्टी की सरकार ही छत्तीसगढ़ का सर्वांगीण विकास कर सकती है बाकी से तो आप उम्मीद करना ही छोड़ दीजिए। क्योंकि भाजपा ने अपने 15 साल के शासन जिसे किसानों के लिए कुशासन कहा जाता है उसमें न किसान खुश था, ना युवा वर्ग खुश था, और ना ही मजदूर वर्ग। और अपने घोषणा पत्र में केवल आदिवासी का राग अलापने वाले कुशासन से भरी पार्टी को जनता आने वाले समय में कड़ा जवाब देगी।

# वर्षा नहीं होने के कारण किसान चिंतित, रोपा बियासी पिछड़ा



**विधायक ने मंत्री रविन्द्र चौबे से धान की रोपा, ब्यासी के लिए अतिशीघ्र गंगरेल से पानी छोड़े जाने का किया अनुरोध**

**नवापारा-राजिम,** 11 अगस्त (देशबन्धु)। अभनपुर विधायक धनेंद्र साहू ने जल संसाधन मंत्री रविन्द्र चौबे को पत्र प्रेषित कर अनुरोध किया कि वर्तमान में बारिश नही होने के कारण अभनपुर विधान सभा क्षेत्र के साथ साथ रायपुर जिला में पानी की कमी को देखते हुए धान की रोपाई एवं व्यासी का कार्य नही हो पा रहा है। पानी की कमी के कारण कुछ दिन बाद खेत सुखने लग जायेगा। धान का थरहा रोपा, एवं व्यासी का कार्य बंद है। गंगरेल जलाशय में पानी का भराव पर्याप्त है। बारिश रूक जाने से चिंतित किसान जलाशयो से पानी छोडे जाने की आस लगाये बैठे है। यदि अतिशीध्र जलाशयो से नहरों में पानी नही छोडा गया तो किसानो को भारी नुकसान हो जायेगा। धान का थरहा सूख जाने के कारण रोपाई भी नही हो पायेगा। गंगरेल बांध से अतिशीघ्र सिंचाई हेतु पानी छोडा जाना किसान एवं प्रदेश के खुशहाली के लिए अत्यंत आवश्यक हो गया है।

बारिश नही होने से थरहा एवं रोपाई एवं व्यासी की समस्याओं से जुझ रहे अभनपुर के किसानों ने विधायक धनेंद्र साहू से गुहार लगाई कि गंगरेल से पानी छोड़ा जाए अभनपुर विधान सभा सहित पुरे रायपुर जिला के किसानो की चिंता दुर करने के लिए अतिशीघ्र गंगरेल जलाशय से सिंचाई हेतु पानी छोडे जाने का हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित देने करने का अनुरोध किया।